Website- edristi.in

नवत्र

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 4 >>> अंक - 7 >>> जनवरी, 2021

स्वदेशी कोरोना वैक्सीन को मंजूरी

VISIT…

प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेन्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेन्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए।

दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं

करेन्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों। माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा।ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं।हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है।आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (दिसम्बर,2020) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं।ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Table of Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य 12

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा स्वदेश निर्मित कोविड-19 टीकों के सीमित आपातकालीन इस्तेमाल को मंजूरी 12

डीटीएच सेवाओं के दिशा-निर्देशों में संशोधन 13

भारत-बांग्लादेश वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020 14

नेशनल रेल प्लान 15

भारत-वियतनाम वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020 16

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा NDHM की स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन नीति को मंजूरी 16

'विजन 2035: भारत में जन स्वास्थ्य निगरानी' श्वेत पत्र जारी 17

9वां सतत पर्वत विकास शिखर सम्मेलन, 2020 18

72वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि 19

भारत-उज्बेकिस्तान द्विपक्षीय वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020 19

आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) 20

मध्य प्रदेश धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम, 2020 21

निर्यात नीति उत्तर प्रदेश, 2020-25 22

पीएम-कुसुम योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन 24

12वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, 2020 25

नई खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली 26

हावेरी रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित 27

स्टेट ऑफ क्लाइमेट सर्विस रिपोर्ट-2020 27

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 29

मानव स्वतंत्रता सूचकांक, 2020 29

साइकिलिस्ट फेबियन पुएर्ता (Fabian Puerta) पर प्रतिबंध 30

सतत विकास लक्ष्यों पर चौथा दक्षिण एशिया फोरम, 2020 31

न्यूजीलैंड में प्रतीकात्मक जलवायु आपातकाल की घोषणा 31

चीन तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाएगा बड़ा बांध 32

ग्लोबल करप्सन बैरोमीटर एशिया, 2020 34

मानव विकास सूचकांक-2020 35

टाइम मैगजीन के 'हीरोज ऑफ 2020' 36

फोर्ब्सः विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची, 2020 37

संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने भांग को प्रतिबंधित ड्रग्स की लिस्ट से बाहर किया 38

एससीओ के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की परिषद का 19वां शिखर सम्मेलन, 2020 38

द स्टेट ऑफ टैक्स जस्टिस, 2020 39

टाइम पर्सन ऑफ द ईयर, 2020 41

जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2021 41
वैश्विक आतंकवाद सूचकांक, 2020 42
क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2021 43
15वां जी-20 शिखर सम्मेलन, 2020 44
आर्थिक परिदृश्य 45
एशियाई विकास बैंक द्वारा सदस्य देशों हेतु एक वैक्सीन पहल 45
सेबी ने निगम वित्त जांच विभाग का गठन किया 46
भारत क्लाइमेटस्कोप रैंकिंग 2020 में दूसरे स्थान पर 47
इक्रा रेटिंग्स द्वारा भारतीय GDP का अनुमान 47
ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्स्ट्रक्शन 48
BPCL, SBI Card Octane क्रेडिट कार्ड लांच 49
ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्स्ट्रक्शन 49
SBI: भारत में edx का पहला कॉर्पोरेट भागीदार 50
एचडीएफसी बैंक : भारतीय वित्तीय क्षेत्र में शीर्षस्थ बना 51
बैंकिंग क्षेत्र : सरकार द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को 670 करोड़ रुपये की सहायता 52
एक्सिस बैंक द्वारा सीएससी ई-गवर्नेंस इंडिया लि. के शेयरों का अधिग्रहण 52
सेबी : म्यूचुअल फंड्स (MFs) हेतु 'फ्लेक्सी-कैप श्रेणी' 53
भारत द्वारा वाडा के वैश्विक शोध बजट में योगदान 54
S & P द्वारा भारत के GDP संकुचन के पूर्वानुमान में संशोधन 55
स्वचालित बैंक प्रसंस्करण केंद्र 55
आईएफएससीए बना आईएआईएस का सदस्य 56
लखनऊ नगर निगम का बॉण्ड्स बीएसई में सूचीबद्ध 57
डीआरआई की 63वीं वर्षगांठ 58
मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2020-21 59
RBI के AA फ्रेमवर्क के तहत FIP के रूप में लाइव होने वाला पहला बैंक 60
भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकथॉन 60
भारत को विप्रेषण (Remittance to India) 61
लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड का विलय 62
भारतीय एयटेल द्वारा अवाडा एनर्जी का अधिग्रहण 63
सेबीः विशेष समूह का गठन 63
वैज्ञानिक परिदृश्य 64
रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी 64
भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव, 2020 64
अंतरराष्ट्रीय विज्ञान साहित्य उत्सव-विज्ञानिका का आयोजन 65

एमआरएसएएम का सफल परीक्षण 65
चीन ने लांच किए पांच उपग्रह 66
35वां भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त, 2020 67
इसरो द्वारा नए संचार उपग्रह सीएमएस-01 का सफल प्रक्षेपण 67
स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में WASH पर वैश्विक प्रगति रिपोर्ट 68
हाइपरसोनिक पवन सुरंग 70
अपतटीय गश्ती पोत सक्षम-'Saksham' 70
रक्षा मंत्री द्वारा सशस्त्र बलों को डीआरडीओ की प्रणालियां प्रदत्त 71
वन वेब (OneWeb) ने 36 संचार उपग्रह लांच किए 72
पृथ्वी पर लौटा चांग ई' 5 यान 73
भारत का पहला मैरीटाइम थिएटर कमांड 73
इसरो के नए SSA नियंत्रण केंद्र का शुभारंभ 74
इंटरसेप्टर नाव 'सी-454' 74
मेंढक की नई प्रजाति का नामकरण 75
इसरो को सबसे बड़ा क्रायोजेनिक प्रणोदक टेंक मिला 76
पिग्मी (Pygmy) ग्रासहॉपर की नई प्रजाति की खोज 77
विलुप्त प्राय मलायन विशालकाए गिलहरी 78
भारतीय तटरक्षक अपतटीय गश्ती जहाज 'सुजीत' 78
सेकेंड प्रोजेक्ट 17A के जहाज 'हिमगिरि' का जलावतरण 79
भारी वजन ले जाने में सक्षम अंगारा ए-5 रॉकेट 80
एशिया पैसिफिक वैक्सीन एक्सेस फैसिलिटी (APVAX) पहल 81
इस्चेममजनर्थनामीः घास की नवीन प्रजाति 82
शोधकर्ताओं ने डमरू सदृश आकार वाली जाली (Lattice) विकसित की 83
चीन ने गुरुत्वीय तरंग जांच के लिए XSLC से 2 उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया 83
सैटेलाइट गाओफेन-14 84
बाजरे की नई बायोफोर्टिफाइड किस्म-एचएचबी-311 85
जापान का हायाबुसा-2 अंतरिक्ष यान 86
भारतीय तट-रक्षक जहाज-C-452 86
बैबलर चिड़िया 'पफ थ्रोटेड बैबलर' 87
इचिनोप्स सह्याद्रिकसः फूलों वाले पौधे की नई प्रजाति 88
हड्डियों वाले दांतों से युक्त विशाल काय पक्षी के जीवाश्म मिले 89
सेंटिनेल-6 उपग्रह 89
ब्रह्मोस मिसाइल के नौसैन्य संस्करण का सफल परीक्षण 90
बायोल्यूमिनसेंट मशरूम की खोज 91

भारत की IRNSS नेवीगेशन प्रणाली को IMO की मान्यता मिली 91
खेल परिदृश्य 92
टेनिस 92
23वां अल हबटूर टेनिस चैलेंज, 2020 92
ऑरलैंडो ओपन, 2020 93
क्रिकेट 94
भारत-ऑस्ट्रेलिया टी-20 सीरीज 2020-21 94
महिला बिग बैश लीग, 2020-21 95
टेबल टेनिस 95
डिशांग आईटीटीएफ महिला विश्व कप, 2020 95
फॉर्मूला वन 96
अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स, 2020 96
फॉर्मूला 1 रोलेक्स सखिर ग्रैंड प्रिक्स, 2020 96
तुर्की ग्रैंड प्रिक्स, 2020 97
एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स, 2020 98
बहरीन ग्रैंड प्रिक्स, 2020 98
एथलेटिक्स 99
एयरटेल दिल्ली हॉफ मैराथन, 2020 99
वालेंसिया मैराथन, 2020 100
आईएएएफ (IAAF) 100
खेल विविध 101
खेलो इंडिया केंद्र 101
एशिया कप का वर्ष 2021 में आयोजन 102
पेरिस ओलंपिक, 2024 में शामिल नए खेल 102
अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने हेतु खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 103
चर्चित खेल व्यक्तित्व 103
भारतीय साफ्टबॉल महासंघ की पहली महिला अध्यक्ष 103
मोहम्मद आमिर 104
एरिक फ्रीमैन 104
पार्थिव पटेल 105
पाउलो रोसी 106
चौथा प्रो एमएसए खिताब विजेता भारतीय महिला रेसलर 106
डेनिस राल्स्टन 107
कोरी एंडरसन 107

एनरिक लोपेज पेरेज 108
यूरोप में शीर्ष स्तर की पेशेवर लीग में गोल करने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर 108
पापा बोउबा डिओप 109
रोहित शर्मा 109
डिएगो माराडोना 110
डब्ल्यूबीबीएल-6 की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 110
अहमद अहमद 111
संक्षिप्तियां 112
चर्चित व्यक्ति 112
एसौचैम इंडिया के नए अध्यक्ष 112
शशि शेखर वेम्पति 112
मोतीलाल वोरा 113
अंब्रोस मांडकुलो डलामिनी 114
प्रो. रोद्दम नरसिम्हा 114
विद्यावाचस्पति बनांजे गोविंदाचार्य 115
किम की-डक 115
मंगलेश डबराल 116
दिनेश्वर शर्मा 116
एलिसन लूरी 117
वालेरी गिसकार्ड डी. स्टेयिंग 117
अस्ताद देबू 118
फाइजर/बायोएनटेक द्वारा निर्मित टीका लगवाने वाली विश्व की पहली व्यक्ति 118
महाशय धर्मपाल गुलाटी 119
सीमा सड़क संगठन के 27वें महानिदेशक 119
लोकसभा के नए महासचिव 120
राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के नए अध्यक्ष 120
संदीप कटारिया 121
फिक्की के नए अध्यक्ष 121
पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान में स्मारिका डाक टिकट जारी 122
जेम्स डेविड वोल्फेंसन 122
डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन के पहले सीईओ 123
आईसीसी के नए अध्यक्ष 123
चर्चित स्थल 124
देश का पहला जेंडर हब 124

किलाऊआ ज्वालामुखी 124
जैविक क्षेत्र घोषित भारत का पहला केंद्रशासित प्रदेश 125
एशिया के डीपेस्ट गैस फील्ड 'आर-क्लस्टर' से गैस उत्पादन प्रारंभ 126
आईएओ 9001: 2015 प्रमाणन प्राप्त देश का पहला चिड़ियाघर 126
महाराष्ट्र की प्रथम विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय 127
NCDE का उद्घाटन 127
लखनऊ एयरपोर्ट 128
सूर्याधार झील का लोकार्पण 129
दांदूपुर रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित 129
जोगिंदर वार मेमोरियल 130
अगर इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर 130
टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी और इंदिरा प्रियदर्शिनी नेचर सफारी 131
फाइजर और बायोएनटेक ने कोविड वैक्सीन परीक्षण का अंतिम चरण पूरा किया 131
पुरस्कार/सम्मान 132
युवा गणितज्ञ के लिए रामानुजन पुरस्कार, 2020 132
श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफ्को साहित्य सम्मान, 2020 133
फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स, 2020 133
तीसरा रबींद्रनाथ टैगोर साहित्यिक पुरस्कार, 2020 134
वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड, 2020 135
संयुक्त राष्ट्र निवेश प्रोत्साहन पुरस्कार, 2020 136
वैश्विक शिक्षक पुरस्कार, 2020 136
अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार, 2020 137
वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पुरस्कार, 2020 137
योजना/परियोजना 138
विश्व बैंक द्वारा भारत के लिए 4 विकास परियोजनाओं को मंजूरी 138
सुबनसिरी जल-विद्युत परियोजना 139
हल्दीबाड़ी चिल्हाटी रेल लिंक 140
उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत व्यवस्था सुधार परियोजना 140
खनिज राजस्व बकाया वसूली योजना 141
वाईएसआर निःशुल्क फसल बीमा योजना 142
मानसर झील कायाकल्प/विकास योजना 142
RBI : बैंकों, NBFCs के लिए सह ऋण योजना (Co-lending scheme) 143
हाइजीन रेटिंग एजेंसियों के लिए मान्यता योजना 144
अम्मा मिनी क्लिनिक योजना 145

पीएम-स्वनिधि लाभार्थियों का सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा 146
भारत-नेपाल संपर्क नहर के हेड रेगुलेटर कार्य का शिलान्यास 147
त्रैमासिक रिटर्न फाइलिंग और मासिक कर भुगतान योजना 147
रामायण क्रूज सेवा 148
गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना 148
भारत और नेपाल द्वारा तीसरे एकीकृत चेक पोस्ट के निर्माण का शुभारंभ 149
प्रोजेक्ट एयर केयर 150
बेहतर रेल परिचालन हेतु आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस 151
भारत का सबसे लंबा बीआरटीएस नेटवर्क 152
गिद्धों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना 152
'कृषि से संपन्नता' योजना 153
आयोग/समिति 154
नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती मनाने हेतु उच्च स्तरीय समिति का गठन 154
भारत के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश हेतु कार्य दल का गठन 154
पेरिस समझोते के कार्यान्वयन हेतु उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन 155
मातृभाषा में तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु कार्यबल गठित 155
टेलीविजन रेटिंग समीक्षा समिति 156
ऑपरेशन/अभियान 156
'स्वच्छता अभियान' मोबाइल ऐप का शुभारंभ 156
वरासत अभियान 157
पैसेज अभ्यास (PASSEX), 2020 157
डॉ. कलईगनर एम. करुणानिधि जलपान योजना 158
हिन्द महासागर वेव 2020- मॉक सुनामी अभ्यास संपन्न 159
'हिम सुरक्षा अभियान' 159
सम्मेलन/समारोह 160
भारत-जापान का छठा संवाद सम्मेलन 160
8वां नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल, 2020 160
5वां वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन, 2020 161
हिंद सहासागर रिम एसोसिएशन मंत्रिपरिषद की 20वीं बैठक, 2020 161
नशीली दवाओं के नियंत्रण में सहयोग पर भारत-इंडोनेशिया वर्चुअल बैठक का आयोजन 162
भारत-यूरोपीय संघ के बीच छठी साइबर वार्ता, 2020 163
फिक्की के वार्षिक सम्मेलन और 93वीं वार्षिक सामान्य सभा (AGM) का अभासी आयोजन 163
चाबहार पोर्ट के संयुक्त इस्तेमाल पर त्रिपक्षीय बैठक 164
जलवायु महत्वाकांक्षी शिखर सम्मेलन, 2020 164

17वां भारतीय उद्योग परिसंघ वैश्विक SME बिजनेस समिट-2020 165
अंतरराष्ट्रीय भारती महोत्सव, 2020 166
6वां ब्रिक्स युवा शिखर सम्मेलन, 2020 166
6 वें भारत-जापान आईसीटी संयुक्त कार्य समूह की बैठक 167
16वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन, 2021 168
तीसरा ग्लोबल री-इनवेस्ट रिन्युवेबल एनर्जी इनवेस्टर्स मीट एंड एक्सपो, 2020 169
संधि/समझौता 169
स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग हेतु भारत तथा इजराइल के मध्य समझौता ज्ञापन 169
भारत सरकार-विश्वबैंक के मध्य समझौता 170
उत्तर प्रदेश में बिजली वितरण नेटवर्क में सुधार हेतु समझौता 171
भारत में स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति एडीबी ऋण 172
त्रिपुरा में आधारभूत परियोजनाओं के विकास हेतु समझौता 173
भारतीय नौसेना ने महासागर सेवा डेटा साझा करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए 173
सीईआरसी-एफईआरसी में समझौता 174
तमिलनाडु सरकार ने 24 परियोजनाओं के लिए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए 175
भारत में ऊर्जा भंडारण नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समझौता 176
एडीबी द्वारा भारत में उन्नत जैव ईंधन विकास के समर्थन हेतु सहायता को मंजूरी 176
आईपीपीबी (इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक) और पीएनबी मेटलाइफ के बीच साझेदारी 177
यूएसऐड (USAID) और कैटालिस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज, के कोविड एक्शन कोलॉबरेटिव के बीच साझेदारी 178
यूएसएड (USAID) और वाधवानी एआई के बीच साझेदारी 179
नाबार्ड (NABARD)-गोवा ऋण (Lending) समझौता 180
भारत सरकार-विश्व बैंक में समझौता 180
पाठशाला की पौधशाला योजना 181
सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साथ समझौता 181
निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) ने उज्बेकिस्तान के लिए 448 मिलियन यूएस डॉलर के ऋण की व्यवस्था की 182
भारत-ऑस्ट्रिया में समझौता 183
डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस (DOS) तथा अग्निकुल कॉस्मोस के बीच गैर-प्रकटीकरण समझौता 183
भारत और फिनलैंड के बीच एमओयू 184
स्पेस स्टार्ट-अप Pixxel और NISI के बीच हुआ समझौता 185
भारतीय वायु सेना 185
एसजेवीएन और इरेडा में समझौता 186
बांग्लादेश द्वारा पहला तरजीही व्यापार समझौता-(PTA) 187
सबसे बड़ा व्यापार समझौता (RCEP) 187
मैग्नेटिक महाराष्ट्र-2.0 188

आईबीएम और आईओसीएल में साझेदारी 189
एनटीपीसी और एसईसीआई के बीच एमओयू 189
एफएलओ के साथ समझौता 190
संघ/संगठन 191
केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फिल्म संबंधी 4 मीडिया इकाइयों को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम में विलय को मंजूरी दी 191
जीआईएल द्वारा जेपीएल का अधिग्रहण 192
विधि/न्याय 193
उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश, 2020 193
वर्ष/दिवस/सप्ताह 194
राष्ट्रीय सुशासन दिवस 194
राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 195
अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस 195
किसान दिवस 196
राष्ट्रीय गणित दिवस 196
विजय दिवस 197
अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस 197
विश्व मृदा दिवस 198
राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 198
मानव अधिकार दिवस 198
भारतीय नौसेना दिवस 199
अंतरराष्ट्रीय बैंक दिवस 200
अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 200
अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोध दिवस 201
अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन दिवस 201
सशस्त्र सेना झंडा दिवस 202
विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस 202
राष्ट्रीय प्रदूषण निवारण दिवस 202
अंतराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस 203
लोक सेवा प्रसारण दिवस 203
विश्व पोलियो दिवस 204
विश्व विरासत (धरोहर) सप्ताह, 2020 204
अंतरराष्ट्रीय दासता उन्मूलन दिवस 205
विश्व एड्स दिवस 205
विश्व मत्स्य दिवस-2020 206

पुस्तकें 206
पुस्तक 'सतीत्व का श्राप' और 'अनुबंध' 206
लोकतंत्र के स्वर और द रिपब्लिकन एथिक 207
विविध 207
हॉकर संस्कृति को यूनेस्को की मान्यता 207
रूस पर प्रतिबंध 208
अमेरिकी स्पेस फोर्स का नया नाम 209
रोबोटिक और बैरियाट्रिक सर्जरी का मानकीकरण 209
सिकोइया इंडिया ने 'सिकोइया स्पार्क' कार्यक्रम लांच किया 210
ओरुनोडोई योजना 211
यूएनडीपी इंडिया ने जीआरआईडी लांच किया 212
वेबसाइट indbiz.gov.in लांच 213
लद्दाख में 'लोसर' उत्सव 213
बैंकिंग सेक्टरः आईसीआईसीआई बैंक ने सहस्राब्दी पीढ़ी (Millennials) के लिए 'Mine' लांच किया 214
भारत सरकार द्वाराः 43 मोबाइल ऐप्स पर प्रतिबंध 214
वर्ष का शब्द (Word of The year) 215
लिब्रा एसोसिएशन 215
भारतीय रेलवे ने एचएमआईएस के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी रेलटेल को सौंपी 216
बी.एस.ई. के जरिए किसान बेच सकेंगे अपनी फसल 216
भारत में कोविड-19 महामारी को रोकने में इसरो के सफल प्रयासः यूएन एस्कैप 217
को-विन (Co-WIN) ऐप 218
मोबाइल ऐप्लिकेशन-मेरा कोविड केंद्र 218
फ्यूचरस्किल प्राइम बीटा प्लेटफार्म 219
जहाजरानी मंत्रालय के नाम में परिवर्तन 219
माउंट एवरेस्ट 220
93वें ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्र्विष्टि के लिए चयनित फिल्म 220
भारत द्वारा फिलिस्तानी शरणार्थियों हेतु प्रदत्त धनराशि 221

राष्ट्रीय परिदृश्य

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा स्वदेश निर्मित कोविड-19 टीकों के सीमित आपातकालीन इस्तेमाल को मंजूरी

प्रश्न-3 जनवरी, 2021 को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने स्वदेश निर्मित कोविड-19 टीकों के सीमित आपातकालीन इस्तेमाल को मंजूरी दी। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने मैसर्स सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के 'कोविशील्ड' और मैसर्स भारत बायोटेक के 'कोवैक्सीन' कोविड-19 वायरस के टीके के सीमित आपातकालीन इस्तेमाल को मंजूरी दी।

(ii) सीडीएससीओ की कोविड-19 संबंधी विषय विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा के आधार पर भारत के औषध महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने यह मंजूरी प्रदान की।

(iii) भारत बायोटेक ने आईसीएमआर के साथ मिलकर 'कोवैक्सीन' का विकास किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2021 को देश के औषधि नियामक केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने स्वदेश निर्मित कोविड-19 टीकों के सीमित आपातकालीन इस्तेमाल को मंजूरी दी।
- सीडीएससीओ की कोविड-19 संबंधी विषय विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा के आधार पर भारत के औषध महानियंत्रक (DCGI) ने यह मंजूरी प्रदान की।
- वर्तमान में भारत के औषध महानियंत्रक (DCGI) डॉ. वी.जी. सोमानी हैं।
- सीडीएससीओ की विषय विशेषज्ञ समिति की बैठक 1-2 जनवरी, 2021 को हुई थी।
- विषय विशेषज्ञ समिति में पल्मोनोलॉजी, इम्युनोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फॉर्माकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, इंटरनल मेडिसिन आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होते हैं।

- विषय विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा के बाद सीडीएससीओ ने मैसर्स सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के 'कोविशील्ड' और मैसर्स भारत बायोटेक के 'कोवैक्सीन' (कोविड-19 वायरस के टीके) के सीमित आपातकालीन इस्तेमाल को मंजूरी दी।
- मैसर्स सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे ने एस्ट्राजेनेका/ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से तकनीकी हस्तांतरण के साथ 'कोविशील्ड' का निर्माण किया है।
- मैसर्स भारत बायोटेक ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) के साथ मिलकर 'कोवैक्सीन' का विकास किया है।
- इसके साथ ही डीसीजीआई ने कैडिला हेल्थकेयर को भी उसके संभावित टीके के तीसरे चरण के क्लिनिकल परीक्षण के लिए अनुमति प्रदान की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1685761

डीटीएच सेवाओं के दिशा-निर्देशों में संशोधन

प्रश्न-23 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डीटीएच (डायरेक्ट टू होम) सेवाएं प्रदान करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने हेतु दिशा-निर्देशों में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। संशोधनों के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) डीटीएच के लाइसेंस वर्तमान 10 वर्ष की अपेक्षा अब 20 वर्ष की अवधि के लिए जारी किया जाएगा।
(b) लाइसेंस शुल्क को जीआर के 15 प्रतिशत से एजीआर के 10 प्रतिशत से एजीआर के 10 प्रतिशत तक संशोधित किया गया है।
(c) लाइसेंस शुल्क वर्तमान में वार्षिक आधार के स्थान पर तिमाही आधार पर एकत्रित किया जाएगा।
(d) डीटीएच संचालक से प्रति पीएस चैनल के लिए 10,000 रुपये का एक बार गैर-वापसी योग्य (नॉन रिफंडेबल) पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत में डीटीएच (डायरेक्ट टू होम) सेवाएं प्रदान करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने हेतु दिशा-निर्देशों में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।
- डीटीएच के लिए लाइसेंस वर्तमान 10 वर्ष की अपेक्षा अब 20 वर्ष की अवधि के लिए जारी किया जाएगा।
- लाइसेंस शुल्क को जीआर के 10 प्रतिशत से एजीआर के 8 प्रतिशत तक संशोधित किया गया है।
- जीआर से जीएसटी को घटाकर एजीआर की गणना की जाएगी।
- लाइसेंस शुल्क वर्तमान में वार्षिक आधार के स्थान पर तिमाही आधार पर एकत्रित किया जाएगा।
- डीटीएच संचालकों को उनके द्वारा दिखाए जाने वाले कुल अनुमति प्राप्त प्लेटफॉर्म चैनलों की क्षमता से अधिकतम 5 प्रतिशत के संचालन की अनुमति प्रदान की जाएगी।
- डीटीएच संचालक से प्रति पीएस चैनल के लिए 10,000 रुपये का एकबार गैर-वापसी योग्य (नॉन रिफंडेबल) पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा।

- स्वैच्छिक आधार पर डीटीएच संचालकों के बीच बुनियादी ढांचे को साझा करने के इच्छुक डीटीएच संचालकों को डीटीएच प्लेटफॉर्म और टीवी चैनलों के परिवहन स्ट्रीम को साझा करने की अनुमति दी जाएगी।
- टीवी चैनलों के वितरकों को सब्सक्राइबर मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) और कंडिशनल एक्सेस सिस्टम (सीएएस) अनुप्रयोगों के लिए सामान्य हार्डवेयर साझा करने की अनुमति होगी।
- मौजूदा डीटीएच दिशा-निर्देशों में 49 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को समय-समय पर संशोधित एफडीआई के अनुसार, सरकार की वर्तमान (डीपीआईआईटी) नीति के साथ जोड़ा जाएगा।
- ϖसूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा संशोधित डीटीएच दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्णय प्रभावी होगा।
- प्रस्तावित कटौती का उद्देश्य लाइसेंस शुल्क व्यवस्था को दूरसंचार क्षेत्र के अनुकूल बनाना है।
- प्लेटफॉर्म सेवाओं के लिए पंजीकरण शुल्क से लगभग 12 लाख रुपये के राजस्व सृजन की संभावना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1682976

भारत-बांग्लादेश वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-भारत-बांग्लादेश वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) 17 दिसंबर, 2020 को भारत-बांग्लादेश वर्चुअल शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ।

(ii) इस सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने भारत के हल्दीबाड़ी और बांग्लादेश के चिल्हाटी के मध्य एक रेलवे लिंक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

(iii) इस दौरान दोनों देशों के मध्य 4 समझौता-ज्ञापनों/समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (i) एवं (iii) (c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 17 दिसंबर, 2020 को भारत-बांग्लादेश वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020 संपन्न हुआ।
- इस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भाग लिया।
- शिखर सम्मेलन के दौरान, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी मुद्दों पर व्यापक चर्चा की।
- जिसमें कोविड-19 के बाद के युग में सहयोग को और मजबूत करना शामिल है।
- इस अवसर पर दोनों नेताओं ने भारत के हल्दीबाड़ी और बांग्लादेश के चिल्हाटी के मध्य एक रेलवे लिंक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।उल्लेखनीय है कि हल्दीबाड़ी चिल्हाटी रेल संपर्क सेवा वर्ष 1965 के बाद पुनः शुरू हुई।इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच 5 वीं रेल संपर्क सेवा बन गई।
- दोनों देशों के बीच अन्य 4 परिचालन रेल संपर्क लाइने हैं, जिनमें पेट्रापोल (भारत)-बेनापोल (बांग्लादेश), गेदे (भारत)-दर्शन (बांग्लादेश), सिंघाबाद (भारत)-रोहनापुर (बांग्लादेश), राधिकापुर (भारत)-बिरोल (बांग्लादेश) शामिल हैं।
- इस शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के बीच निम्नलिखित 7 समझौता-ज्ञापनों/समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए-

1. हाइड्रोकार्बन के क्षेत्र में सहयोग संबंधी सहमति की रूपरेखा।

2. स्थानीय निकायों और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के जरिए उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए भारतीय अनुदान सहायता के बारे में समझौता-ज्ञापन।
3. सीमा-पार हाथी के संरक्षण संबंधी प्रोटोकॉल।
4. बरिशाल नगर निगम के लिए उपकरण की आपूर्ति और लमचोरी क्षेत्र में कचरे/ठोस अपशिष्ट निपटान के स्थल में सुधार के लिए समझौता-ज्ञापन।
5. कृषि के क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौता-ज्ञापन।
6. राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान स्मारक संग्रहालय, ढाका, बांग्लादेश और राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली, भारत के बीच समझौता-ज्ञापन।
7. भारत-बांग्लादेश सीईओ के फोरम की संदर्भ शर्तें।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/bilateral-documents.htm?dtl/33306/Joint+Statement+on+IndiaBangladesh+Virtual+Summit

नेशनल रेल प्लान

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में भारतीय रेल ने नेशनल रेल प्लान प्रस्तुत किया है। रेलवे का लक्ष्य इस प्लान (योजना) को कब तक अंतिम रूप प्रदान करना है?



(a) जनवरी, 2021 (b) फरवरी, 2021 (c) मार्च, 2021 (d) अप्रैल, 2021

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में भारतीय रेल ने एक नेशनल रेल प्लान प्रस्तुत किया है।
- इस प्लान का उद्देश्य देश की कुल माल भाड़े की आर्थिक व्यवस्था में क्षमता की कमी को दूर करना और इसके महत्वपूर्ण हिस्से में सुधार करना है।राष्ट्रीय रेल योजना के नाम से एक लंबी अवधि की रणनीतिक योजना रेलवे की ढांचागत हिस्सेदारी बढ़ाने की नीति के साथ-साथ ढांचागत क्षमता वृद्धि के लिए विकसित की गई है।
- यह योजना रेलवे के भविष्य के सभी बुनियादी ढांचे, व्यवसाय और वित्तीय योजना को एक सामान्य मंच प्रदान करेगी।इस योजना को विभिन्न मंत्रालयों के विचारार्थ भेजा रहा है।
- रेलवे का लक्ष्य इस योजना को जनवरी, 2021 तक अंतिम रूप प्रदान करना है।
- रेल मंत्रालय की योजना वर्ष 2030 तक भविष्य की मांग के अनुरूप क्षमता निर्माण करने की है, जिसमें वर्ष 2050 तक मांग में वृद्धि पूरी होगी।रेलवे का यह मॉडल वर्ष 2030 तक माल ढुलाई में रेलवे की हिस्सेदारी वर्तमान के 27% से बढ़ाकर 45% करना एवं कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए वर्ष 2030 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को पूरा करना।रेल मंत्रालय ने जानकारी प्रदान की है कि वर्ष 2024 तक राष्ट्रीय रेल योजना के हिस्से के रूप में कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं जैसे कि शत-प्रतिशत विद्युतीकरण, भीड़भाड़ वाले मार्गों की मल्टीट्रैकिंग और हावड़ा और दिल्ली-मुंबई मार्गों पर 160 किमी. प्रति घंटे की गति से उन्नयन वास्ते त्वरित कार्यान्वयन हेतु विजन 2024 शुरू किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1681727

भारत-वियतनाम वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-हाल ही में भारत-वियतनाम वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020 कब आयोजित हुआ?

(a) 21 दिसंबर, 2020 (b) 18 दिसंबर, 2020
(c) 20 दिसंबर, 2020 (d) 15 दिसंबर, 2020

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 दिसंबर, 2020 को भारत-वियतनाम वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020 आयोजित हुआ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वियतनाम के प्रधानमंत्री गुयेन जुआन फुक ने इस सम्मेलन में भाग लिया।
- शिखर सम्मेलन के दौरान, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग पहलों की समीक्षा की तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।
- वार्ता के दौरान, दोनों देशों ने 5 घोषणाएं की, जिनमें कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं-

1. भारत-वियतनाम सभ्यता और सांस्कृतिक संबंध पर एक सार संग्रह (Encyclopedia) तैयार करने हेतु द्विपक्षीय परियोजना का शुभारंभ।
2. वित्त वर्ष 2021-2022 से वार्षिक त्वरित प्रभाव परियोजनाओं (QIP) की संख्या को वर्तमान के 5 से बढ़ाकर 10 तक ले जाना।
3. वियतनाम के निन्ह थुआन प्रांत के स्थानीय समुदाय के लाभ के लिए 1.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की भारतीय अनुदान सहायता से सात विकास परियोजनाओं को पूरा करना और उन्हें सौंपना।

- इस वार्ता के पश्चात, 9 दस्तावेजों/समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुआ। उनमें से कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं-
- भारत के परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB) और वियतनाम की विकिरण एवं परमाणु सुरक्षा एजेंसी के बीच समझौता-ज्ञापन।
- सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान और वियतनाम पेट्रोलियम संस्थान के बीच समझौता-ज्ञापन।
- टाटा मेमोरियल सेंटर ऑफ इंडिया और वियतनाम नेशनल कैंसर हॉस्पिटल के बीच समझौता-ज्ञापन।
- नेशनल सोलर फेडरेशन ऑफ इंडिया और वियतनाम क्लीन एनर्जी एसोसिएशन के बीच समझौता-ज्ञापन।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pmindia.gov.in/en/news_updates/india-vietnam-leaders-virtual-summit/

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा NDHM की स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन नीति को मंजूरी

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन नीति को अपनी मंजूरी प्रदान की। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करें?

1. केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (NDHM) के डेटा प्रबंधन नीति को मंजूरी प्रदान की।
2. यह नीति राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र (NDHE) में एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में कार्य करेगी।
3. इस नीति के प्रावधान राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन में शामिल संस्थाओं पर लागू होंगे।

इनमें से सत्य कथनों का चुनाव करें-

(a) 1 व 2 (b) 2 व 3 (c) 1 व 3 (d) 1, 2 व 3

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने योजना के डिजिटल सेवाओं का उपयोग कर रोगियों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा एवं प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के डेटा प्रबंधन नीति को मंजूरी प्रदान की।
- डेटा की प्रबंधन नीति 'राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन' किसी व्यक्ति के डेटा गोपनीयता संरक्षण के लिए न्यूनतम मानक निर्धारित करता है।
- यह नीति 'राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी' तंत्र में एक मार्गदर्शन दस्तावेज के रूप में कार्य करती है।
- 'राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी' में एकत्र किए गए डेटा को दस्तावेज के अनुसार, प्रत्येक बिंदु पर 'न्यूनतमता के सिद्धांत' (Principale of Minimality) को अपनाकर केंद्रीय स्तर, राज्य या केंद्रशासित प्रदेश स्तर तथा स्वास्थ्य सुविधा स्तर पर संग्रहीत किया जाएगा।
- इस नीति के प्रावधान 'राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन' में शामिल संस्थाओं पर लागू होंगे, जो 'राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र' का हिस्सा हैं।
- यह नीति किसी भी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता पर भी लागू होगा, जो इलेक्ट्रॉनिक रूप बीमाकर्ता, धर्मार्थ संस्थान, फार्मास्यूटिकल्स सहित सभी व्यक्तियों, टीमों तथा संस्थानों को एकत्र करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/centre-approves-health-data-management-policy-of-ndhm-11607962291863.html

'विजन 2035: भारत में जन स्वास्थ्य निगरानी' श्वेत पत्र जारी

प्रश्न-14 दिसंबर, 2020 को किसके द्वारा 'विजन 2035: भारत में जन स्वास्थ्य निगरानी' के नाम से एक श्वेत पत्र जारी किया?
(a) केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (b) नीति आयोग
(c) वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (d) केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को नीति आयोग ने 'विजन 2035: भारत में जन स्वास्थ्य निगरानी' (Vision 2035: Public Health Surveillance in India) नाम से एक श्वेत पत्र जारी किया।
- यह श्वेत पत्र नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार, सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. विनोद के. पॉल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत और अतिरिक्त सचिव डॉ. राकेश सरवाल ने जारी किया।
- इसे नीति आयोग द्वारा यूनिवर्सिटी ऑफ मैनीटोबा (University of Manitoba), विनीपेग, कनाडा के सहयोग से विकसित किया गया।यह श्वेत पत्र स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे कार्य की ही अगली कड़ी है।यह व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड के निगरानी को आधार बनाकर यह सुझाव देती है कि निगरानी किस तरह की जाए।
- जन स्वास्थ्य निगरानी वह महत्वपूर्ण कार्य है जो प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्तर पर देखभाल मुहैया कराता है।

- निगरानी 'कार्रवाई के लिए सूचना' देती है।
- यह श्वेत पत्र त्रिस्तरीय जन स्वास्थ्य व्यवस्था को आयुष्मान भारत की परिकल्पना में शामिल करते हुए जन स्वास्थ्य निगरानी के लिए भारत के विजन 2035 को पेश करता है।
- यह एक विस्तारित रेफरल नेटवर्क और प्रयोगशालाओं की क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता भी बताता है।
- इस श्वेत पत्र के लक्ष्य हैं-

1. भारत की जन स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली को अधिक प्रतिक्रियाशील और भविष्योन्मुखी बनाकर हर स्तर पर कार्रवाई करने की तैयारी को बढ़ाना।
2. नागरिकों के अनुकूल जन स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली ग्राहक फीडबैक तंत्र तैयार कर व्यक्ति की निजता और गोपनीयता को सुनिश्चित करेगी।
3. केंद्र और राज्यों के बीच बीमारी की पहचान, बचाव और नियंत्रण को बेहतर बनाने के लिए एक संशोधित आंकड़ा भागीदारी तंत्र बनाएगी।
4. ऐसी जन स्वास्थ्य आपदा जिस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता पैदा होती है, के प्रबंधन के लिए भारत क्षेत्रीय और वैश्विक नेतृत्व प्रदान करने का लक्ष्य रखता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1680541

9वां सतत पर्वत विकास शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-8-14 दिसंबर, 2020 के मध्य 9 वां सतत पर्वत विकास शिखर सम्मेलन, 2020 कहां संपन्न हुआ?
(a) रांची (b) माउंटआबू (c) देहरादून (d) दार्जिलिंग
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 8-14 दिसंबर, 2020 के मध्य 9वां सतत पर्वत विकास शिखर सम्मेलन (9th Sustainable Mountain Development Summit), 2020 देहरादून (उत्तराखंड) में संपन्न हुआ।
- मुख्य विषय (Theme)-"Emerging Pathways for building a Resilient Post-Covid-19 Mountain Economy: Adaptation, Innovation and Acceleration"।
- यह IMI (Integrated Mountain Initiative) का एक प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है।
- जिसे SDFU (Sustainable Development Forum of Uttarakhand) की मेजबानी में आयोजित किया गया।इसका अगला सम्मेलन DHI (Darjeeling Hill Initiative) की मेजबानी में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग-कालिमपोंग हिल्स में वर्ष 2021 में प्रस्तावित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=9th-edition-of-Sustainable-Mountain-Development-Summit-begins-in-Dehradun&id=405938#:~:text=9th%20edition%20of%20Sustainable%20Mountain%20Development%20Summit%20begins%20in%20Dehradun,-AIR&text=The%20ninth%20edition%20of%20the,%2C%20Adaptation%2C%20Innovation%20and%20Acceleration.

72वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

प्रश्न-26 जनवरी, 2021 को भारत के 72वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
(a) बोरिस जॉनसन (b) ब्लादिमीर पुतिन (c) कमला हैरिस (d) अशरफ गनी
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 26 जनवरी, 2021 को भारत के 72वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन होंगे।
- 14-17 दिसंबर, 2020 तक भारत के आधिकारिक दौरे पर आए ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास मामलों के मंत्री डोमिनिक राब ने इस बात की पुष्टि की।
- वह भारत के गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि बनने वाले ब्रिटेन के छठवें व्यक्ति हैं।
- वह वर्ष 1993 में जॉन मेजर के बाद पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री होंगे जो इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।
- पूर्व में ब्रिटिश राजघराने के सदस्य मुख्य अतिथि रहे हैं जिनमें प्रिंस फिलिप (वर्ष 1959 में), क्वीन एलिजाबेथ II (वर्ष 1961 में) शामिल थे।
- ब्रिटिश चांसलर ऑफ एक्सचेकर राब बटलर (वर्ष 1956 में जापान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश कोटारो तनाका के साथ) तथा वर्ष 1964 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ लॉर्ड लुईस माउंटबेटन गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि रहे।ज्ञातव्य है कि ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो 71वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://en.wikipedia.org/wiki/Template:Chief_guests_in_republic_day_parade#cite_note-66

भारत-उज्बेकिस्तान द्विपक्षीय वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-हाल ही में संपन्न हुए भारत-उज्बेकिस्तान द्विपक्षीय वर्चुअल शिखर सम्मेलन से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
(i) यह वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 11 दिसंबर, 2020 को संपन्न हुआ।
(ii) यह भारत तथा किसी भी मध्य एशियाई देश के बीच पहला द्विपक्षीय वर्चुअल सम्मेलन था।
(iii) इस सम्मेलन के दौरान 9 अनुबंध/समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?
(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2020 को भारत-उज्बेकिस्तान द्विपक्षीय वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2020 संपन्न हुआ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने इस सम्मेलन में भाग लिया।
- यह भारत तथा किसी भी मध्य एशियाई देश के बीच पहला द्विपक्षीय वर्चुअल शिखर सम्मेलन था।
- इस बैठक में दोनों नेताओं ने अपने द्विपक्षीय संबंधों कोविड के बाद के समय में आपसी सहयोग में मजबूती और साझा हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।इस सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के मध्य निम्नलिखित 9 अनुबंध/समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए-

- राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान, उज्बेकिस्तान के बीच समझौता-ज्ञापन।एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक ऑफ इंडिया और उज्बेकिस्तान सरकार के बीच डॉलर क्रेडिट लाइन समझौता।भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी-इन) भारतीय गणराज्य के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और उज्बेकिस्तान के राज्य एकात्मक उद्यम 'साइबर सिक्योरिटी सेंटर' के बीच सहयोग-ज्ञापन।भारत सरकार और उज्बेकिस्तान सरकार के बीच उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं (एचआईसीडीपी) पर समझौता-ज्ञापन।
- भारत गणराज्य की सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी और उज्बेकिस्तान गणराज्य की आतंरिक मामलों के मंत्रालय की अकादमी के बीच समझौता-ज्ञापन।
- भारत गणराज्य के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड और उज्बेकिस्तान गणराज्य की राज्य सीमा शुल्क समिति के बीच सीमा पार माल के पूर्व आगमन पर सूचना के आदान-प्रदान पर समझौता-ज्ञापन।
- भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और उज्बेक एजेंसी फॉर स्टैंडर्डाइजेशन, मेट्रोलॉजी एंड सर्टिफिकेशन (उज्स्टैंडर्ट एजेंसी) के बीच उत्पाद अनुरूपता मूल्यांकन के परिणामों की पारस्परिक मान्यता पर समझौता।
- भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) और उज्बेकिस्तान की यूनिवर्सिटी ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (यूजेएमसीयू) के बीच समझौता-ज्ञापन।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1679941

आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई)

प्रश्न-9 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी प्रदत्त आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) हेतु मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए 1584 करोड़ रुपये की धनराशि और पूरी योजना अवधि (2020-23) के लिए कितनी धनराशि को व्यय हेतु अनुमति प्रदान की गई है?

(a) 18,525 करोड़ रुपये (b) 17,285 करोड़ रुपये
(c) 22,810 करोड़ रुपये (d) 23,465 करोड़ रुपये

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस योजना का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत पैकेज 3.0 के तहत कोविड रिकवरी फेज में औपचारिक क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देना और नए रोजगार अवसरों को प्रोत्साहित करना है।
- मंत्रिमंडल ने मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए 1584 करोड़ रुपये की धनराशि और पूरी योजना अवधि (2020-23) के लिए 22,810 करोड़ रुपये के व्यय हेतु अनुमति प्रदान की है।
- भारत सरकार द्वारा इस योजना के तहत 1 अक्टूबर, 2020 को या उसके बाद और 30 जून, 2021 तक शामिल सभी नए कर्मचारियों को 2 वर्ष की अवधि के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- जिन रोजगार प्रदाता संगठनों में 1000 कर्मचार हैं, वहां केंद्र सरकार 2 वर्ष की अवधि के लिए 12 प्रतिशत कर्मचारी योगदान और 12 प्रतिशत नियोक्ता योगदान (दोनों) वेतन भत्तों का 24 प्रतिशत ईपीएफ में योगदान देगी।

- जिन रोगार प्रदाता संगठनों में 1000 से अधिक कर्मचारी हैं, वहां केंद्र सरकार नए कर्मचारियों के संदर्भ में 2 वर्ष की अवधि हेतु ईपीएफ में केवल 12 प्रतिशत कर्मचारी योगदान देगी।
- कोई कर्मचारी जिसका मासिक वेतन 15,000 रुपये से कम है और वह किसी ऐसे संस्थान में काम नहीं कर रहा था। जो (अक्टूबर, 2020 से पूर्व कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) से पंजीकृत था और उसके पास इस अवधि से पहले यूनिवर्सल एकाउंट नंबर या ईपीएफ सदस्य खाता नंबर नहीं था वह इस योजना हेतु पात्र होगा।
- कोई भी ईपीएफ सदस्य, जिसके पास यूनिवर्सल एकाउंट नवंबर है और उसका मासिक वेतन 15,000 रुपये से कम है और यदि उसने कोविड महामारी के दौरान 1 मार्च, 2020 से 30 सितंबर, 2020 की अवधि में अपनी नौकरी छोड़ दी और उसे ईपीएफ के दायरे में आने वाले किसी रोजगार प्रदाता संस्थान भी इस योजना का लाभ लेने हेतु पात्र है।
- इस योजना हेतु ईपीएफओ एक सॉफ्टवेयर विकसित करेगा और एक जवाबदेह और पारदर्शी प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी।
- ईपीएफओ यह सुनिश्चित करने हेतु एक उपर्युक्त तरीका अपनाएगा कि एबीआरवाई और ईपीएफओ द्वारा लागू की गई किसी अन्य योजना के लाभ आपस में परस्पर व्याप्त (ओवरलैपिंग) नहीं हुए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1679336

मध्य प्रदेश धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम, 2020

प्रश्न-मध्य प्रदेश धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम, 2020 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) किसी भी व्यक्ति द्वारा अधिनियम का धारा 3 उल्लंघन करने पर 1 से 5 वर्ष का कारावास और कम से कम 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगेगा।

(b) नाबालिग महिला, एससी, एसटी के मामले में 2 से 5 वर्ष का कारावास और कम से कम 50 हजार रुपये का अर्थदंड होगा।

(c) इसी प्रकार धर्म छुपाकर ऐसा प्रयास करने पर 3 वर्ष से 10 वर्ष का कारावास और कम से कम 50 हजार रुपये का अर्थदंड होगा।

(d) सामूहिक धर्म परिवर्तन (2 या अधिक व्यक्ति का) का प्रयास करने पर 5 वर्ष से 10 वर्ष के करावास एवं कम से कम 1 लाख रुपये के अर्थदंड का प्रावधान है।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2020 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश स्वातंत्र्य अधिनियम, 2020 के संबंध में बैठक संपन्न हुई।
- इस बैठक में इस अधिनियम के प्रारूप पर चर्चा हुई।
- प्रस्तावित अधिनियम अंतर्गत किसी व्यक्ति द्वारा धर्म परिवर्तन कराने संबंधी प्रयास किए जाने पर प्रभावित व्यक्ति स्वयं, उसके माता-पिता अथवा रक्त संबंधी इसके विरुद्ध शिकायत कर सकेंगे।
- यह अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती और सत्र न्यायालय के विचारणीय होगा।
- उपपुलिस निरीक्षक से कम श्रेणी का पुलिस अधिकारी इसका अन्वेषण नहीं कर सकेगा।
- धर्मांतरण नहीं किया गया है, यह साबित करने का भार अभियुक्त पर होगा।

- जो विवाह धर्म परिवर्तन की नियत से किया गया होगा, वह अकृत एवं शून्य होगा।
- इस प्रयोजन के लिए कुटुम्ब न्यायालय अथवा कुटुम्ब न्यायालय की अधिकारिता में आवेदन करना होगा।
- किसी भी व्यक्ति द्वारा अधिनियम का धारा 3 का उल्लंघन करने पर 1 वर्ष से 5 वर्ष का कारावास और कम से कम 25 हजार रुपये का जुर्माना होगा।नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के मामलों में 2 से 10 वर्ष के कारावास तथा कम से कम 50 हजार रुपये का अर्थदंड प्रस्तावित किया गया है।
- इसी प्रकार धर्म छुपाकर ऐसा प्रयास करने पर 3 वर्ष से 10 वर्ष का कारावास और कम से कम 50 हजार रुपये का अर्थदंड होगा।सामूहिक धर्म परिवर्तन (2 या अधिक व्यक्ति का) का प्रयास करने पर 5 से 10 वर्ष के कारावास एवं कम से कम 1 लाख रुपये के अर्थदंड का प्रावधान है।
- प्रस्तावित इस अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति दूसरे को दिग्भ्रमित कर, प्रलोभन, धमकी, बल, दुष्प्रभाव, विवाह के नाम पर अथवा अन्य कपटपूर्ण तरीके से प्रत्यक्ष अथवा अन्यथा उसका धर्म परिवर्तन अथवा धर्म परिवर्तन का प्रयास नहीं करेगा।
- कोई भी व्यक्ति धर्म परिवर्तन किए जाने का दुष्प्रेरण अथवा षडयंत्र नहीं करेगा।
- प्रस्तावित अधिनियम के अनुसार, स्वतंत्र इच्छा से धर्म परिवर्तन की दशा में धर्म परिवर्तन की इच्छा रखने वाले व्यक्ति तथा धार्मिक पुजारी या व्यक्ति जो धर्म परिवर्तन आयोजित करने का आशय रखता हो को, उस जिले के जिला मजिस्ट्रेट को जहां धर्म परिवर्तन संपादित किया जाना हो, 1 माह पूर्व घोषणा पत्र/सूचना पत्र देना बंधनकारी होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20201205N20&LocID=1

निर्यात नीति उत्तर प्रदेश, 2020-25

प्रश्न-नवंबर, 2020 में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में निर्यात नीति उत्तर प्रदेश 2020-25 के प्राख्यापन का निर्णय लिया गया। इस नीति के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह निर्णय 25 नवंबर, 2020 को हुई बैठक में लिया गया।

(b) निर्यात नीति उत्तर-प्रदेश 2020-25 के फोकस क्षेत्र में इंजीनियरिंग गुड्स, स्पोर्ट्स गुड्स, मेडिकल वेल्यू तथा रक्षा उत्पाद शामिल नहीं हैं।

(c) निर्यात नीति उत्तर प्रदेश 2020-25 के क्रियान्वयन संबंधी कार्य उ.प्र. निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो द्वारा संपादित किए जाएंगे।

(d) खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित निर्यातक इकाइयों द्वारा अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने हेतु विशेष सेवाओं के हायर किए जाने पर वित्तीय सहायता का प्राविधान नीति में किया गया है।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 नवंबर, 2020 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की संपन्न बैठक में निर्यात नीति उत्तर प्रदेश 2020-25 के प्राख्यापन का निर्णय लिया गया।
- इस नीति का उद्देश्य निर्यात के क्षेत्र में विकास एवं प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, निर्यात सहायक संस्थानों को निर्यात संबंधी आवश्यक सहायता व सेवा प्रदान करना तथा राज्य से निर्यात में वृद्धि हेतु तकनीकी एवं भौतिक अवसंरचनाओं की स्थापना एवं विकास करना है।

- साथ ही निर्यात को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्योगों के निर्यात सामर्थ्य के विकास हेतु आवश्यक समर्थन प्रदान करना, स्थानीय/देश में निर्मित उत्पादों हेतु वैश्विक बाजार में उपलब्ध अवसरों का चिन्हांकन करना तथा निर्यात संबंधी सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं को अंगीकृत करते हुए क्षमता विकास को प्रोत्साहित करना है।
- इस नीति में निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु क्रियान्वयन रणनीति बनाई गई है। क्रियान्वयन रणनीति के अंतर्गत शामिल है-

1. निर्यात प्रक्रिया का सरलीकरण-एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को कम करते हुए राज्य के विभिन्न विभागों के निर्यात संबंधी प्रपत्रों के शीघ्र निस्तारण और निर्यातकों की समस्याओं के निवारण में निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो द्वारा समन्वयक की भूमिका निभाना।
2. 'मेक इन उ.प्र., मेक इन इंडिया' के ब्रांड का विकास एवं प्रोत्साहन, निर्यात योग्य उत्पादों हेतु भौगोलिक संकेतक (GI) पंजीयन प्राप्त करने में सहयोग करना।
3. निर्यात की प्रबल संभावनाओं वाले जनपदों के उत्पाद एवं सेवाओं को चिह्नित करते हुए उनके निर्यात प्रोत्साहन हेतु उत्पादकों एवं सेवा प्रदाताओं की क्षमता विकास तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना।
4. बी2 बी एक्सचेंज की स्थापना, जिससे राज्य के लघु एवं छोटे उद्यमी भी ऑनलाइन व्यापारिक सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें।
5. सेवा क्षेत्र से निर्यात बढ़ाने हेतु विशेष प्रावधान किया जाना, उ.प्र. में निर्यात तथा निर्यातकों हेतु एक विश्लेषणात्मक डाटाबेस का निर्माण, जिला निर्यात बंधु की बैठक का प्रत्येक तीन महीने में आयोजन आदि रणनीतियां शामिल हैं।

- निर्यात नीति उत्तर प्रदेश 2020-25 के फोकस क्षेत्र में हस्तशिल्प, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद, इंजीनियरिंग गुड्स, हैंडलूम एवं टेक्सटाइल, चर्म उत्पाद, कालीन एवं दरियां, ग्लास एवं सिरेमिक उत्पाद, काष्ठ उत्पाद, काष्ठ उत्पाद, स्पोर्ट्स गुड्स, रक्षा उत्पाद, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, पर्यटन, आई.टी.एवं आई.टी.ई.एस., मेडिकल वेल्यू, ट्रेवल्स तथा लॉजिस्टिक्स शामिल हैं।
- निर्यात नीति उ.प्र. 2020-25 के क्रियान्वयन संबंधी कार्य उ.प्र. निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो द्वारा संपादित किए जाएंगे।
- इस नीति के अंतर्गत पात्र इकाइयों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं तथा अन्य आनुषंगिक क्रिया-कलापों पर होने वाला व्यय बजट में प्राविधानित धनराशि की सीमा के अंतर्गत रखा जाएगा।
- इस नीति के अनुसार, पशु-क्रय विक्रय हेतु ई-हाट पोर्टल विकसित किए जाएंगे।
- उ.प्र. निर्यात प्रोत्साहन नीति, 2020-25 द्वारा कृषकों की आय को दोगुना करने के लिए तथा कृषि क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से उन सभी अवयवों को अंगीकृत कर सकेंगी, जो उ.प्र. कृषि प्रोत्साहन नीति से अनाच्छादित है।
- खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित निर्यातक इकाइयों द्वारा अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने हेतु विशेष सेवाओं के हायर किए जाने पर वित्तीय सहायता का प्राविधान नीति में किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.gov.in/sites/default/files/2020-11/PN-CM-Cabinet-Export%20Policy-25%20November%2C%202020.pdf

पीएम-कुसुम योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन

प्रश्न-नवंबर, 2020 में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने पीएम-कुसुम योजना के पहले वर्ष के दौरान इसे लागू करने से प्राप्त सीख के आधार पर इसके कार्यान्वयन मार्गदर्शन में संशोधन स्पष्टीकरण जारी किया है। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस योजना के 3 घटक हैं। घटक-ए में विकेंद्रीकृत ग्राउंड माउंटेड ग्रिड कनेक्टेड नवीकरणीय विद्युत संयंत्र की स्थापना, घटक-बी में स्टैंड अलोन सोलर पॉवर एग्रीकल्चर पंप्स की स्थापना शामिल है।

(b) घटक-ए के तहत अब बंजर, परती और कृषि भूमि के अलावा किसानों के चारागाह और दलदली भूमि पर भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा सकते हैं।

(c) घटक-बी में संशोधनों के अनुसार, एमएनआरई देशव्यापी सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों हेतु उचित सेवा शुल्क का 33 प्रतिशत हिस्सा अपने पास रखेगा।

(d) घटक सी के हिस्से के रूप में मंत्रालय आईईसी गतिविधियों के लिए 50 प्रतिशत सेवा शुल्क का उपयोग करेगा।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के पहले वर्ष के दौरान इसे लागू से प्राप्त सीख के आधार पर इसके कार्यान्वयन मार्गदशन में संशोधन/स्पष्टीकरण जारी किया है।
- एमएनआरई ने कृषि क्षेत्र में अधिक सौर ऊर्जा उत्पादन को सक्षम बनाने के लिए पीएम-कुसम योजना को मंजूरी प्रदान की थी।
- इस योजना के 3 घटक हैं।
- घटक-ए में विकेंद्रीत ग्राउंड माउंटेड ग्रिड कनेक्टेड नवीकरणीय विद्युत संयंत्र की स्थापना, घटक-बी में स्टैंर्डअलोन सोलर पावर्ड एग्रीकल्चर पंप्स की स्थापना और घटक-सी में सोलराइजेशन ऑफ ग्रिड कनेक्टेड एग्रीकल्चर पंप्स शामिल हैं।
- घटक-ए में चारागाह और दलदली भूमि के स्वामित्व वाले किसानों को शामिल करके इसका दायरा बढ़ाया गया है तथा सौर संयंत्र के आकार को घटा दिया गया है।
- किसानों द्वारा कार्यान्वयन में आसानी हेतु हटाए गए उत्पादन में कमी पर जुर्माना लगाया गया है।
- संशोधनों के तहत अब घटक-ए के तहत बंजर, परती, कृषि भूमि के अलावा किसानों के चारागाह और दलदली भूमि पर भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा सकते हैं।
- छोटे किसानों की मदद करने हेतु तकनीकी-व्यावसायिक व्यवहार्यता के आधार पर राज्यों द्वारा 500 किलोवॉट से कम की सौर ऊर्जा परियोजनाओं को अनुमति दी जा सकती है।
- चयनित नवीकरणीय पॉवर जनरेटर (आरपीजी) सौर ऊर्जा संयंत्र को लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) जारी करने की तिथि से 12 महीने के भीतर चालू कर देगा।
- न्यूनतम निर्धारित क्षमता उपयोग कारक (सीयूएफ) से सौर ऊर्जा उत्पादन में कमी के लिए आरपीजी पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।
- घटक-बी में संशोधनों के अनुसार हिस्से के रूप में एनएनआरई देशव्यापी सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों हेतु उचित सेवा शुल्क का 33 प्रतिशत हिस्सा अपने पास रखेगा।
- आदेश में उल्लिखित है कि मंत्रालय प्रारंभिक गतिविधियों के लिए एलओए की नियुक्ति के बाद स्वीकृत मात्रा के लिए उचित सेवा शुल्क का 50 प्रतिशत जारी कर सकता है।

- जल उपयोगकर्ता संघों (WUUA)/ किसान उत्पादक संगठनों (FPO)/ प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) को क्लस्टर आधारित सिंचाई प्रणाली के लिए सौर पंप स्थापित करने और इसका उपयोग करने हेतु समूह में प्रत्येक व्यक्ति के लिए 5 एचयी क्षमता तक के 7.5 एचपी से अधिक के सौर पंप क्षमता के लिए सीएफए द्वारा अनुमति प्रदान की जाएगी।
- केंद्रीयकृत निविदा में भाग लेने हेतु पात्रता में भी संशोधन किया गया है।
- घटक-सी के हिस्से के रूप में मंत्रालय आईईसी गतिविधियों के लिए 33 प्रतिशत सेवा शुल्क का उपयोग करेगा।
- कार्यान्वयन एजेंसियों को प्रारंभिक गतिविधियों के लिए सेवा शुल्क का अग्रिम आवंटन करने का प्रावधान किया गया है।
- घटक-सी के तहत ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों वाले व्यक्तिगत किसानों को अपने पंपों को सोलराइज करने हेतु सहायता प्रदान की जा रही है तथा किसानों को सौर पैनल भी उपलब्ध कराया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1672580

12वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-17 नवंबर, 2020 को 12वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुआ। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) यह सम्मेलन रूस की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।
(ii) सम्मेलन का मुख्य विषय-"ब्रिक्सः नवोन्मेषी भविष्य के लिए आर्थिक विकास" था।
(iii) वर्ष 2021 में 13वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (i) एवं (iii) (c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 नवंबर, 2020 को 12वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (12th BRICS Summit), 2020 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित हुआ।
- यह सम्मेलन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।
- इस शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-"वैश्विक स्थिरता, साझा सुरक्षा और अभिनव विकास" (Global Stability, Shared Security and Innovative Growth) था।
- यह सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र की 75वीं वर्षगांठ की पृष्ठभूमि में और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बीच आयोजित किया गया। इसमें सदस्य देशों के नेताओं ने वैश्विक परिदृश्य के प्रमुख मुद्दों और आपसी सहयोग पर चर्चा की।
- इसमें कोविड-19 महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए बहुपक्षीय प्रणाली के उपायों में सुधार भी शामिल हैं।
- इसके अलावा, शिखर सम्मेलन में आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में सहयोग, व्यापार, स्वास्थ्य, ऊर्जा और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान पर भी चर्चा की गई।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

- गौरतलब है कि ब्रिक (BRIC) शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम गोल्डमैन साक्स द्वारा वर्ष 2001 में आगामी अर्ध-शताब्दी में वैश्विक आर्थिक प्रवृत्तियों के अध्ययन के सदंर्भ में अपने वैश्विक आर्थिक पत्र 'द वर्ल्ड नीड्स बेटर इकोनॉमिक ब्रिक्स' (The World Needs Better Economic BRICs) में किया था।
- प्रारंभ में इस समूह में भारत, ब्राजील, रूस एवं चीन ही शामिल थे।
- वर्ष 2010 में दक्षिण अफ्रीका को भी समूह में सम्मिलित करने पर सहमति बनी थी।
- परिणामस्वरूप दक्षिण अफ्रीका वर्ष 2011 में सान्या (चीन) में आयोजित तीसरे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुआ। जिससे ब्रिक (BRIC) से ब्रिक्स (BRICs) बना।
- ब्रिक्स पांच प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है, जहां विश्वभर की लगभग 42 प्रतिशत आबादी रहती है, जहां विश्व का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) लगभग 22 प्रतिशत है।
- उल्लेखनीय है कि 13वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन वर्ष 2021 में भारत में आयोजित होगा।
- वर्ष 2012 और 2016 के बाद यह तीसरा अवसर होगा, जब भारत इस सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1673742

नई खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली

प्रश्न-अक्टूबर, 2020 में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भारत में नई खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली लागू किए जाने का निर्णय लिया है। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(1) संपूर्ण भारत में नई खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली 1 नवंबर, 2020 से लागू है।
(2) भारत में अभी तक केवल 10 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में यह प्रणाली लागू है।
(3) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का मुख्यालय भोपाल में स्थित है।
(4) यह प्राधिकरण भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कार्यरत एक स्वायत्त निकाय है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कूटः

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3 (c) केवल 1 और 4 (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 अक्टूबर, 2020 को खाद्य नियामक संस्था भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने भारत में नई खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (FoSCoS) लागू किए जाने का निर्णय लिया है।
- यह प्रणाली संपूर्ण भारत में 1 नवंबर, 2020 से प्रभावी है।
- ध्यातव्य है कि अभी तक प्रणाली 1 जून, 2020 से भारत के केवल 9 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों (दिल्ली, गुजरात, ओडिशा, तमिलनाडु, चंडीगढ़, गोवा, मणिपुर, पुदुचेरी और लद्दाख) में लागू है।
- नई खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली मौजूदा खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण प्रणाली (FLRS) का स्थान लेगी।
- एफएलआरएस, एफएसएसएआई द्वारा संचालित एक ऑनलाइन आवेदन है, जिसके माध्यम से भारत में खाद्य व्यवस्था संचालकों का पंजीकरण किया जाता है।
- ध्यातव्य है कि खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण प्रणाली पूरे भारत में वर्ष 2011 से लागू है।

- नई खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली के अंतर्गत किसी भी नियामक लेन-देन के लिए खाद्य व्यवसाय संचालकों को एक सीमा के पश्चात रोक लगाने की अनुमति दी गई है।
- खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत स्थापित एफएसएसएआई, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के तहत एक स्वायत्त निकाय है।
- एफएसएसएआई का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.fssai.gov.in/upload/press_release/2020/10/5f8fbb5d1791aPress_Release_Launch_FoSCoS_21_10_2020.pdf

हावेरी रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित

प्रश्न-नवंबर, 2020 में कर्नाटक में स्थित हावेरी रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर क्या रखा गया है?
(a) एन.एस. हर्दिकर रेलवे स्टेशन (b) महादेवाप्पा मेलारा रेलवे स्टेशन
(c) सिद्धारुढ़ा स्वामी जी रेलवे स्टेशन (d) अलुरु वेंकट राव रेलवे स्टेशन

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2020 को कर्नाटक सरकार ने देवनागरी लिपि (हिंदी), रोमन लिपि (अंग्रेजी) और कन्नड़, लिपि में हावेरी रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर 'महादेवाप्पा मेलारा रेलवे स्टेशन (Mahadevappa Mailara Railway Station) करने के लिए अधिसूचना जारी की।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उक्त नामकरण के संबंध में पहले ही स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।
- महादेवाप्पा मेलारा हावेरी जिले के निवासी थे ़जो एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी थे।
- 18 वर्ष की आयु में उन्होंने महात्मा गांधी के साथ दांडी मार्च में भाग लिया था।
- महादेवाप्पा के त्याग और साहस ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रेरित किया।
- उन्होंने औपनिवेशिक शासन का विरोध करने के लिए विभिन्न आंदोलनों का आयोजन किया था।
- ज्ञातव्य है कि सितंबर, 2020 में हुबली रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर सिद्धारूढ़ा स्वामी जी रेलवे स्टेशन रखा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/karnataka/haveri-railway-station-named-after-freedom-fighter-mahadeva-mailar/article33150955.ece

स्टेट ऑफ क्लाइमेट सर्विस रिपोर्ट-2020

प्रश्न-अक्टूबर, 2020 में विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा 'स्टेट ऑफ क्लाइमेट सर्विस रिपोर्टः 2020' जारी की गई है। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करें?
(1) विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा इस रिपोर्ट का प्रकाशन किया जाता है।
(2) इस रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 50 वर्षों के दौरान मौसम, जलवायु एवं पानी से संबंधित आपदाओं के कारण 2 मिलियन मौत का अनुमान लगाया गया है।



(3) वर्ष 2018 में विश्व स्तर पर 108 मिलियन से अधिक लोग बाढ़, तूफान एवं सूखा जैसी विभिन्न आपदाओं से प्रभावित थे।

उपर्युक्त में से सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) केवल 1 व 3 (b) केवल 1 व 2 (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' के मौके पर 13 अक्टूबर, 2020 को विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने 'स्टेट ऑफ क्लाइमेट सर्विसेज 2020 रिपोर्टः मूव फ्राम अर्ली वार्निंग्स टू अर्ली एक्सन' नामक रिपोर्ट जारी की।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 50 वर्षों में मौसम, जलवायु तथा पानी से संबंधित खतरों के कारण 11 हजार से अधिक आपदाएं हुई।इन आपदाओं के परिणामस्वरूप पूरे विश्व में 2 मिलियन से ज्यादा व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 3.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की परिसंपत्तियों का नुकसान हुआ।
- एक नई मल्टी एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि के दौरान प्रत्येक आपदा में दर्ज होने वाली मौतों की औसत संख्या में एक तिहाई की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि इस दौरान आपदाताओं की संख्या में 5 गुना तथा आर्थिक नुकसान में 7 गुना की वृद्धि दर्ज की गई है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, विश्व स्तर पर तीन में से एक व्यक्ति अभी भी प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली द्वारा पर्याप्त रूप से कवर नहीं किया गया है।
- गौरतलब है कि वर्ष 2018 में पूरे विश्व के लगभग 108 मिलियन लोग तूफान, बाढ़, सूखा तथा जंगलों की आग से संबंधित प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त थे।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 तक मानवीय सहायता की आवश्यकता वाले लोगों की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जिसकी लागत प्रतिवर्ष 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर होगी।
- 'स्टेट ऑफ क्लाइमेट सर्विसेज, रिपोर्ट-2020' 16 अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों तथा वित्तीय संस्थानों द्वारा संकलित की गई है।इस रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु जोखिम और अर्ली वार्निंग सिस्टम (CREWS) तथा फ्रैंकेइस डी. डेवलपमेंट जैसे तंत्र आर्थिक रूप से सबसे कमजोर लोगों को सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए धन प्रदान करते हैं।
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन के 138 सदस्यों द्वारा प्रदान किए गए डेटा से पता चलता है कि उनमें से केवल 40 प्रतिशत देशों के पास मल्टी-हैजर्ड-अर्ली वार्निंग सिस्टम (MHEWS) उपलब्ध है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, विश्व मौसम विज्ञान संगठन के केवल 75 देशों (लगभग 39 प्रतिशत) द्वारा अपने नागरिकों को प्रभाव आधारित पूर्वानुमान सेवाएं प्रदान करते हैं।
- छोटे विकासशील द्वीपीय देशों तथा सबसे कम विकसित देशों में स्थिति काफी गंभीर है। वर्ष 1970 के बाद से छोटे विकासशील देशों द्वारा मौसम, जलवायु तथा सूखा से संबंधित खतरों के कारण 153 बिलियन डॉलर का नुकसान उठाया है जबकि इन देशों का औसत जीडीपी 13.7 बिलियन यूएस डॉलर है।
- इस दौरान सबसे कम विकसित देशों में मौसम, जलवायु तथा पानी से संबंधित खतरों के कारण 1.4 मिलियन लोगों की मौत हो गई है।
- यह रिपोर्ट पूरी दुनिया में प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के कार्यान्वयन तथा प्रभावशीलता में सुधार के लिए 6 रणनीतिक सिफारिशे प्रस्तुत करती है-

1. अफ्रीकी अविकसित देशों एवं छोटे विकासशील द्वीपीय देशों में प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली क्षमता अंतराल को भरने के लिए निवेश करना,
2. प्रारंभिक चेतावनी सूचनाओं को प्रारंभिक कार्यवाई में बदलने पर ध्यान देना,

3. वैश्विक चेतावनी प्रणाली के स्थायी वित्तपोषण को सुनिश्चित करना
4. वित्त प्रवाह की ट्रैकिंग
5. प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली की निगरानी और मूल्यांकन में स्थिरता का विकास
6. छोटे विकासशील देशों में डेटा अंतराल को भरना।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://public.wmo.int/en/media/press-release/state-of-climate-services-2020-report-move-from-early-warnings-early-action

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

मानव स्वतंत्रता सूचकांक, 2020

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में अमेरिकी थिंक टैंक कैटो इंस्टीट्यूट एवं कनाडा के फ्रेजर इंस्टीट्यूट द्वारा संयुक्त रूप से मानव स्वतंत्रता सूचकांक, 2020 जारी किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस सूचकांक में 162 देशों को शामिल किया गया है।
(ii) सूचकांक में डेनमार्क को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
(iii) सूचकांक में भारत को 111 वां स्थान प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (iii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में अमेरिकी थिंक टैंक कैटो इंस्टीट्यूट (Cato Institute) और कनाडा के फ्रेजर इंस्टीट्यूट (Fraser Institute) द्वारा संयुक्त रूप से मानव स्वतंत्रता सूचकांक (Human Freedom Index), 2020 जारी किया गया।
- यह सूचकांक मानव स्वतंत्रता का एक व्यापक परिमाण (Measure) प्रस्तुत करता है।
- यह छठा वार्षिक सूचकांक निम्नलिखित क्षेत्रों में व्यक्तिगत और आर्थिक स्वतंत्रता के 76 अलग-अलग संकेतकों का उपयोग करता है। जो इस प्रकार हैं-

1. विधि का शासन (Rule of Law)
2. सुरक्षा और कुशलता (Security and Safety)
3. आंदोलन (Movement)
4. धर्म (Religion)
5. एसोसिएशन, असेंबली और सिविल सोसाइटी (Association, Assembly and Civil Society)
6. अभिव्यक्ति और सूचना (Expression and Information)
7. पहचान और संबंध (Identity and Relationships)
8. सरकार का आकार (Size of Goverment)
9. कानूनी प्रणाली और संपत्ति अधिकार (Legal System and Property Rights)
10. एक्सेस टू साउंड मनी (Access to Sound Money)

11. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापर करने की स्वतंत्रता (Freedom to Trade Internationally)
12. साख, श्रम और व्यवसाय का विनियमन (Regulation of Credit, Labour, and Bussiness)।

- इस सूचकांक में 162 देशों को शामिल किया गया है।
- यह सूचकांक वर्ष 2018 तक उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित है।
- सूचकांक में 0 से 10 के पैमाने पर, 10 अधिक स्वतंत्रता का प्रतिनिधित्व करता है।
- वर्ष 2018 में 162 देशों के लिए औसत मानव स्वतंत्रता रेटिंग 6.93 थी।
- इसके अनुसार, वर्ष 2008 के बाद से, वैश्विक स्वतंत्रता का स्तर थोड़ा (-0.04) कम हो गया है।
- सूचकांक में 70 देशों ने अपनी रेटिंग बढ़ाई है, जबकि 70 देशों की रेटिंग घटी भी है।
- इस सूचकांक में न्यूजीलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।
- इसके पश्चात स्वीट्जरलैंड दूसरे हांगकांग (SAR), स्थान तीसरे, डेनमार्क चौथे तथा ऑस्ट्रेलिया पांचवें स्थान पर रहा।
- जबकि विश्व के अन्य प्रमुख देशों में जर्मनी तथा स्वीडन संयुक्त रूप से 9 वें, फिनलैंड तथा जापान संयुक्त रूप से 11वें, यू.के. तथा यूएसए संयुक्त रूप से 17वें स्थान पर रहे।
- सीरियन अरब रिपब्लिक को इस सूची में अंतिम स्थान (162वां स्थान) प्राप्त हुआ।
- इस सूचकांक में भारत को 111वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- भारत ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता में 10 में से 6.30 और आर्थिक स्वतंत्रता में 6.56 का स्कोर किया है।
- जबकि भारत का समग्र (मानव स्वतंत्रता) स्कोर-6.85 रहा।
- गत वर्ष भारत को 94वां स्थान प्राप्त हुआ था।
- भारत के पड़ोसी देशों में चीन को 129 वां, बांग्लादेश को 139वां तथा पाकिस्तान को 140वां स्थान, नेपाल को 92वां, श्रीलंका को 94वां तथा भूटान को 108वां स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cato.org/human-freedom-index-new

साइकिलिस्ट फेबियन पुएर्ता (Fabian Puerta) पर प्रतिबंध

प्रश्न-17 दिसंबर, 2020 को साइकिलिंग की शीर्ष संस्था ने किस देश के ट्रैक साइकिलिस्ट फेबिएन पुएर्ता (Fabian Puerta) पर 4 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया?
(a) जर्मनी (b) फ्रांस (c) कोलंबिया (d) अर्जेंटीना
उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 दिसंबर, 2020 को साइकिलिंग की शीर्ष संस्था यूसीआई ने कोलंबिया के दिग्गज ट्रैक साइकिलिस्ट फेबियन पुएर्ता (Fabian Puerta) पर 4 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया।
- यह प्रतिबंध उन पर प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन करने के कारण लगाया गया है।
- पुएर्ता ने वर्ष 2011 और 2015 में आयोजित पैन अमेरिकी खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।
- इसके अलावा वह वर्ष 2018 में विश्व चैंपियनशिप में विजेता रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/other-sports/track-cycling-standout-fabian-puerta-gets-4-year-doping-ban/article33354848.ece

सतत विकास लक्ष्यों पर चौथा दक्षिण एशिया फोरम, 2020

प्रश्न-हाल ही में सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) पर चौथा दक्षिण एशिया फोरम, 2020 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कब संपन्न हुआ?

(a) 2-3 दिसंबर, 2020 (b) 27-28 नवंबर, 2020
(c) 29-30 नवंबर, 2020 (d) 25-26 नवंबर, 2020

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2-3 दिसंबर, 2020 के मध्य सतत विकास लक्ष्यों पर चौथा दक्षिण एशिया फोरम (Fourth South Asia Forum on the Sustainable Development Goals), 2020 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुआ।
- मुख्य विषय (Theme)-"Fostering Sustainable and resilient recovery from covid-19 in south asia"।
- इसका आयोजन UNESCAP (United Nations Economic and Social Commission for Asia and the Pacific) और मालदीव सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।
- इस उच्चस्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य आपदा और सार्वजनिक सुरक्षा जोखिम प्रबंधन के लिए प्रणालीगत दृष्टिकोण को लागू करने में आने वाली चुनौतियों को दूर करने के लिए अवसरों और अनिवार्यताओं की पहचान करना था।
- इसके अलावा, इसका अन्य उद्देश्य भविष्य की बढ़ती आपदाओं के लिए बहु-क्षेत्रीय तैयारी प्रणालियों को तैयार करने SDGs पर दक्षिण एशियाई फोरम सहित मौजूदा क्षेत्रीय उप-क्षेत्रीय सहयोग तंत्र का लाभ उठाने के लिए रणनीति तैयार करना था।
- इस कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने किया।
- इसका आयोजन वर्ष 2017 से किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.unescap.org/events/fourth-south-asia-forum-sustainable-development-goals

न्यूजीलैंड में प्रतीकात्मक जलवायु आपातकाल की घोषणा

प्रश्न-2 दिसंबर, 2020 को न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने देश में प्रतीकात्मक जलवायु आपातकाल की घोषणा की।इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) जलवायु आपातकाल की घोषणा के इस प्रस्ताव के पक्ष में 70 जबकि विरोध में 42 सांसदों ने मतदान किया।
(b) न्यूजीलैंड की सरकार ने वादा किया है कि उनका सार्वजनिक क्षेत्र वर्ष 2025 तक कार्बन तटस्थ/न्यूट्रल हो जाएगा।
(c) जलवायु आपातकाल की घोषणा एक अंतर-सरकारी पैनल के जलवायु परिवर्तन के निष्कर्षों पर आधारित है।
(d) इस जलवायु आपातकाल की घोषणा के साथ ही न्यूजीलैंड जापान, कनाडा, फ्रांस, ब्रिटेन सहित 32 अन्य देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने अपने देश में जलवायु आपातकाल घोषित किया है।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2020 को न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने देश में प्रतीकात्मक जलवायु आपातकाल की घोषणा की।
- जलवायु आपातकाल की घोषणा के इस प्रस्ताव के पक्ष में 76 जबकि विरोध में 43 सांसदों ने मतदान किया।
- न्यूजीलैंड की सरकार ने वादा किया है कि उनका सार्वजनिक क्षेत्र वर्ष 2025 तक कार्बन तटस्थ/न्यूट्रल हो जाएगा।
- जलवायु आपातकाल की घोषणा एक अंतर सरकारी पैनल (IPCC) के जलवायु परिवर्तन के निष्कर्षों पर आधारित है।
- आईपीसीसी के जलवायु परिवर्तन के निष्कर्षों के अनुसार, ग्लोबल वार्मिंग में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक वृद्धि से बचने के लिए वर्ष 2010 के स्तर से वर्ष 2023 तक उत्सर्जन में 45 प्रतिशत कटौती की आवश्यकता होगी और वर्ष 2050 तक उत्सर्जन स्तर शून्य तक पहुंचने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा।
- इस जलवायु आपातकाल की घोषणा के साथ ही न्यूजीलैंड, जापान, कनाडा, फ्रांस, ब्रिटेन सहित 32 अन्य देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने अपने देश में जलवायु आपातकाल घोषित किया है।
- कोयला बॉयलरों को बदलने और इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने में मदद करने के लिए न्यूजीलैंड की सरकार ने 200 मिलियन न्यूजीजैंड डॉलर के फंड का प्रावधान किया है।
- पिछले कार्यकाल में अर्डर्न की सरकार ने एक शून्य कार्बन बिल पारित किया था, जिसमें वर्ष 2050 तक कुल उत्सर्जन को शून्य करने की रूपरेखा तय की गई है।
- हाल ही में जापानी सांसदों ने भी एक जलवायु संकट की घोषणा की है और कुल शून्य उत्सर्जन के संदर्भ में दृढ़ समय सारिणी हेतु प्रतिबद्धता जाहिर की है।
- ब्रिटेन जलवायु आपातकाल की घोषणा करने वाला विश्व का पहला देश है।
- ब्रिटेन के बाद स्कॉटलैंड और वेल्स द्वारा ऐसी ही घोषणा की गई थी।
- स्कॉटलैंड ने वर्ष 2045 तक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को शून्य से कम करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किए हैं।
- यूरोपीय संघ के सांसदो ने भी विगतवर्ष जलवायु आपातकाल घोषित किया था।
- 28- राष्ट्रों का यूरोपीय संघ जलवायु आपातकाल का आह्वान करने वाला पहला बहुपक्षीय संगठन है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/international/new-zealand-declares-climate-emergency-promises-carbon-neutral-govt-by-2025/article33227855.ece

चीन तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाएगा बड़ा बांध

प्रश्न-तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी किस नाम से जानी जाती है?

(a) शी नदी (Xi River) (b) पीली नदी (Yellow River)
(c) हुई नदी (Huai River) (d) यारलुंग जांगबो नदी (Yarlung Zangbo River)

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 29 नवंबर, 2020 चीन द्वारा घोषणा की गई कि वह तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक प्रमुख जल विद्युत परियोजना निर्माण करेगा।
- चीन मेडोग काउंटी, तिब्बत में एक सुपर हाइड्रो पॉवर स्टेशन बनाने की योजना बना रहा, जहां यारलुंग जागबो ग्रैंड कैनियन स्थित है।

- यह कहा गया है कि चीन यारलुंग जांगबो नदी (ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम) के बहाव का जलविद्युत परियोजना हेतु दोहन करेगा।
- इसके लिए एक प्रस्ताव को 2021 से 14वीं पंचवर्षीय योजना में स्पष्ट रूप से लागू करने के लिए रखा गया है।
- चीनी अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना जल संसाधनों और घरेलू सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही संचालित की जाएगी।
- योजना का विवरण अगले साल की शुरुआत में नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (NPC) द्वारा औपचारिक अनुसमर्थन के बाद जारी किए जाने की उम्मीद है।
- चीन, 2015 में पहले ही 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर की जल विद्युत परियोजना का तिब्बत में संचालन शुरू कर चुका है।
- यारलुंग परियोजना से चीन की उम्मीदें-
- चीन का मानना है कि यारलुंग जांगबो नदी के बहाव का जलविद्युत के रूप में दोहन मात्र एक जल विद्युत परियोजना से कहीं अधिक है।
- चीन का कहना है कि यह परियोजना पर्यावरण, राष्ट्रीय सुरक्षा, जीवन स्तर, ऊर्जा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए भी सार्थक है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, यारलुंग जांगबो नदी की मुख्य-धारा में तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के सबसे समृद्ध जल संसाधन हैं।
- इस कैनियन में पानी 2000 मीटर से नीचे गिरता है, और इसलिए यहां 70 मिलियन किलोवॉट की दर से बिजली का उत्पादन किया जा सकता है।
- यह मात्रा चीन के थ्री गॉरजेस बांध, द्वारा उत्पादित बिजली के बराबर है, जो हुबेई प्रांत में दुनिया की सबसे बड़ी क्षमता वाली पन बिजली केंद्र है।
- विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि यारलुंग जांगबो नदी के बहाव से 60 मिलियन किलोवॉट जलविद्युत का दोहन किया जाता है तो भी इससे सालाना 300 अरब किलोवॉट स्वच्छ, नवीकरणीय और शून्य-कार्बन बिजली मिलेगी।
- यह संभावना व्यक्त की गई है कि परियोजना चीन को 2030 से पहले कार्बन उत्सर्जन का शिखर निर्धारित करने और 2060 तक कार्बन-न्यूट्रालिटी प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।
- चीन इस ओर भी काफी आशावादी है कि यह जलविद्युत परियोजना तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के लिए सालाना 20 बिलियन युआन (3 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की आय पैदा कर सकती है।
- भारतीय संदर्भः-
- ब्रह्मपुत्र पर बांधों के प्रस्ताव ने भारत और बांग्लादेश, तटीय (Riparian) देशों में चिन्ता की लकीरें खींच दी हैं।
- भारत सरकार ने लगातार, सीमा पार नदियों के पानी के लिए व्यापक रूप से स्थापित उपयोगकर्ता अधिकारों को ध्यान में रखते हुए निचले तटीय देश के रूप में चीनी अधिकारियों को अपने विचार और चिंताओं से अवगत कराया है।
- भारत ने चीन से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि अपस्ट्रीम क्षेत्रों में किसी भी गतिविधियों से डाउन-स्ट्रीम राज्यों के हितों को नुकसान न पहुंचे।
- भारत और चीन ने 2006 में सीमा पार नदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञ स्तर के तंत्र (Expart Level Mechanism -ELM) की स्थापना की है।
- मौजूदा द्विपक्षीय समझौता-ज्ञापनों के तहत, चीन बाढ़ के मौसम के दौरान भारत को ब्रह्मपुत्र नदी और सतलज नदी के संबंध में हाइड्रोलॉजिकल जानकारी प्रदान कराता है।

- इस व्यवस्था के तहत, चीन प्रतिवर्ष 15 मई से 15 अक्टूबर, के बीच ब्रह्मपुत्र नदी के बाढ़ के मौसम के आंकड़े उपलब्ध कराता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/international/china-hydropower-company-plans-first-downstream-dam-on-brahmaputra/article33206687.ece

ग्लोबल करप्सन बैरोमीटर एशिया, 2020

प्रश्न-नवंबर, 2020 में जारी ग्लोबल करप्सन बैरोमीटर एशिया, 2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कौन- सा कथन सत्य है?



(a) यह सर्वे एशिया महाद्वीप के 17 देशों के नागरिकों की राय पर आधारित है।
(b) श्रीलंका एवं वियतनाम में सर्वे वर्ष 2019 में मार्च से अगस्त के बीच किया गया था, जबकि अन्य देशों में जून से सितंबर, 2020 के बीच सर्वे किया गया।
(c) इसका प्रकाशन ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल संस्था द्वारा किया गया।
(d) उपरोक्त सभी सत्य हैं।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 24 नवंबर, 2020 को ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल द्वारा 'ग्लोबल करप्सन बैरोमीटर एशिया, 2020' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की गई।
- यह रिपोर्ट एशिया महाद्वीप के 17 देशों के लगभग 20000 लोगों की राय और अनुभव पर आधारित है।
- रिपोर्ट के अनुसार, एशिया महाद्वीप में लगभग 38% लोग यह मानते हैं कि पिछले 12 महीनों में भ्रष्टाचार बढ़ा है। लगभग 32% लोग मानते हैं कि भ्रष्टाचार कम हुआ है जबकि 28% लोगों का यह मानना है कि भ्रष्टाचार पहले की तरह ही है।
- भारत में लगभग 47% लोग यह मानते हैं कि भ्रष्टाचार पिछले 12 महीने में बढ़ा है।
- रिपोर्ट के अनुसार प्रत्येक चार में तीन व्यक्ति यह मानते हैं कि भ्रष्टाचार उनके देश की एक बड़ी समस्या है। अर्थात् लगभग 74% लोग यह मानते हैं कि सरकारी भ्रष्टाचार उनके देश में एक बड़ी समस्या है।
- लगभग 24% लोग यह मानते हैं कि सरकारी भ्रष्टाचार उनके देश में छोटी समस्या है या यह कोई समस्या नहीं है।भारत में लगभग 89% लोग यह मानते है कि सरकारी भ्रष्टाचार देश की एक बड़ी समस्या है।
- रिपोर्ट के अनुसार लगभग 61% लोग यह मानते हैं कि उनके देश की सरकार भ्रष्टाचार से निपटने में अच्छा काम कर रही है।लगभग 37% लोगों का मानना है कि उनके देश की सरकार भ्रष्टाचार से लड़ने में खराब काम कर रही है।भारत में लगभग 63% और 34% लोगों का मानना है कि देश की सरकार भ्रष्टाचार से लड़ने में क्रमशः अच्छा और खराब काम कर रही है।
- व्यक्तिगत संबंधों द्वारा और रिश्वत देकर सार्वजनिक सेवाएं पाने में भारत शीर्ष पर है।
- उल्लेखनीय है कि यह 10वीं ग्लोबल करप्सन बैरोमीटर एशिया रिपोर्ट है।
- जनवरी, 2020 में दावोस में विश्व आर्थिक में मंच में ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी भ्रष्टाचार अनुभूति सूचकांक में भारत 80वें स्थान पर था।
- ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल एक वैश्विक संगठन है, जो भ्रष्टाचार के अन्याय को खत्म करने के लिए 100 से अधिक देशों में कार्य कर रहा है।

- इसका गठन वर्ष 1993 में जर्मनी की राजधानी बर्लिन में की गई थी।
- वर्ष 1995 में ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल द्वारा पहला भ्रष्टाचार अनुभूति सूचकांक जारी किया गया था, जिसमें 45 देशों को शामिल किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://images.transparencycdn.org/images/GCB_Asia_2020_Report_Web_final.pdf

मानव विकास सूचकांक-2020

प्रश्न-15 दिसंबर, 2020 को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा जारी मानव विकास रिपोर्ट, 2020 में मानव विकास सूचकांक, से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-



(i) इस सूचकांक में 189 देशों को रैंकिंग प्रदान की गई है।
(ii) इस सूचकांक में डेनमार्क को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
(iii) भारत को इस सूचकांक में 131वां स्थान प्राप्त हुआ है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (i) एवं (iii) (c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 15 दिसंबर, 2020 को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा 'मानव विकास रिपोर्ट' (Human Development Report), 2020 जारी की गई।
- वर्ष 2020 के इस रिपोर्ट में 189 देशों को उनके मानव विकास सूचकांक (HDI) की स्थिति के आधार पर रैंकिंग प्रदान की गई है।
- HDR-2020 में शामिल 189 देशों को उनके मानव विकास सूचकांक (HDI) मूल्य के आधार पर निम्नलिखित चार भागों में बांटा गया है-

(i) 0.800 और उससे अधिक-अत्यधिक उच्च मानव विकास वाले देश।
(ii) 0.700 से 0.799 तक-उच्च मानव विकास वाले देश।
(iii) 0.550 से 0.699 तक-मध्यम मानव विकास वाले देश।
(iv) 0.550 से नीचे-निम्न मानव विकास वाले देश।

- HDR-2020 में 0.957 HDI मूल्य के साथ नॉर्वे इस सूचकांक में प्रथम स्थान पर है।
- इसके पश्चात आयरलैंड (HDI मूल्य 0.955) तथा स्विट्जरलैंड (HDI मूल्य-0.955) संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।
- हांगकांग, चीन (SAR) (HDI मूल्य-0.949) तथा आइसलैंड (HDI मूल्य 0.949) संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे।
- जर्मनी (HDI मूल्य-0.947) 6वें, स्वीडन (HDI मूल्य-0.945) 7वें तथा ऑस्ट्रेलिया (HDI मूल्य-0.944) 8वें स्थान पर रहे।
- HDI, 2020 में सबसे निचले स्थान (189 वें) पर नाइजर है, जिसका HDI मूल्य 0.394 है।
- सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक (HDI मूल्य-0.397) 188वें, चाड (HDI मूल्य-0.398) 187वें, दक्षिण सूडान (HDI मूल्य-0.433) तथा बुरूंडी (HDI मूल्य 0.33) संयुक्त रूप से 185वें स्थान पर रहे।

- HDR-2020 में भारत 0.645 HDI मूल्य के साथ 131वें स्थान पर है।
- इस सूचकांक में भारत को 'मध्यम मानव विकास' वाले देशों की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।
- इससे पूर्व की रिपोर्ट (HDR-2019) में भारत 0.647 HDI मूल्य के साथ 129वें स्थान पर था।
- भारत के पड़ोसी देशों में श्रीलंका को 72वां, चीन को 85वां, भूटान को 129 वां स्थान प्राप्त हुआ, जिनकी स्थिति भारत से बेहतर है।
- जबकि बांग्लादेश को 133वां, नेपाल को 142वां तथा पाकिस्तान को 154वां स्थान प्राप्त हुआ है, जिनकी स्थिति भारत से पीछे हैं।
- ब्रिक्स देशों में भी भारत अन्य सदस्य देशों-ब्राजील (84वां), चीन (85वां), रूस (52वां) तथा दक्षिण अफ्रीका (114वां) से पीछे रहा।
- ज्ञातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा वर्ष 2010 से मानव विकास रिपोर्ट हेतु UNDP द्वारा HDI की गणना में नई प्रविधि का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 3 संकेतक शामिल हैं-

(i) जीवन प्रत्याशा सूचकांक (LEI)
(ii) शिक्षा सूचकांक (EI)
(iii) आय सूचकांक (II)

- HDI की अवधारणा का विकास पाकिस्तानी अर्थशास्त्री महबूब उल-हक तथा अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता भारतीय मूल के अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://hdr.undp.org/sites/default/files/hdr2020.pdf

टाइम मैगजीन के 'हीरोज ऑफ 2020'

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में किस भारतीय अमेरिकी व्यक्ति को टाइम मैगजीन की 'हीरोज ऑफ 2020' की सूची में शामिल किया गया है?

(a) कमला हैरिस (b) राहुल दुबे (c) राजा जॉन वुरपुतूर (d) सोनू सूद

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में प्रतिष्ठित अमेरिकी मैगजीन टाइम द्वारा 'हीरोज ऑफ, 2020' (Heroes of 2020) जारी किया गया।
- इस सूची में भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति राहुल दुबे को शामिल किया गया है।
- उन्हें अमेरिका में अश्वेत व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के बाद नस्लीय न्याय को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों के लिए वाशिंगटन स्थित अपने घर के दरवाजे को खोलने के लिए इस सूची में शामिल किया गया है।
- टाइम मैगजीन ने स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाले राहुल दुबे को 'जरूरतमंद को आश्रय देने वाला बताया' है।
- 'हीरोज ऑफ 2020' की सूची में ऑस्ट्रेलिया में आग से जूझने वाले स्वयंसेवी व्यक्ति ल्यूक समरस्केल्स और जेसिका जैकब्स का नाम है।
- जिन्होंने अपने देश को आग से सुरक्षित रखने के लिए अपना सर्वस्य दांव पर लगा दिया।
- इसके अलावा इस सूची में सिंगापुर में खाद्य पदार्थ बेचने वाले जैसन चुआ और हुंग झेन लोंग का भी नाम है।
- जिन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान किसी को भी भूखा रहने नहीं देना सुनिश्चित किया।
- इस सूची में शिकागो के पास्टर रेशार्ना फिट्ज पैट्रिक और उनके पति बिशप डेरिक फिट्जपैट्रिक का नाम है।

- जिन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों की मदद करने के लिए अपने चर्च का स्वरूप बदल दिया था।
- इस सूची में समाचार-पत्र वितरक ग्रेग डेली को शामिल किया गया है।
- जिन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों के घरों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://time.com/collection/heroes-of-2020/5916455/reshorna-derrick-fitzpatrick/

फोर्ब्सः विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची, 2020

प्रश्न-8 दिसंबर, 2020 को अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची, 2020 जारी की गई। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस सूची में अमेरिका की नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस शीर्ष स्थान पर रहीं।
(ii) इस सूची में भारत की 3 महिलाओं को शामिल किया गया है।
(iii) केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस सूची में 41वां स्थान प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 दिसंबर, 2020 को अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची-(The World's 100 Most Powerful Women), 2020 जारी की गई।
- इस सूची में जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात यूरोपियन केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
- अमेरिका की नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
- यूरोपियन आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को चौथा तथा बिल एवं मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष मेलिंडा गेट्स को इस सूची में पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है।
- अन्य प्रमुख हस्तियों में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा को 18 वां, न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न को 32वां, ताईवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन को 37वां, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को 39वां, तथा ब्रिटेन की महारानी क्वीन एलिथाबेथ II को 46वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- इस सूची में भारत की 3 महिलाओं को शामिल किया गया है।
- इसमें केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 41वें स्थान पर रहीं।
- जबकि रोशनी नडार मल्होत्रा तथा किरण मजूमदार-शॉ क्रमशः 55वें तथा 68वें स्थान पर रहीं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.forbes.com/power-women/list/#tab:overall

संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने भांग को प्रतिबंधित ड्रग्स की लिस्ट से बाहर किया

प्रश्न-निम्नलिखित में से संयुक्त राष्ट्र (UN) की किस संस्था ने भांग को प्रतिबंधित ड्रग्स की लिस्ट से बाहर कर दिया है?
(a) एफएओ (b) यूनेस्को (c) यूएनसीएनडी (d) यूएनडीपी

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2020 को यू.एन. कमीशन ऑन नार्कोटिक ड्रग्स (CND) ने भांग को प्रतिबंधित ड्रग्स की सूची में से हटा दिया।
- संयुक्त राष्ट्र ने इस संबंध में कई निर्णय लिए जिससे भांग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विनियमित करने के तरीके में बदलाव आया है।
- इन निर्णयों में भांग को ड्रग्स की सबसे खतरनाक श्रेणी से बाहर कर पुनर्वर्गीकरण भी शामिल है।
- UNCND द्वारा यह कदम विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के विशेषज्ञों की सिफारिश के बाद उठाया गया है।
- भांग को हेरोइन एवं अफीम आदि नशे की लत पैदा करने वाली दवाओं के साथ नारकोटिक ड्रग्स पर-1961 एकल कन्वेंशन की अनुसूची-IV में रखा गया था।
- UNCND ने अब उक्त सूची में भांग को रखे जाने के निर्णय को निरस्त कर दिया है।
- भांग अब सख्त नियंत्रण अनुसूची से बाहर आ गया है जिससे चिकित्सा उद्देश्यों के लिए इसके उपयोग को प्रोत्साहित किया जाना संभव हो जाएगा।
- कमीशन ऑन नार्कोटिक ड्रक्स (CND) ने आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली भांग की औषधीय और चिकित्सकीय क्षमता को पहचानने के लिए एक मार्ग प्रशस्त किया है।
- कुल 52 देशों द्वारा किये गये मतदान में भारत अमेरिका सहित 27 देशों ने निर्णय के पक्ष में, जबकि 25 देशों ने निर्णय के विपक्ष में मतदान किया। यूक्रेन मतदान में भाग नहीं लिया।
- वर्तमान में 50 से अधिक देशों ने ओषधीय भांग कार्यक्रम को अपनाया है।
- कनाडा, उरूग्वे और 15 अमेरिकी राज्यों ने भी भांग के रिक्रिएशन ड्रग के रूप में उपयोग को वैधता प्रदान की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/world/un-drug-agency-votes-to-remove-cannabis-from-list-of-most-dangerous-drugs-7082740/

एससीओ के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की परिषद का 19वां शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-30 नवंबर, 2020 को शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की परिषद का 19 वां शिखर सम्मेलन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित हुआ। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
(i) यह सम्मेलन भारत द्वारा आयोजित की गई थी।
(ii) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बैठक की अध्यक्षता की।
(iii) भारत वर्ष 2017 में एससीओ का पूर्ण सदस्य बना था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (i) एवं (iii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 30 नवंबर, 2020 को शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की परिषद का 19वां शिखर सम्मेलन, 2020 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित हुआ।
- यह सम्मेलन भारत की मेजबानी में आयोजित हुआ था।
- उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में संगठन की पूर्ण-सदस्यता प्राप्त करने के बाद यह पहली बार होगा कि भारत की अध्यक्षता में यह सम्मेलन आयोजित हुआ।
- गौरतलब है कि पिछले अध्यक्ष उज्बेकिस्तान से रोटेशन के अनुसार, भारत ने 2 नवंबर, 2019 को एसीओ के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की परिषद का अध्यक्ष पद ग्रहण किया था।
- इसमें एसीओ के सदस्य देशों रूस, चीन, कजाकिस्तान किर्गिजस्तान, ताजिकिस्तान तथा उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भाग लिया।
- पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व उनके विदेश मामलों के संसदीय सचिव ने किया।
- एससीओ सदस्य देशों के अलावा, एससीओ के चार पर्यवेक्षक देश अफगानिस्तान, ईरान, बेलारूस और मंगोलिया के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।
- इस सम्मेलन के दौरान एम. वेंकैया नायडू ने साझी बौद्ध विरासत पर पहली एससीओ ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी की शुरुआत की।
- यह प्रदर्शनी एससीओ देशों के सक्रिय सहयोग से राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली द्वारा पहली बार विकसित और क्यूरेट की गई है।
- इससे पूर्व भारत ने 24-26 नवंबर, 2020 के मध्य वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पहला एससीओ युवा वैज्ञानिक कॉन्क्लेव, 2020 का आयोजन किया था।
- जिसमें 200 से अधिक युवा वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/bilateral-documents.htm?dtl/33249/Joint+Communique+following+the+nineteenth+meeting+of+the+Council+of+Heads+of+Governments+Prime+Ministers+of+the+Shanghai+Cooperation+Organization+Member+States#:~:text=November%2030%2C%202020-,The%20nineteenth%20meeting%20of%20the%20Council%20of%20Heads%20of%20Governments,format%20on%2030th%20November%202020.

द स्टेट ऑफ टैक्स जस्टिस, 2020

प्रश्न- द स्टेट ऑफ टैक्स जस्टिस, 2020 रिपोर्ट के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है-
(a) विश्वभर में देशों को 427 बिलियन यूएस डॉलर से अधिक कर हानि हो रही है।
(b) यह रिपोर्ट टैक्स जस्टिस नेटवर्क द्वारा तैयार की गई है।
(c) यह रिपोर्ट प्रत्येक देश कार्पोरेट व निजी कर हानि को प्रदर्शित करता है।
(d) उपरोक्त सभी

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2020 को द टैक्स जस्टिस नेटवर्क द्वारा पब्लिक सर्विसेज इंटरनेशनल (PIS) और द ग्लोबल एलायंस फॉर टैक्स जस्टिस के साथ मिलकर 'द स्टेट ऑफ टैक्स जस्टिस, 2020' शीर्षक से एक वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई।
- रिपोर्ट यह प्रकट करती है कि अंतरराष्ट्रीय कार्पोरेट कर दुरुपयोग और निजी कर चोरी द्वारा प्रत्येक देश को कितनी कर हानि होती है।
- रिपोर्ट का यह प्रथम संस्करण है।
- रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय कर दुरुपयोग द्वारा वैश्विक रूप से 427 बिलियन डॉलर से अधिक कर हानि हो रही है।
- कुल 427 बिलियन डॉलर वैश्विक कर हानि में से लगभग 245 बिलियन डॉलर बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा टैक्स हैवेन देशों को भेजा जाता है।
- जबकि बचा हुआ 182 बिलियन डॉलर धनी लोगों द्वारा व्यक्तिगत रूप से छुपाया जाता है। जिसे निजी कर चोरी कहा जाता है।
- अधिक आय वाले देश लगभग 382.7 बिलियन डॉलर का कर नुकसान उठाते है जो कि कम आय वाले देशों (45 बिलियन डॉलर) की तुलना में काफी ज्यादा है।
- परंतु कम आय वाले देशों के कर राजस्व संग्रह के संदर्भ में गणना करने पर तुलनात्मक रूप से हानि अधिक होती है।
- कम आय वाले देश अपने कर राजस्व संग्रह का लगभग 5.8% हानि उठाते है, जबकि अधिक आय वाले देश अपने कर राजस्व संग्रह का लगभग 2.5% हानि उठाते हैं।
- स्वास्थ्य खर्च देखने पर कम आय वाले देशों में कर हानि अधिक आय वाले देशों में कर हानि से बहुत अधिक है।
- रिपोर्ट के अनुसार कम आय वाले देशों में कर हानि उनके स्वास्थ्य बजट का लगभग 52% होता है, जबकि अधिक आय वाले देशों में यह 8.4% होता है।
- रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, फ्रांस और ब्राजील सबसे अधिक कर हानि उठाने वाले देश हैं।
- अन्य देशों के कर हानि में सबसे बड़े योगदानकर्ता देश क्रमशः केमैन आइसलैंड, यूनाइटेड किगंडम, नीदरलैंड, लक्जमबर्ग और यूनाइटेड स्टेट्स हैं।
- भारत के संदर्भ में
- रिपोर्ट के अनुसार, भारत को प्रत्येक वर्ष 10.3 बिलियन डॉलर लगभग या 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक हानि होती है।
- इस कर हानि में से लगभग 10 बिलियन डॉलर बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा वैश्विक कर दुरुपयोग और लगभग 200 मिलियन डॉलर व्यक्तिगत कर अपवंचन के माध्यम से होती है।
- यह कर हानि स्वास्थ्य बजट का लगभग 44.70 % है जबकि शिक्षा बजट का लगभग 10.68 % है।
- साथ ही यह हानि 42.30 लाख नर्सों की वार्षिक आय के बराबर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.globaltaxjustice.org/sites/default/files/The_State_of_Tax_Justice_2020_ENGLISH.pdf

टाइम पर्सन ऑफ द ईयर, 2020

प्रश्न-11 दिसंबर, 2020 को अमेरिका की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'टाइम' ने किसे 'पर्सन ऑफ द ईयर', 2020 चुना?

(a) ग्रेटा थनबर्ग (b) जो बाइडेन एवं कमला हैरिस
(c) डोनाल्ड ट्रंप (d) एंजेला मर्केल
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2020 को अमेरिका की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'टाइम' (Time) द्वारा वर्ष 2020 के 'टाइम पर्सन ऑफ द ईयर' (Time Person of the year) की घोषणा की गई।
- इस वर्ष अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति **जो बाइडेन** और उपराष्ट्रपति **कमला हैरिस** को अमेरिकी परिदृश्य को बदलने के लिए 'पर्सन ऑफ द ईयर', 2020 चुना गया।
- भारतीय-अफ्रीकी मूल की कमला हैरिस, उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होने वाली पहली अश्वेत महिला हैं।
- इसके अलावा, फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स (Frontline Health Workers) और रेसियल-जस्टिस ऑर्गनाइजर्स को 'टाइम गार्जियन ऑफ द ईयर', 2020 चुना गया।
- कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म जूम के सीईओ एरिक युआन को टाइम के 'बिजनेस पर्सन ऑफ द ईयर' चुना गया।
- दक्षिण कोरियाई पॉप बैंड 'बीटीएस' को टाइम के 'एंटरटेनर ऑफ द ईयर' और अमेरिकी बॉस्केटबाल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स को 'एथलीट ऑफ द ईयर' चुना गया।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2019 में टाइम पत्रिका ने स्वीडन की जलवायु परिवर्तन कार्यकर्त्री ग्रेटा थनबर्ग को 'पर्सन ऑफ द ईयर' चुना गया था।
- 'टाइम' पत्रिका द्वारा वर्ष 1927 से प्रतिवर्ष ऐसे व्यक्तियों, समूहों, विचारों अथवा घटनाओं का चुनाव अपने पाठकों के मतदान के आधार पर किया जाता है जिन्होंने विश्व समुदाय को सबसे अधिक (सकारात्मक अथवा नकारात्मक रूप से) प्रभावित किया हो।
- गौरतलब है कि भारत की ओर से महात्मा गांधी पहले व एकमात्र व्यक्ति रहे जिन्हें 'टाइम' पत्रिका द्वारा वर्ष 1930 में 'टाइम पर्सन ऑफ द ईयर' चुना गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://time.com/person-of-the-year-2020-joe-biden-kamala-harris/

जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2021

प्रश्न-7 दिसंबर, 2020 को जारी जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2021 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-यूरोपीस संघ

(i) यह सूचकांक 57 देशों व यूरोपीय संघ के जलवायु संरक्षण प्रदर्शन मूल्यांकन एवं तुलनात्मक अध्ययन को प्रस्तुत करता है।
(ii) इस सूचकांक में नार्वे शीर्ष स्थान पर रहा।
(iii) सूचकांक में भारत की 10वां स्थान प्राप्त हुआ है।

CCPI Climate Change Performance Index

उपर्युक्त कथनों में से कौन से कथन सही हैं?
(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (i) एवं (iii) (c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 7 दिसंबर, 2020 को जर्मनवाच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट एवं क्लाइमेट ऐक्शन नेटवर्क द्वारा संयुक्त रूप से जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (Climate Change Performance Index), 2021 जारी किया गया।
- मानवीकृत मानदंडों के आधार पर, यह सूचकांक 57 देशों एवं यूरोपीय संघ के जलवायु संरक्षण प्रदर्शन मूल्यांकन एवं तुलनात्मक अध्ययन को प्रस्तुत करता है।
- इसका उद्देश्य जलवायु संरक्षण पर महत्वाकांक्षी कार्य करने में असफल देशों पर सामाजिक एवं राजनीतिक दबाव डालने एवं जलवायु नीतियों पर अच्छा काम करने वाले देशों को चिन्हित करना है।
- इस सूचकांक में स्वीडन (स्कोर-74.42) ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- शीर्ष 3 स्थान रिक्त रखे जाने के कारण स्वीडन इस सूचकांक में चौथे क्रम पर है।
- रिपोर्ट के अनुसार, प्रथम तीन स्थानों पर कोई भी देश स्थान नहीं बना सका, क्योंकि पेरिस समझौते के लागू होने के बाद भी किसी देश द्वारा जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों की रोकथाम हेतु पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए हैं।
- सूचकांक में यूनाइटेड किंगडम (स्कोर-69.66) 5वें स्थान पर, डेनमार्क (स्कोर-69.42) 6 वें, मोरक्को (स्कोर-67.59) 7वें स्थान पर नार्वे (स्कोर-65.45) 8 वें स्थान पर रहे।
- इसमें भारत (स्कोर-63.98) को 10वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- जबकि गत वर्ष भारत इस सूचकांक में 9वें स्थान पर था।
- यह सूचकांक चार श्रेणियों में देशों के प्रदर्शन का आकलन करता है-

जीएचजी उत्सर्जन (GHG Emisssion) (कुल स्कोर का 40 प्रतिशत)।
(ii) अक्षय ऊर्जा (Renewable Energy) (कुल स्कोर का 20 प्रतिशत)।
(iii) ऊर्जा उपयोग (Energy Use) (कुल स्कोर जलवायु नीति (20%) का 20 प्रतिशत)।

- यह सूचकांक पहली बार वर्ष 2005 में जारी किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://ccpi.org/#:~:text=It%20aims%20to%20enhance%20transparency,progress%20made%20by%20individual%20countries.&text=The%20CCPI%202020%20results%20illustrate,evaluated%20countries%20and%20the%20EU.

वैश्विक आतंकवाद सूचकांक, 2020

प्रश्न-नवंबर, 2020 में इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा वैश्विक आतंकवाद सूचकांक जारी किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
(i) इस सूचकांक में 163 देशों में आतंकवादी गतिविधियों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।
(ii) आतंकवाद से सबसे प्रभावित देशों के इस सूचकांक में अफगानिस्तान शीर्ष स्थान पर है।
(iii) सूचकांक में भारत को 7वां स्थान प्राप्त हुआ।



उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?
(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (Global Terrorism Index), 2020 जारी किया गया।
- यह इस सूचकांक का 8वां संस्करण है।
- इस सूचकांक के निर्माण में 163 देशों में आतंकवादी गतिविधियों का तुलनात्मक अध्ययन करके आतंकवाद और उसके प्रभाव का तथ्यात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।
- वर्ष 2019 में लगातार 5वें वर्ष विश्व में आतंकवादी घटनाओं के कारण होने वाली मौतों में 15 प्रतिशत की कमी आई है।
- वर्ष 2019 में आतंकवादी घटनाओं से 13,826 मौतें हुई।
- वर्ष 2019 में आतंकवाद का वैश्विक आर्थिक प्रभाव वर्ष 2018 की तुलना में 25 प्रतिशत कम होकर 26.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।
- इस सूचकांक में शून्य से 10 तक के स्कोर में 163 देशों को श्रेणीबद्ध किया गया है।
- सूचकांक में स्कोर शून्य (0) का मतलब सबसे कम और दस (10) सबसे अधिक आतंकवाद से प्रभावित होने से है।
- आतंकवाद से सबसे प्रभावित देशों के इस सूचकांक में अफगानिस्तान (स्कोर-9.592) शीर्ष स्थान पर है।
- इसके पश्चात इराक (स्कोर-8.682), दूसरे, नाइजीरिया (स्कोर-8.314) तीसरे, सीरिया (स्कोर-7.778) चौथे तथा सोमालिया (स्कोर-7.645) पांचवे स्थान पर रहा।
- वैश्विक आतंकवाद सूचकांक, 2020 में भारत (स्कोर-7.353) को 8वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- जबकि गत वर्ष भारत 7वें स्थान पर था।
- सूचकांक में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान को 7वां, श्रीलंका को 20वां, नेपाल को 27वां, बांग्लादेश को 33वां, चीन को 53वां तथा भूटान को 135वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- विश्व के अन्य विकसित देशों में यूएसए को 29वां, यूके को 30वां, फ्रांस को 38वां, रूस को 39वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- सूचकांक में 29 देशों को संयुक्त रूप से 135वीं रैंक प्रदान की गई हैं।
- इन देशों का सूचकांक स्कोर शून्य (0) प्रदर्शित किया गया है।
- ज्ञातव्य है कि पहली बार यह सूचकांक वर्ष 2012 में जारी किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.visionofhumanity.org/wp-content/uploads/2020/11/GTI-2020-web-1.pdf

क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2021

प्रश्न-25 नवंबर, 2020 को 'क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2021' जारी की गई। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
(i) इस रैंकिंग में 650 एशियाई शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।
(ii) रैंकिंग में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

(iii) रैंकिंग में भारत के 107 विश्वविद्यालयों को रैंकिंग दी गई है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (i) एवं (ii) (b) (ii) एवं (iii)
(c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 25 नवंबर, 2020 को 'क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग' (QS Asia University Ranking), 2020 जारी की गई।
- इस रैंकिंग में 650 एशियाई शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।
- रैंकिंग में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- सिंघुआ (Tsinghua) यूनिवर्सिटी, चीन को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
- ननयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (NTU), सिंगापुर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
- यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग (HKU), हांगकांग को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है।
- झेजियांग (Zhejiang) यूनिवर्सिटी को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।
- रैंकिंग में भारत के 107 विश्वविद्यालयों को रैंकिंग दी गई है।
- इस रैंकिंग में चीन के सर्वाधिक 124 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।
- इस रैंकिंग में भारत के केवल 8 विश्वविद्यालय/शिक्षण संस्थान ही शीर्ष 100 में स्थान बना पाये हैं।
- इसमें आईआईटी, बांबे (37वें) आईआईटी दिल्ली (47वें), आईआईटी, मद्रास (56वें), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (56वें), आईआईटी, खड़गपुर (71वें), यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली (71वें), आईआईटी, कानपुर (72वें) तथा जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (81वें) स्थान पर रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.topuniversities.com/university-rankings/asian-university-rankings/2021

15वां जी-20 शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-21-22 नवंबर, 2020 के मध्य 15 वां जी-20 शिखर सम्मेलन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुई। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
(i) इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता सऊदी अरब द्वारा की गई।
(ii) इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) सभी के लिए 21वीं सदी के अवसरों का एसहास था।
(iii) भारत वर्ष 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (i) एवं (iii) (b) केवल (i) एवं (ii) (c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 21-22 नवंबर, 2020 के मध्य 15वां जी-20 शिखर सम्मेलन, 2020 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुआ।
- इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता सऊदी अरब द्वारा की गई।

- इसका मुख्य विषय था-''सभी के लिए 21वीं सदी के अवसरों का एहसास' (Realizing the Opportunities of the 21st Century for All)।
- ज्ञातव्य है कि इसका 14वां शिखर सम्मेलन 28-29 जून, 2019 के मध्य ओसाका, जापान में संपन्न हुआ था।
- इस सम्मेलन के दूसरे दिन के कार्यक्रम में एक समावेशी, टिकाऊ और लचीला भविष्य बनाने पर एक सत्र तथा ग्रह की सुरक्षा पर एक साइड ईवेंट आयोजित किया गया था।
- प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शिखर सम्मेलन में भाग लिया।
- उन्होंने अपने संबोधन में सतत विकास लक्ष्यों के लिए 2030 एजेंडा के महत्व को रेखांकित किया जिसका उद्देश्य 'किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना' है।
- 'ग्रह की सुरक्षा' पर एक साइड ईवेंट में रिकॉर्ड किए गए संदेश में उन्होंने जलवायु परिवर्तन से एकीकृत, व्यापक और समग्र तरीके से लड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया।
- शिखर सम्मेलन के अंत में, एक जी-20 लीडर्स घोषणापत्र जारी किया गया था।
- जिसमें मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित वैश्विक कार्रवाई, एकजुटता तथा बहुपक्षीय सहयोग के लिए और सभी के लिए 21वीं सदी के अवसरों का एहसास कराने के लिए लोगों को सशक्त बनाने, ग्रह की सुरक्षा करने और नए मोर्चे को आकार देने का आह्वान किया गया।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में यह शिखर सम्मेलन इटली की अध्यक्षता में, वर्ष 2022 में इंडोनेशिया की अध्यक्षता में आयोजित होगा।
- भारत वर्ष 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- वर्ष 2024 में ब्राजील जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- जी-20 के बारे में
- यह आर्थिक एवं वित्तीय व्यवस्था से संबंधित मामलों एवं परामर्श का एक महत्वपूर्ण मंच है।
- इसमें 19 देश तथा यूरोपीय संघ शामिल हैं।
- इसकी स्थापना पूर्व एशियाई वित्तीय संकट के बाद वर्ष 1999 में हुई थी।
- जी-20 सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 80 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का लगभग 75 प्रतिशत और विश्व की लगभग 2/3 आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sdg.iisd.org/events/g20-leaders-summit-2020/

आर्थिक परिदृश्य

एशियाई विकास बैंक द्वारा सदस्य देशों हेतु एक वैक्सीन पहल

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में एशियाई विकास बैंक द्वारा लांच की गई पहल एशिया पैसिफिक वैक्सीन एक्सेस फैसिलिटी (APVAX) का बजट कितना रखा गया है?

(a) 5 बिलियन डॉलर (b) 7 बिलियन डॉलर (c) 9 बिलियन डॉलर (d) 11 बिलियन डॉलर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2020 को एशियाई विकास बैंक ने 9 बिलियन डॉलर की एक वैक्सीन पहल एशिया पैसिफिक वैक्सीन एक्सेस फैसिलिटी (APVAX) लांच किया।
- यह पहल एशियाई विकास बैंक के सदस्य देशों को तेज और न्यायसंगत रूप से प्रभावी और सुरक्षित कोविड-19 टीके की खरीद और वितरण में सहायता करेगी।
- एशियाई पैसिफिक क्षेत्र में 14.3 मिलियन से अधिक कोविड-19 के पॉजिटव केसों की पहचान की गई और 2 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हुई।
- कोविड-19 महामारी के कारण विकासशील एशिया में आर्थिक वृद्धि में 0.4% की संकुचन का अनुमान है, जो 1960 के दशक की शुरुआत से पहला क्षेत्रीय सकल घरेलू उत्पाद संकुचन है।
- टीके के सुरक्षित, न्यायसंगठन एवं प्रभावी पहुंच को बढ़ाना देना एशियाई विकास बैंक के कोविड-19 प्रतिक्रिया प्रयासों की सर्वोच्च प्राथमिकता है।एपीवी एक्स (APVAX) दो पूरक घटकों के माध्यम से वैक्सीन तक पहुंच हेतु एक व्यापक ढांचा और संसाधन प्रदान करता है।
- रैपिड रिस्पॉन्स घटक महत्वपूर्ण टीके का पता लगाने, टीके की खरीद और टीके के वितरण के लिए समय पर सहायता प्रदान करेगा।परियोजना निवेश घटक खरीद और वितरण से संबंधित क्षेत्रों में निवेश का समर्थन करेगा।
- खरीद और वितरण से संबंधित क्षेत्रों में कोल्डचेन स्टोरेज, परिवहन आदि शामिल हैं।
- परियोजना निवेश घटक का उपयोग टीके की निर्माण क्षमता के विकास या विस्तार के लिए भी किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.businesstoday.in/sectors/pharma/adb-rolls-out-9-billion-covid-19-vaccine-initiative-for-developing-member-countries/story/424641.html

सेबी ने निगम वित्त जांच विभाग का गठन किया

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में प्रमोटरों की घोखाधड़ी के मामलों की जांच के लिए भारतीय प्रतिभूति और नियामक बोर्ड ने कौन-सा नया विभाग बनाया।

(a) जांच एवं न्यायनिर्णयन विभाग (b) निगम वित्त जांच विभाग
(c) अपराध जांच विभाग (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- भारतीय प्रतिभूति और नियामक बोर्ड (SEBI) ने कंपनियों के प्रमोटरों द्वारा फंड, बैंक लोन और संसाधनों के दुरुपयोग के मामलों से निपटने के लिए एक विशेष विभाग 'निगम वित्त जांच विभाग (CFID) का गठन किया है।सेबी ने कॉक्स एंड किंग्स दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन विजय माल्या के मामले जैसे कई मामले सामने आने के बाद यह कदम उठाया है।
- नया विभाग प्रमोटर्स द्वारा कंपनी की जमीन, गेस्ट हाउस या वाहनों जैसे संसाधनों का दुरुपयोग की भी जांच करेगा।प्रवर्तन निदेशालय की हाल की जांच में पाया गया है कि दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन के प्रमोट्र्स ने 12,000 करोड़ रुपये की हेरफेर की है। कॉक्स एंड किंग्स के प्रमोट्र्स पर 7000 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम को काले से सफेद करने का आरोप है। ऐसे ही कई मामले हैं, जहां पर भले ही प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) के माध्यम से फंड जुटाया गया था, लेकिन उसे बदल दिया गया।

- सेबी की स्थापना 1988 में की गई थी। इसे 1992 में वैधानिक दर्जा दिया गया था। इसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/markets/stock-markets/sebi-forms-new-department-to-check-promoter-frauds/article33321760.ece

भारत क्लाइमेटस्कोप रैंकिंग 2020 में दूसरे स्थान पर

प्रश्न-बीएनईएफ (BNEF) की 2020 क्लाइमेटस्कोप सर्वेक्षण रैंकिंग में भारत का कौन-सा स्थान है?
(a) पहला (b) चौथा (c) दूसरा (d) नौवा
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2020 को 'क्लाइमेटस्कोप सर्वेक्षण रैंकिंग इमर्जिंग मार्केट आउटलुक, 2020 'नामक शीर्षक से जारी की गई।
- क्लाइमेटस्कोप सर्वेक्षण रैंकिंग, ब्लूमबर्ग न्यू एनर्जी फाइनेंस लिमिटेड (बीएनईएफ) द्वारा जारी किया जाता है।
- स्वच्छ ऊर्जा निवेश में गिरावट के परिणामस्वरूप ब्लूमबर्ग न्यू एनर्जी फाइनेंस लिमिटेड 2020 क्लाइमेट स्कोप सर्वेक्षण रैंकिंग में भारत दूसरे स्थान पर आ गया।
- चिली ने अपनी मजबूत स्वच्छ ऊर्जा नीतियों के सर्वेक्षण में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि ब्राजील तीसरे स्थान पर रहा।
- अंतिम स्थान पर तुर्कमेनिस्तान रहा।
- भारत ने 2019 में 14 गीगावॉट की पवन/सौर ऊर्जा का निर्माण किया।
- कोयला अभी भी उभरते बाजारों में उत्पादित सभी बिजली का 44 प्रतिशत हिस्सा है।
- क्लाइमेट स्कोप 2020 में 108 उभरते बाजारों के साथ-साथ 29 विकसित राष्ट्र शामिल हैं।
- भारत की महत्वाकांक्षी नीतिगत रूपरेखा और प्रचुर क्षमता विस्तार स्वच्छ ऊर्जा निवेश के लिए इसे एक आकर्षक बाजार बनाते हैं। सरकार ने 2022 तक 175 G.W. नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://energy.economictimes.indiatimes.com/news/renewable/india-drops-to-second-position-in-bnefs-2020-climatescope-ranking-chile-bags-top-spot/79656283#:~:text=New%20Delhi%3A%20India%20has%20dropped,32%20per%20cent%20since%202017.

इक्रा रेटिंग्स द्वारा भारतीय GDP का अनुमान

प्रश्न-घरेलू रेटिंग एजेंसी, इक्रा (ICRA) द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में कितने प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है?
(a) 7.6 प्रतिशत (b) 7.8 प्रतिशत (c) 7.5 प्रतिशत (d) 23.9 प्रतिशत
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 17 दिसंबर, 2020 को इक्रा घरेलू रेटिंग एजेंसी ने चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में भारत के GDP में 7.8 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है।
- ICRA रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि देश की अर्थव्यवस्था में तकनीकी मंदी चालू वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में खत्म होगी।
- ICRA के अनुसार, कृषि क्षेत्र में स्थिरता और सेवा क्षेत्र के संपर्क से जुड़े हिस्से में धीमी सुधार से चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में GDP में एक प्रतिशत की गिरावट आएगी।
- इक्रा का कहना है कि रबी फसल के बेहतर खरीद और कोविड-19 टीके को लेकर अच्छी खबरों से चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में मांग बढ़ेगी और आर्थिक गतिविधियां सुधरेंगी।
- इक्रा (ICRA) घरेलू रेटिंग एजेंसी-
- इक्रा एजेंसी की स्थापना 1991 में एक स्वतंत्र और व्यावसायिक निवेश सूचना एवं क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के रूप में अग्रणी वित्तीय संस्थानों, वाणिज्यिक बैंकों और वित्तीय कंपनियों द्वारा की गई।
- भारत की अन्य तीन रेटिंग एजेंसी-क्रिसिल (CRISIL), केयर (CARE), ONICRA हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icraresearch.in/

ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्स्ट्रक्शन

प्रश्न-हाल ही में प्रकाशित 2020 ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्स्ट्रक्शन के अनुसार वैश्विक रूप से CO2 के उत्सर्जन में भवन एवं निर्माण क्षेत्र ने कितने प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है?
(a) 20% (b) 25% (c) 28% (d) 38%

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2020 को ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्स्ट्रक्शन जारी की गई।
- इस रिपोर्ट को ग्लोबल एलाइंस फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्स्ट्रक्शन (Global ABC) द्वारा जारी किया गया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर कार्बन डाइऑक्साइड (CO2) के कुल उत्सर्जन का 38% भवन तथा निर्माण क्षेत्र से आता है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन बढ़कर 9.95 GtCO2 (Gigatonnes Carbon Dioxide) हो गया।ग्लोबल एलाइंस फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्ट्रक्शन (Global ABC) द्वारा यह पांचवीं वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित हुई है।उल्लेखनीय है कि Global ABC एक संयुक्त राष्ट्र के तहत कार्यरत एक पार्टनरशिप संगठन है, जिसकी स्थापना 2015 में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान हुई थी।
- Global ABC की स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार, भवनों द्वारा CO2 उत्सर्जन बढ़ना, बिजली की खपत बढ़ने के कारण हुआ है।रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली के अत्यधिक उत्पादन हेतु जीवाश्म ईंधनों का प्रयोग बढ़ा है, जिससे वायुमंडल में CO2 की मात्रा बढ़ती है।
- रिपोर्ट का कहना है कि भवन एवं निर्माण के क्षेत्र में कोयला, ईंधन तेल और प्राकृतिक गैस का प्रयोग भी CO2 उत्सर्जन में वृद्धि का बड़ा कारण है।
- ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉस्ट्रक्शन ने यह स्पष्ट किया है कि 2050 तक नेट जीरो कार्बन-बिल्डिंग स्टॉक हासिल करने के लिए 2030 तक भवनों से सीधे उत्सर्जित होने वाली CO2 की मात्रा आधी करनी पड़ेगी।

- रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 के कारण निर्माण संबंधी गतिविधियों में 2019 के तुलना में 25% की कमी आई है, जिससे CO2 उत्सर्जन में कुछ कमी अवश्य आई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worldgbc.org/news-media/launch-2020-global-status-report-buildings-and-construction

BPCL, SBI Card Octane क्रेडिट कार्ड लांच

प्रश्न-15 दिसंबर, 2020 को एसबीआई (SBI) कार्ड और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) द्वारा लांच क्रेडिट कार्ड 'BPCL SBI Card Octane' से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए।
(i) इस क्रेडिट कार्ड द्वारा BPCL के पेट्रोल पंपों पर ईंधन भराने पर 7.25 प्रतिशत कैशबैक तथा भारत गैस के खर्च 6.25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा।
(ii) इस क्रेडिट कार्ड के धारक BPCL पेट्रोल पंपों पर बिना किसी मिनिमम ट्रांजेक्शन लिमिट के तेल प्राप्त का सकेंगे।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (i) (b) केवल (ii) दोनों (c) (i) और (ii) दोनों (d) न तो (i) न ही (ii)

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 15 दिसंबर, 2020 को SBI कार्ड और BPCL ने मिलकर एक खास क्रेडिट कार्ड 'BPCL SBI Card Octane' लांच किया।
- इसके जरिए BPCL ईंधन और लुब्रिकेंट्स, भारत गैस LPG और BPCL को इन एंड आउट सुविधा स्टोर के खर्चों पर रिवार्ड प्वाइंट्स मिलेंगे।
- इस क्रेडिट कार्ड से BPCL के पेट्रोल पंपों पर ईंधन और लुबिक्रेंट पर खर्च पर 7.25 प्रतिशत कैशबैक और भारत गैस के खर्च पर 6.25 प्रतिशत का कैशबैक मिलेगा।
- इस कार्ड के जरिए डिपार्टमेंटल स्टोर, किराना, फिल्म और भोजन के खर्चों पर भी बचत प्राप्त होगी।
- इस कार्डधारक को इसके ऑफर का लाभ उठाने के लिए कोई-न्यूतनम खर्च पर बाध्यता नहीं है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.sbicard.com/en/personal/credit-cards/travel/bpcl-sbi-card-octane.page

ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्स्ट्रक्शन

प्रश्न-हाल ही में प्रकाशित 2020 ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्स्ट्रक्शन के अनुसार वैश्विक रूप से CO2 के उत्सर्जन में भवन एवं निर्माण क्षेत्र ने कितने प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है?
(a) 20% (b) 25% (c) 28% (d) 38%

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2020 को ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्स्ट्रक्शन जारी की गई।
- इस रिपोर्ट को ग्लोबल एलाइंस फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्स्ट्रक्शन (Global ABC) द्वारा जारी किया गया है।

- इस रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) के कुल उत्सर्जन का 38% भवन तथा निर्माण क्षेत्र से आता है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन बढ़कर 9.95 $GtCO_2$ (Gigatonnes Carbon Dioxide) हो गया।
- ग्लोबल एलाइंस फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉन्ट्रक्शन (Global ABC) द्वारा यह पांचवीं वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित हुई है।
- उल्लेखनीय है कि Global ABC एक संयुक्त राष्ट्र के तहत कार्यरत एक पार्टनरशिप संगठन है, जिसकी स्थापना 2015 में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान हुई थी।Global ABC की स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार, भवनों द्वारा CO_2 उत्सर्जन बढ़ना, बिजली की खपत बढ़ने के कारण हुआ है।रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली के अत्यधिक उत्पादन हेतु जीवाश्म ईंधनों का प्रयोग बढ़ा है, जिससे वायुमंडल में CO_2 की मात्रा बढ़ती है।रिपोर्ट का कहना है कि भवन एवं निर्माण के क्षेत्र में कोयला, ईंधन तेल और प्राकृतिक गैस का प्रयोग भी CO_2 उत्सर्जन में वृद्धि का बड़ा कारण है।ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट फॉर बिल्डिंग्स एंड कॉस्ट्रक्शन ने यह स्पष्ट किया है कि 2050 तक नेट जीरो कार्बन-बिल्डिंग स्टॉक हासिल करने के लिए 2030 तक भवनों से सीधे उत्सर्जित होने वाली CO_2 की मात्रा आधी करनी पड़ेगी।रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 के कारण निर्माण संबंधी गतिविधियों में 2019 के तुलना में 25% की कमी आई है, जिससे CO_2 उत्सर्जन में कुछ कमी अवश्य आई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iea.org/reports/electricity-market-report-december-2020

SBI: भारत में edx का पहला कॉर्पोरेट भागीदार

प्रश्न-SBI अक्टूबर, 2020 में edx का पहला कॉर्पोरेट भागीदार बना है। यह (edx) एक अमेरिकी 'MOOC' सेवा प्रदाता है। निम्नलिखित में से edx का/के सर्जक (Creator) कौन है/हैं?

(a) मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (b) हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
(c) येल और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी (d) दोनों (a) और (b)

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 28 अक्टूबर, 2020 को SBI ने भारत में edx का पहला कॉर्पोरेट भागीदार बनने की घोषणा की।
- इस साझेदारी का उद्देश्य 'व्यापक ओपन ऑनलाइन पाठयक्रम' (MOOC) की पेशकश करना है।
- edX एक अमेरिकी MOOC (Massive Open Online Course) सेवा प्रदाता है। यह वास्तव में एक गैर-लाभकारी शिक्षा मंच है।मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) और हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने इस मंच का प्रारंभ किया था।इसके 24 मिलियन उपयोगकर्ता (सितंबर, 2020 तक) हैं।
- साझेदारी के तहत एसबीआई शुरू में 3 पाठयक्रम पेश करेगा। इन पाठयक्रमों में शामिल हैं-कार्यस्थल पर रचनात्मकता को उजागर करना (Unleashing Creativity at the Workplace), वित्तीय सेवाओं के लिए संबंध विपणन रणनीति (Marketing Strategy for Financial Services) और विवाद समाधान (Conflict resolution) ये पाठयक्रम नवंबर, 2020 से edx के प्लेटफार्म उपलब्ध होंगे।
- इन पाठयक्रमों की अवधि चार से छह सप्ताह के लिए होगी। (एक पाठयक्रम पर प्रति सप्ताह दो से तीन घंटे की अपेक्षित अवधि के साथ)

- यह उल्लेखनीय है कि एसबीआई अपने कार्यबल विकास पहलों (Workforce development initiatives) के एक हिस्से के रूप में edX से जुड़ा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.moneycontrol.com/news/business/sbi-becomes-first-corporate-partner-of-edx-from-india-to-offer-massive-open-online-courses-6030061.html

एचडीएफसी बैंक : भारतीय वित्तीय क्षेत्र में शीर्षस्थ बना

प्रश्न-नवंबर, 2020 में एचडीएफसी बैंक भारतीय वित्तीय क्षेत्र में शीर्षस्थ कंपनी बन गया है। किस सर्वेक्षण (poll) ने इसे शीर्षस्थ बनाया है?

(a) एशिया मनी (b) टाइटल किंग (c) वर्ल्ड मनी (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- एचडीएफसी बैंक हाल ही में भारतीय वित्तीय क्षेत्र में शीर्षस्थ बन गया है।
- इस सर्वेक्षण का संचालन 'एशिया मनी' द्वारा किया गया है।
- इस सर्वेक्षण का उद्देश्य 2 श्रेणियों में देश तथा क्षेत्र में सूचीबद्ध कंपनियों की पहचान करना तथा उन्हें मान्यता देना है।
- HDFC बैंक ने लगातार दूसरे वर्ष यह सम्मान प्राप्त किया है।
- इस सर्वेक्षण के तहत कवर किए गये 12 बाजारों में चीन, हांगकांग, भारत, इंडोनेशियां, कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, फिलीपींस, सिंगापुर, ताइवान, थाइलैंड तथा वियतनाम है।
- इस पोल/सर्वे में एचडीएफसी बैंक को भारतीय वित्तीय क्षेत्र में प्रथम स्थान दिया गया है।
- सेक्टरवार अन्य प्रमुख भारतीय विजेता कंपनियां इस प्रकार हैं-
- क्षेत्र (Sector)-कंपनी
- वित्तीय-एचडीएफसी बैंक
- ऑटोमोबाइल्स एंड कंपोनेंट्स-मारुति सुजुकी इंडिया
- उपभोक्ता विवेकाधीन (Consumer Discretionary)-वोल्टास
- उपभोक्ता स्टेपल्स (Consumer Staples)- हिंदुस्तान यूनिलीवर
- ऊर्जा- रिलायंस इंडस्ट्रीज
- इन्फ्रास्ट्रक्चर-लार्सन एंड टुब्रो
- सर्वेक्षण में TCS (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) भारत की समग्र (Overall) विजेता कंपनी बनी।
- अन्य प्रमुख बाजारों की समग्र विजेता कंपनियां इस प्रकार हैं-
- बाजार-कंपनी
- चीन-जिआंगसु हेनग्रुई मेडिसीन
- हांगकांग-गैलेक्सी एंटरटेनमेंट ग्रुप
- भारत-टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज
- कोरिया-सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स
- सिंगापुर-डीबीएस

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/content/press-releases-ani/hdfc-bank-is-numero-uno-in-indian-financial-sector-asiamoney-poll-120110300978_1.html

बैंकिंग क्षेत्र : सरकार द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को 670 करोड़ रुपये की सहायता

प्रश्न-क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको हाल ही में केंद्र सरकार ने आरआरबी के लिए 670 करोड़ रुपये का समर्थन प्रदान किया है। निम्नलिखित में से किस राज्य में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB) की अधिकतम संख्या है?

(a) महाराष्ट्र (b) गुजरात (c) उत्तर प्रदेश (d) राजस्थान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में केंद्र सरकार ने हाल ही में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) को 670 करोड़ रुपये की पूंजी प्रदान की है।नियामक पूंजी की अनिवार्यता को पूरा करने के लिए इन बैंकों (RRBs) को यह समर्थन अत्यावश्यक था।
- उल्लेखनीय है कि देश में एक तिहाई आरआरबी मुश्किल स्थिति में हैं।
- 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में से लगभग एक-तिहाई (विशेष रूप से उत्तर-पूर्वी और पूर्वी क्षेत्रों के) घाटे में हैं और उन्हें पूंजी आधार को मजबूत करने के लिए पूंजी की आवश्यकता थी।
- 50 : 15 : 35 का अनुपात :
- आरआरबी के पुनः पूंजीकरण की मौजूदा योजना के तहत इन बैंकों को केंद्र सरकार, संबंधित राज्य सरकार तथा प्रायोजक बैंकों से 50:15:35 के अनुपात में पूंजीगत समर्थन उपलब्ध कराया जाता है।
- इस पुनर्पूंजीकरण योजना ने उन्हें (RRBs) 9 प्रतिशत की विनियामक आवश्यकता (पूंजी-जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात या CRAR) को पूरा करने में सक्षम बनाया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.businesstoday.in/current/economy-politics/govt-hands-rs-670-crore-to-regional-rural-banks-to-meet-regulatory-capital/story/420547.html

एक्सिस बैंक द्वारा सीएससी ई-गवर्नेंस इंडिया लि. के शेयरों का अधिग्रहण

प्रश्न- नवंबर, 2020 में एक्सिस बैंक ने हाल ही में सीएससी (CSC) ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड में 57,700 से अधिक शेयरों का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। सीएससी निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत आता है?

(a) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(b) संचार मंत्रालय

(c) सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(d) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 5 नवंबर, 2020 में एक्सिस बैंक के द्वारा सीएससी (CSC) ई-गवर्नेंस में 57,700 से अधिक शेयरों (9.91 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी) को 36.38 करोड़ रुपये में अधिग्रहित किये जाने की घोषणा की गई।
- यह वास्तव में एक्सिस बैंक के द्वारा एक रणनीतिक निवेश है और 36.38 करोड़ रुपये के इस नकद सौदे के दिसंबर, 2020 तक पूरा होने की उम्मीद है।
- उपर्युक्त अधिग्रहण संधि का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-
- एक्वायरर (अधिग्रहणकर्ता)-एक्सिस बैंक
- शेयरों की संख्या- 57,743 (प्रत्येक 1,000 रुपये अंकित मूल्य का)
- अधिग्रहण की दर-6,300 रुपये प्रति इक्विटी शेयर
- अधिग्रहण राशि- 36.38 करोड़ रु.
- हिस्सेदारी (Stake)- 9.91 प्रतिशत की
- नकद सौदे के पूर्ण होने की अवधि- दिसंबर, 2020 तक (अपेक्षित)
- CSC ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लि. :-
- कॉमन सर्विस सेंटर्स (CSC) योजना डिजिटल इंडिया प्रोग्राम (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) के तहत मिशन मोड परियोजनाओं में से एक है।
- प्रदर्शन-
- CSC (Common Service Centres) का हालिया प्रदर्शन निम्नानुसार है :-
- प्रदर्शन पैरामीटर-वर्ष/अवधि-मूल्य (Value)
- कुल आय-2019-20-1,105.49 करोड़ रुपये
- कुल संपत्ति (Total assets)-31 मार्च, 2020-1,495.93 करोड़ रुपये
- शेयर मूल्य (बीएसई पर)-5 नवंबर, 2020-´39.45 रुपये

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.axisbank.com/docs/default-source/corporate-announcements/material-events-disclosed-under-sebi-(listing-obligations-and-disclosure-requirements)-regulations-2015/2019-2020/axisbank-se-intimationletter-csc-signed-05-11-2020.pdf

सेबी : म्यूचुअल फंड्स (MFs) हेतु 'फ्लेक्सी-कैप श्रेणी'

प्रश्न-नवंबर, 2020 में सेबी ने म्यूचुअल फंड्स के लिए 'फ्लेक्सी-कैप श्रेणी' शुरू की है। इस संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) इसके तहत कम-से-कम 65% कॉर्प्स को इक्विटी में निवेश किया जाना चाहिए
(b) इसके तहत कम-से-कम 45% कॉर्प्स को इक्विटी में निवेश किया जाना चाहिए
(c) इसके तहत कम से कम 25% कॉर्प्स को इक्विटी में निवेश किया जाना चाहिए

(d) इसके तहत कम-से-कम 75% कॉर्प्स को इक्विटी में निवेश किया जाना चाहिए
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में सेबी (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) ने म्यूचुअल फंड्स के लिए एक 'फ्लेक्सी-कैप श्रेणी' शुरू की है।म्यूचुअल फंड सलाहकार समिति :-म्यूचुअल फंड्स को अधिक लचीलापन देने के उद्देश्य से और 'म्यूचुअल फंड सलाहकार समिति' (MFAC) की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए, इक्विटी स्कीम के तहत "फ्लेक्सी कैप फंड" नामक एक नई श्रेणी निम्नलिखित विवरणों के साथ उपलब्ध होगी :-
- योजना की श्रेणी (Category)-योजना की विशेषताएं (Characteristics)-योजना का प्रकार (योजना का एक समान विवरण) (Type of scheme (uniform description of scheme)
- फ्लेक्सी कैप फंड-इक्विटी और इक्विटी से संबंधित-लार्ज कैप, मिड कैप, स्मॉल कैप स्टॉक्स में
- उपकरणों में न्यूनतम निवेश-निवेश करने वाली एक ओपन एंडेड डायनेमिक
- (कुल कॉर्प्स का-65%)-इक्विटी स्कीम
- एएमसी की भूमिका :-
- एएमसी (एसेट मैनजमेंट कंपनियां) यह सुनिश्चित करेगी कि फ्लेक्सी कैप फंड के लिए एक उपयुक्त बेंचमार्क अपनाया जाए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.sebi.gov.in/legal/circulars/nov-2020/circular-on-introduction-of-flexi-cap-fund-as-a-new-category-under-equity-schemes_48108.html

भारत द्वारा वाडा के वैश्विक शोध बजट में योगदान

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में भारत ने विश्व स्तर पर खेलों को स्वच्छ स्वरूप प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत विश्व एंटी डोपिंग एजेंसी (वाडा) के वैश्विक शोध बजट में कितनी राशि का योगदान दिया है?
(a) 1 मिलियन डॉलर (b) 2 मिलियन डॉलर (c) 4 मिलियन डॉलर (d) 5 मिलियन डॉलर
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 17 दिसंबर, 2020 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार भारत ने विश्वस्तर पर खेलों को स्वच्छ स्वरूप प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत विश्व एंटी डोपिंग एजेंसी (वाडा) के वैश्विक शोध बजट में 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर राशि का योगदान दिया है।इससे वाडा को एंटी डोपिंग परीक्षण और पता लगाने की नई पद्धतियों को विकसित करने में मदद मिलेगी।इस राशि का उपयोग वाडा द्वारा स्वतंत्र जांच और खुफिया विभाग को और सशक्त करने में भी किया जाएगा।भारत द्वारा प्रदत्त 1 मिलियन डॉलर का योगदान चीन, सऊदी अरब और मिस्र सहित विश्व के अन्य देशों द्वारा दिए जाने वाले योगदान से अधिक है।
- सभी सदस्य देशों के कुल योगदान को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा एक बराबरी में मिलाया जाएगा, जिससे 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर राशि का एक कोष तैयार किया जा सके।
- वर्ष 2019 में पोलैंड के कातोविस में आयोजित डोपिंग पर वाडा के पांचवें विश्व सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया था।भारत का यह योगदान वाडा के मुख्य बजट में वार्षिक आधार पर किए जाने वाले योगदान से अलग हैं।
- वर्तमान में वाडा के अध्यक्ष वीटोल्ड बांका हैं।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1681405

S & P द्वारा भारत के GDP संकुचन के पूर्वानुमान में संशोधन

प्रश्न-S & P ग्लोबल रेटिंग द्वारा वित्त वर्ष 2020-21 के लिए जारी भारत की GDP वृद्धि के अपने पूर्वानुमान -9 प्रतिशत में संशोधित कर कितना कर दिया है?

(a) -7.1 प्रतिशत (b) -7.3 प्रतिशत (c) -7.7 प्रतिशत (d) -7.9 प्रतिशत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 दिसंबर, 2020 को S & P ग्लोबल रेटिंग एजेंसी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में भारत की GDP वृद्धि के अपने पूर्वानुमान-9 प्रतिशत में संशोधन करके 7.7 प्रतिशत कर दिया है।
- इस संकुचन दर का प्रमुख कारण बढ़ती मांग और Covid-19 संक्रमण दर गिरना है।
- इसके अलावा S & P ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत के विकास दर को 10 प्रतिशत तक रहने का अनुमान जताया है।
- S & P एक ग्लोबल रेटिंग्स एजेंसी है।
- S & P ग्लोबल रेटिंग का मुख्यालय न्यूयॉर्क (USA) में है।
- S & P ग्लोबल रेटिंग के अध्यक्ष-जॉन बेरिरफोर्ड हैं।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.aninews.in/news/business/sampp-lowers-indias-gdp-contraction-to-minus-77-pc-in-fy2120201215142609/

स्वचालित बैंक प्रसंस्करण केंद्र

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रा नोटों की प्राप्ति, भंडारण और भेजने के हेतु कहां एक स्वचालित बैंक प्रसंस्करण केंद्र (ABPC) स्थापित करने का निर्णय किया है?

(a) हैदराबाद (b) जयपुर (c) बंगलुरू (d) भोपाल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा मुद्रा नोटों की प्राप्ति, भंडारण और भेजने हेतु जयपुर में एक स्वचालित बैंक प्रसंस्करण केंद्र (ABPC-Automated Bannote Processing Centre) स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।
- एबीपीसी के कार्यों में करेंसी चेस्टों (सीसी) और बैंक शाखाओं से प्राप्त बैंक नोटों का प्रसंस्करण और स्वचालित तरीके से गंदे/अमान्य बैंक नोटों को नष्ट करना भी शामिल होगा।
- प्रचालन में बैंकनोट्स की मात्रा मार्च, 2001 से मार्च, 2019 तक तीन गुना बढ़ गई है और आने वाले वर्षों में इसके और बढ़ने की उम्मीद है।

- मुद्रणालयों द्वारा बैंक नोटों की आपूर्ति भी मार्च, 2001 से मार्च, 2019 तक चार गुना बढ़ गई है और आगे इसके और बढ़ने की उम्मीद है।
- भारतीय रिजर्व बैंक देश में बैंक नोटों का एकमात्र जारीकर्ता है और साथ-साथ मुद्रा के प्रबंधन और इसके सभी पहलुओं के लिए भी जिम्मेदार है।
- नए बैंकनोट और सिक्के देशभर में स्थित भारतीय रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में प्राप्त किए जाते हैं।
- सीसी भंडारगृहों के रूप में कार्य करता है।
- प्रचलन से हटाए गए अमान्य नोटों को एक मुद्रा सत्यापन और प्रसंस्करण प्रणाली के माध्यम से सत्यापित किया जाता है और कतरन द्वारा नष्ट किया जाता है।
- वर्तमान में भारतीय रिवर्ज बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/finance/rbi-to-set-up-automated-banknote-processing-centre-in-jaipur/articleshow/79705543.cms

आईएफएससीए बना आईएआईएस का सदस्य

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के तहत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) ने अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक समिति (आईएसआईएस) की सदस्यता प्राप्त की। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. आईएआईएस की सदस्यता मिलने से आईएफएससीए को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईएआईएस के नेटवर्क का फायदा मिलेगा।
2. वर्तमान में भारत के गिफ्ट आईएफएससीए में बीमा क्षेत्र से जुड़ी 15 प्रमुख कंपनियां बीमा और पुनर्बीमा के क्षेत्र में कार्यरत है।
3. आईएआईएस का मुख्यालय फ्रांस में स्थित है।

IAIS INTERNATIONAL ASSOCIATION OF INSURANCE SUPERVISORS

4. भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई), आईएआईएस का सदस्य नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कूटः

(a) केवल 1 (b) केवल 1 व 3 (c) केवल 1 व 4 (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2020 को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के तहत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA: International Finacial Services Centres Authority) ने अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक समिति (IAIS: International Association of Insurence) की सदस्यता प्राप्त की।
- आईएआईएस की सदस्यता मिलने से आईएफएससीए को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईएआईएस के नेटवर्क का फायदा मिलेगा।
- इसके अलावा गिफ्ट (GIFT) सिटी में स्थित आईएफएससीए को एक वैश्विक बीमा के क्षेत्र में विकसित करने में भी मदद मिलेगी।

- ध्यातव्य है कि वर्तमान में भारत के गिफ्ट (जीआईएफटी) आईएफएससीए में बीमा क्षेत्र से जुड़ी 17 प्रमुख कंपनियां बीमा और पुनर्बीमा (Insurance & Reinsurance) के क्षेत्र में कार्यरत हैं।
- बता दें कि भारत का पहला आईएफएससी गुजरात राज्य के गांधीनगर में गिफ्ट (GIFT: Gujarat International Finance Tec)- सिटी में स्थापित किया गया है और यहीं इसका मुख्यालय है।
- आईएफएससीए का कार्य वैश्विक खुदरा व्यापार के विकास पर अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करना तथा भारतीय व्यावसायिक निगमों को वैश्विक वित्तीय बाजारों तक आसानी से पहुंच प्रदान करना है।
- आईएआईएस का कार्य बीमा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर का मानक बनाना, नियमों को तय करना और उसके लिए जरूरी सहयोग देना है।
- आईएआईएस एक स्वैच्छिक संगठन है। इसमें 200 से ज्यादा न्यायाधिकरण (अधिकार क्षेत्र) के दायरे में आने वाले बीमा पर्यवेक्षक और नियामक जुड़े हुए हैं, जो दुनिया के 97 प्रतिशत बीमा प्रीमियम में हिस्सेदारी रखते हैं।
- आईएआईएस का गठन वर्ष 1994 में हुआ था, जिसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड में स्थित है।
- वर्तमान में आईएआईएस के अग्रणी सदस्यों में यूके-एफसीए, यूएसए-एनआईएसी, यूएसए-एफआईओ, सिंगापुर-एमएएस, इंडिया-आईआरडीएआई शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1677735

लखनऊ नगर निगम का बॉण्ड्स बीएसई में सूचीबद्ध

प्रश्न-2 दिसंबर, 2020 का लखनऊ नगर निगम की ओर से जारी बॉण्ड्स को बीएसई में सूचीबद्ध किया गया। इस ब्रॉण्डस के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) लखनऊ नगर निगम द्वारा जारी 200 करोड़ रुपये मूल्य के बॉण्ड्स को बीएसई में सूचीबद्ध किया गया।
(b) लखनऊ देश में नगरपालिका बॉण्डस जारी करने वाला 8वां शहर है।
(c) अमृत योजना शुरू होने के बाद यह उत्तर भारत और उत्तर प्रदेश की ओर से जारी पहला नगरपालिका बॉण्ड है।
(d) लखनऊ नगरपालिका बॉण्ड की अवधि 10 वर्ष है और इसे ए से जी के साथ 7 एसटीआरआरपी के एक स्ट्रिप बॉण्ड के रूप में संरचित किया गया है।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2020 को लखनऊ नगर निगम की ओर से जारी किए गए 200 करोड़ रुपये मूल्य के बॉण्ड्स को बीएसई में सूचीबद्ध किया गया।
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीएसई (बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज) में पारंपरिक रूप से घंटी बजाकर एक्सचेंज पर लखनऊ नगर निगम के बॉण्ड को सूचीबद्ध किया।
- लखनऊ देश में नगरपालिका बॉन्ड्स जारी करने वाला 9वां शहर है।
- इसे भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने अमृत मिशन (अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन) के तहत प्रोत्साहन प्रदान किया गया है।
- इन बॉण्ड के जारी हाने से लखनऊ नगर निगम को ब्याज भार में सब्सिडी देने हेतु 26 करोड़ रुपये मिलेंगे।
- यह अग्रिम प्रोत्साहन राशि नगर निगम पर ब्याज के बोझ को 2 प्रतिशत कम करने के समान है।
- अमृत योजना शुरू होने के बाद यह उत्तर भारत और उत्तर प्रदेश की ओर से जारी पहला नगरपालिका बॉण्ड है।

- इससे पूर्व अहमदाबाद नगर निगम ने बिना किसी सरकारी गारंटी के 100 करोड़ रुपये का पहला नगरपालिका बॉण्ड जनवरी, 1998 में जारी किया था।
- इसका उद्देश्य शहर में आधारभूत ढांचा सुविधा परियोजनाओं को वित्त पोषित करना था, इसी उद्देश्य के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार ने यह बॉण्ड जारी किया है।
- उम्मीद है कि गाजियाबाद के बाद वाराणसी, आगरा और कानपुर के नगर निगम भी आने वाले महीनों में नगरपालिका बॉण्ड जारी कर सकते हैं।
- इसके बाद राज्य में छोटे शहरी निकायों की तरफ से भी मिलाकर ऐसे बॉण्ड जारी किए जा सकते हैं।
- लखनऊ नगर निगम ने 13 नवंबर, 2020 को अपना पहला बॉण्ड जारी किया था, जिसे आज सूचीबद्ध किया गया है।
- कुल जारी किए गए 100 करोड़ रुपये के इश्यू ने अधिकाधिक निवेशकों को आकर्षित किया और 450 करोड़ रुपये की कुल निविदाएं प्राप्त हुईं।
- यह 8.5 प्रतिशत की आकर्षित कूपन दर पर बंद हुआ है। इसकी अवधि 10 वर्ष है, जो विशेषकर कोरोना महामारी के समय एक रिकॉर्ड है।
- लखनऊ नगर निगम के बॉण्ड इश्यू को इंडिया रेटिंग्स ने 'एए' और ब्रिकवर्क रेटिंग्स ने 'एए' (सीई) का दर्जा प्रदान किया है।
- लखनऊ नगरपालिका बॉण्ड की अवधि 10 वर्ष है और इसे ए से जी के साथ 7 एसटीआरआरपी के एक स्ट्रिप बॉण्ड के रूप में संरचित किया गया है और 4 वर्ष से लेकर 10 वर्ष की अवधि में 7 बराबर वार्षिक अदायगी में इसका भुगतान किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1677604

डीआरआई की 63वीं वर्षगांठ

प्रश्न-4 दिसंबर, 2020 को वित्तमंत्री ने राजस्व खुफिया निदेशालय के किस स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन किया?

(a) 62वें (b) 63वें (c) 64वें (d) 65वें

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 दिसंबर, 2020 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) के 63वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन किया गया।
- DRI तस्करी विरोधी खुफिया और जांच एजेंसी है, जो केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) के तत्वावधान में काम करती है।
- इस कार्यक्रम का आयोजन वित्त मंत्रालय, नॉर्थ ब्लाक में हुआ।
- इस समारोह में विश्व सीमा शुल्क संगठन के महासचिव डॉ. कुनिओ मिकुरिया ने भी भाग लिया। उन्होंने 'कस्टम्स रिस्पॉन्स टु द कोविड-19 पैन्डेमिक' विषय पर लोगों को संबोधित किया।
- भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी श्री बी. शंकरन को विशिष्ट और प्रतिबद्ध सेवा के लिए डीआरआई उत्कृष्ट सेवा सम्मान-2020 से सम्मानित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1678331

मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2020-21

प्रश्न-4 दिसंबर, 2020 को भारतीय रिवर्ज बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति ने मौद्रिक नीति वक्तव्य जारी किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) आरबीआई ने रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंक कम करके 4 प्रतिशत से 3.75 प्रतिशत किया।

(ii) इसके अनुसार, वर्ष 2020-21 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि नकारात्मक 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) (b) केवल (ii) (c) केवल (i) एवं (ii) (d) न तो (i) न ही (ii)

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 दिसंबर, 2020 को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति ने मौद्रिक नीति वक्तव्य, (Monetary Policy Statement), 2020-21 जारी किया।
- आरबीआई ने इसमें नीति दरों, आरक्षित नगदी अनुपात, निवल मांग एवं मियादी देयताओं को अपरिवर्तित रखा।
- इस मौद्रिक नीति में चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत रेपो दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया तथा इसे 4 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।
- गौरतलब है कि 22 मई, 2020 को RBI ने अपने मौद्रिक नीति वक्तव्य में चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रेपो दर को 40 आधार अंक कम करके 4.40 प्रतिशत से 4 प्रतिशत किया था।
- चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रिवर्स रेपो रेट 3.35 प्रतिशत तथा सीमांत स्थायी सुविधा दर (MSF) तथा बैंक दर 4.25 प्रतिशत है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR) 18 प्रतिशत है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नकद आरक्षित अनुपात (CRR) को अपरिवर्तित रखते हुए इसे निवल मांग और मियादी देयताओं के 3 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है।
- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 574.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर (27 नवंबर, 2020 को) रहा।
- इसके अनुसार, सीपीआई मुद्रास्फीति वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही के लिए 6.8 प्रतिशत, 2020-21 की चौथी तिमाही के लिए 5.8 प्रतिशत और 2020-21 की पहली छमाही में 5.2 से 4.6 प्रतिशत रहने की संभावना है।
- वित्त वर्ष 2020-21 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि नकरात्मक-7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।
- आरबीआई ने कहा कि बड़े लेन-देन के लिए प्रयोग में आने वाली RTGS प्रणाली अगले कुछ दिनों में 7 दिन 24 घंटे काम करने लगेगी।
- साथ ही, संपर्क रहित लेन-देन की सीमा जनवरी, 2021 से दो हजार रुपये से बढ़ाकर पांच हजार रुपये कर दी जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/business/economy/rbi-reserve-bank-of-india-monetary-policy-committee-december-2020-meeting-outcome-key-announcements-7091164/

RBI के AA फ्रेमवर्क के तहत FIP के रूप में लाइव होने वाला पहला बैंक

प्रश्न-RBI के AA फ्रेमवर्क के तहत FIP के रूप में लाइव होने वाला पहला बैंक है-?

(a) इंडसइंड बैंक (b) एचडीएफसी बैंक (c) आईसीआईसीआई बैंक (d) एक्सिस बैंक

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 29 अक्टूबर, 2020 इंडसइंड बैंक ने RBI के नए 'AA फ्रेमवर्क' के तहत FIP के रूप में लाइव होने वाले पहले बैंक बनने की घोषणा की।
- AA (एकाउंट एग्रीगेटर) फ्रेमवर्कः-
- AA फ्रेमवर्क एकल विंडो पर ग्राहकों को कई विशेष सेवाएं प्रदान करता है।
- ये विशेष सेवाएं हैं-ग्राहकों के खातों के वितरण देखना, डिपॉजिट्स ट्रैक करना, प्लान इन्वेस्टमेंट (जैसे शेयर, म्यूचुअल फंड, बीमा ईपीएफ, पीपीएफ), क्रेडिट कार्ड के लाभ इत्यादि
- इन सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों में व्यक्तियों के साथ-साथ छोटे और माध्यम आकार के व्यवसाय भी शामिल हैं।
- एकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टमः-
- इस इकोसिस्टम (तंत्र) का एक हिस्सा बनने के लिए इंडसइंड बैंक एक एफआईपी में बदल गया है।
- FIP का अर्थ है-Financial Informationa Provider (वित्तीय सूचना प्रदाता)
- 'एफआईपी' के रूप में, इंडसइंड बैंक ग्राहकों को वित्तीय सूचना उपयोगकर्ताओं (FIUs) के साथ अपनी वित्तीय जानकारी साझा करने की सुविधा प्रदान करेगा।
- यह कार्य सुरक्षित और आरामदायक तरीके से संपादित होगा।
- एक बार जब अन्य वित्तीय संस्थान भी इंडसइंड बैंक की भांति AA ढांचे पर लाइव हो जाते हैं, तो यह व्यवस्था ऋण प्राप्त करने या अन्य वित्तीय उत्पादों और सेवाओं तक पहुंचने के लिए भौतिक दस्तावेजों के संग्रहण/जमा करने की आवश्यकता को समाप्त कर देगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indusind.com/in/en/about-us/mediabrand/FY/2020-2021/October/IndusIndBank-becomes-the-first-bank-to-go-live-RBIs-account-aggregator-framework.html

भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकथॉन

प्रश्न-अक्टूबर, 2020 में भारत ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकथॉन लांच किया गया। इस हैकथॉन के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह हैकथॉन अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) और ऑस्ट्रेलिया के कॉमनवेल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (सीएसआईआरओ) ने मिलकर लांच किया है।

(b) यह 2 दिवसीय हैकथॉन 7 एवं 8 दिसंबर, 2020 को आयोजित किया जाएगा।

(c) इस 2 दिवसीय हैकथॉन में 3 मुख्य थीम होगी।

(d) विजेता भारतीय छात्रों को 2,00,000 रुपये और नवाचार/एमएसएमई टीमों को 5,00,000 रुपये

का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 26 अक्टूबर, 2020 को अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) ने ऑस्ट्रेलियाई के कॉमनवेल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रिपल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (सीएसआईआरओ) के साथ मिलकर भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकथॉन (आई-एसीई) लांच किया।
- यह 2 दिवसीय हैकथॉन 7 एवं 8 दिसंबर, 2020 को आयोजित किया जाएगा।
- आई-एसीई का विचार इस वर्ष 4 जून को भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों की बातचीत के दौरान आया, जब दोनों नेताओं ने भारत और ऑस्ट्रेलिया में सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने हेतु नवाचारों की आवश्यकता जताई।
- आई-एसीई के अंतर्गत दोनों देशों के स्टार्टअप और एमएसएमई तथा प्रतिभावान छात्रों द्वारा नए तकनीकी उपायों के विकास और उनकी पहचान पर फोकस किया जाएगा।
- इस 2 दिवसीय हैकथॉन में चार मुख्य थीमें-'पैकिंग अपशिष्ट में कमी लाने हेतु कम संसाधनों से पैकिंग के क्षेत्र में नवाचार', 'खाने की बर्बादी कम करने के लिए खाद्य आपूर्ति शृंखला हेतु नवाचार','प्लास्टिक अपशिष्ट को कम करने हेतु अवसरों का सृजन' और 'जटिल ऊर्जा धातु और वेस्ट रीसाइक्लिंग' होगी।
- सभी 4 विषयों में से प्रत्येक विषय में लिए गए दोनों देशों से एक-एक छात्र और एक-एक स्टार्टअप/एमएसएमई को 11 दिसंबर, 2020 की पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता घोषित किया जाएगा।
- विजेता भारतीय छात्रों को 2,00,000 रुपये और नवाचार/एमएसएमई टीमों को 5,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- ऑस्ट्रेलियाई विजेता छात्रों को 3500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तथा एमएसएमई एवं नवाचार टीमों को 9500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1667604

भारत को विप्रेषण (Remittance to India)

प्रश्न-2020 तक भारत में विप्रेषण (Remittance) में कमी आएगी-
(a) 9% (b) 8% (c) 12% (d) 7%
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2020 में आई विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के लिए विप्रेषण वर्ष 2020 में नौ प्रतिशत घटकर 76 बिलियन डॉलर हो जाएगा।
- वर्ष 2029 के प्री कोविड-19 स्तरों की तुलना में वर्ष 2021 तक इसके चौदह प्रतिशत घटने का अनुमान है।
- कारण:-
- विप्रेषण में गिरावट का कारण कोरोनावायरस महामारी और वैश्विक आर्थिक मंदी है।
- 2020 में शीर्ष पांच देश:-
- शीर्ष पांच विप्रेषण प्राप्तकर्ता देश हैं-चीन>मेक्सिको>फिलीपींस>इजिप्ट>भारत।

- निम्न व माध्यम आय वर्ग वाले देशों में विप्रेषण प्रवाह 2020 में 7 प्रतिशत तक गिरने का अनुमान है।
- प्रतिशत की गिरावट के साथ यह स्थिति 2021 में भी जारी रह सकती है।
- विप्रेषणों में क्षेत्रवार गिरावट निम्ननुसार है:-
- क्षेत्र विप्रेषण गिरावट (2020 में) (%) विप्रेषण में गिरावट (2021 में) (%)
- यूरोप और मध्य एशिया 16 8
- पूर्वी एशिया और प्रशांत 11 4
- मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका 8 8
- उप-सहारा अफ्रीका 9 6
- दक्षिण एशिया 4 11
- लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई 0.2 8

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/remittances-to-india-to-drop-by-9-in-2020-world-bank-report/articleshow/78944114.cms

लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड का विलय

प्रश्न-25 नवंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड के किस बैंक में विलय की योजना को मंजूरी प्रदान की?

(a) भारतीय स्टेट बैंक (b) पंजाब नेशनल बैंक
(c) डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड (d) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2020 से लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड (एलबीबी) की सभी शाखाएं डीबीआईएल बैंक की शाखाओं के रूप में काम करना शुरू कर दिया है।
- 25 नवंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड (एलवीबी) के डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड (डीबीआईएल) में विलय की योजना को मंजूरी प्रदान की थी।
- विलय की यह योजना जमाकर्ताओं के हित की रक्षा और वित्तीय एवं बैंकिंग स्थिरता के हित में बैंकिंग विनियमन कानून, 1949 के सेक्शन 45 के तहत आरबीआई के आवेदन पर बनाई गई है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकार की सलाह से जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए 17 नवंबर, 2020 को लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड पर 30 दिन की अवधि हेतु मोरेटोरियम लगा दिया था और उसके निदेशक मंडल के उपर एक प्रशासक की नियुक्ति कर दी थी।भारतीय रिजर्व बैंक ने जनता और हितधारकों के सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित करने के बाद विलय की यह योजना तैयार की है।
- इस योजना की मंजूरी के बाद लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड का उचित तिथि पर डीबीआईएल के साथ विलय हो जाएगा और तब जमाकर्ताओं पर अपना धन निकालने को लेकर किसी प्रकार की रोक नहीं होगी।
- डीबीआईएल एक बैंकिंग कंपनी है, जिसे आरबीआई द्वारा लाइसेंस प्राप्त है। और यह पूर्ण स्वामित्व वाले सहायक मॉडल पर भारत में परिचालन करती है।
- डीबीएस एशिया का एक प्रमुख वित्तीय सेवा ग्रुप है, जिसकी 18 बाजारों में उपस्थिति है।
- इसका मुख्यालय सिंगापुर में है तथा यह सिंगापुर के शेयर बाजार में लिस्टिड भी है।

- विलयोपरांत भी डीबीआईएल की संयुक्त बैलेंस सीट सुदृढ़ रहेगी और इसकी शाखाओं की संख्या बढ़कर 600 हो जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1675604

भारतीय एयटेल द्वारा अवाडा एनर्जी का अधिग्रहण

प्रश्न-नवंबर, 2020 में भारती एयरटेल लिमिटेड ने अवाडा एनर्जी के कुल कितने प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने का निर्णय लिया है?

(a) 5.6% (b) 6.5% (c) 5.2% (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2020 को भारतीय एयरटेल लिमिटेड ने सौर ऊर्जा कंपनी अवाडा एमएचबुलधन (Avaada MH Buldhana) के 5.2% हिस्सेदारी के अधिग्रहण करने का निर्णय लिया है।
- भारतीय एयरटेल लिमिटेड इसके लिए कुल 4.55 करोड़ रुपए खर्च करेगी।
- ध्यातव्य है कि अवाडा एक ग्रीन एनर्जी फर्म है, जो अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से स्थाई ऊर्जा विकसित करती है। इसका मुख्यालय मुंबई (महाराष्ट्र) में स्थित है।
- अवाडा एनर्जी ने भारत में 1 गीगावॉट (1GW) क्षमता का पहला स्वतंत्र बिजली उत्पादक (Independent Power Producer: JPP) भी निर्मित किया है।
- इसके अलावा अवाडा एनर्जी महाराष्ट्र में एक कैप्टिव सौर ऊर्जा संयंत्र विकसित कर रहा है, जो मार्च, 2021 तक शुरू हो जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/companies/news/airtel-enters-solar-energy-sector-buys-5-2-stake-in-avaada-energy-s-arm-11605984205253.html

सेबीः विशेष समूह का गठन

प्रश्न-सेबी ने हाल ही में किस उद्देश्य के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया है?

(a) शेयर आधारित कर्मचारियों के लाभ से संबंधित मानदंडों की समीक्षा करने के लिए
(b) प्रमोटर्स (प्रवर्तकों) के लाभ से संबंधित मानदंडों की समीक्षा करने के लिए
(c) संयुक्त उद्यमों से संबंधित मानदंडों की समीक्षा करने के लिए
(d) उपरोक्त सभी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में सेबी ने एक सात सदस्यीय विशेष समूह का गठन किया।

- यह विशेषज्ञ समूह शेयर-आधारित कर्मचारी लाभ की रूपरेखा और स्वेट (उद्यम) इक्विटी के मुद्दे की समीक्षा करेगा।
- संदीप भगत वर्तमान में S & R Associates में पार्टनर हैं। वह उपरोक्त विशेषज्ञ समूह की अध्यक्षता करेंगे।
- स्वेट (Sweat) इक्विटी शेयर और SBEB
- सामान्य रूप से कंपनियां स्वेट इक्विटी शेयर को अपने कर्मचारियों को अपेक्षाकृत कम भाव पर उन्हें जोड़े रखने के लिये जारी करती है।
- SBEB (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) पांच प्रकार के होते हैं-

1. i एम्प्लॉई स्टॉक ऑप्शन स्कीम्स;
   ii एम्प्लॉई स्टॉक परचेज स्कीम्स;
   iii स्टॉक एप्रिसिएशन राइट्स स्कीम्स;
   iv सामान्य कर्मचारी लाभ योजनाएं का लाभ उठाते हैं; तथा
   v सेवानिवृत्ति की लाभकारी योजनाएं

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/sebi-forms-expert-group-to-review-norms-related-to-share-based-staff-benefit-issue-of-sweat-equity/articleshow/79152048.cms?from=mdr

वैज्ञानिक परिदृश्य

रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव, 2020

प्रश्न-हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव, 2020 कब आयोजित हुआ?

(a) 22-25 दिसंबर, 2020 (b) 23-24 दिसंबर, 2020
(c) 18-22 दिसंबर, 2020 (d) 24-26 दिसंबर, 2020

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 22-25 दिसंबर, 2020 के मध्य वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव (International Science Film Festival of India), 2020 आयोजित हुआ।
- इसका आयोजन 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF), 2020' के भाग के रूप में किया गया।
- इसका उद्देश्य नागरिकों में विज्ञान की लोकप्रियता को बढ़ावा देना तथा युवा विज्ञान फिल्म निर्माताओं और विज्ञान के प्रति लोगों को आकर्षित करना है।
- यह समारोह छात्रों और फिल्म निर्माताओं को फिल्मों के माध्यम से विज्ञान के संचार की प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर प्रदान करता है।इस वर्ष इस फिल्मोत्सव को 60 देशों से 632 विज्ञान फिल्म प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी।

- यह फिल्मोत्सव उत्साही और युवा फिल्म निर्माताओं को विज्ञान फिल्म बनाने और विज्ञान को लोकप्रिय बनाने में योगदान देने के लिए एक बड़ा और महत्वपूर्ण मंच है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1682190

अंतरराष्ट्रीय विज्ञान साहित्य उत्सव-विज्ञानिका का आयोजन

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में अंतरराष्ट्रीय विज्ञान साहित्य उत्सव-विज्ञानिका का आयोजन किस व्यक्ति की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया?

(a) अटल बिहारी बाजपेई (b) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम (c) श्री निवास रामानुजन (d) चौधरी चरण सिंह

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 से 24 दिसंबर के बीच 'अंतरराष्ट्रीय विज्ञान साहित्य उत्सव-विज्ञानिका' का आयोजन भारतीय गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया।
- अंतरराष्ट्रीय विज्ञान साहित्य उत्सव-विज्ञानिका को थ्वी विज्ञान मंत्रालय, को CSIR – राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं सूचना संसाधन संस्थान विजनन भारती (विभा) द्वारा आयोजित किया गया है।
- विज्ञानिका, 2020 की थीम "Expanding the Science Communication Footprint: New Tools, Modern Approaches" थी।
- इस वर्ष आयोजित होने वाले विज्ञानिका महोत्सव के राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता की थीम 'Leveraging Science and Technology for a Self-Reliant India' थी।
- गौरतलब है कि विज्ञानिक महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य विज्ञान से जुड़े साहित्य को लोगों में लोकप्रिय बनाना तथा आत्मनिर्भरता एवं वैश्विक कल्याण को प्रोत्साहित करने के लिए विज्ञान संचार के क्षेत्र के विविध आयामों का प्रदर्शन करना है।

संबंधित लिंक भी देखें…https://www.niscair.res.in/includes/images/announcements/International-Science-Literature-Festival-Vigyanika-2020-National-Essay-Writing-Competition-2020-11-27-07-28-29am.pdf

एमआरएसएएम का सफल परीक्षण

प्रश्न-23 दिसंबर, 2020 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने कहां से मध्यम रेंज सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (MRSAM) के सेना संस्करण का पहला सफल परीक्षण किया?

(a) चांदीपुर (b) जैसलमेर (c) कोचीन (d) विशाखापत्तनम

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 23 दिसंबर, 2020 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा तट के चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम रेंज सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (MRSAM: Medium Range Surface to Air Missile) के सेना संस्करण (Army Version) का पहला सफल परीक्षण किया।
- मिसाइल ने एक उच्च गति वाले मानव रहित हवाई बंशी वाहन (UAV) (एक ब्रिटिश ड्रोन) बंशी को पूरी तरह से नष्ट कर दिया।MRSAM का सेना संस्करण भारत के डीआरडीओ और इस्राइल के आईएआई (IAI) द्वारा भारतीय सेना के उपयोग के लिए संयुक्त रूप से विकसित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है।
- इस दौरान तमाम रेंज उपकरण जैसे रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैंकिंग सिस्टम को तैनात किया गया था और लक्ष्य के विध्वंस के साथ-साथ हथियार प्रणाली के प्रदर्शन एवं संपूर्ण मिशन का डेटा एकत्रित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/nation/2020/dec/23/india-successfully-test-fires-army-version-of-medium-range-surface-to-air-missile-2240165.html

चीन ने लांच किए पांच उपग्रह

प्रश्न-22 दिसंबर, 2020 को चीन ने अपने जिस नए रॉकेट से अंतरिक्ष में पांच उपग्रह लांच किए हैं, उसका नाम है-
(a) लांग मार्च-3 (b) लांग मार्च-5 (c) लांग मार्च-8 (d) लांच मार्च-7
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 22 दिसंबर, 2020 को चीन के पांच उपग्रहों को उनकी पूर्व निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक लांच किया।
- इस मिशन हेतु चीन ने अपने नए रॉकेट लांग मार्च-8 का प्रयोग किया, जिसमें लगे बूस्टर पुनः प्रयोज्य किस्म के हैं।भविष्य में चीन इन बूस्टरों को अमेरिका की स्पेस एक्स के फाल्कन 9 या फाल्कन हेवी के बूस्टरों की तरह पुनः प्रयोज्य बनाना चाहता है।इस उड़ान से यह स्पष्ट नहीं है कि लांग मार्च-8 में लगे बूस्टर पुनः प्रयोग हेतु वापस प्राप्त किए गए या नहीं।
- उपग्रहों का प्रक्षेपण चीन के हैनान प्रांत में स्थित वेनचांग अंतरिक्ष यान लांच साइट से किया गया था।
- लांग मार्च-8 ने इन पांच परीक्षण उपग्रहों को कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया तथा प्रक्षेपण में पर्यावरण के अनुकूल तरल हाइड्रोजन एवं तरल ऑक्सीजन को रॉकेट इंजन में प्रयुक्त किया गया।
- पांच प्रायोगिक उपग्रह माइक्रोवेव इमेजिंग और अन्य प्रौद्योगिकियों के इन-ऑर्बिट सत्यापन (Verification) को पूरा करेंगे।आधिकारिक मीडिया के अनुसार ये उपग्रह अंतरिक्ष विज्ञान, रिमोट सेंसिंग एवं सूचना प्रौद्योगिकियों से संबंधित प्रयोगों में हिस्सा संचालित करेंगे।लांग मार्च-8 रॉकेट चीन ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक अंतरिक्ष प्रक्षेपण बाजार के लिए डिजाइन किया है।यह उम्मीद की जा रही है कि लांग मार्च-8 रॉकेट चीन की मध्यम एवं निम्न (निचले) ऑर्बिट में सैटेलाइट प्रक्षेपण की क्षमताओं के गैप को भरने में सक्षम होगा।
- एक रिपोर्ट के अनुसार लांग मार्च-8 में पुनः प्रयोज्य बूस्टरों के प्रयोग में भविष्य में प्रक्षेपण चक्र को छोटा कर देंगे तथा इनके कारण प्रक्षेपण लागत भी बहुत कम होने की उम्मीद है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/international/china-s-new-space-carrier-rocket-launches-5-satellites-on-its-maiden-flight-120122200875_1.html

35वां भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त, 2020

प्रश्न-भारतीय नौसेना और इंडोनेशियाई नौसेना के बीच 35वां भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त कब संपन्न हुआ?
(a) 15-16 दिसंबर, 2020 (b) 13-14 दिसंबर, 2020 (c) 17-18 दिसंबर, 2020 (d) 10-12 दिसंबर, 2020
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 17-18 दिसंबर, 2020 के मध्य भारतीय नौसेना और इंडोनेशियाई नौसेना के बीच '35वां भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त, 2020' आयोजित हुआ।
- समुद्री संबंधों को मजबूत बनाने के लिए दोनों देशों की नौसेनाएं वर्ष 2002 के बाद से अपनी अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के साथ क्षेत्र में शिपिंग और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है।
- समन्वित गश्त के जरिए नौसेनाओं के बीच एक समझदारी और कानूनी ढांचा विकसित होता है।
- इससे अवैध, गैर-कानूनी (IUU) कामों को रोकने, मादक पदार्थों की तस्करी, समुद्री आतंकवाद, सशस्त्र और समुद्री डकैती को रोकने में मदद मिलती है।
- गौरतलब है कि भारत सरकार के सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) दृष्टिकोण के अंतर्गत भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में स्थित देशों के साथ समन्वित गश्ती, ईईजेड (एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन) सर्विलांस में सहयोग, पैसेज एक्सरसाइज और द्विपक्षीय/बहुपक्षीय अभ्यास में सहयोग के लिए क्षेत्रीय समुद्री सहायता बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1681520

इसरो द्वारा नए संचार उपग्रह सीएमएस-01 का सफल प्रक्षेपण

प्रश्न-17 दिसंबर, 2020 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने किस ध्रुवीय प्रक्षेपण यान से नए संचार उपग्रह 'सीएमएस-01' का सफल प्रक्षेपण किया?
(a) पीएसएलवी-सी 51 (b) पीएसएलवी-सी 53
(c) पीएसएलवी-सी 48 (d) पीएसएलवी-सी 50
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 17 दिसंबर, 2020 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने ध्रुवीय प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी 50 (PSLV-C50) से नए संचार उपग्रह सीएमएस-01 (CMS-01) का सफल प्रक्षेपण किया।
- इसका सफल प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC), शार श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश के दूसरे लांच पैड से शाम 3 बजकर 41 मिनट पर किया गया।
- लांच के लगभग 20 मिनट 12 सेकंड बाद, प्रक्षेपण यान ने उपग्रह को उसके इच्छित कक्षा में प्रवेश कराया।
- उपग्रह को उसकी कक्षा में स्थापित करने के पश्चात यान उपग्रह से अलग हो गया और उपग्रह के सौर पैनल स्वचालित रूप से खुलकर कार्य करने लगे।
- इस उपग्रह को इसरो के मुख्य नियंत्रण सुविधा (MSF) हासन, कर्नाटक से नियंत्रित किया जा रहा है।

- इसके साथ ही इसरो ने PSLV का 52वां मिशन सफलतापूर्वक पूरा किया।
- सीएमएस-01 देश का 42वां संचार उपग्रह है।
- संचार उपग्रह सीएमएस-01 'एक्सटेंडेड सी बैंड' में सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।
- जिसके दायरे में देश की मुख्य भूमि, अंडमान निकोबार और लक्षद्वीप द्वीप समूह होंगे।
- इस उपग्रह का जीवनकाल 7 वर्ष होगा।
- जीसैट और इनसैट शृंखला के बाद भारत द्वारा संचार उपग्रह की नई शृंखला में यह पहला उपग्रह है।
- यह उपग्रह देश के संचार नेटवर्क, ई-लर्निंग, टेली-मेडिसिन और आपदा प्रबंधन सेवाओं में मदद देगा।

लेखक-विवेक कुमार त्रिपाठी

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.isro.gov.in/update/17-dec-2020/pslv-c50-successfully-launches-cms-01-sriharikota#:~:text=India's%20communication%20satellite%20CMS%2D01,IST)%20carrying%20CMS%2D01.

स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में WASH पर वैश्विक प्रगति रिपोर्ट

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में डब्ल्यूएचओ तथा यूनिसेफ ने स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में जल, स्वच्छता तथा साफ-सफाई (WASH) पर वैश्विक प्रगति रिपोर्ट जारी की है। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करें?
(1) विश्व भर के स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में बुनियादी आवश्यकताओं की कमी के कारण 5 बिलियन लोगों में कोविड-19 तथा अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।
(2) 47 कम विकसित देशों में प्रत्येक 2 में से 1 स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्रों में पीने के पानी की बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है।
(3) वैश्विक स्तर पर 6 में से 1 स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्रों में बुनियादी जल सेवा उपलब्ध नही हैं।
(4) सभी 47 कम विकसित देशों के स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्रों में बुनियादी जल सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रति व्यक्ति 1 अमेरिकन डॉलर खर्च का अनुमान है।
उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन का चुनाव करें-
(a) (1) व (2) (b) (2) व (3) (c) (3) व (4) (d) (2) व (4)

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) तथा संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने 'स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में जल, स्वच्छता व साफ-सफाई (Water, Sanitation and Hygiene) पर वैश्विक प्रगति रिपोर्ट' जारी की।
- इस रिपोर्ट में बताया गया है कि विश्वभर में स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्रों में पानी एवं स्वच्छता सेवाओं जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की कमी के कारण 1.8 बिलियन लोगों में कोविड-19 महामारी तथा अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।
- स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्रों में जल आपूर्ति स्वच्छता व साफ-सफाई का होना कोविड-19 की रोकथाम के लिए आधारभूत जरूरत है, परंतु इस क्षेत्र में अब भी बहुत कमियां है, खासतौर से कम विकसित देशों में।

- गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर 4 में से 1 स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केंद्रों में बुनियादी जल सेवा नहीं है, 3 में से 1 में हाथों की स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जाता है, 10 में से 1 में कोई स्वच्छता सेवाएं नहीं है तथा 3 में से 1 में कचरे को सुरक्षित रूप से अलग नहीं किया जाता है।
- जल आपूर्ति, स्वच्छता व साफ-सफाई (Wash), स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मरीजों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है फिर भी इन सेवाओं के प्रावधान को विश्वभर में प्राथमिकता नहीं दी गई है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार 47 अल्प विकसित देशों में प्रत्येक 2 में से 1, अर्थात लगभग 50 प्रतिशत स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में पीने के पानी की बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।
- इस रिपोर्ट में बताया गया है कि विश्व के 47 कम विकसित देशों में 4 में से 1 अर्थात 25 प्रतिशत स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में हाथ धोने की सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा 5 में से 3 स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में बुनियादी स्वच्छता सेवाएं नहीं है।
- गौरतलब है कि स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में बुनियादी जल सेवा स्थापित करने के लिए सभी 47 कम विकसित देशों को सक्षम करने के लिए लगभग प्रति व्यक्ति 1 अमेरिकन डॉलर खर्च का अनुमान है।
- ध्यातव्य है कि सेवाओं को संचालित करने तथा बनाए रखने के लिए प्रत्येक वर्ष औसतन प्रति व्यक्ति 0.20 अमेरिकन डॉलर का खर्च आएगा।
- इस रिपोर्ट के अनुसार जल आपूर्त्ति, स्वच्छता व साफ-सफाई सुविधाओं में तत्काल संसाधन निवेश के बड़े फायदे हैं, क्योंकि ऐसा करना एंटीबायोटिक दवाओं का असर खत्म होने की स्थिति से निपटने के लिए सर्वश्रेष्ठ उपाय है। इन एजेंसियों का मानना है कि यदि इन सबको वित्तीय फायदों में तब्दील किया जाए तो प्रत्येक डॉलर का निवेश करने के बदले 1.5 डॉलर का लाभ होगा।
- बेहतर जल, स्वच्छता व साफ-सफाई (WASH) सेवाएं एक लाख गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं के जीवन को बचा सकती है।
- इस रिपोर्ट में 4 मुख्य सिफारिशें की गई है, जो इस प्रकार हैं-

2. उचित वित्तपोषण के साथ लागत वाले राष्ट्रीय रोडमैप को लागू करना।
3. WASH सेवाओं, प्रथाओं और सक्षम वातावरण में सुधार के लिए प्रगति की निगरानी तथा नियमित रूप से समीक्षा करना,
4. WASH सेवाओं को बनाए रखने तथा अच्छी स्वच्छता को बढ़ावा देने और अभ्यास करने के लिए स्वास्थ्य कार्यबल की क्षमता विकसित करना।
5. नियमित स्वास्थ्य क्षेत्र की योजना, बजट तथा प्रोग्रामिंग में WASH को एकीकृत करे जिससे गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने के लिए कोविड-19 प्रतिक्रिया तथा पुनर्प्राप्ति प्रयास शामिल है।

- इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 तक विश्व के 130 से अधिक साझेदारों (देशों) में से 34 देशों ने 125 मिलियन डॉलर की वित्तीय प्रतिबद्धताओं पर अपनी सहमति व्यक्त की है।
- गौरतलब है कि इस वर्ष की रिपोर्ट के आंकड़ों में 165 देशों के आंकड़ों को सम्मिलित किया गया है, जो 760000 सुविधाओं का प्रतिनिधित्व करते है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.unicef.org/media/89201/file/Water-sanitation-and-hygiene-in-health-care-facilities-fundamentals-first-2020.pdf

हाइपरसोनिक पवन सुरंग

प्रश्न-19 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा भारत की पहली उन्नत हाइपरसोनिक विंड टनल (पवन सुरंग) परीक्षण सुविधा का उद्घाटन कहां किया गया?

(a) जयपुर (b) लद्दाख (c) हैदराबाद (d) दिसंपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा भारत की पहली उन्नत हाइपरसोनिक विंड टनल 'पवन सुरक्षा' परीक्षण-सुविधा का उद्घाटन हैदराबाद में किया।
- रूस और अमेरिका के बाद अब भारत दुनिया का ऐसा तीसरा देश (अमरीका व रूस के बाद) बन गया है, जिसके पास ऐसी सुविधा है।हाइपरसोनिक विंड टनल का विकास स्वदेश में किया गया है।
- इस हाइपर सोनिक विंड टनल सुविधा में व्यापक स्पेक्ट्रम पर हाइपरसोनिक प्रवाह का अनुकरण करने की क्षमता है।यह भावी उच्च जटिल एयरोस्पेश और रक्षा प्रणालियों को तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
- यह हाइपरसोनिक पवन सुरंग परीक्षण सुविधा एक दबाव वैक्युम संचालित संलग्न मुक्त जेट सुविधा है, जिसमें 1 मीटर का नोजल एग्जिट व्यास है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/current-affairs/rajnath-singh-inaugurates-india-s-first-hypersonic-wind-tunnel-in-hyderabad-120121901079_1.html

अपतटीय गश्ती पोत सक्षम-'Saksham'

प्रश्न-गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा शुभारंभ किए गए पांचवें और अंतिम अपतटीय गश्ती का नाम है-

(a) आईसीजीएस विक्रम (b) आईसीजीएस वीरा

(c) आईसीजीएस वज्र (d) आईसीजीएस सक्षम

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में भारतीय तटरक्षक (आईसीवी) के लिए अपतटीय पोत (ओपीवी) को भारतीय तटरक्षक जहाज 'सक्षम' के नाम से लांच किया गया।सक्षम पैट्रोल वेसल 30 एमएम गन से लैस है, जिसका वजन 2,350 टन है। इसमें लगभग 70% की स्वदेशी सामग्री है।इन जहाजों के पतवार को उच्च ईंधन दक्षता, समुद्री डकैती और आतंकवाद रोधी अभियानों के साथ आपात स्थितियों को संभालने के लिए 'त्वरित प्रतिक्रिया नौकाओं' से सुसज्जित किया गया है।कंप्यूटरीकृत नियंत्रण प्रणालियों के साथ, वे तटरक्षक बल के साथ सेवा में सबसे उन्नत गश्ती जहाज है।'स्वदेशी ऑफ शोर गश्ती परियोजना को 2016 में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लांच किया गया था। इस परियोजना' के तहत पांच भारतीय तटरक्षक को लांच किया जाना था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/offshore-patrol-vessel-goa-shipyard-sails-ahead-of-private-peers-120121600021_1.html

रक्षा मंत्री द्वारा सशस्त्र बलों को डीआरडीओ की प्रणालियां प्रदत्त

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डीआरडीओ भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सशस्त्र बलों के प्रमुखों को डीआरडीओ की विभिन्न प्रणालियां तथा डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करें-

1. रक्षा मंत्री द्वारा नौसेना प्रमुख को 'अस्त्र एमके-I' मिसाइल प्रदान की गई।
2. थल सेना को प्रदत्त 'बार्डर सर्विलांस सिस्टम' का डिजाइन व विकास आईआरडीई, देहरादून द्वारा किया गया।
3. नौसेना को प्रदत्त आईएमएसएएस (IMSAS) एक अत्याधुनिक, स्वदेशी तथा उच्च प्रदर्शन वाला इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर सिस्टम है।
4. इस अवसर पर रक्षा मंत्री द्वारा बिपिन रावत को डीआरडीओ लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार-2018 प्रदान किया गया।

उपरोक्त दिए गए कथनों में सत्य कथनों का चुनाव करें-

(a) (1) व (2) (b) (2) व (3)
(c) (3) व (4) (d) (1) व (4)

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 दिसंबर, 2020 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में सशस्त्र बलों को स्वदेशी, से विकसित डीआरडीओ की तीन प्रणालियां सौंपी।
- इस दौरान रक्षा मंत्री द्वारा नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह को 'इंडियन मेरीटाइम सिचुएशनल अवेयरनेस सिस्टम' (IMSAS), एयर चीफ मार्सल राकेश सिंह भदौरिया को 'अस्त्र एमके-I मिसाइल' तथा थल सेना अध्यक्ष एम.एम. नरवाने को 'बार्डर सर्विलांस सिस्टम' सौंपा गया।
- इस समारोह के दौरान रक्षा मंत्री द्वारा डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कारों का वितरण किया गया है।
- इस पुरस्कारों के तहत एन.वी.कदम को मिसाइलों से संबंधित नियंत्रण और मार्गदर्शन योजनाओं को विकसित करने में योगदान करने के लिए डीआरडीओ लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार-2018 प्रदान किया गया।
- रक्षा मंत्री द्वारा थल सेना को प्रदत्त 'बॉर्डर सर्विलांस सिस्टम' सभी मौसमों में काम करने वाला इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस सिस्टम है, जिसे 'इस्ट्रूमेंटस रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टैबलिशमेंट, देहरादून द्वारा डिजाइन एवं विकसित किया गया है।
- गौरतलब है कि 'बार्डर सर्विलांस सिस्टम' प्रणाली को दिन और रात की निगरानी के लिए लद्दाख सीमा क्षेत्र में तैनात किया गया है।
- ध्यातव्य है कि यह प्रणाली सुदूर संचालन क्षमता के साथ अधिक ऊंचाई वाले तथा उप-शून्य तापमान वाले क्षेत्रों में घुसपैठ का स्वतः पता लगाकर जांच व निगरानी की सुविधा प्रदान करती है। इस प्रणाली का उत्पादन भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, मछलीपट्टनम द्वारा किया गया है।
- रक्षा मंत्री द्वारा नौसेना को प्रदत्त 'इंडियन मेरिटाइम सिचुएशनल अवेयरनेस सिस्टम' एक अत्याधुनिक, स्वदेशी तथा उच्च प्रदर्शन वाला इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर सिस्टम है, जो भारतीय नौसेना को ग्लोबल मेरिटाइम सिचुएशनल पिक्चर, मैरिन प्लानिंग टूल्स तथा विश्लेषणात्मक क्षमता प्रदान करती है।
- यह प्रणाली नौसेना कमान और नियंत्रण को सक्षम करने के लिए समुद्र में प्रत्येक जगह को नौसेना मुख्यालय से मेरिटाइम ऑपरेशनल पिक्चर उपलब्ध कराती है।

- गौरतलब है कि इस उत्पाद का विकास सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड रोबोटिक्स बेंगलुरू तथा भारतीय नौसेना ने संयुक्त रूप से किया है।
- रक्षा मंत्री द्वारा वायु सेना को प्रदत्त 'अस्त्र एमके-I' मिसाइल स्वदेशी रूप से विकसित पहली बियॉन्ड बिजुअल रेंज मिसाइल है, जिसे सुखोई-30 लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, मिग-29, मिग-29 के, से प्रक्षेपित किया जा सकता है।
- ध्यातव्य है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, हैदराबाद द्वारा विकसित तथा भारत डायनामिक्स लिमिटेड हैदराबाद द्वारा उत्पादित अस्त्र एमके-I हथियार प्रणाली 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए एक बड़ा योगदान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1681732

वन वेब (OneWeb) ने 36 संचार उपग्रह लांच किए

प्रश्न-निम्नलिखित में से वो कौन से भारतीय अरबपति उद्यमी हैं, जिन्होंने ब्रिटिश सरकार के साथ मिलकर हाल ही में एक वैश्विक संचार नेटवर्क कंपनी वन वेब (One Web) का अधिग्रहण किया था?
(a) रतन टाटा (b) सुनील भारती मित्तल (c) मुकेश अंबानी (d) अनिल अंबानी
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 18 दिसंबर, 2020 को भारती ग्लोबल और ब्रिटिश सरकार के नेतृत्व वाली कंपनी वन वेब (OneWeb) ने 36 संचार उपग्रहों को लांच किया।
- इसके माध्यम से कंपनी का लक्ष्य 2022 के मध्य तक भारत में तीव्र गति की इंटरनेट सेवा शुरू करना है।
- वन वेब (OneWeb) ने पृथ्वी की निचली कक्षा (Low Earth Orbit) या LEO में इन संचार उपग्रहों को स्थापित किया है।
- वनवेब एक वैश्विक संचार नेटवर्क कंपनी है जो अंतरिक्ष से अपना नेटवर्क (Internet) संचालित करती है।
- वन वेब का मुख्यालय लंदन में है।
- वनवेब ने रूस को धरती से प्रक्षेपित किए गए सोयूज (Soyuz) लांच वाहन से 18 दिसंबर, 2020 को अंतरिक्ष में 36 उपग्रह लांच करके अपने कार्यक्रमों की शुरुआत की।
- इस कार्यक्रम के तहत कुल 110 उपग्रह अंतः कक्षीय मंडल (Censtellation) में स्थापित किए जाएंगे जो oneWeb के 648 निचली कक्षा के उपग्रहों की फ्लीट के अंतर्गत होंगे।
- इनके माध्यम से कंपनी उच्च गति, कम-विलंबता की वैश्विक कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।
- संचार उपग्रहों के वर्तमान प्रक्षेपण के बाद कंपनी अब 2021 के अंत तक ग्राहकों को अपनी सेवाएं प्रदान करने की स्थिति में आ जाएगी।
- इसका नेटवर्क अब यूनाइटेड किंगडम, अलास्का, उत्तरी यूरोप ग्रीन लैंड, आइसलैंड तथा आर्कटिक सागर एवं कनाडा से शुरू करके, 2022 तक पूर्ण रूप से वैश्विक सेवा प्रदान करने लगेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.arianespace.com/mission/soyuz-flight-st29/

पृथ्वी पर लौटा चांग ई’ 5 यान

प्रश्न-चीन का चांग ई’ 5 यान चंद्रमा की सतह से पत्थर और मिट्टी के नमूने लेकर किस स्थान पर उतरा?
(a) बीजिंग (b) शंघाई (c) मंगोलिया (d) ग्वांगझोऊ

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 17 दिसंबर, 2020 को चांग ई’5 यान स्थानीय समयानुसार रात करीब डेढ़ बजे मंगोलिया के भीतरी इलाके में उतरा।चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ (1976) के बाद चंद्रमा के नमूनों को पृथ्वी पर सफलतापूर्वक लाने वाला तीसरा देश हो गया।
- इस नमूनों से पृथ्वी के उपग्रह चंद्रमा की सतह और उसके अतीत के बारे में नई जानकारियां मिलेंगी।
- चांग-ई’ 5 मिशन को 24 नवंबर, 2020 को दक्षिणी चीन के वेनचांग स्टेशन से प्रक्षेपित लांच किया गया था।
- 8.2 टन वजनी इस यान ने 1 दिसंबर, 2020 को चंद्रमा की सतह पर निर्धारित जगह के करीब सॉफ्ट लैंडिंग की।चांग-ई’ 5 प्रोब, चार हिस्सों से मिलकर बना है, एक ऑर्बिटर, एक रिटर्नर, एक आरोहक और ए लैंडर।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.aljazeera.com/news/2020/12/17/chinas-lunar-mission-change-returns-to-earth-with-moon-rocks

भारत का पहला मैरीटाइम थिएटर कमांड

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में भारत के शीर्ष रक्षा सूत्रों के अनुसार, देश के पहले मैरीटाइम थिएटर कमांड का परिचालन कब-से शुरू होगा?
(a) वर्ष 2022 से (b) वर्ष 2021 से (c) वर्ष 2020 से (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में भारत के शीर्ष रक्षा सूत्रों ने कहा कि देश के पहले मैरीटाइम थिएटर कमांड (MTC) का परिचालन वर्ष 2021 से शुरू हो जाएगा।
- एमटीसी देश का पहला नया ‘भौगोलिक’ थिएटर कमांड होगा, जिसकी स्थापना कर्नाटक के करवार नौसेना बेस में की जा रही है।एमटीसी की अध्यक्षता तीन-स्टार नौसेना अधिकारी (वाइस एडमिरल) द्वारा की जाएगी।
- ध्यातव्य है कि एमटीसी देश के सबसे बड़े सैन्य पुनर्गठन योजनाओं का एक हिस्सा है, जहां अधिक-से-अधिक एकीकृत भूमि-वायु समुद्री युद्ध में लड़ने योग्य लागत प्रभावी युद्ध सामग्रियों का निर्माण किया जाएगा।
- यह देश की 7,516 किलोमीटर लंबी तटरेखा और 1382 द्वीपों के साथ-साथ पूरे हिंदमहासागर क्षेत्र (IOR) के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों की भी सुरक्षित देखभाल करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://timesofindia.indiatimes.com/india/maritime-theatre-command-to-take-shape-next-year/articleshow/79750123.cms#:~:text=NEW%20DELHI%3A%20The%20country’s%20first,infantry%20brigades%20and%20coastal%20patrol

इसरो के नए SSA नियंत्रण केंद्र का शुभारंभ

प्रश्न-हाल में शुरू किए गए इसरो (ISRO) के नए SSA नियंत्रण केंद्र 'NETRA' का क्या कार्य है?

(a) गगनयान मिशन की ट्रैकिंग
(b) दुश्मन देश के उपग्रहों की ट्रैकिंग
(c) संचार उपग्रह को नियंत्रित करना
(d) अंतरिक्ष मलबे आदि से इसरो के उच्च मूल्यवान संपत्ति (उपग्रह आदि) को रक्षा करना

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के एस.एस.ए. नियंत्रण केंद्र का शुभारंभ हुआ।
- नेत्रा (NETRA: NET work for Space Object Tracking and Analysis) नाम के इस ISRO SSA नियंत्रण केंद्र को पीण्या बेंगलुरू (Peenya Bangaluru) में शुरू किया गया है।
- केंद्र का उद्घाटन डिपार्टमेंट ऑफ साइंस के सचिव एवं इसरो के अध्यक्ष डॉ. के. सिवन ने किया।
- इस केंद्र को डायरेक्टोरेट ऑफ स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस एंड मैनेजमेंट (Directorate of Space Situational Awareness and management-DSSAM) के रूप में स्थापित किया गया है।
- इस केंद्र का उपयोग अंतरिक्ष मलबे की निकटता या टकराव से इसरो की उच्च मूल्यवान संपत्ति (अंतरिक्ष में स्थापित उपग्रह आदि) की रक्षा हेतु किया जाएगा।
- नेत्रा (NETRA) भारतीय अंतरिक्ष संपत्ति की ट्रैकिंग मॉनीटरिंग एवं रक्षा करने का कार्य करेगा।
- इस अवसर पर आई.एस.आर.ओ. चेयरमैन के. सिवन ने कहा कि यह केंद्र Space Situational Awareness (SSA) गतिविधियों के संचालन हेतु एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के केंद्र की तरह ही कार्य करेगा।
- अंतरिक्षीय वस्तुओं की कक्षा निर्धारण, सहसंबंध और इनके सूची निर्माण संबंधी कार्य यहां संपन्न किए जाएंगे।
- इस केंद्र के माध्यम से अंतरिक्षीय मौसम, नियर अर्थ ऑब्जेक्ट्स एवं ग्रह रक्षा अध्ययन (Planetary Clefense Study) भी किया जाएगा।
- नेत्रा (NETRA) के मुख्य तत्वों के रूप में एक रडार (Radar) एक ऑप्टिकल टेलीस्कोप सुविधा एवं एक नियंत्रण केंद्र होंगे।
- उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की सुविधा अभी तक केवल अमेरिका, रूस एवं यूरोप में ही थी, जिसके तहत अंतरिक्षीय वस्तुओं को ट्रैक करने एवं टकराव की चेतावनी साझा की जाती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.isro.gov.in/update/16-dec-2020/isro-ssacontrol-centre-inaugurated-dr-k-sivan-chairman-isro-secretary-dos

इंटरसेप्टर नाव 'सी-454'

प्रश्न-15 दिसंबर, 2020 को सूरत जिले के हजीरा में आयोजित कार्यक्रम में स्वदेशी इंटरसेप्टर नाव 'सी-454' को भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया। यह इंटरसेप्टर नाव किसके द्वारा निर्मित की गई है?

(a) एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड (b) लार्सन एंड टुब्रो शिपबिल्डिंग लिमिटेड
(c) गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (d) भारतीय शिपयार्ड लिमिटेड

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 15 दिसंबर, 2020 को सूरत जिले के हजीरा में आयोजित एक कार्यक्रम में कोस्टगार्ड के उत्तर-पश्चिम कमांड के इंस्पेक्टर जनरल राकेश पाल एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सूरत के पुलिस आयुक्त अजय तोमर ने स्वदेशी इंटरसेप्टर नाव 'सी-454' को भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया।
- इस इंटरसेप्टर नाव को भारतीय तटरक्षक बल के कमांडर कोस्ट गार्ड क्षेत्र नार्थ-बेस्ट (उत्तर-पश्चिम) के नियंत्रण में गुजरात से संचालित किया जाएगा।
- यह इंटरसेप्टर नाव हजीरा संयंत्र में लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) शिपबिल्डिंग लिमिटेड द्वारा निर्मित की गई।
- गहरे पानी में काम करने में सक्षम इस नाव की अधिकतम गति 45 समुद्री मील (या 85 किमी. प्रति घंटे) है।
- 27 मीटर से अधिक लंबी यह नाव पीछा करने और पकड़ने तथा खोज और बचाव एवं समुद्री निगरानी के लिए बनाई गई है।
- इस नाव में मुख्य शस्त्र के रूप में दो राइफल और एक पिस्तौल तथा 12.7 मिमी की भारी मशीन गन है।
- बाहरी लॉजिस्टिक समर्थन के बिना यह नाव 24 घंटे चल सकती है।
- इस नाव का उपयोग अंतरराष्ट्रीय सीमा तक पहुंचने के लिए किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/coast-guard-commissions-interceptor-boat-in-surat-7106552/

मेंढक की नई प्रजाति का नामकरण

प्रश्न-हाल ही में शोधकर्ताओं द्वारा वर्ष 2018 में भारत में मेढक की एक नई प्रजाति का नामकरण। इस प्रजाति के नाम में निम्नलिखित में से किस शहर का नाम जोड़ा गया है?
(a) बेंगलुरू (b) कानपुर (c) लखनऊ (d) ईटानगर

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में शोधकर्ताओं ने भारत में मेंढक की एक नई प्रजाति की खोज की पुष्टि की है।
- शोधकर्ताओं ने कर्नाटक के डेक्कन पठार के हिस्सों में उभयचरों का दस्तावेजीकरण करने के दौरान इस नई मेंढक प्रजाति का पता लगाया है।
- इस प्रजाति की खोज वर्ष 2018 में की गयी थी।
- उन्हें कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू के वनाच्छादित क्षेत्र से यह मेंढक मिला है।
- इस मेढक की प्रजाति का नामकरण स्पैरोथेका बेंगलुरू (Sphaerotheca Bangaluru) किया गया है।
- इस खोज के बारे में विवरण न्यूजीलैंड से प्रकाशित होने वाली अंतरराष्ट्रीय पत्रिका जूटैक्सा (Zootaxa) में प्रकाशित किया गया है।
- शोधकर्ताओं ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नई प्रजातियों की पहले से ज्ञात प्रजातियों को, उनके मॉर्फोलॉजिकल एवं आण्विक विभेदों में अंतर के आधार पर पहचाना जाता है।
- शोधकर्ताओं के समूह में निम्नलिखित लोग शामिल रहे-

(i) माउंट कार्मेल कॉलेज, बेंगलुरू के सहायक प्रोफेसर पी.दीपक
(ii) जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, पुणे से वैज्ञानिक के.पी. दिनेश
(iii) डॉ. एनीमेरी ओहलर, इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्टमैटिक्स, इवोल्यूशन, बायोडायवर्सिटी, नेशनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री, फ्रांस से।
(iv) सेंटर फॉर इकोलॉजिकल साइंसेज, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू से कार्तिक शंकर
(v) ZSI कालीकट से वैज्ञानिक बी.एच चन्नकेशव मूर्ति
(vi) युवराज कॉलेज मैसूरू से प्रोफेसर जे.एस आशा देवी

- शोधकर्ताओं ने इस बात पर विशेष जोर दिया है कि प्रजातियों के संरक्षण और उनके लिए आवास को अनुकूल बनाने की एक बड़ी जिम्मेदारी है।
- शोधकर्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि वे किसी विशिष्ट बायोज्योग्राफिक क्षेत्र या पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति पक्षपाती नही हैं, बल्कि वे संपूर्ण भारत में उभयचरों का दस्तावेजीकरण कर रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/cities/bangalore/newly-discovered-frog-species-named-after-bengaluru-city-7072539/

इसरो को सबसे बड़ा क्रायोजेनिक प्रणोदक टेंक मिला

प्रश्न-निम्नलिखित में से किस कंपनी ने हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) को सबसे बड़ा क्रायोजेनिक प्रणोदक टैंक प्रदान किया है?
(a) लार्सन एंड टुब्रो (b) टाटा ग्रुप (c) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (d) अल्फा डिजाइन टेक्नोलॉजीज
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- हाल ही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को सबसे बड़ा क्रायोजेनिक प्रणोदक टैंक (Cryogenic Propellant Tank) प्रदान किया है।
- C-32 LH2 नाम का यह प्रणोदक (Propellant) टैंक HAL द्वारा निर्मित अब तक का सबसे बड़ा क्रायोजेनिक प्रोपेलेंट टैंक है।
- यह एक विकासात्मक (Developmental) क्रायोजेनिक प्रणोदक टैंक है, जिसे एल्युमीनियम युक्त मिश्र धातु (Alloy) से बनाया गया है।
- इसरो ने यह टैंक अपने GSLV MK-III लांच वेहिकल की पेलोड क्षमता में सुधार हेतु प्राप्त किया है।
- C-32-LH2 टैंक का व्यास चार मीटर है, जबकि इसकी लंबाई आठ मीटर है।
- इस टैंक में 89 क्यूबिक मीटर आयतन में 5,755 किलोग्राम प्रणोदक समा सकता है।
- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के अन्य उत्पाद-
- HAL ने इससे पहले भी ISRO के लिए PSLV, GSLV-MK-II तथा GSLV-MK-III लांच वेहिकलों के लिए महत्वपूर्ण संरचनाएं, टैंक और उपग्रह संरचनाएं प्रदान की हैं।
- HAL में PS-2 /GS-2 एकीकरण, अर्ध क्रायो संरचना निर्माण (SEmi-Cryo Structure Fabrication) तथा क्रायो और अर्ध-क्रायो इंजनों के निर्माण की परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

- यह फर्म वर्तमान में गगनयान कार्यक्रम हेतु पूर्ण विकसित प्रक्षेपण यान GSLV MK-III के लिए हार्डवेयर का भी निर्माण कर रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/karnataka/hal-delivers-cryogenic-propellant-tank-to-isro/article33216531.ece

पिग्मी (Pygmy) ग्रासहॉपर की नई प्रजाति की खोज

प्रश्न-हाल ही में शोधकर्ताओं ने पिग्मी ग्रासहॉपर की एक नई प्रजाति एराविकुलम नेशनल पार्क,——के जंगलों में खोजी है। उपरोक्त कथन में रिक्त स्थान में निम्नलितखित में से कौन-सा राज्य भरा जाना चाहिए?
(a) केरल (b) तमिलनाडु (c) तेलंगाना (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- शोधकर्ताओं ने केरल में एराविकुलम नेशनल पार्क के जंगलों से पिग्मी टिड्डी की एक नई प्रजाति की खोज की है।
- शोधकर्ताओं ने यह खोज स्पेन के एक संग्रहालय में पाए गए 100 वर्ष पुराने एक अपरिभाषित नमूने के आधार पर की है।
- इस टिड्डी प्रजाति का नामकरण टेटिलोबस त्रिशूला (Tettilobus Trishula) के रूप में किया गया है।
- यह नाम इसे भगवानशिव के अस्त्र त्रिशूल के समान इसके सिर के समीप पाई जाने वाली तीन नुकली एवं उभरी हुई संरचनाओं के कारण दिया गया है।
- जिन शोधकर्ताओं ने इस खोज में अपना योगदान दिया है, वे हैं-घनेश भास्कर, एशिया में IVCNSSC के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, ग्रासहॉपर स्पेशलिस्ट ग्रुप स्विट्जरलैंड के वन्यजीव विशेषज्ञ P.S. Easa एवं अन्य।
- इस खोज के संबंध में जानकारी जूटैक्सा नामक शोध-पत्र में प्रकाशित की गई है।
- शोधकर्ताओं को इस टिड्डी का पुराना नमूना MNCN (National HIstory Museum in Madrid, Spain) में एक यात्रा के दौरान मिला था।
- इस नमूने को 100 वर्षों से भी अधिक समय पहले स्पेन से आए शोधकर्ताओं ने केरल और तमिलनाडु की सीमा पर स्थित जंगलों से एकत्र किया था।
- हालांकि इसे इग्रासियों बोलेवर ने एक नई प्रजाति के रूप में मान्यता दी थी (1994 में पेरिस में) और इसे Patua Suspecta कहा था, लेकिन इसे कभी नई प्रजाति के रूप में प्रकाशित नहीं किया गया।
- पिम्मी ग्रास हॉपर का निवास क्षेत्र-
- यह श्रीलंका में और भारत में पश्चिमी घाट के घने जंगलों में पाया जाता है।
- भारतीय उपमहाद्वीप में इसकी 200 से अधिक प्रजातियों के पाए जाने की संभावना है।
- दो वर्ष पहले ही, 2018 में शोधकर्ता धनेश भास्कर के इसे पश्चिमी घाट में देखा था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/cities/kochi/2020/aug/06/wayanad-researcher-honoured-through-discovery-of-pygmy-grasshopper-2179672.html

विलुप्त प्राय मलायन विशालकाए गिलहरी

प्रश्न-जूलॉजिकल सर्वेऑफ इंडिया (ZSL) द्वारा हाल ही में किए गए अपने तरह के पहले अध्ययन के अनुसार, भारत में विशालकाय मलायन गिलहरी की संख्या आगामी किस वर्ष तक 90% तक कम हो सकती है?

(a) 2030 (b) 2025 (c) 2050 (d) 2040

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- जूलॉजिकल सर्वेऑफ इंडिया (ZSI) द्वारा हाल में ही किए गए एक अध्ययन में यह पाया गया है कि मलायन विशालकाय गिलहरी (RATUFA Bicolor) विलुप्त होने के कगार पर है।
- ZSI ने सूचित किया है कि अनुमानतः 2050 तक भारत में मलायन विशालकाय गिलहारियों की संख्या में 90% तक की गिरावट आ सकती है।
- ZSI सर्वेक्षण ने संकेत दिया है कि यदि तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो बाद के दशकों में यह प्रजाति देश से विलुप्त हो सकती है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि यह विशालकाय गिलहरी इस सदी के मध्य तक पूर्वोत्तर भारत के जंगलों से गायब हो सकती है, जहां की यह मूल निवासी भी है।
- मलायन जाइंट स्किरल, दुनिया की सबसे बड़ी गिलहरी प्रजातियों में से एक है, जिसके शरीर का ऊपरी भाग गहरे काले से रंग का और निचला भाग पीला होता है।
- इस गिलहरी की पूंछ अत्यधिक लंबी ओर बालदार होती है।
- वर्तमान में यह पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और नगालैंड के कुछ भागों में पाई जाती है।
- ZSI के अनुसार इसके निवास स्थान की गति 2050 तक गिलहरी को केवल दक्षिणी सिक्किम और उत्तरी बंगाल तक सीमित कर सकती है।
- अध्ययन के अनुसार भारत में अब केवल 43.38% मूल निवास स्थान ही अब इस गिलहरी के अनुकूल बचा है।
- भारत में कुल तीन विशालकाय गिलहरियों का निवास स्थान है, जिनमें अन्य दो हैं इंडियन जिआन्ट स्किरल तथा Grizzled Giant Squirrel और से प्रायद्वीपीय भारत में पाई जाती हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/first-ever-study-has-grim-prognosis-native-squirrel-could-vanish-from-ne-after-2050-7089169/

भारतीय तटरक्षक अपतटीय गश्ती जहाज 'सुजीत'

प्रश्न-भारतीय तटरक्षक अपतटीय गश्ती जहाज 'सुजीत' के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 15 दिसंबर, 2020 को भारतीय तटरक्षक अपतटीय गश्ती जहाज 'सुजीत' का जलावतरण गोवा में किया गया।

(b) यह 105 मीटर ऑफ-तट गश्ती जहाजों की शृंखला में तीसरा है।

(c) यह एक-जुड़वा इंजन, चार उच्च गति वाली नौकाओं को ले जाने के लिए बनाया गया है, जिसमें दो इन्फ्लैटबल (हवा वाली नाव) नावें शामिल हैं।

(d) तटरक्षक बल में शामिल होने पर इसे गोवा में तैनात किया जाएगा।

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 15 दिसंबर, 2020 को भारतीय तटरक्षक अपतटीय गश्ती जहाज 'सुजीत' का गोवा में जलावतरण किया गया।
- यह 105 मीटर ऑफ-तट गश्ती जहाजों की शृंखला में दूसरा जहाज है।
- इसका जलावतरण वास्को कस्बे में सचिव (रक्षा उत्पादन) राज कुमार ने भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक कृष्णास्वामी नटराजन और अन्य की उपस्थिति में गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में किया।
- इस स्वदेशीय अपतटीय पोत (ओपीवी) का डिजाइन और निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) द्वारा किया गया है।
- यह उन्नत तकनीक, नौपरिवहन तथा संचार उपकरणों, सेंसर और मशीनरी से लैस है।
- इसमें एकीकृत पुल प्रणाली, एकीकृत मंच प्रबंधन प्रणाली, बिजली प्रबंधन प्रणाली, उच्च शक्ति बाहरी अग्निशमन भी है।
- यह एक जुड़वा इंजन हेलीकॉप्टर,चार उच्च गति वाली नौकाओं को ले जाने के लिए बनाया गया है, जिसमें दो इन्फ्लैटबल (हवा वाली नाव) नावें शामिल हैं।
- इसका उपयोग तलाशी, खोज और बचाव, कानून प्रवर्तन और समुद्री गश्त के लिए किया जा सकता है।
- तटरक्षक बल में शामिल होने पर यह जहाज गोवा में तैनात किया जाएगा।
- वर्तमान में भारतीय तटरक्षक बल के पास 155 जहाजों और 62 विमानों का एक बेड़ा है।
- 35 और जहाज विभिन्न भारतीय शिपयार्ड में निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं।
- एचएएल, बंगलुरू में 16 एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर बनाए जा रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/nation/2020/dec/15/coast-guard-ship-sujit-commissioned-in-goa-2236611.html#:~:text=PANAJI%3A%20The%20Indian%20Coast%20Guard,of%20the%20Coast%20Guard%20said.

सेकेंड प्रोजेक्ट 17A के जहाज 'हिमगिरि' का जलावतरण

प्रश्न-14 दिसंबर, 2020 को सेकेंड प्रोजेक्ट 17A के जहाज 'हिमगिरि' का जलावतरण हुगली नदी में किया गया। इसका निर्माण किया गया-
(a) कोचीन शिपयार्ड लि. (b) मेसर्स गार्डेन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लि.
(c) मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि. (d) गोवा शिपयार्ड लि.

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को सेकेंड प्रोजेक्ट 17A के जहाज 'हिमगिरि' का जलावतरण हुगली नदी में किया गया।
- इसका निर्माण मेसर्स गार्डेन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) लि. कोलकाता द्वारा किया गया।
- इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेन्स स्टॉफ (CDS) जनरल बिपिन रावत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

- इस जहाज का नाम और चिन्ह लियेंडर क्लास शिप के दूसरे फ्रिगेट से मिला है, जो 50 वर्ष पहले वर्ष 1970 में लांच किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि प्रोजेक्ट 17A के अंतर्गत 7 जहाज बनाए जा रहे हैं।
- जिनमें से 4 जहाज मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि. तथा 3 जहाज GRSE लि. द्वारा बनाए जा रहे हैं।
- इस जहाज का लांच किया जाना भारतीय नौसेना के लिए प्रोजेक्ट 17A के तीन अत्याधुनिक जंगी जहाज बनाने की दिशा में GRSE लि. की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।
- प्रोजेक्ट 17A जहाज GRSE लि. में बना पहला गैस टर्बाइन की संचालन शक्ति पर आधारित है और इस पर बहुत बड़ा युद्ध प्लेटफॉर्म है।
- प्राजेक्ट 17A जहाजों की डिजाइन डाइरेक्टोरेट ऑफ नेवल डिजाइन (सरफेस शिप डिजाइन ग्रुप)-डीएनडी (SSG) द्वारा देश में की गई है।
- इन जहाजों में रडार से बच निकलने की तरकीब, अग्रणी स्वदेशी हथियार और अन्य सुधारों के साथ-साथ सेंसर फिट किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1680561

भारी वजन ले जाने में सक्षम अंगारा ए-5 रॉकेट

प्रश्न-हाल ही में किस देश ने भारी वजन ले जाने में सक्षम अंगारा-ए-5 रॉकेट का सफल परीक्षण किया?
(a) भारत (b) चीन (c) रूस (d) जापान
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को रूस ने भारी वजन ले जाने में सक्षम रॉकेट अंगारा ए-5 का परीक्षण किया।
- इस परीक्षण रॉकेट का प्रक्षेपण रूस के उत्तर-पश्चिमी भाग में स्थित प्लीसेट्सक कॉस्मोड्रोम केंद्र से किया गया।
- 2014 के बाद इस रॉकेट का यह दूसरा सफल परीक्षण था।
- अंगारा-ए-5 रॉकेट, प्रोटॉन एम रॉकेट का स्थान लेगा।
- रसकॉस्मॉस ने बताया कि अंगारा रॉकेट को पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।
- अंगारा रॉकेट में विषाक्त प्रणोदक ईंधन प्रयुक्त नहीं किए गए हैं। इसलिए इसके प्रक्षेपण के दौरान प्रक्षेपण स्थल के आस-पास के क्षेत्रों में प्रदूषण का खतरा बहुत कम होता है।
- इस रॉकेट की शृंखला पूरी तरह से तैयार होने के उपरांत रूस इनका उपयोग भूस्थैतिक परिक्रमण उपग्रहों को स्वदेशी भूमि से प्रक्षेपित करने में करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.euronews.com/2020/12/14/russia-successfully-test-launches-angara-5-space-rocket

एशिया पैसिफिक वैक्सीन एक्सेस फैसिलिटी (APVAX) पहल

प्रश्न-एशिया पैसिफिक वैक्सीन एक्सेस फैसिलिटी (APVAX) पहल के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस का शुभारंभ एशियाई विकास बैंक (ADB) ने 11 दिंसबर, 2020 को अपने विकासशील सदस्य देशों के लिए किया।

(b) इस पहल हेतु एडीबी ने 19 बिलियन डॉलर की राशि आवंटित की है।

(c) यह पहल विकासशील सदस्य देशों को तीव्र व न्यायसंगत समर्थन की पेशकश करेगी, जिससे वे सुरक्षित और प्रभावी कोरोना वायरस टीके की आपूर्ति और खरीद कर सकें।

(d) यह फैसिलिटी दो अवयवों/तरीकों रैपिड रिस्पांस अवयव और परियोजना निवेश अवयव के उपयोग के साथ विकासशील एशिया की वैक्सीन तक पहुंच प्रदान करने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करेगी।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2020 को एशियाई विकास बैंक ने अपने विकासशील सदस्य देशों के लिए एशिया पैसिफिक वैक्सीन एक्सेस फैसिलटी (APVAX) पहल का शुभारंभ किया।
- बैंक की यह 9 बिलियन डॉलर की वैक्सीन पहल विकासशील सदस्य देशों को तीव्र व न्यायसंगत समर्थन की पेशकश करेगी, जिससे वे सुरक्षित और प्रभावी कोरोना वायरस टीके की आपूर्ति और खरीद कर सकें।
- एशिया पैसिफिक वैक्सीन एक्सेस फैसिलिटी (ADVAX) दो अवयवों/तरीकों रैपिड रिस्पांस अवयव और परियोजना निवेश अवयव के उपयोग के साथ विकासशील एशिया की वैक्सीन तक पहुंच प्रदान करने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करेगी।
- रैपिड रिस्पांस अवयव, यह टीके की खरीद, महत्वपूर्ण वैक्सीन डायग्नोस्टिक्स और एडीबी के विकासशील सदस्य देशों को खरीदे गए स्थान से टीके के परिवहन के लिए समय पर सहायता प्रदान करेगा।
- परियोजना निवेश अवयव-यह टीकों के प्रबंधन और सफल वितरण हेतु प्रणालियों में निवेश का समर्थन करेगा।
- इस अवयव के तहत सामुदायिक पहुंच, निर्माण क्षमता और निगरानी से जुड़े कार्यों का भी कार्य किया जाएगा।
- इसमें वितरण अवसंरचना, कोल्ड-चेन भंडारण और परिवहन, वाहन और अन्य प्रत्यक्ष निवेश जैसे क्षेत्र शामिल हो सकते हैं।
- एडीबी टीकों का वित्तपोषण विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक समूह, गवि (Gavi), कोविड-19 वैक्सीन ग्लोबल एक्सेस फैसिलिटी (COVAX) और द्विपक्षीय और बहुपक्षीय भागीदारों सहित अन्य विकास भागीदारों के साथ निकट समन्वय में प्रदान किया जायेगा।
- एडीबी के अनुसार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 14.3 मिलियन कोविड-19 पॉजिटिव मामलों की पहचान की गई है, जिससे 2 लाख से अधिक मौतें हुई हैं।
- एडीबी सुरक्षित और प्रभावी टीकों को सुरक्षित करने के लिए विकासशील देशों को वितरण और टीकाकरण का समर्थन करने वाले प्रयासों हेतु 500 मिलियन डॉलर का वैक्सीन आयात सुविधा भी उपलब्ध करा रहा है।
- 500 मिलियन डॉलर की यह वैक्सीन आयात सुविधा एडीबी के व्यापार और आपूर्ति शृंखला वित्त कार्यक्रम का हिस्सा है।
- एडीबी ने अप्रैल, 2020 में मौजूदा स्वास्थ्य संकट के प्रभावों को दूर करने हेतु अपने विकासशील सदस्य देशों को सहयोग प्रदान करने हेतु 20 बिलियन डॉलर के पैकेज को मंजूरी प्रदान की थी।

- नवंबर, 2020 में एशिया और प्रशांत क्षेत्र में टीकों के समान और कुशल वितरण को सक्षम करने हेतु प्रणालियों की स्थापना के लिए अतिरिक्त तकनीकी सहायता के रूप में 20.3 मिलियन डॉलर की घोषणा की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.adb.org/news/9-billion-adb-facility-help-members-access-and-distribute-covid-19-vaccines

इस्चेममजनर्थनामीः घास की नवीन प्रजाति

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में भारत के किस राज्य के पश्चिमी घाट के पठारों में वैज्ञानिकों ने मुरैनग्रास की एक नई प्रजाति की पहचान की है?

(a) केरल (b) गोवा (c) कर्नाटक (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 दिसंबर, 2020 को भारत में गोवा के पश्चिमी घाट में वैज्ञानिकों ने मुरैनग्रास (Muraingrass) नामक एक भारतीय घास की नई प्रजाति की पहचान की है, जो पारिस्थितिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण है।
- प्राप्त किए गए इस नए प्रजाति के मुरैनग्रास को इस्चेममजनर्थनामी (Ischaemumjanrthanamii) के नाम से जाना जाएगा।
- ध्यातव्य है कि इस मुरैनग्रास का नया नाम गोवा विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर एम. के. जनर्थनाम (Prof. M.K. Janarthanam) के सम्मान में रखा गया है।
- प्रो.एम. के जनर्थनाम को भारतीय घास वर्गीकरण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए जाना जाता है।
- इस नई प्रजाति की पहचान हेतु जिम्मेदार संस्था अघरकर अनुसंधान संस्थान (ARI), पुणे हैं, जो पिछले कुछ दशकों से भारत के पश्चिमी घाट में स्थित जैव-विविधताओं की खोज कर रहा है।
- पुणे स्थित एआरआई भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) का एक स्वायत्त संस्थान है।
- भारतीय मुरैनग्रास का वैज्ञानिक नाम जीनस इस्चेमम (Genus Jschaemum) है।
- वैश्विक स्तर पर इसकी कुल 85 प्रजातियां उपलब्ध हैं, जिनमें से 61 प्रजातियां विशेष रूप से भारत में पाई जाती हैं।
- भारत के पश्चिमी घाट में मुरैनग्रास की उच्चतम सांद्रता वाली 40 प्रजातियां पाई जाती है।
- इस्चेममजनर्थनामी गोवा के भगवान महावीर नेशनल पार्क के बाहरी इलाकों में कम ऊंचाई वाले पठारों पर उगती है।
- ध्यातव्य है कि गोवा वैश्विक स्तर पर भारत के चार जैव-विविधता हॉटस्पॉट स्थलों में से एक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1679744

शोधकर्ताओं ने डमरू सदृश आकार वाली जाली (Lattice) विकसित की

प्रश्न-निम्नलिखित में से किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं ने डमरू सदृश्य आकार के जाली (Lattice) का विकास किया है?

(a) आई.आई.एस.सी. (b) सी.एस.आई.आर. (c) डी.आर.डी.ओ. (d) आई.आई.टी. कानपुर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- आई.आई.टी. कानपुर के शोधकर्ताओं ने सूक्ष्म संरचना युक्त अवर कांच (Hourglass) के आकार में एक जाली (Lattice) का विकास किया है।
- यह एक डमरू के आकार वाली जाली है, जिसकी उपयोगिता स्टील्थ पनडुब्बियों तथा तीव्रगति वाली ट्रेनों में है।
- ϖआई.आई.टी. कानपुर के शोधकर्ताओं ने इस प्रकार की जाली को यह आकार देने की प्रेरणा प्राचीन हिंदू एवं बौद्ध धर्मों में प्रयुक्त वाद्य यंत्र डमरू से ली है।
- डमरू वास्तव में एक दोमुखी (Double Headed) वाद्य यंत्र है, जिसे भगवान शिव विशेषरूप से ब्रह्मांड की उत्पत्ति एवं नियमन (Creating and Regulating) के दौरान प्रयोग करते हैं।
- शोधकर्ताओं ने प्रदर्शित किया है कि इस जालक संरचना से व्यापक स्तर पर परिवर्तन एवं संचालन (Propagation) द्वारा बैंड (Band) बाध्यता को रोका जा सकता है।
- वर्तमान में उपलब्ध जालियों एवं क्रिस्टल आधारित ध्वन्यात्मक सामग्रियों (Sonic materials) की एक सीमा है।
- अभी तक प्रयोग में लाए जाने वाले ये पदार्थ आमतौर पर आवृत्ति के एक संकीर्ण बैंड में उपयेाग किए जा सकते हैं।
- शोधकर्ताओं द्वारा जानकारी दी गई कि इस जाली के कंपन अलगाव के क्षेत्र में व्यापक अनुप्रयोग हैं-

(i) तेज गति की रेलगाड़ियां
(ii) गुप्त (Stealth) पनडुब्बियां एवं हेलीकॉप्टर रोटर्स

- यह अनुसंधान शोध पत्र (Journal) साइंटिफिक रिपोर्ट्स में 1 दिसंबर, 2020 को शीर्षक 'Exploring the Dynamics of Hourglass shaped lattice Metastructures) में प्रकाशित हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iitk.ac.in/new/media-coverage

चीन ने गुरुत्वीय तरंग जांच के लिए XSLC से 2 उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया

प्रश्न-10 दिसंबर, 2020 को चीन ने Xichang Satellite Center CXSLC) सिचुआन प्रांत से उच्च-ऊर्जा खगोलीय घटनाओं के जांच के लिए 2 उपग्रहों को सफलतापूर्वक लांच किया गया। इसमें कौन-कौन-सी घटनाओं की निगरानी शामिल है-

(a) गुरुत्वाकर्षण तरंग की निगरानी (b) तेज रेडियो विस्फोट की उच्च विकिरण की निगरानी
(c) गामा किरण विस्फोट निगरानी (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 10 दिसंबर, 2020 को चीन ने एक्सएसएलसी (Xichang Satellite Launch Center) सिचुआन प्रांत से गुरुत्वाकर्षण तरंग जांच के लिए 2 उपग्रहों को सफलतापूर्वक लांच किया गया था।
- इस उपग्रह को चीन के एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉर्पोरेशन (CASC) द्वारा विकसित लांच मार्च-11 रॉकेट द्वारा कक्षा में भेजा गया।
- यह दोनों उपग्रह ग्रेविटेशनल वेव हाई-एनर्जी इलेक्ट्रोमैग्रेटिक काउंटरपार्ट ऑल -स्कार्ड मॉनिटर (GECAM) मिशन का हिस्सा है।
- यह उपग्रह उच्च-ऊर्जा खगोलीय घटनाओं जैसे कि गुरुत्वाकर्षण तंरगों, गामा-किरण विस्फोट, तेज रेडियो फटने और न्यूट्रॉन सितारों, ब्लैकहोल का अध्ययन करने के लिए किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.xinhuanet.com/english/2020-12/10/c_139577148.htm

सैटेलाइट गाओफेन-14

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत से शिचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से 'गाओफेन-14' सैटेलाइट का परीक्षण चीन द्वारा किया गया। इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है-

(a) यह विश्व भर में उच्चगुणवत्ता वाली सटीक तस्वीर हासिल कर सकता है।
(b) यह दुनिया के किसी भी हिस्से में जमीनी वस्तुओं की हाई रेजोल्यूशन की तस्वीर ले सकता है।
(c) a और b असत्य हैं।
(d) a और b दोनों सत्य हैं।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में दक्षिण पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत से गाओफेन-14 सैटेलाइट को लॉन्ग मार्च 3 बी रॉकेट के जरिए शिचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र (X SLC) से लांच किया गया।
- यह सैटेलाइट दुनिया के किसी भी हिस्से में वस्तुओं की हाई रेजोल्यूशन तस्वीर, उच्चगुणवत्ता वाली सटीक स्टीरियो तस्वीर, बड़े स्तर पर डिजिटल स्थलाकृतिक नक्शे बनाने, डिजिटल आर्थोफोटो छवियां बनाने तथा बुनियादी भौगोलिक जानकारी देने में सक्षम है।
- पहली गाओफेन सीरीज सर्वप्रथम 2013 में लांच किया गया था।
- यह लांग मार्च रॉकेट शृंखला का 354 वां उड़ान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.space.com/china-gaofen-14-earth-observation-satellite-launch-rocket-debris

https://www.nasaspaceflight.com/2020/12/first-long-march-3b-extended-fairing-gaofen-14/

बाजरे की नई बायोफोर्टिफाइड किस्म-एचएचबी-311

प्रश्न- चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि वैज्ञानिकों ने एचएचबी- 311 नामक बाजरा की नई किस्म के बारे में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है।

(a) यह किस्म कृषि महाविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग के बाजरा अनुभाग के वैज्ञानिकों
द्वारा विकसित की गई है।
(b) इस किस्म में अन्य किस्मों की तुलना में लौह तत्व एवं जिंक क्रमशः 83 व 42 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम अधिक पाया जाता है।
(c) यह किस्म जोगिया रोगरोधी है एवं अन्य किस्मों की तुलना में सूखा चारा व अधिक उपज देने में सक्षम है।
(d) इस नई किस्म के बाजरा के दानों में ग्लूटेन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि वैज्ञानिकों ने एचएचबी-311 नामक बाजरा की नई बायोफोर्टिफाइड किस्म विकसित की है।
- इस किस्म को कृषि महाविद्यालय के आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग बाजारा अनुभाग के वैज्ञानिकों
- द्वारा विकसित किया गया है।
- भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि एवं सहयोग विभाग की 'फसल मानक अधिसूचना एवं अनुमोदन केंद्रीय उप-समिति' द्वारा नई दिल्ली में आयोजित बैठक में इस नई किस्म को अधिसूचित एवं जारी किया गया।इस किस्म को विकसित करने वाली टीम में डॉ. रमेश कुमार, डॉ. देवव्रत, डॉ. विरेंद्र मलिक, डॉ. एम.एस. दलाल, डॉ.के.डी सहरावत, डॉ. योगेंद्र कुमार और डॉ. एस.के. पाहुजा शामिल थे।
- इसमें अन्य किस्मों की तुलना में लौह तत्व एवं जिंक क्रमशः 83 व 42 मिलीग्राम प्रति क्रिग्रा. अधिक पाया जाता है।अच्छी तरह देखभाल करने पर एचएचबी-311 किस्म 18.0 क्विंटल प्रति एकड़ तक पैदावार देने में सक्षम है।
- यह किस्म जोगिया रोगरोधी है एवं अन्य किस्मों की तुलना में सूखा चारा व उपज अधिक देने में सक्षम है।
- यह 75 से 80 दिनों में पककर तैयार हो जाती है।
- इस अतिरिक्त विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा एच.एच.बी. 223, एच.एच.बी 197, एच.एच.बी 67 (संशोधित), एच.एच.बी. 226, एच.एच.बी. 234 और एच.एच.बी. 272 किस्में भी विकसित की गई हैं।
- किस्म एचएचबी- 311 की राष्ट्रीय स्तर पर खेती के लिए सिफारिश की गई है।
- यह सिफारिश जोन-ए- जिसमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली तथा जोन-बी में महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु के लिए खरीफ सीजन हेतु की गई है।
- इस नई किस्म के बाजरा के दानों में ग्लूटेन लगभगन के बराबर होता है।
- बाजरे में मुख्य रूप से 12.8 प्रतिशत प्रोटीन, 4.8 ग्राम वसा, 2.3 ग्राम रेशे, 67 ग्राम कार्बोहाइड्रेट एवं खनिज तत्व जैसे कैल्शियम 16 मिलीग्राम, लौह 6 मिलीग्राम, मैग्नीशियम 228 मिलीग्राम, फॉस्फोरस 570 मिलीग्राम, सोडियम 10 मिलीग्राम जिंक 3.4 मिली ग्राम, पोटैशियम 390 मिली ग्राम तथा कॉपर 1.5 मिलीग्राम पाया जाता है।

- बाजरे के दानों का सेवन कैंसर, उच्च रक्तचाप एवं सूजन रोधी होता है तथा इसमें मिलने वाला एंटी ऑक्सीडेंट यौगिक हृदयाघात के जोखिम एवं आंत के सूजन को कम करने में मददगार होता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.tribuneindia.com/news/haryana/haryana-agricultural-university-develops-bio-fortified-millet-176332

जापान का हायाबुसा-2 अंतरिक्ष यान

प्रश्न-हायाबुसा-2 अंतरिक्ष यान किस देश से संबंधित हैं?
(a) जापान (b) चीन (c) अमेरिका (d) यूरोपीय संघ
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 6 दिसंबर, 2020 को जापान का हायाबुसा-2 अंतरिक्ष यान दक्षिणी आस्ट्रेलिया में दुर्लभ नमूनों व डेटा से भरे कैप्सूल के साथ वापस लौटा।हायाबुसा-2 अंतरिक्ष यान ने क्षुद्रग्रह रायुगु (Ryuga) के मृदा-नमूनों और डेटा को एकत्रित किया है।
- रायुगु क्षुद्रग्रह के मृदा-नमूने और डेटा से सौर मंडल की उत्पत्ति के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकती है।
- हायाबुसा-2 परियोजना जापानी अंतरिक्ष एंजेसी (JAXA) द्वारा संचालित किया जा रहा है।
- हायाबुसा-2 अंतरिक्ष यान 3 दिसंबर, 2014 को प्रक्षेपित किया गया था, और यह 27 जून, 2018 को रायुगु क्षुद्रग्रह की सतह पर उतरा था।
- इस मिशन पर, रिमोर्ट सेंसिग, नमूना-संग्रहण के लिए कई अंतरिक्ष उपकरण, और चार छोटे आकार के रोवर्स भेजे गए थे।'रायुगु क्षुद्रग्रह' एक सी. टाइप क्षुद्रग्रह हैं।
- वैज्ञानिको का मानना हैं कि सी टाइप-क्षुद्रग्रह में कार्बनिक पदार्थ और जल के फसे हुए कण हो सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://solarsystem.nasa.gov/missions/hayabusa-2/in-depth/

भारतीय तट-रक्षक जहाज-C-452

प्रश्न-3 नवंबर, 2020 को नए भारतीय तटरक्षक जहाज C-452 का शुभारंभ किया गया। यह निम्नलिखित में से किस देश में निर्मित किया गया है?
(a) रूस (b) जापान (c) फ्रांस (d) भारत
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 3 नवंबर, 2020 को नए भारतीय तटरक्षक जहाज C-452 का शुभारंभ किया गया।
- महाराष्ट्र के रत्नागिरि में इस भारतीय तटरक्षक जहाज को उतारा गया है।
- C-452 पूर्णतया स्वदेशी तकनीक पर आधारित समुद्री तटरक्षक जहाज है।

- इसका निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को ध्यान में रखते हुए भारत में ही किया गया है।
- इसकी डिजाइनिंग एवं निर्माण सूरत, गुजरात में स्थित लार्सन एंड टुब्रो (L&T) की एक शाखा द्वारा किया गया है।
- यह जहाज अत्याधुनिक नौवहन और संचार उपकरणों से सुसज्जित है वर्ष
- C-452 एक 27 मीटर लंबा पोत है जो कि अधिकतम 45 नॉट की गति से समुद्र में आगे बढ़ता है।
- मूल रूप से यह जहाज विविध कार्यों जैसे समुद्री-निगरानी, तस्करी की रोकथाम तथा राहत एवं बचाव आदि के लिए प्रयुक्त किया जाएगा।
- इस जहाज पर 12.7mm की भारी मशीन गन लगी है, जो कि इस पोत का मुख्य शस्त्र है।
- यह पोत भारतीय तटरक्षक बल की ऑपरेशनल क्षमता में बढ़ोत्तरी हेतु शामिल किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/indian-coast-guard-ship-c-452-indigenously-designed-and-built-by-lt-to-be-commissioned-today/articleshow/79012804.cms?from=mdr

बैबलर चिड़िया 'पफ थ्रोटेड बैबलर'

प्रश्न-नवंबर, 2020 में राजस्थान में नई प्रजाति की बैबलर चिड़िया पफ थ्रोटेड बैबलर पहली बार पाई गई है। इस चिड़िया के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस चिड़िया का वैज्ञानिक नाम 'पेलोर्नियस रुफीसेप्स' है।
(b) यह नई प्रजाति की चिड़िया उदयपुर जिले में स्थित फुलवारी की नाल वन्यजीव अभयारण्य में मिली है।
(c) इस चिड़िया के पैर एवं चोच हल्के पीले रंग के हैं।
(d) इस प्रकार की प्रजाति गुजरात के विजयनगर स्थित पोलो फॉरेस्ट में भी पाई गई है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में राजस्थान में नई प्रजाति की बैबलर चिड़िया 'पफ थ्रोटेड बैबलर' पहली बार पाई गई है।
- इसका वैज्ञानिक नाम 'पेलोर्नियस रूफीसेप्स' है।
- यह नई प्रजाति की चिड़िया उदयपुर जिले में स्थित फुलवारी की नाल वन्यजीव अभयारण्य में मिली है।
- इसकी खोज राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यावरण वैज्ञानिक और टाइगर वॉच के फील्ड बॉयोलॉजिस्ट डॉ. धर्मेंद्र खंडाल, दक्षिण राजस्थान में जैव विविधता संरक्षण के लिए कार्य रहे पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. सतीश शर्मा एवं हरकीरत सिंह संघा ने की है।
- यह चिड़िया बैबलर वर्ग की सदस्य है, जिसकी चोंच एवं पैर ललाई लिए हुए हल्के गुलाबी होते हैं।
- सिर का रंग हल्का चॉकलेटी तथा पीठ का रंग हल्का काला, गला एकदम सफेद तथा छाती पर टूटती गहरी धारियां होती हैं।
- आंख के ऊपर सफेद रंग की धारी काली लंबी होकर पीछे गर्दन तक फैली रहती है।
- यह जोड़े या छोटे दलों में रहकर जंगल में नीचे गिरी पड़ी पत्तियों के झुरमुट में भूमि पर पड़े कीड़े -मकोड़ों को खाती है।
- इस प्रकार की प्रजाति गुजरात के विजयनगर स्थित पोलो फॉरेस्ट में भी पाई गई है।

- यह बैबलर प्रजाति भारत के सतपुड़ा बिहार एवं ओडिशा के पठारी क्षेत्र, पूर्वी एवं पश्चिमी घाट के क्षेत्र, राजमहल पहाड़ियां (मध्य पश्चिमी बिहार), केरल के पलक्कड़ (पालघाट) क्षेत्र, चितेरी पहाड़ियां आदि क्षेत्रों में पाई जाती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://weather.com/en-IN/india/environment/news/2020-11-28-puff-throated-babbler-makes-its-first-appearance-in-rajasthan

इचिनोप्स सह्याद्रिकसः फूलों वाले पौधे की नई प्रजाति

प्रश्न-अक्टूबर, 2020 में शोधकर्ताओं ने इचिनोप्स सह्याद्रिकस (Echinops Sahyadricus) नाम की नई पुष्पीय पादप प्रजाति की खोज की है। इसे निम्नलिखित में से किस राज्य में पाया गया?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) महाराष्ट्र (c) कर्नाटक (d) केरल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2020 में शोधकर्ताओं ने इचिनोप्स सह्याद्रिकस नामक पुष्पीय पादप की एक नई प्रजाति की खोज की है।
- अंग्रेजी में सह्याद्री ग्लोब थीस्ल (Sahyadri Globe Thisle) के नाम से जाना जाने वाला यह नया फूल वाला पौधा राजगढ़ किला क्षेत्र, पुणे महाराष्ट्र में मिला है।
- ध्यातव्य हो कि यह क्षेत्र महाराष्ट्र के उत्तरी पश्चिमी घाटों में सह्याद्रदी पहाड़ियों में स्थित है।
- इचिनोप्स कुल के इस नए पुष्पीय पादप की सह्याद्री क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में उपस्थिति के कारण ही इसका नामकरण इचिनोप्स सह्याद्रिकस के रूप में किया गया है।
- इस वंश के पौधे सीधे खड़े एवं शाखा युक्त तने वाले शाकीय पौधे हैं।
- यह पश्चिमी महाराष्ट्र में ही मूलरूप से पाया जाता है तथा यहां के उत्तरी पश्चिमी घाट की खुली पहाड़ियों पर मिलता है।
- ये पौधे मानसून के दौरान उगते और बढ़ते हैं और नवंबर माह में इनमें फूल आते हैं।
- शोधकर्ताओं के अनुसार इचिनोप्स सह्याद्रिकस अपने मिश्रित पुष्पक्रम के आकार के कारण अद्वितीय है।
- इसके पुष्पों का व्यास 9 सेंटीमीटर तक मापा गया है, जो कि दुनियाभर की अन्य इचिनोप्स प्रजातियों की तुलना में अपेक्षाकृत बड़ा है।
- विश्व में इचिनोप्स (EChinops) की लगभग 130 प्रजातियां हैं, जिनमें पांच प्रजातियां भारत में और इनमें से अकेली दो महाराष्ट्र में मिलती हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sci-tech/science/new-species-of-echinops-found-in-sahyadri-mountains/article32944224.ece

हड्डियों वाले दांतों से युक्त विशाल काय पक्षी के जीवाश्म मिले

प्रश्न-वैज्ञनिकों ने पेलागोर्निथिड्स नामक विशालकाय पक्षी के जीवाश्म की पहचान की है। ये जीवाश्म कहां मिले हैं?

(a) दक्षिण-अफ्रीका (b) ऑस्ट्रेलिया (c) अंटार्कटिका (d) अलास्का (यू.एस.ए)

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2020 में वैज्ञानिकों द्वारा यह घोषणा की गई है कि उन्होंने पेलागोर्निथिड्स नामक विशालकाय पक्षी के जीवाश्म की पहचान की है।
- पेलागोर्निथिड्स के ये जीवाश्म वैज्ञानिकों ने 1980 में अंटार्कटिका से प्राप्त किए थे।
- अमेरिकी एवं चीनी शोधकर्ताओं की टीम ने इस हड्डीयुक्त दांतों वाले पक्षी के जीवाश्म का अध्ययन किया है।
- ये पक्षी लगभग 5 करोड़ वर्ष पूर्व पृथ्वी पर निवास करते थे।
- इस संबंध में विवरण साइंटिफिक रिपोर्ट नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ है।
- पेलागोर्निथिड्स, पक्षियों के एक विलुप्त समूह के सबसे पुराने विशाल सदस्यों में से एक है जो दक्षिणी समुद्रों में निवास करते थे।
- वैज्ञानिकों का मानना है कि ये पक्षी पृथ्वी से डायनासोरों के विलुप्त होने के बाद अस्तित्व में आए।
- अध्ययन में बताया गया है कि पेलागोर्निथिड्स डायनासोर के विलुप्त होने के बाद अपेक्षा कृत तीव्र गति से विशाल आकार में विकसित हुए।
- इस प्रजाति का अंतिम पक्षी अनुमानतः 2.5 मिलियन साल पहले पृथ्वी पर मौजूद था हिम युग की शुरुआत हो चुकी थी।
- इनकी चोंच में पाए जाने वाले दांत वास्तविक दांत न होकर सींगों या नाखूनों में पाए जाने वाले केरोटिन युक्त पदार्थों से बने थे।
- इनके ये दांत केवल शिकार को बाहर निकलने से रोके रखने में ही सहायक थे।
- पेलागोर्निथिड्स हालांकि पृथ्वी से डायनासोरों के सफाए के बाद विकसित हुए, लेकिन ये कभी उड़ने वाले डायनासोरों (Pterosaurs) जितनी विशाल आकृति नहीं प्राप्त कर पाए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sci-tech/energy-and-environment/antarctica-yields-fossils-of-giant-birds-with-21-foot-wingspans/article32963050.ece

सेंटिनेल-6 उपग्रह

प्रश्न-21 नवंबर, 2020 को महासागरों की निगरानी करने हेतु निर्मित किस उपग्रह को स्पेसएक्स फॉल्कन 9 रॉकेट के माध्यम से कैलिफोर्निया स्थित बांडेनबर्ग वायुसेना अड्डे से लांच किया गया है?

(a) सेंटिनेल-6 माइकल फ्रेइलिच (b) होपेक्स पोसाइडन

(c) जैसन-1 (d) ओएसटीएन/जैसन-2

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 नवंबर, 2020 को महासागरों के जलस्तर की निगरानी करने हेतु निर्मित कॉपरनिक्स सेंटिनेल-6 माइकल फ्रेइलिच उपग्रह को स्पेस-एक्स फॉल्कन 9 रॉकेट के माध्यम से कैलिफोर्निया स्थित बांडेनबर्ग वायुसेना अड्डे से लांच किया गया।
- यह उपग्रह वैश्विक समुद्र तल में परिवर्तनों को मापने के लिए समर्पित अगले मिशन का हिस्सा है।
- वैश्विक स्तर पर महासागरों में परिवर्तन पर नजर रखने हेतु वर्ष 1992 में लांच किए गए उपग्रह टोपेक्स पोसाइडन, जैसन-1 (2001) और ओएसटीएम/जैसन-2 (2008) हैं।
- सेंटिनेल-6 (Sentinel-6) उपग्रह का नाम डॉ. माइकल फ्रेइलिच के नाम पर रखा गया है।
- फ्रेइलिच वर्ष 2006-2019 तक नासा के पृथ्वी विज्ञान प्रभाग के निदेशक थे, जिनका अगस्त, 2020 में निधन हो गया।
- सेंटिनेल-6 बी उपग्रह को वर्ष 2025 में लांच किया जाएगा।
- इसे फ्रांस के नेशनल सेंटर फॉर स्पेस स्टडीज (CNES) के योगदान के साथ संयुक्त रूप से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA), नासा (NASA), मौसम संबंधी उपग्रहों के पूर्व सर्वेक्षण के लिए यूरोपीय संगठन, संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन और यूरोपीय संघ द्वारा विकसित किया गया है।
- नासा के अनुसार, सेंटिनेल-6 माइकल फ्रेइलिच उपग्रह चौथे दशक में समुद्र-स्तर के पर्यवेक्षण की निरंतरता सुनिश्चित करेगा और वैश्विक समुद्र-स्तर में हो रही वृद्धि की माप प्रदान करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nasa.gov/press-release/nasa-us-and-european-partners-launch-mission-to-monitor-global-ocean

ब्रह्मोस मिसाइल के नौसैन्य संस्करण का सफल परीक्षण

प्रश्न-24 नवंबर, 2020 को भारतीय सेना ने कहां ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के सतह से हमला करने वाले संस्करण का सफल परीक्षण किया?
(a) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह क्षेत्र (b) चांदीपुर
(c) जैसलमेर (d) पोखरण
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 1 दिसंबर, 2020 को भारतीय नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइल के नौसैन्य संस्करण का बंगाल की खाड़ी में सफल परीक्षण किया।
- इसके पूर्व 24 नवंबर, 2020 को भारतीय सेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह क्षेत्र (बंगाल की खाड़ी) सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के सतह से हमला करने वाले संस्करण (Land-Attack Version) का सफल परीक्षण किया गया था।
- यह मिसाइल विश्व की सबसे तेज क्रूज मिसाइलों में से एक है।
- यह लगभग 2.8 मैक की गति से वार करने में सक्षम है।
- यह एक मध्यम दूरी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे जहाजों, विमानों या जमीन से लांच किया जा सकता है।
- यह सतह-से-सतह पर मार करने वाली मिसाइल है।
- इसके जमीन से छोड़े जाने वाले संस्करण की रेंज को भी 290 से 400 किमी. तक बढ़ाया गया।

- इसका विकास भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और रूस के एनपीओ मशीनोस्ट्रोनिया (NPO Mashinostroyenia) के संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.livemint.com/news/india/india-successfully-test-fires-land-attack-version-of-brahmos-missile-11606216956369.html
https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1677433

बायोल्यूमिनसेंट मशरूम की खोज

प्रश्न-भारत के किस क्षेत्र में वैज्ञानिकों ने चमकने वाले मशरूम (Bioluminescent Mushroom) की खोज की है?
(a) उत्तराखंड (b) कर्नाटक (c) केरल (d) मेघालय
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- वैज्ञानिकों ने मेघालय के जंगलों में एक चमकने वाली मशरूम प्रजाति की खोज की है।
- वैज्ञानिकों ने इस चमकने वाले मशरूम (Bioluminescent Mushroom) को रोरिडो माइसेस फाइलोस्टैचिडिस (Roridomyces Phyllostachydis) नाम दिया है।
- दिन में यह किसी भी साधारण मशरूम की तरह दिखाई पड़ता है, लेकिन अंधेरा होने पर यह नीली-हरी रोशनी उत्सर्जित करता है।
- रात में अपनी इस हरी-नीली आभा के कारण यह दूर से ही पहचाना जा सकता है।
- मेघालय के स्थानीय लोग इसे इलेक्ट्रिक मशरूम के नाम से जानते हैं।
- इस मशरूम की खोज असम के एक एन.जी.ओ. और चाइनीज एकेडेमी ऑफ साइंसेज के शोधकर्ताओं ने मिलकर की है।
- ये दोनों संस्थाएं भारत के पूर्वोत्तर-राज्यों मेघालय, असम, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में फफूंदीय जैव विविधता पर काम कर रहे थे।
- विश्वभर में अब तक जैविक रूप में प्रकाश उत्सर्जक (Bioluminescent) मशरूमों की 96 प्रजातियां ज्ञात थीं, मेघालय में खोजी गई यह नई प्रजाति 97वीं इस प्रकार की नस्ल है।
- शोध में शामिल वैज्ञानिक के अनुसार इन मशरूमों में एक विशेष प्रकार का एंजाइम ल्यूसिफेरस पाया जाता है। जो ऑक्सीजन से प्रतिक्रिया कर अंधेरे में प्रकाश उत्सर्जन करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://newsvibesofindia.com/the-mysterious-case-of-glowing-mushrooms-in-meghalaya-forests-44219/

भारत की IRNSS नेवीगेशन प्रणाली को IMO की मान्यता मिली

प्रश्न-IMO द्वारा मान्यता प्राप्त स्वतंत्र नेवीगेशन प्रणाली के लिए भारत अब दुनिया का कौन सा राष्ट्र बन गया है?
(a) चौथा (b) पांचवां (c) छठवां (d) तीसरा
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 1 नवंबर, 2020 को भारतीय क्षेत्रीय नेवीगेशन सैटेलाइट सिस्टम (IRNSS) को अंतरराष्ट्रीय समुद्रीय संगठन (IMO) ने मान्यता प्रदान कर दी।
- इसके तहत अब भारत के IRNSS को हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में संचालन के लिए वर्ल्ड वाइड रेडियो नेवीगेशन सिस्टम (WWRNS) के एक घटक के रूप में स्वीकार किया गया है।
- भारत अब IMO द्वारा मान्यता प्राप्त अपना स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह रखने वाला विश्व का चौथा देश बन गया है।
- इस प्रकार की मान्यता प्राप्त तीन अन्य देश यूएसए, रूस तथा चीन हैं।
- IRNSS को यह मान्यता IMO की समुद्री सुरक्षा समिति (MSC) ने अपनी बैठक (102वें सत्र) के दौरान प्रदान की थी।
- IRNSS का वैश्विक महत्वः-
- इस प्रकार की मान्यता मिलने से अब IRNSS का उपयोग, व्यापारी जहाजों की स्थिरिक की जानकारी प्राप्त करने में, अन्य सदस्य देश भी कर सकेंगे।
- इस प्रकार की जानकारी अमेरिका के ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (GPS) और रूस के ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (GLONASS) के द्वारा भी की जाती है।
- IRNSS का उपयोग भारतीय सीमा में लगभग 1500 किमी. क्षेत्र में समुद्री जहाजों नेवीगेशन हेतु किया जा सकेगा।
- इस मान्यता के मिलने से अब भारतीय जल क्षेत्र में कम से कम 2500 व्यापारी जहाज IRNSS से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय IRNSS प्रणाली में आठ कृत्रिम उपग्रहों का अंतरिक्ष में स्थापित एक समूह है।
- IRNSS को राष्ट्रीय अनुप्रयोगों के लिए एक स्वतंत्र और स्वदेशी क्षेत्रीय अंतरिक्ष नेवीगेशन प्रणाली स्थापित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.imo.org/en/MediaCentre/PressBriefings/Pages/default.aspx

खेल परिदृश्य

टेनिस

23वां अल हबटूर टेनिस चैलेंज, 2020

प्रश्न-12 दिसंबर, 2020 को संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता अल हबटूर टेनिस चैलेंज, 2020 (23वां संस्करण) के महिला एकल का खिताब किसने जीता?

(a) क्रिस्टीना म्लाडेनोविक (b) सोराना क्रिस्टी (c) कैटरीना सिनियाकोवा (d) अंकिता रैना

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7-12 दिसंबर, 2020 के मध्य महिला टेनिस प्रतियोगिता अल हबटूर टेनिस चैलेंज, 2020 (23 वां संस्करण) दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में संपन्न हुई।

- प्रतियोगिता परिणाम
- महिला एकल
- विजेता-सोराना क्रिस्टी (रोमानिया)
- उपविजेता-कैटरीना सिनियाकोवा (चेकगणराज्य)
- महिला युगल
- विजेता-अंकिता रैना (भारत) और कैटरीन गोर्गोद्जे (जॉर्जिया)
- उपविजेता-अलियोना बोलसोवा जादोइनोव (स्पेन) और काजा जुवान (स्लोवाकिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.habtoortennis.com/

ऑरलैंडो ओपन, 2020

प्रश्न-22 नवंबर, 2020 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता ऑरलैंडो ओपन, 2020 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) ब्रैंडन नाकाशीमा (b) प्रजनेश गुणेश्वरन
(c) लक्ष्य सेन (d) रामकुमार रामनाथन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16-22 नवंबर, 2020 के मध्य एटीपी चैलेंजर टूर सत्र, 2020 की टेनिस प्रतियोगिता ऑरलैंडो ओपन, 2020 ऑरलैंडो, संयुक्त राज्य अमेरिका में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-ब्रैंडन नाकाशीमा (अमेरिका)
- उपविजेता-प्रजनेश गुणेश्वरन (भारत)
- पुरुष युगल
- विजेता-आन्द्रेई गोलुबेव और एलेक्जेंडर नेडोव्येसोव (दोनों कजाकिस्तान)
- उपविजेता-मिशेल क्रुएगर और जैक्सन विथ्रो (दोनों अमेरिका)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/scores/archive/orlando/9152/2020/results?matchType=doubles

क्रिकेट

भारत-ऑस्ट्रेलिया टी-20 सीरीज 2020-21

प्रश्न-4-8 दिसंबर, 2020 के मध्य भारत और ऑस्ट्रेलिया के मध्य तीन टी 20 मैचों की सीरीज ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई। इस सीरीज के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) भारत ने यह सीरीज- 2-1 से जीत ली।
(b) इस सीरीज में भारत के हार्दिक पांड्या को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
(c) सीरीज में सर्वाधिक 145 रन भारत के विराट कोहली ने बनाए।
(d) सीरीज में सर्वाधिक 6 विकेट भारतीय तेज गेंदबाज टी-नटराजन ने लिए।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 4-8 दिसंबर, 2020 के मध्य भारत और ऑस्ट्रेलिया के मध्य तीन टी-20 मैचों की सीरीज ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई।
- यह सीरीज भारत ने 2-1 से जीत ली।
- इस सीरीज में भारत के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पाड्या को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।
- प्लेयर ऑफ द सीरीज की ट्रॉफी लेने के बाद हार्दिक पांड्या ने इसे तेज गेंदबाज टी. नटराजन को सौंप दी।
- सीरीज का पहला मैच कैनबरा में मनुका ओवल मैदान पर खेला गया, जिसे भारत ने 11 रन से जीत लिया।
- दूसरा मैच सिडनी में खेला गया, जिसे भारत ने 6 विकेट से जीता।
- सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच भी सिडनी में खेला गया, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 12 रन से जीत लिया।
- सीरीज के पहले मैच रवींद्र जडेजा के चोटिल होने के बाद स्पिन गेंदबाज यजुवेंद्र चहल को कन्कशन सबस्टीट्यूट के रूप में उतारा गया।
- चहल कन्कशन सबस्टीट्यूट के रूप में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।
- इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने सर्वाधिक 145 रन बनाए।
- सीरीज में सर्वाधिक 6 विकेट भारतीय तेज गेंदबाज टी. नटराजन ने लिए।
- भारतीय तेज गेंदबाज टी. नटराजन ने इस सीरीज में अंतरराष्ट्रीय टी-20 में पदार्पण किया।
- इस सीरीज में भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली और ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान एरोन फिंच थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cricbuzz.com/cricket-series/3213/india-tour-of-australia-2020-21/stats

https://sportstar.thehindu.com/cricket/india-tour-of-australia/india-vs-australia-live-score-ind-vs-aus-2020-3rd-t20i-live-score-streaming/article33276786.ece

महिला बिग बैश लीग, 2020-21

प्रश्न-28 नवंबर, 2020 को संपन्न महिला बिग बैश लीग, 2020-21 में सिडनी थंडर ने किसे पराजित कर दूसरी बार खिताब जीत लिया?

(a) मेलबर्न स्टार्स (b) सिडनी सिक्सर (c) एडीलेड स्ट्राइकर्स (d) मेलबर्न रेनेगेडेस

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 25 अक्टूबर से 28 नवंबर, 2020 के मध्य क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा आयोजित महिला बिग बैश लीग, 2020-21 ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई।
- प्रायोजक-रेबेल (Rebel)
- प्रतिभागी टीमें-(8) मेलबर्न स्टार्स, ब्रिस्बेन हीट, सिडनी थंडर, पर्थ स्कॉर्चर्स, सिडनी सिक्सर, एडीलेड स्ट्राइकर्स, मेलबर्न रेनेगेडेस, होबार्ट हरिकेन्स
- 28 नवंबर, 2020 को सिडनी स्थित नॉर्थ ओवल मैदान पर खेले गए महिला बिग बैश लीग, 2020-21 के फाइनल मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स को सिडनी थंडर ने 7 विकेट से पराजित कर खिताब जीत लिया।
- सिडनी थंडर ने दूसरी बार इस प्रतियोगिता का खिताब जीता है।
- फाइनल मुकाबले में सिडनी थंडर की गेंदबाज शबनीम इस्माइल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।
- पर्थ स्कॉर्चर्स की सोफी डिवाइन 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुनी गईं।
- इस लीग में पर्थ स्कॉर्चर्स की बल्लेबाज बेथ मूनी ने सर्वाधिक रन (551 रन) बनाए।
- लीग में सिडनी थंडर की गेंदबाज सैमी-जो जॉनसन ने सर्वाधिक विकेट (22 विकेट) प्राप्त किए।
- सिडनी थंडर की कप्तान राचेल हेन्स और मेलबर्न स्टार्स की कप्तान मेग लैनिंग थीं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espncricinfo.com/story/_/id/30419951/odi-wbbl-final-draw-more-1-million-viewers

टेबल टेनिस

डिशांग आईटीटीएफ महिला विश्व कप, 2020

प्रश्न-10 नवंबर, 2020 को संपन्न टेबल टेनिस प्रतियोगिता डिशांग आईटीटीएफ महिला विश्व कप, 2020 का खिताब किसने जीता?

(a) सुन यिंग्शा (b) चेन मेंग (c) मीमा इटो (d) हान यिंग

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8-10 नवंबर, 2020 के मध्य डिशांग आईटीटीएफ महिला विश्व कप (Dishang ITTF Women's World Cup), 2020 वहाई, (Weihai) चीन में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- विजेता-चेन मेंग (चीन)
- उपविजेता-सुन यिंग्शा (चीन)

- जापान की मीमा इटो ने जर्मनी की हान यिंग को हराकर कांस्य पदक हासिल किया।
- कोविड-19 के कारण 8 महीने बाद हुई यह पहली अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता है।
- इस प्रतियोगिता में 15 देशों की कुल 21 खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- कोविड-19 के बाद यह चीन में आयोजित पहला ऐसा टूर्नामेंट है, जिसमें विदेशी खिलाड़ियों ने भी भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ittf.com/2020/11/10/dishang-2020-ittf-womens-world-cup-final-day/

फॉर्मूला वन

अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स, 2020

प्रश्न-13 दिसंबर, 2020 को संपन्न फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2020 की अंतिम कार रेस अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स, 2020 का खिताब किसने जीता?

(a) मैक्स वर्सटाप्पेन (b) लुईस हैमिल्टन (c) वाल्टेरी बोट्टास (d) अलेक्जेंडर एल्बॉन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 10-13 दिसंबर, 2020 के मध्य फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2020 की अंतिम कार रेस अबूधाबी ग्रैंड प्रिक्स, 2020 अबूधाबी में संपन्न हुई।
- यह रेस रेडबुल के ड्राइवर मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स) ने जीत लिया।
- वर्तमान सत्र में यह वर्सटाप्पेन की दूसरी, जबकि उनके कॅरियर की 10 वीं जीत है।
- मर्सिडीज के ड्राइवर वाल्टेरी बोट्टास (फिनलैंड) दूसरे स्थान पर रहे।
- मर्सिडीज के ही ड्राइवर लुईस हैमिल्टन (यू.के.) ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- इस सत्र में 17 में से 11 रेस जीतने वाले हैमिल्टन ओवर ऑल चैंपियन बने, किंतु एक सत्र में सबसे अधिक जीत का रिकॉर्ड नहीं बना सके।
- यह रिकॉर्ड सेबेस्टियन के नाम है, जिन्होंने रेडबुल के लिए वर्ष 2013 में 13 जीत हासिल की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.formula1.com/en/racing/2020/United_Arab_Emirates.html

फॉर्मूला 1 रोलेक्स सखिर ग्रैंड प्रिक्स, 2020

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में संपन्न फॉर्मूला 1 रोलेक्स सखिर ग्रैंड प्रिक्स, 2020 का खिताब किसने जीता है?

(a) सर्जियो पेरेज (b) कार्लोस सेंज (c) एस्टेबन ओकोन (d) लांस स्ट्रॉल

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में फॉर्मूला 1 रोलेक्स सखिर ग्रैंड प्रिक्स, 2020 बहरीन इंटरनेशनल सर्किट-आउटर ट्रैक, सखिर में संपन्न हुई।

- यह रेस रेसिंग प्वाइंट बीडब्ल्यूटी मर्सिडीज के ड्राइवर सर्जियो पेरेज (मैक्सिको) ने जीती।
- रेजॉल्ट के ड्राइवर एस्टेबन ओकोन (फ्रांस) दूसरे स्थान पर रहे।
- तीसरे स्थान पर रेसिंग प्वाइंट बीडब्ल्यूटी मर्सिडीज के ड्राइवर लांस स्ट्रॉल (कनाडा) रहे।
- 6 दिसंबर, 2020 को भारतीय ड्राइवर जेहन दारुवाला ने इस ग्रैंड प्रिक्स के दौरान फॉर्मूला 2 रेस जीता।
- फॉर्मूला 2 रेस जीतने वाले वह पहले भारतीय हैं।
- दारूवाला कारलिंग रेसिंग के लिए ड्राइविंग करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.gpfans.com/en/grand-prix/15307038/rolex-sakhir-grand-prix-2020/

तुर्की ग्रैंड प्रिक्स, 2020

प्रश्न-15 नवंबर, 2020 को संपन्न फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2020 की कार रेस तुर्की ग्रैंड प्रिक्स, 2020 का खिताब किसने जीता है?

(a) लुईस हैमिल्टन (b) सर्जियो पेरेज (c) सेबस्टियन वेट्टल (d) वाल्टेरी बोट्टास

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 12-15 नंवबर, 2020 के मध्य फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2020 की कार रेस तुर्की ग्रैंड प्रिक्स, 2020 तुर्की में संपन्न हुई।
- इस रेस का खिताब मर्सिडीज के ड्राइवर लुईस हैमिल्टन ने जीत लिया।
- इस जीत के साथ ही हैमिल्टन ने रिकॉर्ड सातवीं बार फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया और जर्मनी के माइकल शूमाकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।
- हैमिल्टन ने वर्ष 2008, 2014, 2015, 2017, 2018, 2019 और 2020 में फॉर्मूला वन चैंपियनशिप जीती है।
- माइकल शूमाकर ने वर्ष 1994, 1995, 2000, 2001, 2002, 2003 और 2004 में फॉर्मूला वन चैंपियनशिप जीती थी।
- यह हैमिल्टन के कॅरियर की 94वीं जीत है, जबकि शूमाकर ने अपने कॅरियर में 91 जीत हासिल की थी।
- इस कार रेस में रेसिंग प्वाइंट बीडब्ल्यूटी मर्सिडीज के ड्राइवर सर्जियो पेरेज (मेक्सिको) दूसरे स्थान पर रहे।
- फेरारी के जर्मन ड्राइवर सेबस्टियन वेट्टल तीसरे स्थान पर रहे।
- इस सत्र में अभी तीन रेस बाकी हैं और बोट्टास अब हैमिल्टन से आगे नहीं निकल सकते हैं।
- टीम तालिका में भी मर्सिडीज 504 अंकों के साथ पहले स्थान पर और रेड बुल रेसिंग टीम 240 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.formula1.com/en/racing/2020/Turkey.html

एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स, 2020

प्रश्न-1 नवंबर, 2020 को संपन्न फॉर्मूला वन कार रेस एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स, 2020 का खिताब किसने जीता?
(a) जुईस हैमिल्टन (b) वाल्टेरी बोट्टास (c) डेनियल रिकियार्डो (d) सर्जियो पेरेज

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 30 अक्टूबर, 2020 से 1 नवंबर, 2020 के मध्य फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2020 की 13वीं कार रेस एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स, 2020 इमोला, इटली में संपन्न हुई।
- यह रेस मर्सिडीज के ड्राइवर लुईस हैमिल्टन (यू.के.) ने जीत लिया।
- उन्होंने फॉर्मूला वन में रिकॉर्ड 93 वीं जीत हासिल की।
- इसी के साथ ही मर्सिडीज की टीम ने लगातार सातवीं बार टीम खिताब जीता है।
- यह टीम लगातार सात बार टीम खिताब। जीतने वाली पहली टीम बन गई है।
- इस टीम ने फरारी के लगातार 6 टीम खिताब जीतने के रिकॉर्ड को तोड़ा है।
- इस कार रेस में मर्सिडीज के ही ड्राइवर वाल्टेरी बोट्टास (फिनलैंड) दूसरे स्थान पर रहे।
- रेनॉल्ट के ड्राइवर डेनियल रिकियार्डो (ऑस्ट्रेलिया) ने तीसरा स्थान हासिल किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.formula1.com/en/latest/article.hamilton-wins-wild-race-in-imola-as-mercedes-clinch-seventh-straight.3B7QIQp1BeTM7SMlKlcoj8.html

https://www.formula1.com/en/racing/2020/EmiliaRomagna.html

बहरीन ग्रैंड प्रिक्स, 2020

प्रश्न-29 नवंबर, 2020 को संपन्न बहरीन ग्रैंड प्रिक्स, 2020 का खिताब किसने जीता है?
(a) अलेक्जेंडर अल्बोन (b) लुईस हैमिल्टन (c) मैक्स वर्सटाप्पेन (d) लैंडो नौरिस

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 26-29 नंवबर, 2020 के मध्य फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2020 की 15वीं कार रेस बहरीन ग्रैंड प्रिक्स, 2020 बहरीन में संपन्न हुई।
- यह रेस मर्सिडीज के ड्राइवर लुईस हैमिल्टन (यू.के.) ने जीत लिया।
- यह हैमिल्टन की इस सीजन की 11 वीं खिताबी जीत है।
- रेडबुल के ड्राइवर मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स) दूसरे स्थान पर रहे।
- रेडबुल के ही थाई-ब्रिटिश रेसिंग ड्राइवर अलेक्जेंडर अल्बोन ने तीसरा स्थान हासिल किया।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.formula1.com/en/racing/2020/Bahrain.html
https://www.formula1.com/en/results.html/2020/races/1059/bahrain/race-result.html

एथलेटिक्स

एयरटेल दिल्ली हॉफ मैराथन, 2020

प्रश्न-29 नवंबर, 2020 को संपन्न दिल्ली हॉफ मैराथन, 2020 के पुरुष वर्ग का खिताब किसने जीता?

(a) अमेदेवर्क वेलेलेगन (b) एंडामलाक बेलिहु

(c) स्टीफेन किसा (d) अविनाश साबले

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 29 नवंबर, 2020 को 16वीं एयरटेल दिल्ली ऑफ मैराथन, नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- पुरुष इलीट वर्क में इथिओपिया के अमेदेवर्क वेलेलेगन ने यह रेस 58 मिनट, 53 सेकंड में पूरी कर खिताब जीत लिया।
- द्वितीय स्थान-एंडामलाक बेलिहु (इथियोपिया), 58:54 मिनट
- तृतीय स्थान-स्टीफेन किसा (युगांडा), 58:56 मिनट
- महिला इलीट वर्ग में इथियोपिया की यालेमजर्फ येहुआला ने यह रेस 1 घंटा, 4 मिनट और 46 सेकेंड में पूरी कर जीत ली।
- द्वितीय स्थान-रूथ चेपंगेटिच-(केन्या), 1 घंटा, 5 मिनट, 6 सेकेंड
- तृतीय स्थान-अबाबेल येशानेह (इथिओपिया) 1 घंटा, 5 मिनट, 21 सेकेंड
- भारतीय वर्ग विजेता
- अविनाश साबले-1:00:30 सेकेंड
- श्रीनु बुगाता-1:04:16 सेकेंड
- दुर्गा बहादुर बुद्धा-1:04:19 सेकेंड
- महिला वर्ग
- पारुल चौधरी-1:12:18 सेकेंड
- संजीवनी जाधव-1:13:00 सेकेंड
- कोमल जगदाले-1:14:04 सेकेंड
- अविनाश साबले ने 1 मिनट 30 सेकेंड के समय में यह रेस पूरी कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।
- ओवरआल वह 10वें स्थान पर रहे।
- पूर्व में राष्ट्रीय हॉफ मैराथन रिकॉर्ड महाराष्ट्र के कालीदास हिरावे के नाम था, जिन्होंने ऑफ मैराथन 1 घंटा, 3 मिनट और 46 सेकेंड के समय में जीता था।
- साबले पहले भातरीय हैं, जिन्होंने हॉफ मैराथन 61 मिनट से कम समय में पूरा किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/spotlight/airtel-delhi-half-marathon-2020-paves-the-way-for-resurgence-of-sports-in-india/articleshow/79581840.cms

वालेंसिया मैराथन, 2020

प्रश्न-6 दिसंबर, 2020 को संपन्न वालेंसिया हॉफ मैराथन में किस पुरुष धावक ने पुरुषों के हॉफ मैराथन में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया?

(a) किबिवोत कांडी (b) जैकब किपलिमो (c) रहोनेक्स किपरूटो
(d) अलेक्जेंडर मुटिसो

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 6 दिसंबर, 2020 को वालेंसिया मैराथन, 2020 वालेंसिया स्पेन में संपन्न हुई।
- केन्या के किबिवोत कांडी ने पुरुषों के हॉफ मैराथन में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- कोडी ने 21 किमी. की दौड़ को 57 मिनट और 32 सेकेंड में पूरा कर यह रिकॉर्ड बनाया।
- उन्होंने वर्ष 2019 में ज्योफ्रे कामवोरोर (58 मिनट, 1 सेकेंड) द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ा है।
- यूगांडा के जैकब किपलिमों ने यह दौड़ 57 मिनट और 37 सेकेंड में पूरी की और दूसरे स्थान पर रहे।
- तीसरे स्थान पर केन्या के रहोनेक्स किपरूटो (57 मिनट और 49 सेकेंड) और चौथे स्थान पर केन्या के अलेक्जेंडर मुटिसो (57 मिनट और 59 सेकेंड) रहे।
- इस सभी धावकों ने ज्योफ्रे कामवोरोर से कम समय में यह दौड़ पूरी की।
- महिला वर्ग में इथियोपिया गेजेबे दिबाबा ने हॉफ मैराथन दौड़ 1 घंटा 5 मिनट, 18 सेकेंड में पूरी कर यह दौड़ जीती।
- शीला चेपकिरुई (केन्या) यह दौड़ 1 घंटा, 5 मिनट, 39 सेकेंड में पूरी कर दूसरी स्थान पर रहीं।
- पुरुषों की फुल मैराथन दौड़ केन्या के इवांस चीबेट (2:03:00) ने जीत ली।
- केन्या के ही लारेंस चेरोनो (2:03:04) दूसरे स्थान पर रहे।
- महिलाओं की फुल मैराथन दौड़ पेरेस जेपिरचिर (2:17:16) ने जीती।
- केन्या की ही धाविका जॉयसिलीन जेपिरचिर (2:18:40) दूसरे स्थान पर रहीं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/sports/sport-others/kenyas-kandie-smashes-half-marathon-world-record-in-valencia-7094155/

आईएएएफ (IAAF)

प्रश्न-IAAF के विषय में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(1) नवंबर,2019 से इंटरनेशनल वर्ल्ड एथलेटिक्स फेडरेशन (IAAF) को ' वर्ल्ड एथलेटिक्स' के नाम से जाना जाएगा।
(2) वर्तमान में इसके अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए (Sebastian Coe) हैं।
(3) IAAF की स्थापना वर्ष 1912 में इंटरनेशनल एमेच्योर एथलेटिक के रूप में हुई थी, जिसका नाम वर्ष, 2001 में बदलकर ''इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन'' कर दिया गया था।
(4) इसके पहले अध्यक्ष लॉमिन दियाक थे।

कूटः

(a) केवल 3 एवं 4 (b) केवल 1 एवं 4 (c) केवल 1,2 एवं 3 (d) सभी सत्य हैं

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (IAAF) ने आधिकारिक तौर पर अपना नाम बदल लिया, अब इसे इसके नए " वर्ल्ड एथलेटिक्स" के नाम से जाना जाएगा।
- नाम में बदलाव इसे और अधिक सुलभ बनाने के लिए किया गया है।
- वर्तमान में इसके अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए (Sebastian Coe) हैं, जो यूनाइटेड किंगडम के पूर्व एथलीट एवं राजनेता रहे हैं।
- IAAF की स्थापना वर्ष 1912 में इंटरनेशनल एमेच्योर एथलेटिक फेडरेशन के रूप में हुई थी, जिसका नाम वर्ष 2001 में बदलकर इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन कर दिया गया था।
- इसके पहले अध्यक्ष स्वीडन देश के निवासी सिगफ्रीड एडस्ट्रोम थे।
- इसका मुख्यालय मोनाको, फ्रांस में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worldathletics.org/news/press-release/iaaf-unveils-new-name-and-logo

खेल विविध

खेलो इंडिया केंद्र

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने सेवानिवृत्त खिलाड़ियों को रोजगार प्रदान करने हेतु देशभर में कितने खेलो इंडिया केंद्रों की स्थापना करने की घोषणा की है?
(a) 500 (b) 800 (c) 1000 (d) 1500

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 8 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने घोषणा की कि सरकार सेवानिवृत्त खिलाड़ियों को रोजगार प्रदान करने हेतु देशभर में 1000 खेलो इंडिया केंद्रों की स्थापना करेगी।
- यह घोषणा उन्होंने फिक्की द्वारा आयोजित 10 वीं वैश्विक खेल शिखर सम्मेलन के दौरान की। खेल हमारे देश के समग्र विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।
- इसका उद्देश्य भारत में सभी प्रकार के खेलों के लिए अवसंरचना का विकास करना और भारत में खेल संस्कृति को एक नया रूप प्रदान करना है।
- इन खेलो इंडिया केंद्रों से भारत में खेल संस्कृति को नया आयाम प्रदान करने में भी मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/sport/other/2020/dec/08/govt-to-start-1000-khelo-india-centres-to-employ-retired-sportspersons-sports-minister-kiren-rijij-2233476.html

एशिया कप का वर्ष 2021 में आयोजन

प्रश्न-जून, 2021 में एशिया कप का आयोजन कहां किया जाएगा?

(a) भारत (b) श्रीलंका (c) पाकिस्तान (d) बांग्लादेश

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- जून, 2021 में एशिया कप का आयोजन श्रीलंका में किया जाएगा।
- पाकिस्तान ने वर्ष 2022 में इस टूर्नामेंट का आयोजन करने के मेजबानी अधिकार हासिल किए हैं।
- श्रीलंका ने क्रिकेट पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) से मेजबानी अधिकार हासिल किए है।
- पूर्व में इस टूर्नामेंट का आयोजन 2020 में पाकिस्तान में किया जाना था, जिसे कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dnaindia.com/cricket/news-sri-lanka-to-host-asia-cup-in-2021-pakistan-in-2022-pcb-ceo-wasim-khan-2860363#:~:text=The%20tournament%20which%20was%20supposed,in%20Sri%20Lanka%20in%202021.&text=Speaking%20to%20PTI%2C%20PCB%20Chief,for%20the%202022%20Asia%20Cup.%22

पेरिस ओलंपिक, 2024 में शामिल नए खेल

प्रश्न-पेरिस ओलंपिक, 2024 में किस स्पर्धा को आधिकारिक तौर पर शामिल किया गया है?

(a) ब्रेकडांस (b) स्केटबोर्डिंग (c) सर्फिंग (d) स्पोर्ट क्लाइम्बिंग

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक ने जानकारी प्रदान की कि ब्रेकडांस को 2024 पेरिस ओलंपिक में आधिकारिक तौर पर शामिल किया गया है।
- युवा दर्शकों को लुभाने के लिए आईओसी ने यह फैसला किया है।
- टोक्यो ओलंपिक में स्केटबोर्डिंग, स्पोर्ट क्लाइम्बिंग और सर्फिंग को पहले ही शामिल किया गया है।
- पेरिस 2024 ओलंपिक आयोजन समिति ने विगत वर्ष आईओसी से 4 नए खेलों को ओलंपिक में शामिल करने का प्रस्ताव रखा था।
- 2018 यूथ ओलंपिक में इसे बतौर खेल शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया था।
- आईओसी ने पेरिस ओलंपिक में स्पर्धाओं की संख्या में कटौती की है, पेरिस में 329 पदक स्पर्धाएं होंगी।
- पेरिस ओलंपिक में एथलीट खिलाड़ियों का कोटा 10500 होगा।
- मुक्केबाजी और भारोत्तोलन में सबसे ज्यादा कटौती की गई है।
- ओलंपिक का दीर्घकालीन लक्ष्य पुरुष और महिला खिलाड़ियों की समान भागीदारी है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने हेतु खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु

प्रश्न- नवंबर, 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की न्यूनतम आयु कितनी निर्धारित कर दी है?

(a) 15 वर्ष (b) 16 वर्ष (c) 18 वर्ष (d) 19 वर्ष

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2020 को खिलाड़ियों की सुरक्षा में सुधार हेतु अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद(आईसीसी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की न्यूनतम आयु निर्धारित करने की घोषणा की।
- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा जारी नियमों के अनुसार 15 वर्ष से कम आयु के किसी भी खिलाड़ी को किसी भी पुरुष या महिला या अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- अपवाद की स्थिति में कोई भी देश परिषद के समक्ष अपील कर सकता है।
- ऐसे खिलाड़ियों को अनुमति देते समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके खेल के अनुभव और मानसिक विकास जैसे कारकों पर ध्यान देने के साथ ही यह भी देखा जाएगा कि खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दबाव को झेलने में सक्षम है या नहीं।
- ज्ञातव्य है कि अभी तक केवल 3 ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 15 वर्ष से कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व किया है।
- इन तीन खिलाड़ियों में हसन रजा (पाकिस्तान), एम. घेरसिम (रोमानिया) और मीत भावसागर (कुवैत) शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/sport/cricket/2020/nov/20/minimum-age-policy-player-must-be-15-years-old-to-play-international-cricket-says-icc-2225820.html

https://www.aninews.in/news/sports/cricket/player-must-be-15-year-old-to-play-international-cricket-says-icc20201120085417/

चर्चित खेल व्यक्तित्व

भारतीय साफ्टबॉल महासंघ की पहली महिला अध्यक्ष

प्रश्न-23 दिसंबर, 2020 को किसे भारतीय साफ्टबॉल महासंघ की पहली महिला अध्यक्ष चुना गया है?

(a) सस्मिता मलिक (b) अदिती चौहान

(c) नीतल नारंग (d) मनीषा कल्याण

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 दिसंबर, 2020 को नीतल नारंग भारतीय साफ्टबॉल महासंघ की अध्यक्ष चुनी गईं।
- वह भारतीय साफ्टबॉल महासंघ की पहली महिला अध्यक्ष बनी हैं।
- उन्हें इस महासंघ की स्वर्ण जयंती के अवसर पर अध्यक्ष चुना गया है।

- इससे पूर्व वह भारतीय साफ्टबॉल महासंघ की उपाध्यक्ष थीं।
- वह इस पद पर राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी का स्थान ग्रहण करेंगी।
- राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी को इस महासंघ का आजीवन अध्यक्ष बनाया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/neetal-narang-becomes-first-female-president-of-softball-federation-of-india/1998318

मोहम्मद आमिर

प्रश्न-17 दिसंबर, 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहम्मद आमिर ने 36 अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैचों में कितने विकेट हासिल किए हैं?
(a) 85 (b) 98 (c) 112 (d) 119
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 17 दिसंबर, 2020 को पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।
- मोहम्मद आमिर वर्ष 2009 में टी-20 विश्वकप और वर्ष 2017 में चैपियंस ट्रॉफी विजेता पाकिस्तानी टीम में शामिल थे।
- आमिर पर स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में वर्ष 2010 से वर्ष 2015 तक प्रतिबंध लगाया गया था।
- उन्होंने टेस्ट क्रिकेट और वनडे में वर्ष 2009 में पदार्पण किया था।
- उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर में 36 टेस्ट, 61 वनडे और 50 टी 20 मैच खेले।
- 36 टेस्ट में उन्होंने 751 रन बनाए और 119 विकेट हासिल किए।
- आमिर ने 61 वनडे मैचों में 363 रन बनाए और 81 विकेट हासिल किए।
- 50 टी 20 मैचों में उन्होंने 59 रन बनाए और 59 विकेट हासिल किए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cricbuzz.com/profiles/1917/mohammad-amir

एरिक फ्रीमैन

प्रश्न-14 दिसंबर, 2020 को एरिक फ्रीमैन का निधन हो गया। वह किस देश के टेस्ट क्रिकेटर थे?
(a) इंग्लैंड (b) ऑस्ट्रेलिया (c) दक्षिण अफ्रीका (d) न्यूजीलैंड
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर एरिक फ्रीमैन का निधन हो गया।
- फ्रीमैन ऑस्ट्रेलिया के 244वें टेस्ट खिलाड़ी थे।
- उन्होंने वर्ष 1968 में गाबा में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।
- फ्रीमैन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 11 अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 345 रन बनाए और 34 विकेट लिए।

- फरवरी, 1970 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने अपने कॅरियर का अंतिम टेस्ट मैच खेला था।
- क्रिकेट के अलावा वह फुटबॉल भी (पोर्ट एडिलेड की तरफ से) खेलते थे।
- फ्रीमैन को वर्ष 2002 में खेलों में उनकी सेवा के लिए 'मेडल ऑफ द ऑर्डर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.abc.net.au/news/2020-12-15/cricketer-and-sanfl-footballer-eric-freeman-dies/12984524

पार्थिव पटेल

प्रश्न-9 दिसंबर, 2020 को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने कितने टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया?

(a) 15 (b) 22 (c) 25 (d) 35

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2020 को विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास लेने की घोषणा की।
- पार्थिव पटेल ने अगस्त, 2002 में इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।
- वनडे क्रिकेट में उन्होंने जनवरी, 2002 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध पदार्पण किया था और अंतिम वनडे फरवरी, 2012 में इंग्लैंड के विरुद्ध खेला था।
- पटेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में 25 टेस्ट, 38 वनडे और 2 टी-20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- उन्होंने 25 टेस्ट मैचों में 934 रन बनाए।
- 38 वनडे मैचों में उन्होंने 736 रन और 2 टी-20 मैचों में 36 रन बनाए।
- अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने किसी प्रारूप में शतक नहीं लगाया है।
- आईपीएल में पार्थिव ने 139 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 2848 रन बनाए हैं।
- वह सबसे कम उम्र में बतौर विकेटकीपर टेस्ट में पदार्पण करने वाले खिलाड़ी हैं और ओवरऑल चौथे सबसे युवा खिलाड़ी थे।
- पार्थिव ने 194 प्रथम श्रेणी मैचों में 11,240 रन बनाए हैं।
- पार्थिव की कप्तानी में वर्ष 2016-17 में गुजरात की टीम ने पहली बार रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट जीता था।
- वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (RCB) की तरफ से खेले।
- अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कॅरियर में पार्थिव ने विकेटकीपर के रूप में टेस्ट में 62 कैच लिए और 10 स्टंप किए।
- वनडे में उन्होंने 30 कैच लिए और 9 स्टंप किए।
- आईपीएल 2020 में उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की तरफ से एक भी मैच में खेलने का अवसर नहीं मिला।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espncricinfo.com/story/former-india-wicketkeeper-parthiv-patel-retires-from-all-forms-of-cricket-1242073

पाउलो रोसी

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में पाउलो रोसी का निधन हो गया। वह किस देश के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी थे?
(a) ब्राजील (b) अर्जेंटीना (c) इटली (d) फ्रांस
उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2020 को इटली के पूर्व फुटबॉलर पाउलो रोसी का निधन हो गया।
- फीफा विश्वकप, 1982 में उन्होंने इटली के लिए सबसे अधिक गोल (6 गोल) किए थे।
- इस विश्व कप में उन्हें गोल्डन बूट और गोल्डन बॉल अवॉर्ड प्रदान किया गया था।
- वर्ष 1982 में ही रोसी को बैलोन डी' ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- रोसी ने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में इटली की तरफ से 20 गोल किए।
- उन्होंने अपने क्लब कॅरियर की शुरुआत विकेंजा के साथ की थी और वर्ष 1981 में जुवेंट्स से जुड़ गए।
- उन्होंने 338 क्लब मैचों में 134 गोल किए थे।
- रोसी ने वर्ष 1981-82 और 1983-84 में जुवेंट्स के साथ दो मौकों पर सीरी ए खिताब और 1984-85 में ओल्डलेडी के साथ यूरोपीय कप भी जीता था।
- खेल कॅरियर खत्म करने के बाद वह इटली के टीवी चैनल आरएआई स्पोर्ट्स के साथ विशेषज्ञ के तौर पर काम कर रहे थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aljazeera.com/news/2020/12/10/italian-football-legend-paolo-rossi-dies-aged-64

चौथा प्रो एमएसए खिताब विजेता भारतीय महिला रेसलर

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में किस महिला पहलवान ने चौथी बार प्रो एमएमए चैंपियनशिप का खिताब जीता है?
(a) गीता फोगाट (b) विनेश फोगाट (c) रितु फोगाट (d) कर्णम मल्लेश्वरी
उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में भारतीय पहलवान और मार्शल आर्ट फाइटर रितु फोगाट ने सिंगापुर में आयोजित प्रो एमएमए चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।यह उनके द्वारा विजित लगातार चौथा एमएमए चैंपियनशिप खिताब है।
- रितु ने इसे जीत के साथ ही प्रो. एमएमए में अपने 4-0 के रिकॉर्ड को कायम रखा है।
- भारत की महिला पहलवान ने फिलीपींस की जोमारी टोरेस को तकनीकी राउंड में हराया।
- रितु ने तीसरा एमएमए चैंपियनशिप खिताब सिंगापुर में जीता था।रितु फोगाट 'द इंडियन टाइग्रेस' के नाम से प्रसिद्ध हैं।रितु ने अपने रेसलिंग कॅरियर में तीन भारतीय नेशनल चैंपियनशिप और वर्ष 2016 में कॉमनवेल्थ रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/sports/sport-others/ritu-phogat-beats-jomary-torres-extends-unbeaten-pro-mma-record-7092772/

डेनिस राल्स्टन

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में हॉल ऑफ फेम टेनिस खिलाड़ी डेनिस राल्स्टन का निधन हो गया। वह किस देश के 60 के दशक के प्रसिद्ध खिलाड़ी थे?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) अमेरिका (c) जर्मनी (d) फ्रांस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 दिसंबर, 2020 को हॉल ऑफ फेम अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी डेनिस राल्स्टन का निधन हो गया।
- उन्होंने 5 बार ग्रैंड स्लैम युगल खिताब जीता था।
- वह साठ के दशक में पेशेवर विश्व चैंपियनशिप टूर से जुड़ने वाले शुरुआती खिलाड़ियों में शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/news/dennis-ralston-december-2020-obituary

कोरी एंडरसन

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में न्यूजीलैंड के हरफनमौला क्रिकेटर कोरी एंडरसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने किस देश की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के साथ 3 वर्ष का करार किया है?

(a) ब्रिटेन (b) फ्रांस (c) अमेरिका (d) भारत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2020 को न्यूजीलैंड के हरफनमौला क्रिकेटर कोरी एंडरसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।संन्यास के बाद वह संयुक्त राज्य अमेरिका की तरफ से मैच खेलेंगे।
- उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के साथ 3 वर्ष का करार किया है।
- एंडरसन के नाम एक दिवसीय मैचों में दूसरा सबसे तेज शतक (36 गेंदों पर) लगाने का रिकॉर्ड है।
- यह शतक उन्होंने वेस्टइंडीज के विरुद्ध वर्ष 2014 में बनाया था।एवी डिविलियस ने वर्ष 2015 में 31 गेंदों पर शतक लगाकर कोरी एंडरसन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था।वर्ष 2015 के विश्वकप में न्यूजीलैंड का फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की थी।एंडरसन ने अक्टूबर, 2013 में बांग्लादेश के विरुद्ध टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और अंतिम टेस्ट मैच फरवरी, 2016 में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेला।उन्होंने जून, 2013 में इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया।अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में उन्होंने 13 टेस्ट, 49 वनडे और 31 टी-20 मैच खेले।
- 13 टेस्ट में उन्होंने 683 रन बनाए और 16 विकेट हासिल किए।
- 49 वनडे में उन्होंने 60 विकेट हासिल किए और 1109 रन बनाए।
- 31 टी 20 मैचों में एंडरसन ने 485 रन बनाए और 14 विकेट हासिल किए।
- आईपीएल में उन्होंने 30 मैच खेले, जिसमें 538 रन बनाया और 11 विकेट लिए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/cricket/new-zealand-all-rounder-corey-anderson-announces-international-retirement/article33256358.ece

एनरिक लोपेज पेरेज

प्रश्न-1 दिसंबर, 2020 को टेनिस खिलाड़ी एनरिक लोपेज पेरेज पर वर्ष 2017 में मैच फिक्स करने के आरोप में 8 वर्ष तक का प्रतिबंध लगा दिया गया है। वह किस देश के टेनिस खिलाड़ी हैं?

(a) ब्राजील (b) अर्जेंटीना (c) स्पेन (d) सर्बिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 दिसंबर, 2020 को स्पेन के टेनिस खिलाड़ी एनरिक लोपेज पेरेज पर वर्ष 2017 में मैच फिक्स करने के आरोप में 8 वर्ष तक प्रतिबंध लगा दिया गया है।
- टेनिस इंटीग्रिटी यूनिट के अनुसार, लोपेज प्रतिबंधित होने के दौरान किसी भी आधिकारिक मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट में नहीं खेल सकते हैं।
- उन पर 25,000 डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.skysports.com/tennis/news/12110/12147970/enrique-lopez-perez-gets-eight-year-ban-from-tennis-for-match-fixing#:~:text=Spanish%20tennis%20player%20Enrique%20Lopez,involvement%20in%20match%2Dfixing%20activities.&text=Perez%20was%20provisionally%20suspended%20in,for%20the%20next%20eight%20years.

यूरोप में शीर्ष स्तर की पेशेवर लीग में गोल करने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर

प्रश्न-6 दिसंबर, 2020 को कौन यूरोप में शीर्ष स्तर की पेशेवर लीग में गोल करने वाली पहली महिला फुटबॉलर बनी?

(a) अदिति चौहान (b) बाला देवी (c) डालिमा छिब्बर (d) अंजू तमांग

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 दिसंबर, 2020 को भारतीय महिला फुटबॉलर बाला देवी यूरोप में शीर्ष स्तर की पेशेवर लीग में गोल करने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन गई हैं।भारत की बाला देवी ने स्कॉटिश महिला प्रीमियर लीग में रेंजर्स एफसी की मदरवेल एफसी के विरूद्ध 9-0 की एकतरफा जीत में अपना पहला गोल किया।
- इस मुकाबले में क्रिसटी होवाट और लिजी अर्नोट ने हैट्रिक बनाई।बाला जनवरी में यूरोप के किसी शीर्ष स्तर क्लब से पेशेवर अनुबंध वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/sports/football/story/bala-devi-becomes-1st-indian-woman-to-score-in-a-top-tier-europe-league-1747517-2020-12-07

पापा बोउबा डिओप

प्रश्न-29 नवंबर, 2020 को दिग्गज फुटबॉलर पापा बोउबा डिओप का निधन हो गया। वह किस देश के फुटबॉलर थे।
(a) नाइजीरिया (b) घाना (c) सेनेगल (d) फ्रांस
उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 नवंबर, 2020 को सेनेगल के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी पापा बोउबा डिओप (Papa Bouba Diop) का 42 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- उनका निधन फ्रांस, पेरिस में हुआ।
- जापान और दक्षिण कोरिया में वर्ष 2002 में आयोजित फीफा विश्वकप के प्रारंभिक मैच में डिओप की गोल की मदद से सेनेगल ने गत चैंपियन फ्रांस को पराजित कर उलट फेर किया था।
- इस विश्व कप में सेनेगल ने पदार्पण किया था और इस जीत की बदौलत टीम क्वॉर्टर फाइनल तक पहुंची थी।
- इस फुटबॉलर ने अपने कॅरियर में फुल्हम
- पोर्ट्समाउथ, बर्मिंघम सिटी जैसे बड़े फुटबॉल क्लबों की तरफ से खेले।
- उन्होंने अपने पेशेवर कॅरियर में 261 मैच खेले और 26 गोल किए।
- अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में उन्होंने 63 मैच खेले और 11 गोल किए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/football/papa-boupa-diop-dead-senegal-football-2002-world-cup-premier-league-fulham-fifa/article33209705.ece

रोहित शर्मा

प्रश्न-हाल ही में सौंदर्य प्रसाधन निर्माता कंपनी 'वेगा' (Vega) ने किस भारतीय क्रिकेटर को अपना ब्रांड एंबेसेडर घोषित किया?
(a) रोहित शर्मा (b) ईशांत शर्मा (c) विराट कोहली (d) रवींद्र जडेजा
उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2020 में सौंदर्य प्रसाधन निर्माता कंपनी 'वेगा' ने भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एंबेसेडर घोषित किया।
- रोहित शर्मा इस कंपनी के पुरुषों के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शृंखला 'वेगा मेन' का प्रचार करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/rohit-sharma-to-endorse-vega/1956502

डिएगो माराडोना

प्रश्न-25 नवंबर, 2020 को अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना का निधन हो गया। उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने किस वर्ष विश्वकप का खिताब जीता था।

(a) 1982 (b) 1986 (c) 1990 (d) 1994

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 नवंबर, 2020 को अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- वर्ष 1986 में डिएगो माराडोना की कप्तानी में अर्जेंटीना ने विश्व कप जीता था।
- इस विश्व में खिताबी मुकाबले में अर्जेंटीना ने पश्चिम जर्मनी को 3-2 से पराजित किया था।
- माराडोना ने इस विश्वकप में 5 गोल किए थे।
- माराडोना ने अपने कॅरियर की शुरुआत 16 वर्ष की उम्र में अर्जेंटीना की जूनियर टीम के साथ की थी।
- उन्हें वर्ष 1986 के विश्वकप में इंग्लैंड के विरुद्ध 'हैंड ऑफ गॉड' के लिए याद किया जाता है।
- वर्ष 1997 में उन्होंने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की थी।
- वर्ष 1991 में माराडोना को कोकीन का उपयोग करने पर 15 महीनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।
- कुल 91 मैच माराडोना ने अर्जेंटीना के लिए खेले।
- अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 34 गोल किए।
- 491 क्लब मैच उन्होंने खेले और इस दौरान 299 गोल किए।
- वर्ष 1996 के विश्वकप में माराडोना प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट बने थे, जिसके लिए उन्हें गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया था।
- उन्हें 'गोल्डन ब्वॉय' के नाम से जाना जाता था।
- फीफा ने उन्हें ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के साथ 20वीं सदी के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर के सम्मान से सम्मानित किया था।
- माराडोना को वर्ष 1979, 1986, 1990 और 1992 में साउथ अमेरिकन फुटबॉलर ऑफ द ईयर चुना गया था।
- वर्ष 1982 में उन्होंने अर्जेंटीना की तरफ से पहला विश्वकप खेला था।
- वर्ष 1994 के विश्वकप में उन्हें एफेड्रिन लेने पर निलंबित कर दिया गया था।
- गोवा सरकार डिएगो माराडोना की विशाल प्रतिमा अगले वर्ष की शुरुआत में पूर्वी जिले के तटीय क्षेत्र में लाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.fifa.com/worldcup/archive/mexico1986/statistics/

डब्ल्यूबीबीएल-6 की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

प्रश्न-नवंबर, 2020 में किस महिला खिलाड़ी को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के छठे संस्करण का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है?

(a) सोफी डिवाइन (b) मेग लेनिंग (c) हीथर नाइट (d) बेथ मूनी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में न्यूजीलैंड की बल्लेबाज सोफी डिवाइन को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के छठे संस्करण का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है।पर्थ स्कॉचर्स की तरफ से खेलने वाली सोफी महिला लीग के इतिहास की पहली ऐसी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लगातार दूसरे वर्ष यह पुरस्कार जीता है।
- सोफी ने इस वर्ष 31 वोट हासिल किए, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी मेलबर्न स्टार्स की कप्तान मेग लेनिंग ने 29 वोट हासिल किए।
- सोफी ने इस वर्ष 56 की औसत से कुल 448 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।
- उन्होंने 5 विकेट भी हासिल किए।
- इस सीजन में सोफी ने 18 छक्के लगाए और वह महिला लीग के इतिहास में 100 छक्के लगाने वाली एकमात्र खिलाड़ी बन गई हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/sports/cricket/wbbl-sophie-devine-named-player-of-the-tournament20201124152949/

अहमद अहमद

प्रश्न-23 नवंबर, 2020 को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) की स्वतंत्र आचार समिति के सहायक सदन ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष और फीफा के उपाध्यक्ष अहमद अहमद को पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी पाए जाने पर कितने वर्षों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है?

(a) 2 वर्ष (b) 3 वर्ष (c) 5 वर्ष (d) 6 वर्ष

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 नवंबर, 2020 को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) की स्वतंत्र आचार समिति के सहायक सदन ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष और फीफा के उपाध्यक्ष अहमद अहमद को पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी पाए जाने पर 5 वर्षों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।
- उन पर 2 लाख 20 हजार डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dw.com/en/fifa-bans-africa-football-chief-ahmad-ahmad-for-5-years-over-corruption/a-55698617

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

एसौचैम इंडिया के नए अध्यक्ष

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में किसने प्रमुख वाणिज्य एवं उद्योग मंडल 'एसोचैम' इंडिया के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) विनीत अग्रवाल (b) डॉ. रचना अग्रवाल (c) सुनील कनोरिया (d) दीपक सूद

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (TCIL) के प्रबंध निदेशक (MD) विनीत अग्रवाल ने प्रमुख वाणिज्य एवं उद्योग मंडल 'एसोचैम इंडिया' (The Associated Chambers of Commerce and Industry of India) के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- इस पद पर इन्होंने हीरानंदानी ग्रुप ऑफ कंपनीज के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक डॉ. निरंजन हीरानंदानी का स्थान लिया।
- इसके अतिरिक्त ReNew Power के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुमंत सिन्हा एसोचैम के नए वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने हैं।
- एसोचैम इंडिया के बारे में-
- यह भारत के वाणिज्य संघों की एक प्रतिनिधि संस्था है।
- स्थापना-वर्ष 1920 ।
- यह भारत की वाणिज्य एवं व्यापार हितों की रक्षा के लिए काम करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/company/corporate-trends/vineet-agarwal-takes-over-as-new-assocham-president/articleshow/79838531.cms

शशि शेखर वेम्पति

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में प्रसार भारती के सीईओ शशि शेखर वेम्पति को किस प्रमुख ब्रॉडकास्टिंग यूनियन का उपाध्यक्ष चुना गया?

(a) ब्रिक्स ब्रॉडकास्टिंग यूनियन (b) एशिया पैसिफिक ब्रॉडकास्टिंग यूनियन (ABU)
(c) सार्क ब्रॉडकास्टिंग यूनियन (d) यूरोपीय ब्रॉडकास्टिंग यूनियन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) शशि शेखर वेम्पति को एशिया पैसिफिक ब्रॉडकास्टिंग यूनियन (ABU) का उपाध्यक्ष चुना गया।
- कार्यकाल-3 वर्ष

- इनके साथ जापान के मासागाकी सातोरू (Masagaki Satoru) और दक्षिण कोरिया के यांग संग डोंग (Yang Sung dong) भी ABU के उपाध्यक्ष चुने गए।
- इन सभी का कार्यकाल 1 जनवरी, 2021 से प्रारंभ होगा।
- तुर्की के इब्राहिम इरेन (Ibrahim Eren) को ABU का अध्यक्ष चुना गया है।
- कार्यकाल-3 वर्ष
- ABU के बारे में
- यह विश्व में सबसे बड़े प्रसारण संगठनों में से एक है।
- इसका गठन 1 जुलाई, 1964 को हुआ था।
- इसका मुख्यालय कुआलालंपुर, मलेशिया में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1681238

मोतीलाल वोरा

प्रश्न-21 दिसंबर, 2020 को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा का निधन हो गया। उनसे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) वह दो बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।
(ii) वह वर्ष 1993 से 1996 तक बिहार के राज्यपाल रहे।
(iii) वह वर्ष 2000-2018 तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) के कोषाध्यक्ष रहे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

(a) केवल (i) एवं (iii) (b) केवल (i) एवं (ii) (c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 दिसंबर, 2020 को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल मोतीलाल वोरा का निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1985 से 1988 तथा जनवरी, 1989 से दिसंबर, 1989 तक दो बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।
- वह वर्ष 1993 से 1996 तक उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे।
- केंद्र में पी.वी. नरसिंह राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में उन्होंने स्वास्थ्य और नागरिक उड्डयन मंत्री के रूप में भी सेवा ही।
- अप्रैल, 2002 से अप्रैल, 2020 तक छत्तीसगढ़ राज्य से राज्य सभा सदस्य रहे।
- वह वर्ष 2000-2018 तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) के कोषाध्यक्ष भी रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/congress-leader-motilal-vora-passes-away-at-93/article33384614.ece

अंब्रोस मांडकुलो डलामिनी

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में इस्वातिनी साम्राज्य के वर्तमान प्रधानमंत्री अंब्रोस मांडवुलो डलामिनी का निधन हो गया। इस्वातिनी साम्राज्य का संबंध विश्व के किस महाद्वीप से है?

(a) यूरोप (b) अफ्रीका (c) ऑस्ट्रेलिया (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13 दिसंबर, 2020 को इस्वातिनी साम्राज्य (Kingdom of Eswatini) के वर्तमान प्रधानमंत्री अंब्रोस मांडवुलो इलामिनी (Ambroce Mandvulo Dlamini) का कोविड-19 संक्रमण के कारण मृत्यु हो गयी।
- इस्वातिनी साम्राज्य दक्षिण अफ्रीका में स्थित एक भूआबद्ध (Landlocked) देश है, जिसे पूर्व में स्वाजीलैंड के नाम से जाना जाता था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pmindia.gov.in/en/news_updates/pm-condoles-demise-of-eswatini-prime-minister-ambrose-mandvulo-dlamini/

प्रो. रोद्दम नरसिम्हा

प्रश्न-14 दिसंबर, 2020 को प्रो. रोद्दम नरसिम्हा का निधन हो गया। वह थे-

(a) अंतरिक्ष वैज्ञानिक (b) परमाणु वैज्ञानिक (c) पर्यावरणविद् (d) साहित्यकार

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो. रोद्दम नरसिम्हा का निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1962 में IISc, एयरोस्पेस विभाग में प्रोफेसर पद पर रहे तथा 1982 में सेंटर फार एटमास्केरिक एंड ओशनिक साइंसेज की स्थापना की।
- इसके उन्होंने नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्रीज के निदेशक और बंगलुरू स्थित जवाहर लाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र की इंजीनियरिंग इकाई के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया था।
- उन्होंने अंतरिक्ष आयोग, प्रधानमंत्री की विज्ञान सलाहकार परिषद और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड सहित केंद्र सरकार के विभिन्न निकायों में भी उल्लेखनीय कार्य किया था।
- अंतरिक्ष कार्यक्रम में योगदान के लिए केंद्र सरकार ने उन्हें वर्ष 2013 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/aerospace-scientist-roddam-narasimha-passes-away-7105497/

विद्यावाचस्पति बनांजे गोविंदाचार्य

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में संस्कृत और कन्नड़ भाषा के प्रसिद्ध विद्वान विद्यावाचस्पति बनांजे गोविंदाचार्य जी का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(a) 2009 (b) 2010 (c) 2008 (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 13 दिसंबर, 2020 को संस्कृत और कन्नड़ भाषा के प्रसिद्ध विद्वान विद्यावाचस्पति बनांजे गोविंदाचार्य जी (Vidyavachaspati Bannaje Govindacharya ji) का निधन हो गया।
- वे 'मधवा' विचारधारा के प्रचारक के साथ वेदभाष्य, उपनिषद भाष्य, महाभारत, रामायण और पुराणों के ज्ञाता भी थे।
- साहित्य के क्षेत्र में अग्रणी योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2009 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- गोविंदाचार्य ने कई संस्कृत साहित्यिक कृतियों का कन्नड़ भाषा में अनुवाद किया और लगभग 150 पुस्तकें भी लिखीं।
- उन्होंने कन्नड़ डेली की साप्ताहिक पत्रिका उदयवाणी का 1970 के दशक से 3 दशक तक संपादन किया।
- विष्णु सहस्रनाम पर की गई उनकी टिप्पणियां जानी मानी हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/pm-modi-condoles-sanskrit-scholar-govindacharyas-demise/articleshow/79707166.cms?from=mdr

किम की-डक

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में किस प्रसिद्ध दक्षिण कोरियाई फिल्म निर्देशक का निधन हो गया?

(a) थिन सांग-ओके (b) किम की-डक (c) किम की-यंग (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2020 को प्रसिद्ध दक्षिण कोरियाई फिल्म निर्देशक किम की-डक (Kim Ki Duk) का कोविड-19 संक्रमण के कारण निधन हो गया।
- किम की-डक को विक्षोभकारी और विवादास्पद आर्ट-हाउस फिल्मों के निर्देशक के रूप में जाना जाता है।
- उनकी प्रमुख फिल्मों में द इस्ले (The Isle), 3-आयरन (3-Iran), स्प्रिंग (Spring), समर (Summer), फॉल (Fall) विंटर–एंड स्प्रिंग (winter—-and spring), मोएबियस (Moebius) पिएटा (Pieta) इत्यादि हैं।
- उनकी अंतिम फिल्म डिस्सॉल्व (Dissolve) वर्ष 2019 में रिलीज हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/entertainment/entertainment-others/south-korean-filmmaker-kim-ki-duk-passes-away-7101137/

मंगलेश डबराल

प्रश्न-9 दिसंबर, 2020 को मंगलेश डबराल का निधन हो गया। वह थे-
(a) कवि एवं लेखक (b) इतिहासकार (c) भौतिकविद् (d) पर्यावरणविद्
उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2020 को प्रसिद्ध कवि, लेखक एवं पत्रकार मंगलेश डबराल का निधन हो गया।
- वह जनसत्ता के साहित्य संपादक भी रह चुके हैं।
- उनके 5 काव्य संग्रहों में 'पहाड़ पर लालटेन', 'घर का रास्ता', 'हम जो देखते हैं','आवाज भी एक जगह है'और 'नए युग में शत्रु' शामिल हैं।
- इसके अतिरिक्त इनके दो गद्य संग्रह 'लेखक की रोटी' और 'कवि का अकेलापन' के साथ ही एक यात्रावृत्त 'एक बार आयोवा' भी प्रकाशित हो चुके हैं।
- उन्हें उनके काव्य संग्रह 'हम जो देखते हैं' के लिए वर्ष 2000 में साहित्य अकादमी पुरस्कार (हिंदी) से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/entertainment/hindi/2020/dec/09/famous-hindi-poet-manglesh-dabral-succumbs-to-covid-19-complications-at-72-2234065.html

दिनेश्वर शर्मा

प्रश्न-4 दिसंबर, 2020 को दिनेश्वर शर्मा का निधन हो गया। वह थे-
(a) चंडीगढ़ के प्रशासक (b) लक्षद्वीप के प्रशासक
(c) दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के प्रशासक
(d) पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त
उत्तर-(b)



संबंधित तथ्य

- 4 दिसंबर, 2020 को लक्षद्वीप के प्रशासक एवं आईबी के पूर्व निदेशक दिनेश्वर शर्मा का निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे।वह वर्ष 2019 में लक्षद्वीप के प्रशासक नियुक्त हुए थे।
- वह 1 जनवरी, 2015 से 1 जनवरी, 2017 तक खुफिया ब्यूरो (IB) के निदेशक रहे।
- वह जम्मू-कश्मीर के लिए केंद्र के वार्ताकार रह चुके हैं।
- उन्हें पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न संगठनों के साथ शांति वार्ता के लिए वर्ष 2017 में भारत सरकार का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/lakshwadweep-administrator-dineshwar-sharma-passes-away/article33253176.ece

एलिसन लूरी

प्रश्न-3 दिसंबर को पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित उपन्यासकार एलिसन लूरी का निधन हो गया। वह किस देश से संबंधित थीं?

(a) जर्मनी (b) स्पेन (c) ब्रिटेन (d) अमेरिका

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 3 दिसंबर, 2020 को पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित अमेरिकी उपन्यासकार एलिसन लूरी (Alison Lurie) का निधन हो गया। वह 94 वर्ष की थीं।
- उन्हें उनके उपन्यास 'फॉरेन अफेयर्स' (Foreign Affairs) के लिए वर्ष 1985 में पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- न्यूयॉर्क टाइम्स ने उन्हें अमेरिका के बेहद योग्य उपन्यासकारों में से एक बताया था।
- उनके अन्य प्रमुख उपन्यासों में 'लव एंड फ्रेंडशिप' (Love and Friendship), 'रियल पीपुल' (Real People) तथा 'द वॉर बिटवीन द टेट्स' (The War Between The Tates) आदि शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/life-style/books/features/alison-lurie-prize-winning-novelist-dead-at-94/articleshow/79563566.cms

वालेरी गिसकार्ड डी. स्टेयिंग

प्रश्न-2 दिसंबर, 2020 को किस देश के पूर्व राष्ट्रपति वालेरी गिसकार्ड डी स्टेयिंग (Valery Giscard d' Estaing) का निधन हुआ?

(a) रूस (b) फ्रांस (c) अमेरिका (d) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2020 को फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति वालेरी गिसकार्ड डी' स्टेयिंग (Valery Giscard d' Estaing) का निधन कोरोना संक्रमण से हुआ। वह 94 वर्ष के थे।
- वह 1974 से 1981 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे।
- राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल में उन्होंने मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दिया था तथा तलाक, गर्भपात पर कानूनों का विस्तार किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/international/former-french-president-giscard-destaing-dies-of-covid-19-complications/article33236457.ece

अस्ताद देबू

प्रश्न-10 दिसंबर, 2020 को अस्ताद देबू का निधन हो गया। वह थे-
(a) इतिहासकार (b) पर्यावरणविद् (c) नर्तक (d) वालिन वादक
उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 दिसंबर, 2020 को कथक और कथकली को मिलाकर एक अनूठी नृत्य शैली पेश करने के लिए मशहूर नर्तक अस्ताद देबू का निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे।
- उनका जन्म 13 जलाई, 1947 को नवसारी (गुजरात) में हुआ था।
- उन्होंने परंपरागत एवं आधुनिक शैली को मिलाकर नृत्य की एक नई विधा तैयार की है।
- अपनी प्रयोगधर्मी शैली में उन्होंने 70 से ज्यादा देशों में एकल, सामूहिक और युगल नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।
- उन्होंने मणिरत्नम, विशाल भारद्वाज जैसे फिल्मकारों की फिल्मों और प्रसिद्ध चित्रकार एम.एफ. हुसैन की फिल्म 'मीनाक्षीः ए टेल ऑफ थ्री सिटीज' के लिए कोरियाग्राफी भी की थी।
- नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें वर्ष 1995 में 'संगीत नाटक अकादमी' पुरस्कार दिया गया था।
- इसके अलावा, उन्हें केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2007 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.sentinelassam.com/amp/national-news/padma-shri-dancer-astad-debu-passed-away-515674

फाइजर/बायोएनटेक द्वारा निर्मित टीका लगवाने वाली विश्व की पहली व्यक्ति

प्रश्न-8 दिसंबर, 2020 को कोविड-19 से बचाव के लिए फाइजर/बायोएनटेक द्वारा निर्मित टीका लगवाने वाली विश्व की पहली व्यक्ति कौन बनीं?
(a) मार्गरेट थैचर (b) मार्गरेट कीनन (c) मार्गरेट कोवेंट्री (d) लुईस कीनन
उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 दिसंबर, 2020 को उत्तरी आयरलैंड की 90 वर्षीय महिला मार्गरेट कीनन कोविड-19 से बचाव के लिए फाइजर/बायोएनटेक द्वारा निर्मित टीका लगवाने वाली विश्व की पहली व्यक्ति बनीं।
- उनको टीका लगाए जाने के साथ ब्रिटेन के इतिहास के सबसे बड़े टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई।
- इसके साथ ही ब्रिटेन फाइजर/बायोएनटेक द्वारा विकसित कोविड-19 वैक्सीन को आम जनता को देने की शुरुआत करने वाला पहला पश्चिमी देश बना।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/science/health/uk-starts-covid-vaccination-first-person-to-get-pfizer-shot-is-a-90-year-old-11607412210887.html

महाशय धर्मपाल गुलाटी

प्रश्न-3 दिसंबर, 2020 को मसाला ब्रांड एमडीएच के मालिक महाशय धर्मपाल गुलाटी का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?

(a) वर्ष 2015 (b) वर्ष 2019 (c) वर्ष 2017 (d) वर्ष 2016

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 दिसंबर, 2020 को मसाला ब्रांड एमडीएच (MDH) के मालिक महाशय धर्मपाल गुलाटी का निधन हो गया। वह 97 वर्ष के थे।'मसाला किंग के नाम से प्रसिद्ध उनका जन्म 27 मार्च, 1923 को सियालकोट, पंजाब प्रांत ब्रिटिश इंडिया (अब पाकिस्तान) में हुआ था।
- उन्होंने वर्ष 1959 में नई दिल्ली में एचमडीएच (MDH: Mahashian Di Hatti) के मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना की।उन्हें वर्ष 2019 में केंद्र सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://wikibio.in/mahashay-dharampal-gulati-mdh/

सीमा सड़क संगठन के 27वें महानिदेशक

प्रश्न-1 दिसंबर, 2020 को किसने सीमा सड़क संगठन के 27वें महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) ले. जनरल हरपाल सिंह (b) ले. जनरल सुयश मल्होत्रा
(c) ले. जनरल राजीव चौधरी (d) ले. जनरल जी.एस. चीमा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 दिसंबर, 2020 को ले. जनरल राजीव चौधरी ने सीमा सड़क संगठन (BRO) के 27 वें महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- इससे पूर्व वह रक्षा मंत्रालय (आर्मी) के एकीकृत मुख्यालय की क्यूएमजी ब्रांच में एलडब्ल्यू एंड ई के अपर महानिदेशक का पद संभाल रहे थे।
- इस पद पर इन्होंने ले. जनरल हरपाल सिंह का स्थान लिया।
- ज्ञातव्य है कि सीमा सड़क सगठन की स्थापना मई, 1960 में हुई थी।
- इसका उद्देश्य शांतिकाल में सीमावर्ती इलाकों में जनरल स्टॉफ की ऑपरेशनल सड़कों का विकास एवं रख-रखाव व सीमावर्ती राज्यों का आर्थिक व सामाजिक उत्थान करना है।
- जबकि युद्धकाल में वास्तविक इलाकों से तथा पुर्नतैनाती इलाकों से नियंत्रण रेखा के लिए सड़क का विकास व देखभाल करना है।
- इसके अलावा सरकार द्वारा युद्धकाल के दौरान विनिर्दिष्ट अन्य अतिरिक्त कार्यों का निष्पादन करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.bro.gov.in/index2.asp?lang=1&sublinkid=5&slid=895&projectid=9

लोकसभा के नए महासचिव

प्रश्न-1 दिसंबर, 2020 को किसने लोकसभा के नए महासचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया?
(a) अनूप कुमार सिंह (b) उत्पल कुमार सिंह (c) स्नेहलता श्रीवास्तव (d) अनूप मिश्रा
उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 दिसंबर, 2020 को वरिष्ठ आईएएस अधिकारी उत्पल कुमार सिंह ने लोकसभा के नए महासचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- इससे पूर्व वह लोकसभा सचिवालय में सचिव के रूप में कार्यरत थे।
- वह वर्ष 1986 बैच के उत्तराखंड कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।
- इस पद पर इन्होंने लोकसभा की पहली महिला महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव का स्थान लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/india/story/retired-ias-officer-utpal-kumar-singh-appointed-secretary-general-of-lok-sabha-1745510-2020-11-30

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के नए अध्यक्ष

प्रश्न-30 नवंबर, 2020 को केंद्र सरकार ने किसे राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (NDDB) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया?
(a) वर्षा जोशी (b) दिलीप रथ (c) राजीव सिंह (d) राजेश शाह
उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 नवंबर, 2020 को केंद्र सरकार ने वर्षा जोशी को राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (NDDB) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया।
- वह पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय भारत सरकार में संयुक्त सचिव (CDD) हैं।
- उनकी नियुक्ति 1 दिसंबर, 2020 से प्रभावी है।
- इस पद पर वह दिलीप रथ का स्थान लेंगी।
- एनडीडीबी की स्थापना वर्ष 1965 में हुई थी।
- इसका उद्देश्य डेयरी उद्योग को भारत के ग्रामीण लोगों के विकास के साधन के रूप में परिवर्तित करना है।
- इसका मुख्यालय आणंद, गुजरात में हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/news/varsha-joshi-namedchairperson-of-nddb/article33211338.ece

संदीप कटारिया

प्रश्न-नवंबर, 2020 में संदीय कटारिया किस कंपनी के वैश्विक सीईओ नियुक्त हुए?
(a) बाटा कॉर्पोरेशन (b) गूगल (c) मास्टरकार्ड (d) आईबीएम
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में संदीप कटारिया मल्टीनेशनल फुटवियर कंपनी बाटा (कॉर्पोरेशन) के वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त हुए।
- वह बाटा इंडिया के सीईओ के रूप में भी काम कर चुके हैं।
- इस पद पर वह पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं।
- वह एलेक्सिस नसार्ड का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/services/retail/bata-appoints-india-ceo-sandeep-kataria-as-global-ceo/articleshow/79495402.cms?from=mdr

फिक्की के नए अध्यक्ष

प्रश्न-4 दिसंबर, 2020 को कौन प्रमुख व्यापारिक संगठन फिक्की के नए अध्यक्ष चुने गए?
(a) संदीप सोमानी (b) डॉ.संगीता रेड्डी (c) उदय शंकर (d) उदय कोटक
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 4 दिसंबर, 2020 को उदय शंकर देश के प्रमुख व्यापारिक संगठन फिक्की (FICCI: Federation of India Chambers of Commerce and Industry) के नए अध्यक्ष चुने गए।
- वह वर्ष 2020-21 के लिए फिक्की के अध्यक्ष चुने गए।
- वर्तमान में वह एशिया प्रशांत के लिए वाल्ट डिज्नी कंपनी के अध्यक्ष और स्टार और डिज्नी इंडिया के अध्यक्ष हैं।
- इस पद पर वह ओपोलो हॉस्पिटल समूह की संयुक्त प्रबंध निदेशक डॉ. संगीता रेड्डी का स्थान लेंगे।
- फिक्की भारत के व्यापारिक संगठनों का एक संघ है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1927 में महात्मा गांधी की सलाह पर घनश्याम दास बिड़ला एवं पुरुषोत्तम ठाकुरदास द्वारा की गई थी।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ficci.in/ficci-in-news-page.asp?nid=27504#:~:text=Media%20Coverage&text=Uday%20Shankar%20has%20been%20named,the%20incumbent%20President%20Sangita%20Reddy.

पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान में स्मारिका डाक टिकट जारी

प्रश्न-4 दिसंबर, 2020 को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने किस पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान में एक स्मारिक डाक टिकट जारी किया?

(a) इन्द्र कुमार गुजराल (b) विश्वनाथ प्रताप सिंह (c) चन्द्रशेखर सिंह (d) एच.डी. देवगौड़ा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 4 दिसंबर, 2020 को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने पूर्व प्रधानमंत्री इंद्रकुमार गुजराल (आई.के.गुजराल) के सम्मान में एक स्मारिका डाक टिकट जारी किया।इन्द्र कुमार गुजराल भारत के 12वें प्रधानमंत्री थे।
- उनका जन्म झेलम (अविभाजित पंजाब) में 4 दिसंबर, 1919 को हुआ था।
- भारत के प्रधामनंत्री बनने से पूर्व उन्होंने विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया।
- इसके अतिरिक्त उन्होंने जल संसाधन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला था।
- वह 1976 से वर्ष 1980 तक यूएसएसआर में भारत के राजदूत (मंत्रिमंडल स्तर) रहे।
- एच.डी. देवगौड़ा सरकार में केंद्रीय मंत्री रहते हुए उन्होंने 'गुजराल सिद्धांत' का प्रतिपादन किया था, जिसे भारत की विदेश नीति में मील का पत्थर माना जाता है।
- गुजराल सिद्धांत भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों के संचालन का मार्गदर्शन करने हेतु 5 सिद्धांतों का एक समूह है।यह सिद्धांत पड़ोसी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1678260

जेम्स डेविड वोल्फेंसन

प्रश्न-25 नवंबर, 2020 को जेम्स डेविड वोल्फेंसन का निधन हो गया। वह थे-

(a) विश्व बैंक समूह के पूर्व अध्यक्ष (b) विश्व व्यापार संगठन के पूर्व अध्यक्ष
(c) संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव (d) ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 25 नवंबर, 2020 को विश्व बैंक समूह के पूर्व अध्यक्ष जेम्स डेविड वोल्फेंसन (James David Wolfension) का निधन हो गया।वह 86 वर्ष के थे।
- उन्होंने वर्ष 1995 से 2005 तक विश्व बैंक समूह के 9वें अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nytimes.com/2020/11/25/business/economy/james-d-wolfensohn-dead.html

डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन के पहले सीईओ

प्रश्न-7 दिसंबर, 2020 को कौन उब्ल्यूएचओ फाउंडेशन के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त हुए?
(a) डॉ. सौम्या स्वामीनाथन (b) अनिल सोनी (c) डॉ. रमेश चंद्र (d) दीपक अहूजा

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 7 दिसंबर, 2020 को भारतीय मूल के प्रसिद्ध स्वास्थ्य विशेषज्ञ अनिल सोनी को डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन (WHO Foundation) का पहला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया।
- वह 1 जनवरी, 2021 को कार्यभार ग्रहण करेंगे।
- मई, 2020 में गठित यह फाउंडेशन विश्वभर में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को हल करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के साथ मिलकर काम करेगा।
- इसका मुख्यालय जेनेवा, स्विट्जरलैंड में है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://who.foundation/cms/wp-content/uploads/2020/12/WHO-Foundation-CEO-Anil-Soni-Press-Release.pdf

आईसीसी के नए अध्यक्ष

प्रश्न-24 नवंबर, 2020 को किसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के नए स्वतंत्र अध्यक्ष के रूप में चुना गया है?
(a) इमरान ख्वाजा (b) ग्रेग बार्कले (c) एहसान मनी (d) सौरव गांगुली

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 24 नवंबर, 2020 को ग्रेग बार्कले (न्यूजीलैंड) को अंतरराष्ट्रीय परिषद (ICC) के नए स्वतंत्र अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।
- वह इस पद पर शशांक मनोहर का स्थान लेंगे, जिन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में यह पद छोड़ दिया था।
- बार्कले वर्ष 2012 से न्यूजीलैंड क्रिकेट (NZC) के निदेशक रहे हैं और वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के बोर्ड में न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रतिनिधि हैं।
- वह आईसीसी मेंस क्रिकेट विश्वकप, 2015 के निदेशक थे।
- ग्रेग विभिन्न न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के साथ बोर्ड के पदों पर एक अनुभवी कपंनी निदेशक भी हैं।
- उल्लेखनीय है कि आईसीसी के चेयरमैन शशांक मनोहर के अपने पद से त्यागपत्र देने के बाद नए चेयन मैन की नियुक्ति होने तक इमरान ख्वाजा को अंतरिम चेयरमैन बनाया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/1907747#:~:text=Greg%20Barclay%20has%20been%20elected,stepped%20down%20earlier%20this%20year.

चर्चित स्थल

देश का पहला जेंडर हब

प्रश्न-भारत के पहले जेंडर हब के संदर्भ में विचार कीजिए।
(i) भारत का पहला जेंडर हब तमिलनाडु राज्य में स्थापित किया जाएगा।
(ii) यह जेंडर हब संयुक्त राष्ट्र महिला के सहयोग से स्थापित किया जाएगा।
निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (i) (b) केवल (ii) (c) (i) और (ii) दोनों (d) न तो (i) न ही (ii)

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 21 दिसंबर, 2020 को संयुक्त राष्ट्र महिला और केरल सरकार ने भारत के पहले जेंडर डेटा हब की स्थापना के संबंध में एक समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया।
- यह जेंडर पार्क लैंगिक समानता के लिए दक्षिण एशिया में हब के रूप में कार्य करेगा।
- इस जेंडर पार्क का उद्देश्य लैंगिक समानता स्थापित करना है।
- यह लैंगिक हब, नवंबर, 2015 में आयोजित हुए लैंगिक समानता पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में स्थापित लक्ष्यों पर आधारित हैं।
- इसके तहत, अधिक सुव्यवस्थित डेटा एकत्र करके, उसके विश्लेषण व उपयोग करने व उसे नीति-निर्माण के तरीकों में शामिल करना हैं, जिससे महिलाओं के अधिकारों को केंद्र में रखा जा सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.edexlive.com/news/2020/dec/21/un-women-andkerala-government-collaborate-for-indias-first-gender-data-hub-16760.html

किलाऊआ ज्वालामुखी

प्रश्न-20 दिसंबर, 2020 को किलायू ज्वालामुखी में विस्फोट हो गया। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित हैं?
(a) नॉर्वे (b) इटली (c) अमेरिका (d) जापान

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 20 दिसंबर, 2020 को अमेरिका के किलायू ज्वालामुखी (Mount Kilauea) में विस्फोट हो गया।
- विश्व के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक किलाय ज्वालामुखी विकराल रूप लेता जा रहा है।
- इस ज्वालामुखी के फटने के बाद आए भूकंप से आस-पास के लगभग 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।
- इससे पूर्व इस ज्वालामुखी में वर्ष 2018 में विस्फोट हुआ था।
- यह ज्वालामुखी अमेरिका के हवाई द्वीपसमूह के बिग द्वीप (आईलैंड) पर वोल्केनोज नेशनल पार्क में स्थित है।
- यह ज्वालामुखी हवाई पर स्थित 5 ज्वालामुखियों में से एक है।

- मौनालोआ, कोहाला, हुलालाई और मौना कि ज्वालामुखी भी इसी द्वीप पर स्थित हैं।
- उल्लेखनीय है कि हाल ही में इटली में स्थित माउंट एटना ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ था।
- माउंट एटना यूरोप का सबसे बड़ा और विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सक्रिय ज्वालामुखी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/trending/trending-globally/kilauea-volcano-eruption-hawaii-big-island-7115417/

जैविक क्षेत्र घोषित भारत का पहला केंद्रशासित प्रदेश

प्रश्न-जैविक क्षेत्र घोषित होने वाला भारत का पहला केंद्र शासित प्रदेश कौन है?
(a) लक्षद्वीप (b) पुडुचेरी (c) जम्मू-कश्मीर (d) अंडमान एवं निकोबार
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप को जैविक कृषि क्षेत्र घोषित किया।
- यह 100 प्रतिशत जैविक क्षेत्र का दर्जा हासिल करने वाला का भारत का पहला केंद्रशासित प्रदेश है, इससे पूर्व सिक्किम राज्य ने यह दर्जा वर्ष 2016 में प्राप्त किया था।
- केंद्र सरकार की परंपरागत कृषि विकास योजना (जैविक खेती सुधार कार्यक्रम) के तहत लक्षद्वीप शासित प्रदेश के पूरे 32 वर्ग किमी. क्षेत्र को जैविक रूप में प्रमाणित किया गया है।
- विगत 15 वर्षों से लक्षद्वीप में रसायनों और उर्वरकों का कोई शिपमेंट नहीं किया गया है।
- जैविक खेती में प्राकृतिक तरीकों से पौधों की खेती और पशुपालान शामिल है।
- इसमें मिट्टी की उर्वरता और पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने हेतु सिंथेटिक पदार्थों का उपयोग नहीं किया जाता है।
- परंपरागत कृषि विकास योजना को भागीदारी गारंटी प्रणाली प्रमाणीकरण के साथ जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था।
- इसमें प्रशिक्षण, क्लस्टर का गठन, विपणन और प्रमाणन शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2000 में उत्तराखंड ऑर्गेनिक फार्मिंग पॉलिसी लांच करने वाला देश का पहला राज्य था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.jagranjosh.com/current-affairs/lakshadweep-declared-first-ut-to-become-100-per-cent-organic-1607579902-1#:~:text=Shailaja%20Tripathi&text=Lakshadweep%20after%20Sikkim%20has%20become,of%20pesticides%20and%20synthetic%20fertilizers.

एशिया के डीपेस्ट गैस फील्ड 'आर-क्लस्टर' से गैस उत्पादन प्रारंभ

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में किस पेट्रोलियम उत्पादक कंपनी के द्वारा एशिया के सबसे गहरे ऑफ शोर गैस क्षेत्र 'आर-क्लस्टर' से गैस उत्पादन प्रारंभ करने की घोषणा की है?

(1) रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (2) ब्रिटिश पेट्रोलियम
(3) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (4) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन

इनमें से सत्य कथन का चुनाव करें?

(a) 1 व 2 (b) 2 व 3 (c) 3 व 4 (d) 1 व 4

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 18 दिसंबर, 2020 को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा ब्रिटिश पेट्रोलियम ने एशिया में सबसे गहरे ऑफ शोर गैस क्षेत्र आर-क्लस्टर से गैस उत्पादन प्रारंभ करने की घोषणा की।
- गौरतलब है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा ब्रिटिश पेट्रोलियम द्वारा कृष्णा गोदावरी डी-6 ब्लॉक में तीन डीप वाटर गैस परियोजनाएं-आर क्लस्टर, सैटेलाइट क्लस्टर तथा एमजे गैस क्षेत्र का विकास किया जा रहा है।
- ध्यातव्य है कि कृष्णा-गोदावरी डी-6 ब्लॉक में रिलयांस इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा ब्रिटिश पेट्रोलियम द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की जाने वाली तीनों डीप वाटर गैस परियोजना में आर कलस्टर क्षेत्र पहला है जहां गैस उत्पादन शुरू हुआ।
- कृष्णा गोदावरी डी-6 ब्लॉक में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की भागीदारी 66.67 प्रतिशत तथा ब्रिटिश पेट्रोलियम की भागीदारी 33.33 प्रतिशत की है।
- तीनो परियोजनाओं के माध्यम से 2023 तक भारत की कुल गैस मांग के 15 प्रतिशत भाग की पूर्ति होने का अनुमान है। आर क्लस्टर क्षेत्र से वर्ष 2021 तक 12.9 मिलियम स्टैंडर्ड क्यूबिक प्रतिदिन गैस उत्पादन का अनुमान है।
- ध्यातव्य है कि सैटेलाइट क्लस्टर से गैस का उत्पादन वर्ष 2021 में तथा एमजी क्षेत्र से गैस का उत्पादन वर्ष 2022 तक प्रारंभ होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।
- वर्ष 2023 तक तीनों क्षेत्रों से 30 मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रति दिन गैस उत्पादन का अनुमान व्यक्त किया गया है, जो भारत के कुल घरेलू गैस उत्पादन का 25 प्रतिशत है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/business/2020/dec/19/asias-deepest-gas-field-r-cluster-begins-production-off-andhra-pradesh-coast-2238286.html

आईएओ 9001: 2015 प्रमाणन प्राप्त देश का पहला चिड़ियाघर

प्रश्न-एएससीबी (ASCB), यूके द्वारा आईएसओ 9001: 2015 गुणवत्ता प्रबंधन मानक प्रमाणन प्राप्त करने वाला देश का पहला चिड़ियाघर कौन है?

(a) अरिगनर अन्ना जूलॉजिकल पार्क (b) नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क
(c) नेहरू जूलॉजिकल पार्क (d) पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में हैदराबाद, तेलंगाना स्थित नेहरू जूलॉजिकल पार्क को इसकी मानक कार्य प्रक्रियाओं के लिए एएससीबी (ASCB), यूके द्वारा आईएएसओ 9001:2015 गुणवत्ता प्रबंधन मानक प्रमाणन प्रदान किया गया है।
- यह प्रमाणन प्राप्त करने वाला देश का पहला चिड़ियाघर है।
- यह प्रमाणन तेलंगाना के वन मंत्री ए.इंद्रकरण रेड्डी को प्रदान किया गया।
- इस प्रमाणीकरण के लिए मूल्यांकन एचवाईएम (HYM) अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र ASCB (यूके) द्वारा आयोजित किया गया था।
- स्वच्छता, खाद्य प्रसंस्करण, चिड़ियाघर अस्पताल, पशु देखभाल, पशु प्रजनन, स्वच्छता जैसे मानकों से संतुष्ट होने के बाद संगठन द्वारा यह प्रमाणन दिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/Hyderabad/zoo-first-to-get-iso-certification/article33350144.ece

महाराष्ट्र की प्रथम विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय

प्रश्न-महाराष्ट्र संरकार द्वारा प्रथम विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना कहां की जाएगी?
(a) नागपुर (b) यवतमाल (c) सतारा (d) पुणे
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

The sports university will come up at Shiv Chhatrapati Krida Sankul, Balewadi, Pune.

- दिसंबर, 2020 में, महाराष्ट्र सरकार द्वारा पुणे के बालेवाड़ी स्थित शिव-छत्रपति खेल परिसर में प्रथम विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी।
- बालेवाड़ी खेल परिसर को एक विश्वविद्यालय के स्तर पर उन्नत किया जाएगा।
- प्रस्तावित नए खेल विश्वविद्यालय को 400 करोड़ रुपये की प्रारंभिक धनराशि भी प्रदान की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/sports/more-sports/others/maharashtras-first-sports-university-to-be-set-up-in-pune-minister/articleshow/79779805.cms

NCDE का उद्घाटन

प्रश्न-10 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री द्वारा किस राज्य में राष्ट्रीय 'दिव्यांग' सशक्तीकरण केंद्र (NCDE) का उद्घाटन किया है?
(a) तेलगांना (b) आंध्र प्रदेश (c) तमिलनाडु (d) कर्नाटक
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 10 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री जी किशन रेड्डी द्वारा-CRPF के शारीरिक रूप से अक्षम हुए अर्द्धसैन्य बलों के लिए 'राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तीकरण केंद्र' (NCDE) का उद्घाटन किया।
- NCDE की स्थापना हैदराबाद (तेलंगाना) के हकीमपेट में किया गया।

- NCDE केंद्र में CRPF दिव्यांग जवानों को 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI) साइबर सुरक्षा, डेटा एनालिसिस में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।इसके अलावा प्रशिक्षण का फोकस क्षेत्र मशीन लैंग्वेज, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, ऑडियो, विजुअल इफेक्ट्स, एवं ब्लॉक चेन तकनीकी में भी होगा।
- NCDE केंद्र CRPF के दिव्यांग जवानों को पैरा खेलों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रीत करेगा।
- NCDE केंद्र उच्च तकनीकी युक्त सूचना प्रौद्योगिकी, जिम, फिजियोथेरेपी रूम, ई-पुस्तकालय, योगा केंद्र जैसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा।
- CRPF के अनुसार अपनी सेवा के दौरान पिछले दशक (2010-2020) के दौरान 189 कर्मियों ने अपने अंगों को खो दिया है या विच्छेदन हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=National-Centre-for-Divyang-Empowerment-inaugurated-at-CRPF-Group-Centre-in-Hakimpet-near-Hyderabad&id=405857

लखनऊ एयरपोर्ट

प्रश्न-AAI ने नवंबर, 2020 में लखनऊ हवाई अड्डे को अडानी समूह को पट्टे पर सौंप दिया है। इस पट्टे की अवधि कितनी है?
(a) 50 वर्ष (b) 40 वर्ष (c) 30 वर्ष (d) 25 वर्ष
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में AAI (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण) ने लखनऊ हवाई अड्डे को अडानी समूह को पट्टे पर सौंप दिया।इस लीज (पट्टे) की अवधि 50 वर्ष निर्धारित की गई है।
- हाल के अन्य हैंडओवर (हस्तांतरण):-
- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 30 अक्टूबर, को मंगलुरू हवाई अड्डे को भी अडानी समूह को सौंप दिया था।
- छह प्रमुख हवाई अड्डों का निजीकरण एवं भारतीय विमानन परिदृश्यः-
- फरवरी, 2019 में केंद्र सरकार ने देश के छह प्रमुख हवाई अड्डों-लखनऊ, अहमदाबाद, जयपुर, मंगलुरू, तिरुवनंतपुरम और गुवाहाटी का निजीकरण किया था।
- एक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के बाद, अडानी समूह ने उन सभी के लिए 50 वर्ष की लीज अवधि का प्रचालन अधिकार हासिल कर लिया है।
- ध्यातव्य है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन (Aviation) बाजार बन गया है।
- 'आईसीआईसीआई बैंक माइन' की विशेषता है कि यह पूरी तरह से उपयोगकर्ता अनुभव केंद्रित iMobile एप्लिकेशन के माध्यम से ग्राहकों को निवेश मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।
- 2024 तक UK को पछाड़कर भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा हवाई यात्री (अंतरराष्ट्रीय+घरेलू) बाजार बन जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/aai-hands-over-lucknow-airport-to-adani-group-on-lease-for-50-years-120110201317_1.html

सूर्याधार झील का लोकार्पण

प्रश्न-29 नवंबर, 2020 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सूर्याधार झील का लोकार्पण किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) 50.25 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस झील की धारण क्षमता 77 हजार धन मीटर है।

(ii) इस झील का नाम स्व. गजेंद्र दत्त नैथानी जी के नाम पर रखा गया है।

(b) इस झील से 18 गांवों को ग्रैविटी वाटर की उपलब्धता होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (ii) (b) केवल (i) एवं (ii) (c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने 29 नवंबर, 2020 को डोईवाला विकास खंड, देहरादून में स्व. गजेंद्र दत्त नैथानी जलाशय, सूर्याधार का लोकार्पण किया।
- इस झील का नाम स्व. गजेंद्र दत्त नैथानी जी के नाम पर रखा गया है। नेथानी जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (RSS) की विचारधारा से जुड़े थे एवं उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था।
- स्व. गजेंद्र दत्त नैथानी जलाशय के बन जाने से 18 गांवों को पीने का पानी एवं सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा।
- 50.25 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस झील की धारण क्षमता 77 हजार घन मी. है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://uttarainformation.gov.in/press.php

दांदूपुर रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में उत्तर प्रदेश में स्थित दांदूपुर रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर क्या रखे जाने हेतु भारत सरकार ने सहमति प्रदान कर दी है?

(a) माँ समैया देवी रेलवे स्टेशन (b) माँ बेला देवी रेलवे स्टेशन

(c) माँ बाराही देवी धाम (d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश में स्थित दांदूपुर रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर 'माँ बाराही देवी धाम' रेलवे स्टेशन करने पर सहमति प्रदान कर दी है।
- केंद्र सरकार की सहमति के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इसका नाम बदलने हेतु मंजूरी प्रदान कर दी है। यह स्टेशन वाराणसी रेलवे खंड के प्रतापगढ़ और बादशाहपुर के बीच स्थित है।
- माँ बाराही देवी का मंदिर रेलवे स्टेशन से 6 किमी. दूर परसरामपुर गांव में स्थित है।
- यह मंदिर अपने वार्षिक मेले के लिए जाना जाता है।
- वाराणसी, उत्तर प्रदेश के पास मुगलसराय जंक्शन का नाम परिवर्तित कर पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पहले ही किया जा चुका है।

- इलाहाबाद जंक्शन का नाम परिवर्तित कर प्रयागराज जंक्शन रखा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/up-s-dandupur-railway-station-to-be-renamed-as-maa-barahi-devi-dham/story-nSaohbnmVYw08VAY04WpdN.html#:~:text=The%20Union%20government%20has%20given,renaming%20of%20the%20railway%20station.&text=The%20Dandupur%20railway%20station%20situated,named%20Maa%20Barahi%20Devi%20Dham.

जोगिंदर वार मेमोरियल

प्रश्न-अक्टूबर, 2020 में वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध में असाधारण वीरता के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित सूबेदार जोगिंदर सिंह के नाम पर 'जोगिंदर वार मेमोरियल' कहां स्थापित किया गया?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) नई दिल्ली (c) जम्मू-कश्मीर (d) लद्दाख

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 23 अक्टूबर, 2020 को अरुणाचल प्रदेश के बुम-ला में एक युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया गया।
- इस युद्ध स्मारक का नामकरण वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध में असाधारण वीरता के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित सूबेदार जोगिंदर सिंह के नाम पर किया गया है।
- इस युद्ध स्मारक का उद्घाटन अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू की उपस्थिति में सूबेदार जोगिंदर सिंह की पुत्री कुलवंत कौर द्वारा किया गया।
- भारतीय सेना द्वारा युद्ध स्मारक के उद्घाटन समारोह का आयोजन 23 अक्टूबर, 2020 को किया गया, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1962 में टोंगपेन ला (बुम ला) की लड़ाई हुई थी।
- यह युद्ध स्मारक सूबेदार जोगिंदर सिंह और उनके साथियों के लिए एक श्रद्धांजलि है, जिन्होंने वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=War-memorial-of-1962-braveheart%2C-Sub-Joginder-Singh-inaugurated–at-Bum-La&id=402927

अगर इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर

प्रश्न-हाल ही में किस पूर्वोत्तर राज्य में अगर इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर का शिलान्यास किया गया?

(a) असम (b) मेघालय (c) मणिपुर (d) मिजोरम

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2020 में गोलाघाट जिला असम में गुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'असम अगर इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर' (Assam Ager International Trade Center) का शिलान्यास किया।

- यह केंद्र देश में अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र है।
- यह केंद्र अगर के किसानों एवं उद्यमियों को अपने उत्पाद बेचने में मदद करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Assam-CM-lays-foundation-stone-of-Assam-Agar-International-Trade-Centre-at-Golaghat&id=402749

टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी और इंदिरा प्रियदर्शिनी नेचर सफारी

प्रश्न-इंदिरा प्रियदर्शनी नेचर सफारी किस राज्य में स्थित है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) उत्तराखंड (c) छत्तीसगढ़ (d) मध्य प्रदेश
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2020 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व प्रधामनंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती पर रायपुर में पहली टेनिस अकादमी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भूमि पूजन किया।
- इसी दिन मुख्यमंत्री ने 'इंदिरा प्रियदर्शिनी नेचर सफारी मोहरेंगा' का लोकार्पण किया।
- इसे वन विभाग द्वारा राजधानी रायपुर से लगभग 40 किमी. दूर खरोरा-तिल्दा मार्ग पर स्थित मोहरेंगा वन क्षेत्र में विकसित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/chhattisgarh-cm-to-inaugurate-indira-priyadarshini-nature-safari-mohraenga-today20201119031940/

फाइजर और बायोएनटेक ने कोविड वैक्सीन परीक्षण का अंतिम चरण पूरा किया

प्रश्न-बायोएनटेक (BioNTech) कंपनी का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?
(a) भारत (b) यूएसए (c) जर्मनी (d) यू.के.
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 18 नवंबर, 2020 को दो प्रमुख दवा निर्माता कंपनियों Pfizer तथा BIONTECH ने अपनी कोविड वैक्सीन के तीसरे चरण (अंतिम) के परिणाम जारी किए।
- कंपनियों द्वारा जानकारी दी गई कि उनकी SARS-CoV-2 वैक्सीन BNT162-b2 अपने परीक्षणों में 95% प्रभावी पाई गई है।
- इस परीक्षण के परिणामस्वरूप अब Pfizer और BioN Tech ने इस वैक्सीन के आपातकालीन प्रयोग हेतु अमेरिकी दवा नियामक फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) को आवेदन दिया है।
- कंपनियों ने बताया कि वे अपने परीक्षण आंकड़ों को विश्वभर में अन्य नियामक निकायों के साथ भी साझा करेंगी।
- ज्ञातव्य हो कि फाइजर (Pfizer) एक अमेरिकी दवाई निर्माता कंपनी है जबकि बायोएनटेक (BIONTECH) का मुख्यालय जर्मनी में है।
- वैक्सीन BNT 162 b2 के बारे में-

- फाइजर ने स्पष्ट किया है, कि यह वैक्सीन पूर्णतया सहनीय है और किसी प्रकार के दुष्प्रभाव से रहित है।
- इस वैक्सीन का निर्माण मैसेंजर आरएनए (mRNA) तकनीक से विकसित किया गया है।
- ज्ञातव्य हो कि mRNA विषाणु (Virus) को मारने वाले एंटीबॉडी के उत्पादन हेतु मानव प्रतिरक्षा प्रणाली को आनुवंशिक निर्देश प्रदान करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pfizer.com/news/press-release/press-release-detail/pfizer-and-biontech-conclude-phase-3-study-covid-19-vaccine

पुरस्कार/सम्मान

युवा गणितज्ञ के लिए रामानुजन पुरस्कार, 2020

प्रश्न-9 दिसंबर, 2020 को किसे युवा गणितज्ञ के लिए रामानुजन पुरस्कार, 2020 से सम्मानित किया गया?
(a) डॉ. फ्रैंकलिक जेम्स (b) डॉ. कैरोलिना अरावजो (c) डॉ. नीलमणि पांडे (d) डॉ. रमेश कुमार
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2020 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक समारोह में ब्राजील की गणितज्ञ डॉ. कैरोलिना अरावजो (Dr. Carolina Araujo) को वर्ष 2020 के 'युवा गणितज्ञ के लिए रामानुजन पुरस्कार' (Ramanujan Prize for Young Mathematicians) से सम्मानित किया गया।
- उनका कार्यक्षेत्र Birational Geometry) पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य बीजगणितीय किस्मों की संरचना को वर्गीकृत करना और उसका वर्णन करना है।
- वह रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) के इंस्टीट्यूट फॉर प्योर एंड एप्लाइड मैथमैटिक्स (IMPA) की गणितज्ञ हैं।
- वह अंतरराष्ट्रीय गणितीय संघ में गठित महिलाओं की गणित समिति की उपाध्यक्ष हैं।
- वह यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली गैर-भारतीय महिला गणितज्ञ हैं।
- भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित यह पुरस्कार आईसीटीपी (ICTP: International Centre for Theoretical Physics) और आईएमयू (IMU: International Mathematical Union) के सहयोग से विकासशील देशों में बीजीय ज्यामिति (Algebraic geometry) के क्षेत्र में काम करने वाले किसी एक शोधार्थी को दिया जाता है।
- यह पुरस्कार वर्ष 2005 से प्रतिवर्ष दिया जा रहा है।
- इसे मूल रूप से आईसीटीपी, द नील्स हेनरिक एबेल मेमोरियल फंड और आईएमयू द्वारा स्थापित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ndtv.com/education/brazils-carolina-araujo-becomes-first-non-indian-win-ramanujan-prize-for-young-mathematicians#:~:text=New%20Delhi%3A,ceremony%20on%20December%209%2C%202020.

श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफ्को साहित्य सम्मान, 2020

प्रश्न-5 दिसंबर, 2020 को किस साहित्यकार को वर्ष 2020 के श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफ्को साहित्य सम्मान के लिए चुना गया?

(a) शेखर जोशी (b) रामदेव घुरंधर (c) ममता कालिया (d) रणेंद्र

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2020 को लेखक-कथाकार रणेंद्र को वर्ष 2020 के श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफ्को साहित्य सम्मान के लिए चुना गया।
- उन्होंने आदिवासी जीवन को अपनी लेखनी का मुख्य आधार बनाया है।
- वे अपनी रचनाओं में आदिवासी समाज को देखने का नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं।
- उन्होंने अपने पहले ही उपन्यास 'ग्लोबल गांव के देवता' से साहित्य जगत में अपना स्थान बनाया।
- उनका दूसरा उपन्यास 'गायब होता देश' भी बहुचर्चित रहा।
- ज्ञातव्य है कि इफ्को द्वारा श्रीलाल शुक्ल की स्मृति में वर्ष 2011 में इस पुरस्कार को प्रारंभ किया गया था।
- इस पुरस्कार के तहत चयनित साहित्यकार को प्रतीक चिह्न, प्रशास्ति पत्र तथा 11 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है।
- यह सम्मान प्रतिवर्ष किसी ऐसे हिंदी लेखक को दिया जाता है, जिसकी रचनाओं में ग्रामीण और कृषि जीवन से समस्याओं, आकांक्षाओं और संघर्षों का सजीव वर्णन होता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/writer-ranendra-honoured-with-shrilal-shukla-smriti-iffco-sahitya-samman-20202020120517033 6/

फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स, 2020

प्रश्न-फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स, 2020 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) पहलवान बजरंग पूनिया और युवा निशानेबाज एलावेनिल पलावरिन को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है।
(b) खेलों को बढ़ावा देने वाले सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में मध्य प्रदेश और असम को चुना गया है।
(c) मोना पार्थसारथी सर्वश्रेष्ठ खेल पत्रकार चुनी गई हैं।
(d) राधाकृष्णन नायर को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार हेतु चुना गया है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 8-9 दिसंबर, 2020 के मध्य आयोजित 10 वें वैश्विक खेल शिखर सम्मेलनः फिक्की टीयूआरएफ 2020 के अवसर पर फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स, 2020 के लिए पुरस्कार समारोह का आयोजन ऑनलाइन किया गया।
- पुरस्कार विजेताओं का चयन मुकुल मुदगल की अध्यक्षता में गठित जूरी ने किया।
- पहलवान बजरंग पूनिया और युवा निशानेबाज एलावेनिल वलावरिन को फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स, 2020 में इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है।
- विजेताओं का चयन विगत एक वर्ष (2019-20) के प्रदर्शन और योगदान को ध्यान में रखकर किया जाता है।

- अन्य प्रदत्त पुरस्कार-
- वर्ष में शानदार उपलब्धि हासिल करने वाली खिलाड़ी-अन्नू रानी
- लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार-मंजुशा कंवर
- वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पैरा-एथलीट खिलाड़ी-सुंदर सिंह गुर्जर, सिमरन शर्मा
- सर्वश्रेष्ठ कोच-राधाकृष्णन नायर
- सर्वश्रेष्ठ खेल पत्रकार-मोना पार्थसारथी
- खेलों को बढ़ावा देने वाले सर्वश्रेष्ठ राज्य-मध्य प्रदेश, असम
- सीएसआर (सामाजिक उत्तरदायित्व) के माध्यम से खेल में योगदान देने वाला सर्वश्रेष्ठ संगठन-टाटा इस्पात
- खेलों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ कंपनी (सार्वजनिक क्षेत्र)-भारतीय वायु सेना
- खेलों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ कंपनी (निजी क्षेत्र)-टेनविक स्पोर्ट्स
- सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय खेल महासंघ-भारतीय पैरालंपिक समिति, भारतीय कुश्ती महासंघ
- खेलों को बढ़ावा देने वाला सर्वश्रेष्ठ एनजीओ-मैजिक बस इंडिया संस्थान, पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन संस्थान
- सर्वश्रेष्ठ पेशेवर सेवा कंपनी-कोलाज डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड
- सर्वश्रेष्ठ खेल स्टार्टअप-स्पोर्ट्स ग्रीड प्राइवेट लिमिटेड
- खेलों को बढ़ावा देने वाला सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान (विश्वविद्यालय) मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज
- खेल को बढ़ावा देने वाला सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान (स्कूल) द स्पोर्ट्स स्कूल

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ficci.in/events-page.asp?evid=25258

तीसरा रबींद्रनाथ टैगोर साहित्यिक पुरस्कार, 2020

प्रश्न-7 दिसंबर, 2020 को किसे तीसरे रबींद्रनाथ टैगोर साहित्यिक पुरस्कार, 2020 प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) अंजली गुप्ता (b) राणादास गुप्ता (c) निलोत्पल मृणाल (d) राज कमल झा

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 7 दिसंबर, 2020 को कोपेनहेगन, डेनमार्क में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तीसरे रबीन्द्रनाथ टैगोर साहित्यिक पुरस्कार (3rd Rabindranath Tagor Literary Prize), 2020 की घोषणा की गई।
- इस वर्ष यह पुरस्कार द इंडियन एक्सप्रेस के चीफ एडिटर और लेखक राज कमल झा को प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- उन्हें यह पुरसकार उनके उपन्यास 'द सिटी एंड द सी' (The City and The Sea) के लिए दिया जाएगा।
- इस पुरस्कार के तहत उन्हें 5,000 अमेरिकी डॉलर प्रदान किया जाएगा।
- इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2018 में अमेरिकी प्रकाशक पीटर बुंडालो (Peter Bundalo) द्वारा की गई थी।
- गतवर्ष (2019) यह पुरस्कार राणादास गुप्ता को उनके उपन्यास 'सोलो' के लिए प्रदान किया गया था।
- इसके साथ ही, सामाजिक उपलब्धियों के लिए टैगोर पुरस्कार (Tagore Prize for Scoial Achivement), 2020 की घोषणा की गई।

- ओमान के सुल्तान रहे काबूस बिन सईद अल सईद को मरणोपरांत तथा भारत के कोरियोग्राफर संदीप सोपारकर (Sandeep Soparrkar) को यह पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.tagoreprize.com/

वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड, 2020

प्रश्न-28 नवंबर, 2020 को वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड, 2020 के पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की गई। इस वर्ष के अवॉर्ड के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) स्वीडन के पोल वॉल्टर मोंडो डुप्लांटिस को पुरुष वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर नामित किया गया है।
(b) वेनेजुएला की ट्रिपल जंपर युलिमार रोजास को महिला वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर नामित किया गया है।
(c) कोचिंग अचीवमेंट पुरस्कार हेतु हेलेना और जॉर्ज डुप्लांटिस को नामित किया गया है।
(d) राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु टॉमी स्मिथ, पीटर नॉर्मन और जॉन कार्लोस को नामित किया गया है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 नवंबर, 2020 को एथलेटिक्स के अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय ने वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड, 2020 के पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की।
- स्वीडन के पोल-वॉल्टर मोंडो डुप्लांटिस को पुरुष वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर नामित किया गया है।
- मोंडो डुप्लांटिस अब तक के सबसे युवा एथलीट (आयु 21 वर्ष) हैं, जिन्हें वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर के रूप में नामित किया गया है।
- वह पुरस्कार जीतने वाले पहले स्वीडिश पुरुष या महिला खिलाड़ी हैं।
- डुप्लांटिस ने दो बार पोल वॉल्ट में 6.17 मी. और 6.18 मीटर ऊंची छलांग लगाकर विश्व रिकॉर्ड तोड़ा है।
- वेनेजुएला की ट्रिपल जंपर युलिमार रोजास को महिला वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर नामित किया गया है।
- 15.43 मीटर की छलांग के साथ युलिमार रोजास ट्रिपल जेप इंडोर में विश्व रिकॉर्ड धारक हैं।
- अन्य पुरस्कार विजेता-
- सदस्य फेडरेशन पुरस्कार-पोलस्की ज्विजेक लेक्विज एटलेटकी (पोलिश एथलेटिक्स एसोसिएशन)
- कोविद प्रेरणा पुरस्कार-अल्टिमेट गार्डन क्लैश, रेनॉड लबिलीन द्वारा एक मूल विचार
- राष्ट्रपति पुरस्कार-टॉमी स्मिथ, पीटर नॉर्मन और जॉन कार्लोस
- कोचिंग अचीवमेंट पुरस्कार-हेलेना और ग्रेग डुप्लांटिस
- एथलीट सामुदायिक पुरस्कार-एथलेटिक्स क्लब्स (Alhletics Clubs)
- वर्ल्ड एथलेटिक्स फोटोग्राफ ऑफ द ईयर-माइकल स्टील की केन्या के एल्डोरेट में डिस्कवरी क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करते छोटे बच्चे की तस्वीर
- यह पुरस्कार विश्व एथलेटिक्स द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worldathletics.org/awards/news/world-athletes-year-2020-duplantis-rojas

संयुक्त राष्ट्र निवेश प्रोत्साहन पुरस्कार, 2020

प्रश्न-7 दिसंबर, 2020 को अंकाटाड (UNCTAD) ने किसे वर्ष 2020 के संयुक्त राष्ट्र निवेश प्रोत्साहन पुरस्कार का विजेता घोषित किया?

(a) इन्वेस्ट इंडिया (b) डिजिटल इंडिया (c) इनोवेशन इंडिया (d) क्लीन इंडिया

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 7 दिसंबर, 2020 को अंकटाड (UNCTAD: United Nations Confrence on Trade and Development) ने जिनेवा स्थित अपने मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में इन्वेस्ट इंडिया (नेशनल इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी ऑफ इंडिया) को वर्ष 2020 के संयुक्त राष्ट्र निवेश प्रोत्साहन पुरस्कार का विजेता घोषित किया।
- इसका मुख्यांकन 180 निवेश संवर्धन एजेंसियों (IPA) द्वारा किए गए कार्य के अंकटाड द्वारा मूल्यांकन पर आधारित था।
- यह पुरस्कार, निवेश प्रोत्साहन एजेंसियों के लिए सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है।
- अंकटाड एक केंद्रीय एजेंसी है, जो आईपीए के प्रदर्शन की निगरानी करती है और वैश्विक सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों की पहचान करती है।
- जर्मनी, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर भी यह पुरस्कार जीत चुके हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Invest-India-wins-United-Nations-Investment-Promotion-Award-for-2020&id=405684

वैश्विक शिक्षक पुरस्कार, 2020

प्रश्न-3 दिसंबर, 2020 को किसे वैश्विक शिक्षक पुरस्कार, 2020 से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई?

(a) रंजीत सिंह दिसाले (b) पीटर तबीची (c) स्वरूप रावल (d) एंड्रिया जेफिराको

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 3 दिसंबर, 2020 को वार्की फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए जाने वाले 'वैश्विक शिक्षक पुरस्कार' (Global Teacher Prize), 2020 की घोषणा लंदन (यू.के.) में की गई।
- इस वर्ष यह पुरस्कार भारत (महाराष्ट्र) के प्राथमिक शिक्षक रंजीत सिंह दिसाले को प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं देश में त्वरित कार्रवाही (QR) कोड वाली पाठ्यपुस्तक क्रांति में महती प्रयास के लिए उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना गया।
- वह यह पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय हैं।
- इस पुरस्कार के तहत उन्हें 10 लाख डॉलर की राशि प्रदान की जाएगी।
- ज्ञातव्य है कि यह पुरस्कार विश्वभर के गरीब बच्चों के लिए शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए स्थापित गैर-लाभकारी संगठन वार्की फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2014 से प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

- वार्की फाउंडेशन की स्थापना केरल में जन्में समाजसेवी सनी वार्की ने की थी।
- यह पुरस्कार उस असाधारण शिक्षक को प्रदान किया जाता है, जिसने शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया हो, जिसके गुणवत्तायुक्त शिक्षण का प्रभाव उसके छात्रों के साथ-साथ आस-पास के समुदाय द्वारा स्वीकार किया गया हो।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.globalteacherprize.org/

अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार, 2020

प्रश्न-13 नवंबर, 2020 को किड्स राइट फाउंडेशन द्वारा किसे वर्ष 2020 के अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(a) सादत रहमान (b) ग्रेटा थुनबर्ग (c) नेहा शर्मा (d) लीना दावलुरी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2020 को किड्स राइट फाउंडेशन द्वारा बांग्लादेश के सादत रहमान को वर्ष 2020 के अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार (International Children's Peace Prize) से सम्मानित किया गया।
- उन्हें यह पुरस्कार साइबरबुलिंग (Cyber Bullying) को रोकने के लिए उनके द्वारा स्थापित सामाजिक संगठन और मोबाइल ऐप 'Cyber Teens' को विकसित करने में उनकी भागीदारी के लिए प्रदान किया गया।
- उनको यह पुरस्कार नीदरलैंड्स में आयोजित एक समारोह में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई द्वारा प्रदान किया गया।
- उन्हें 42 देशों से मिले 142 आवेदकों में से चुना गया।
- यह पुरस्कार किड्स राइट फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2005 से प्रदान किया जा रहा है।
- इसकी स्थापना इसी वर्ष रोम (इटली) में आयोजित नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं के शिखर सम्मेलन में की गई थी।
- यह पुरस्कार किसी असाधारण बच्चे को प्रदान किया जाता है, जिसके साहसी एवं उल्लेखनीय कार्यों से दुनिया भर के बच्चों के अधिकारों में सुधार लाने में सहायता प्राप्त होती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/international/bangladeshi-teen-wins-international-children%E2%80%99s-peace-prize

वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पुरस्कार, 2020

प्रश्न-वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पुरस्कार, 2020 (ग्रैंड टाइहल विजेता) किसने जीता है?

(a) सर्गेई गोर्शकोव (b) जेम क्यूलब्रस (c) गैब्रियल ईसेनबैंड (d) लुसियानो गोडेंजियो



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 13 अक्टूबर, 2020 को लंदन स्थित नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम द्वारा वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पुरस्कार, 2020 की घोषणा की गई।
- वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर, 2020 (ग्रैंड टाइटल विजेता) रूस के सर्गेई गोर्शकोव ने जीता है।
- उनकी पुरस्कार विजेता फोटो का शीर्षक 'द एंब्रेस' है।
- इस फोटो में साइबेरियाई वाघ या अमूर को मंचूरियन देवदार के पेड़ को गले लगाते हुए दिखाया गया है।
- लीना हेक्किनेन ने इस वर्ष का यंग फोटोग्राफर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है।
- विजेता फोटो का शीर्षक 'द फॉक्स दैट गॉट द गूज (the fox that got the goose) है।
- प्लांट्स और फंगी श्रेणी में कोलंबिया के ग्रैब्रियल ईसेन बैंड (फोटो शीर्षक-आउट ऑफ द ब्लू बाय) ने पुरस्कार जीता है।
- भारत की युवा फोटोग्राफर ऐश्वर्या श्रीधर ने विहेवियर इनवटें ब्रेंट्स श्रेणी में प्रतिष्ठित उच्च रूप से सम्मानित (Histhy पुरस्कार जीता है।
- उनकी पुरस्कार विजेता फोटो का शीर्षक लाइट्स ऑफ पैशन (Lights of Passion) है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.theatlantic.com/photo/2020/10/winners-wildlife-photographer-year-2020/616710/

योजना/परियोजना

विश्व बैंक द्वारा भारत के लिए 4 विकास परियोजनाओं को मंजूरी

प्रश्न-15 दिसंबर, 2020 को विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक बोर्ड ने भारत की सतत विकास पहलों का समर्थन करने हेतु लगभग कितनी राशि की 4 विकास परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है?

(a) 500 मिलियन डॉलर (b) 600 मिलियन डॉलर
(c) 700 मिलियन डॉलर (d) 800 मिलियन डॉलर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 15 दिसंबर, 2020 को विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक बोर्ड ने भारत की सतत विकास पहलों का समर्थन करने हेतु लगभग 800 मिलियन डॉलर की 4 विकास परियोजनाओं की मंजूरी प्रदान की।
- इन परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ समावेशी ग्रामीण और त्वरित कृषि विकास योजना (CHIRAAG), नगालैंडः कक्षा शिक्षण और संसाधन परियोजना का विस्तार, बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना-2 (DRIP-2) और भारत के कोविड-19 सामाजिक संरक्षण प्रतिक्रिया कार्यक्रम का दूसरा चरण शामिल है।
- इन परियोजनाओं का उद्देश्य अर्थव्यवस्था का सतत एवं लोचशील विकास सुनिश्चित करने के प्रयासों में भारत का समर्थन करना है।
- यह परियोजनाएं भारत के कई परिवारों की आय के बेहतर अवसर, शिक्षा, जल आपूर्ति और अन्य सामाजिक लाभ प्राप्त करने में मददगार होंगी।
- 400 मिलियन डॉलर राशि की लागत वाले भारत के कोविड-19 सामाजिक संरक्षण प्रतिक्रिया कार्यक्रम के दूसरे चरण में महामारी के कारण गंभीर रूप से प्रभावित गरीब और संवेदनशील परिवारों को सहायता प्राप्त हो सकेगी।

- 250 मिलियन डॉलर की लागत वाली बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना के दूसरे चरण में भारत के विभिन्न राज्यों में मौजूद बांधों की सुरक्षा और उनके प्रदर्शन में सुधार किया जाएगा।
- नगालैंडः कक्षा शिक्षण और संसाधन परियोजना के तहत 68 मिलियन डॉलर की लागत से राज्य के शिक्षकों का विकास सुनिश्चित करने के साथ ही सभी विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने हेतु तकनीकी प्रणाली का भी विकास किया जाएगा।
- 100 मिलियन डॉलर की लागत वाली छत्तीसगढ़ समावेशी ग्रामीण और त्वरित कृषि विकास परियोजना (CHIRAAG) से छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के लिए सतत उत्पादन प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे राज्य के 8 जिलों के लगभग 180,000 परिवार लाभान्वित होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worldbank.org/en/news/press-release/2020/12/15/world-bank-approves-four-india-projects-worth-over-800-million

सुबनसिरी जल-विद्युत परियोजना

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में एनएचपीसी द्वारा जारी एक सूचना के अनुसार सुबनसिरी जल-विद्युत परियोजना की विद्युत उत्पादन क्षमता कितनी है, जिसके मार्च, 2020 तक प्रारंभ होने का अनुमान व्यक्त किया गया है?

(a) 2000 मेगावॉट (b) 2200 मेगावॉट (c) 3200 मेगावॉट (d) 6000 मेगावॉट

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी एक सूचना के अनुसार सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना को मार्च, 2022 तक प्रारंभ किए जाने का अनुमान व्यक्त किया गया है।
- गौरतलब है कि सुबनसिरी जल-विद्युत परियोजना की विद्युत उत्पादन क्षमता 2000 मेगावॉट है।
- ध्यातव्य है कि असम तथा अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर गेरूका मुख में सुबनसिरी नदी के ऊपर इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कार्य दिसंबर, 2011 से अक्टूबर 2019 तक स्थानीय लोगों के विरोध के चलते रुका हुआ था।
- इस परियोजना की शुरुआती अनुमानित लागत 6285 करोड़ रुपये थी, जो 2020 में बढ़कर 20000 करोड़ रुपये हो गई है।
- गौरतलब है कि सुबनसिरी परियोजना से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए असम सरकार तथा भारत सरकार ने कई समितियों का गठन किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/industry/nhpc-to-commission-2000-mw-hydropower-project-on-subansiri-by-march-2022/2144088/

हल्दीबाड़ी चिल्हाटी रेल लिंक

प्रश्न-17 दिसंबर, 2020 को उद्घाटित हल्दीबाड़ी चिल्हाटी रेल लिंक के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) हल्दीबाड़ी (भारत) और चिल्हाटी (बांग्लादेश) के बीच रेल लिंक का संयुक्त रूप से उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने किया।

(b) हल्दीबाड़ी-चिल्हाटी रेल लिंक दोनों देशों के बीच शुरू की गई चौथी रेल संपर्क सेवा है।

(c) पूर्व में हल्दीबाड़ी चिल्हाटी रेल संपर्क सेवा वर्ष 1965 तक चालू थी।

(d) यह रेल संपर्क सेवा विभाजन के दौरान कोलकाता से सिलीगुड़ी तक ब्रॉड गेज मुख्य मार्ग का हिस्सा थी।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 दिसंबर, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आभासी द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के दौरान हल्दीबाड़ी (भारत) और चिल्हाटी (बांग्लादेश) के बीच एक रेल लिंक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।
- बांग्लादेश के रेल मंत्री मोहम्मद नुरुल इस्लाम सुजान के एक मालगाड़ी को चिल्हाटी रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इस गाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से गुजरते हुए भारत में प्रवेश किया।
- वर्ष 1947 में विभाजन के बाद भारत और तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (वर्ष 1965 तक) जो अब बांग्लादेश बन चुका है, के बीच 7 रेल संपर्क लाइनें मौजूद थीं।
- वर्तमान में भारत और बांग्लादेश के बीच 4 परिचालन रेल संपर्क लाइने हैं, जिनमें पेट्रोपोल (भारत)-बेनापोल (बांग्लादेश), गेदे (भारत)-दर्शन (बांग्लादेश), सिंघाबाद (भारत)-रोहनापुर (बांग्लादेश), राधिकापुर (भारत)-बिरोल-(बांग्लादेश) हैं।
- हल्दीबाड़ी-चिल्हाटी रेल लिंक दोनों देशों के बीच पांचवीं रेल संपर्क सेवा है।
- हल्दीबाड़ी-चिल्हाटी रेल संपर्क सेवा वर्ष 1965 तक चालू थी।
- जो विभाजन के दौरान कोलकाता से सिलिगुड़ी तक ब्रॉड गेज मुख्य मार्ग का हिस्सा थी।
- भारत के पूर्वी सेक्टर में रेलवे का विभाजन वर्ष 1965 में हुआ था।
- हल्दीबाड़ी-चिल्हाटी रेल मार्ग असम और पश्चिम बंगाल से बांग्लादेश में पारागमन के लिए लाभप्रद होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1681502

उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत व्यवस्था सुधार परियोजना

प्रश्न-16 दिसंबर, 2020 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत व्यवस्था सुधार परियोजना की लागत के संशोधित अनुमान को मंजूरी प्रदान की। इस योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस योजना की संशोधित अनुमानित लागत राशि 6700 करोड़ रुपये है।

(b) यह योजना विद्युत मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम पॉवर ग्रिड द्वारा लागू की जाएगी।

(c) इस योजना को पूर्वोत्तर के 5 राज्यों में लागू किया जाएगा।

(d) इस योजना को दिसंबर, 2021 में शुरू किए जाने का लक्ष्य है।

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2020 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा उत्तर-पूर्वीय क्षेत्रीय विद्युत व्यवस्था सुधार परियोजना (एनईआरपीएसआईपी) की लागत के संशोधित अनुमान को मंजूरी प्रदान की गई।
- इसकी संशोधित अनुमानित लागत राशि 6700 करोड़ रुपये है।
- यह योजना विद्युत मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम पॉवर ग्रिड के माध्यम से लागू की जाएगी।
- इस योजना को पूर्वोत्तर के 6 राज्यों-असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा के सहयोग से और उनके लाभ के लिए लागू किया जाएगा।
- इस योजना को दिसंबर, 2021 में शुरू किए जाने का लक्ष्य है।
- इस योजना की शुरुआत के बाद इसे उत्तर-पूर्वी राज्य यूटिलिटीस द्वारा अपनाया जाएगा और वही इसका रख-रखाव भी करेगा।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के समूचे आर्थिक विकास और इस क्षेत्र में अंतरराज्यीय पारेषण एवं वितरण सूचना को मजबूत बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करना है।
- इस योजना के लागू होने के बाद एक भरोसेमंद पॉवर ग्रिड बनाई जा सकेगी और पूर्वोत्तर राज्यों की भावी विद्युत भार केंद्रों (लोड सेंटरों) तक संपर्क और पहुंच में सुधार होगा।
- इस योजना को लागू करने के काम में शामिल एजेंसियों निर्माण के कार्य में स्थानीय मानव बल का उपयोग करेंगी।यह परियोजना विद्युत मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत दिसंबर, 2014 में सर्वप्रथम मंजूर की गई थी।यह योजना विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त है।
- भारत सरकार ने योजना को स्थित विद्युत मंत्रालय के बजट सहायता के तहत 50:50 प्रतिशत वहनीयता (50 प्रतिशत विश्वबैंक:50 प्रतिशत भारत सरकार) के आधार पर शुरू किया है।
- इसमें क्षमता निर्माण पर होने वाले 89 करोड़ रुपये के खर्च को पूर्णतः भारत सरकार वहन करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1681053

खनिज राजस्व बकाया वसूली योजना

प्रश्न-15 दिसंबर, 2020 को मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी प्रदत्त खनिज राजस्व बकाया वसूली योजना के तहत वर्ष 2010-11 से वर्ष 2017-18 तक की कितनी राशि की बकाया राशि में संपूर्ण ब्याज की छूट प्रदान की गई है।
(a) 5 लाख रुपये (b) 10 लाख रुपये (c) 15 लाख रुपये (d) 20 लाख रुपये

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 15 दिसंबर, 2020 को मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल ने खनिज साधन विभाग के अंतर्गत खनिज राजस्व बकाया वसूली के लिए योजना को मंजूरी प्रदान की।
- योजनांतर्गत वर्ष 1960-61 से वर्ष 2009-10 तक की खनिज राजस्व बकाया में ब्याज की छूट प्रदान की गई है।
- इसी प्रकार वर्ष 2010-11 से वर्ष 2017-18 तक की 5 लाख रुपये की बकाया राशि में संपूर्ण ब्याज की छूट प्रदान की गई है।
- इस अवधि की 5 लाख से 1 करोड़ एवं इससे अधिक की बकाया राशि ब्याज में 18 प्रतिशत छूट प्रदत्त होगी।

- छूट के बाद मूल बकाया राशि 43 करोड़ 81 लाख रुपये के विरुद्ध ब्याज सहित 45 करोड़ 14 लाख की वसूली सुनिश्चित हो सकेगी।
- यह योजना 31 जनवरी, 2021 तक लागू रहेगी।
- इसी बैठक में डायल 100 योजना के निरंतर संचालन के लिए 31 मार्च, 2021 तक की मंजूरी प्रदान की गई है।
- इसके अलावा मंत्रिमंडल ने मध्य प्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भंडारण तथा व्यापार) नियम, 2019 में संशोधन हेतु भी मंजूरी प्रदान की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20201215N6&LocID=1#:~:text=%E0%A4%96%E0%A4%A8%E0%A4%BF%E0%A4%9C%20%E0%A4%B0%E0%A4%BE%E0%A4%9C%E0%A4%B8%E0%A5%8D%E0%A4%B5%20%E0%A4%AC%E0%A4%95%E0%A4%BE%E0%A4%AF%E0%A4%BE%20%E0%A4%B5%E0%A4%B8%E0%A5%82%E0%A4%B2%E0%A5%80%20%E0%A4%AF%E0%A5%8B%E0%A4%9C%E0%A4%A8%E0%A4%BE&text=%E0%A4%87%E0%A4%B8%20%E0%A4%85%E0%A4%B5%E0%A4%A7%E0%A4%BF%20%E0%A4%95%E0%A5%80%205%20%E0%A4%B2%E0%A4%BE%E0%A4%96,2021%20%E0%A4%A4%E0%A4%95%20%E0%A4%B9%E0%A5%80%20%E0%A4%B2%E0%A4%BE%E0%A4%97%E0%A5%82%20%E0%A4%B0%E0%A4%B9%E0%A5%87%E0%A4%97%E0%A5%80%E0%A5%A4

वाईएसआर निःशुल्क फसल बीमा योजना

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में किस भारतीय राज्य में 'वाईएसआर निःशुल्क फसल बीमा' योजना की शुरुआत की गई?
(a) तेलंगाना (b) आंध्र प्रदेश (c) राजस्थान (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 15 दिसंबर, 2020 को आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में किसानों के लाभ के लिए वाईएसआर निःशुल्क फसल बीमा (YSR Free Crop Insurance) योजना का शुभारंभ किया गया।
- इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2019 के खरीफ सत्र के दौरान अपनी फसलों को खो चुके राज्य के 9.48 लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 1,252 करोड़ रुपए जमा कर दिए गए।
- ध्यातव्य है कि राज्य के किसानों को बीमा राशि बिना किसी प्रीमियम के देय होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/economy/agri-business/andhra-pradesh-rolls-out-free-crop-insurance-scheme/article33338726.ece

मानसर झील कायाकल्प/विकास योजना

प्रश्न- नवंबर, 2020 में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जम्मू में व्यापक मानसर झील कायाकल्प/विकास योजना का ई-शिलान्यास किया है। इस परियोजना से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

(1) इसके लागू होने के बाद, मानसर क्षेत्र में पर्यटकों/तीर्थयात्रियों की संख्या वर्तमान के 10 लाख से बढ़कर 20 लाख प्रतिवर्ष हो जाएगी।

(2) योजना से लगभग 3.15 करोड़ मानव-दिन रोजगार सृजित होंगे
(3) इससे प्रतिवर्ष 800 करोड़ रुपये से अधिक की आय होगी।
उपर्युक्त कथन में से कौन सा सही है/हैं।
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 (c) केवल (1) और (3) (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 01 नवंबर, 2020 को केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डीओएनईआर), प्रधानमंत्री कार्यालय राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने व्यापक मानसर झील कायाकल्प/विकास योजना का ई-शिलान्यास किया।
- परियोजना की विशेषताएं:-
- इसके लागू होने के बाद, मानसर क्षेत्र में पर्यटकों/तीर्थयात्रियों की संख्या वर्तमान के 10 लाख से बढ़कर 20 लाख प्रतिवर्ष हो जाएगी।
- योजना से लगभग 1.15 करोड़ मानव-दिन रोजगार सृजित होंगे और इससे प्रतिवर्ष 800 करोड़ रुपये से अधिक की आय होगी।
- नमामि गंगे और गंगा सफाई परियोजना के समान ही देविका नदी और मानसर झील के भी कायाकल्प और नवीकरण परियोजनाओं को शुरू किया गया है।
- इन दोनों परियोजनाओं की लागत लगभग 200 करोड़ रुपये होगी।
- जम्मू-कश्मीर में पर्यटन:-
- जम्मू-कश्मीर के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का योगदान 7 प्रतिशत है, लेकिन कोरोना महामारी के कारण, पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है।
- केंद्र सरकार ने राज्य के पर्यटन क्षेत्र के लिए 706 करोड़ रुपये दिए हैं और जम्मू-कश्मीर को विश्व मानचित्र में सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल के रूप में लाने के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1669346

RBI : बैंकों, NBFCs के लिए सह ऋण योजना (Co-lending scheme)

प्रश्न-नवंबर, 2020 में RBI ने प्राथमिकता क्षेत्र के लिए बैंकों और NBFCs (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) की सह-ऋण योजना की घोषणा की है। प्राथमिकता क्षेत्र (Priority sector) के तहत विभिन्न श्रेणियां कौन-सी हैं?
(i) कृषि, निर्यात ऋण
(ii) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम और नवीकरणीय ऊर्जा
(iii) शिक्षा, आवास और सामाजिक बुनियादी ढाँचा
उपर्युक्त कोड के अनुसार उत्तर दें-
(a) केवल (i) (b) केवल (ii) (c) केवल (iii) (d) उपरोक्त सभी

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 5 नवंबर, 2020 को RBI ने प्राथमिकता क्षेत्र (Priority sector) के लिए बैंकों और NBFCs (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) के सह-ऋण योजना (Co-lending scheme) की घोषणा की।
- यह योजना वास्तव में अर्थव्यवस्था के निम्नसेवित वर्गों की ओर ऋण के प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न दिशा-निर्देश हैं।
- दिशा-निर्देश सह-ऋण मॉडल (जिसमें रिस्क एवं रिवार्ड साझा होते हैं) के तहत हैं ताकि NBFCs और बैंक संयुक्त रूप से उधार दे सकें।
- दिशा-निर्देश के महत्वपूर्ण बिंदु :-
- सह-ऋण मॉडल के संदर्भ में, बैंकों को एक पूर्व समझौते के आधार पर सभी पंजीकृत NBFCs (आवास वित्त कंपनियों सहित) के साथ सह-ऋण (co-lend) की अनुमति है।
- NBFCs को अपनी बही (books) पर व्यक्तिगत ऋणों (Individual loans) का न्यूनतम 20 प्रतिशत हिस्सा बनाए रखने की आवश्यकता होगी।
- बैंकों को प्रवर्तक समूह से संबंधित एनबीएफसी के साथ सह-ऋण व्यवस्था में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- ϖबैंक निर्दिष्ट शर्तों का पालन करते हुए सह-ऋण मॉडल में संलग्न रहते हुए अपने क्रेडिट के हिस्से के संबंध में प्राथमिकता क्षेत्र की स्थिति का दावा कर सकते हैं।
- सह-ऋण मॉडल 20 से कम शाखाओं वाले विदेशी बैंकों (डब्ल्यूओएस या पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सहित) पर लागू नहीं होगा।
- प्राथमिकता क्षेत्र :-
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र से तात्पर्य उन क्षेत्रों से है, जिन्हें भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक देश की मूलभूत जरूरतों के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण मानते हैं और इन क्षेत्रों को अन्य क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी जानी चाहिये।
- प्राथमिकता क्षेत्र में निम्नलिखित श्रेणियां शामिल हैं :-

(i) कृषि
(ii) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
(iii) निर्यात ऋण
(iv) शिक्षा
(v) आवास
(vi) सोशल इन्फास्ट्रक्चर
(vii) नवीकरणीय ऊर्जा
(viii) अन्य

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/NotificationUser.aspx?Id=11991&Mode=0

हाइजीन रेटिंग एजेंसियों के लिए मान्यता योजना

प्रश्न-किसके द्वारा हाइजीन रेटिंग एजेंसियों के लिए मान्यता योजना शुरू की गई है?
(a) कृषि एवं ग्रामीण उद्योग मंत्रालय (b) उपभोक्ता कार्य,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
(c) भारतीय गुणवत्ता परिषद (d) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 15 दिसंबर, 2020 को भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की तरफ से देश में मान्यता प्राप्त हाइजीन रेटिंग ऑडिट एजेंसियों की संख्या में वृद्धि करके हाइजीन रेटिंग ऑडिट एजेंसियों के लिए मान्यता योजना की शुरुआत की।
- एफएसएसएआई की फूड हाइजीन रेटिंग योजना की पहल अपने परिसर या उससे बाहर उपभोक्ताओं को सीधे खाद्य पदार्थों की आपूर्ति के व्यापार हेतु प्रमाणन प्रणाली की योजना है।
- खाद्य प्रतिष्ठानों का मूल्यांकन ऑडिट के समय खाने की स्वच्छता और सुरक्षा की स्थितियों के आधार पर किया जाता है।स्वच्छता रेटिंग स्माइली (1 से 5 तक) के रूप में होगी और इसे उपभोक्ता को दिखाई देने वाले स्थान में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।
- मान्यता प्राप्त हाइजीन रेटिंग ऑडिट एजेंसियां एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा प्रक्रियाओं के अनुपालन की पुष्टि करने और स्वच्छता रेटिंग पाने के लिए जिम्मेदार होंगी।
- इस योजना उद्देश्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों में सुधार लाने के लिए खाने-पीने के व्यवसायों को प्रोत्साहित करके वे जिन खाद्य दुकानों में खाते हैं, उनके संबंध में अवगत विकल्प और निर्णय करने की अनुमति प्रदान करना है।वर्तमान में यह योजना खाद्य सेवा प्रतिष्ठानों यथा-होटल, रेस्टोरेंट, कैफिटेरिया और ढाबों, मिठाई की दुकानों, बेकरी और मांस की खुदरा दुकानों के लिए लागू है।
- मान्यता प्राप्त हाइजीन रेटिंग ऑडिट एजेंसी खाद्य पदार्थों की स्वच्छता और प्रक्रियाओं के बारे में एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन की पुष्टि करेंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1680753

अम्मा मिनी क्लिनिक योजना

प्रश्न-14 दिसंबर, 2020 को किस राज्य में अम्मा मिनी क्लिनिक योजना शुरू की गई है?
(a) तमिलनाडु (b) आंध्र प्रदेश (c) केरल (d) राजस्थान
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने अम्मा मिनी क्लिनिक योजना का शुभारंभ किया।इस योजना का उद्देश्य जन स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना है।
- इस योजना के तहत पूरे तमिलनाडु में 2000 क्लिनिक खोले जाएंगे।
- यह क्लिनिक ऐसे क्षेत्रों में खोली जाएगी, जहां बड़ी संख्या में गरीब आबादी निवासरत है और वहां पर कोई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है।इन क्लिनिकों में दवाई स्टोर होगा और मामूली ऑपरेशन के लिए उपकरण भी होंगे।प्रत्येक क्लिनिक में एक डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य सहायक होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/india/story/amma-mini-clinic-tamil-nadu-1749377-2020-12-14

पीएम-स्वनिधि लाभार्थियों का सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पीएम-स्वनिधि लाभार्थियों का सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा बनाने का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कर मामले की सत्यता की पहचान करें-

(a) इस कार्यक्रम के पहले चरण में भारत के 125 शहरों का चयन किया है।
(b) इस योजना को पूरी तरह से कार्यान्वित करने से पूर्व भारत के 6 शहरों में एक पायलट कार्यक्रम चलाया जाएगा।
(c) इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन में भारत के गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) को भागीदार के रूप में नियुक्त किया गया है।
(d) इस कार्यक्रम के लक्षित लाभार्थी स्ट्रीट वेंडर्स अथवा पथ विक्रेता हैं।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कूटः

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3 (c) 1,3 और 4 (d) उपरोक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2020 को भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पीएम-स्वनिधि लाभार्थियों का सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा बनाने का शुभारंभ किया गया।
- इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक पीएम-स्वनिधि लाभार्थी और उसके परिवार की एक रूपरेखा (Profile) तैयार की जाएगी।
- ध्यातव्य है कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 जून, 2020 को शुरू किए गए पीएम-स्वनिधि (PM SVA Nidhi) योजना के अतिरिक्त घटक के रूप में कार्य करेगा, जिसके लक्षित लाभार्थी स्ट्रीट वेंडर्स (Streat Vendors)/पथ विक्रेता होंगे।
- यहां लक्षित लाभार्थी से तात्पर्य शहरों में फेरी लगाने वाले पथ विक्रेता (परि-नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए विक्रेता शामिल), जो 24 मार्च, 2020 या उससे पूर्व से फेरी लगा रहे हैं।
- बता दें कि पीएम स्वनिधि (पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि) योजना के तहत पथ विक्रेताओं को काम करने के लिए 10,000 रुपए तक कार्यशील पूंजीगत ऋण उपलब्ध कराई गई, ताकि वे कोविड-19 महामारी के कारण बुरी तरह से प्रभावित अपनी आजीविका को फिर से शुरू कर सकें।
- शुरू किए गए इस नए कार्यक्रम का उद्देश्य पथ विक्रेताओं/स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण उपलब्ध कराने के अतिरिक्त परिवार सहित उनका समग्र विकास तथा सामाजिक-आर्थिक उत्थान करना है।
- रूपरेखा द्वारा प्राप्त आंकड़ों के आधार पर पात्र लाभार्थी केंद्रीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।
- पहले चरण में इस कार्यक्रम के लिए देश के 125 शहरों का चयन किया गया है।
- इस कार्यक्रम को पूरी तरह से कार्यान्वित करने से पूर्व देश के 6 शहरों (गया, इंदौर, ककचिंग, निजामाबाद, राजकोट और वाराणसी) में एक पायलट कार्यक्रम चलाया जाएगा।
- इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन में भारत के गुणवत्ता परिषद (QCI: Quality Council of India) को भागीदार के रूप में नियुक्त किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1679960

भारत-नेपाल संपर्क नहर के हेड रेगुलेटर कार्य का शिलान्यास

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में उत्तराखंड में चंपावत जिले के बनबसा में स्थित कितने मेगावॉट क्षमता के टनकपुर पॉवर स्टेशन के बैराज पर भारत-नेपाल संपर्क नहर के हेड रेगुलेटर कार्य का शिलान्यास किया?

(a) 25 मेगावॉट (b) 50 मेगावॉट (c) 90 मेगावॉट (d) 94.2 मेगावॉट

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 8 दिसंबर, 2020 को नेशनल हाइड्रो पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ए.के. सिंह ने उत्तराखंड के चंपावत जिले के बनबासा में टनकपुर पॉवर स्टेशन के बैराज पर भारत-नेपाल संपर्क नहर के हेड रेगुलेटर कार्य का शिलान्यास किया।गौरतलब है कि टनकपुर पॉवर स्टेशन की कुल स्थापित क्षमता 94.2 मेगावॉट है।
- ध्यातव्य है कि भारत एवं नेपाल के बीच हुई 'महाकाली संधि' के तहत 1.2 किलोमीटर लंबी भारत-नेपाल संपर्क नहर का निर्माण किया जा रहा है।शारदा नदी को नेपाल में 'महाकाली नदी' के नाम से जाना जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.nic.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1679160

त्रैमासिक रिटर्न फाइलिंग और मासिक कर भुगतान योजना

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में शुरू की गई त्रैमासिक रिटर्न फाइलिंग और मासिक कर भुगतान योजना का क्या उद्देश्य है?

(a) बड़े करदाताओं के लिए जीएसटी प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाना।
(b) छोटे करदाताओं के लिए जीएसटी प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाना।
(c) बड़े एवं छोटे दोनों करदाताओं के लिए जीएसटी प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाना।
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवाकर (GST) प्रणाली के तहत छोटे करदाताओं के लिए जीएसटी प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने के उद्देश्य से 'त्रैमासिक रिटर्न फाइलिंग और मासिक कर भुगतान (क्यूआरएमपी) योजना की शुरुआत की।पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में 5 करोड़ रुपये तक का वार्षिक कारोबार करने और 30 नवंबर, 2020 तक GSTR-3B (बिक्री) रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता इस योजना हेतु पात्र होंगे।
- इस योजना के तहत पात्र लोगों को 1 जनवरी, 2021 से अपना रिटर्न तिमाही आधार पर दाखिल करने और करों का भुगतान मासिक आधार पर करने की अनुमति दी जा सकती है।इसके तहत 5 करोड़ रुपये तक का कारोबार करने वाले करदाताओं को अपना जीएसटीआर-1 और जीएसटीआर 3 बी रिटर्न तिमाही आधार पर दाखिल करने का विकल्प प्राप्त होगा।इस योजना से भारत के लगभग 94 लाख करदाता लाभान्वित होंगे, जो कि भारत के संपूर्ण जीएसटी करदाताओं के लगभग 92 प्रतिशत है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/gst-taxpayers-to-get-flexibility-to-decide-on-monthly-tax-payment/articleshow/79705978.cms\

रामायण क्रूज सेवा

प्रश्न-आयोध्या में सरयू नदी पर 'रामायण क्रूज टूर' शीघ्र शुरू की जाएगी। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह आयोध्या (उत्तर प्रदेश) में सरयू नदी (घाघरा/राष्ट्रीय जल-मार्ग-40) पर पहली लक्जरी क्रूज सेवा होगी।
(b) क्रूज के अंदरूनी भाग और बोर्डिंग प्वाइंट रामचरित मानस की थीम पर आधारित होंगे।
(c) पूर्णतः वातानुकूलित इस क्रूज में 50 सीटें होंगी।
(d) पर्यटकों को 1-1.5 घंटे की अवधि के रामचरित मानस टूर पर ले जाया जाएगा।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री मनसुख मांडविया ने जानकारी प्रदान की कि अयोध्या में सरयू नदी पर 'रामायण क्रूज टूर' शीघ्र शुरू की जाएगी।
- यह आयोध्या (उत्तर प्रदेश) में सरयू नदी (घाघरा/राष्ट्रीय जल मार्ग-40) पर पहली लक्जरी क्रूज सेवा होगी।
- इसका उद्देश्य पवित्र सरयू नदी के प्रसिद्ध घाटों की यात्रा करते हुए श्रद्धालुओं को एक तरह की आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।
- इस क्रूज में वैश्विक स्तर के अनुरूप आवश्यक संरक्षा और सुरक्षा सुविधाओं के साथ-साथ लक्जरी और आराम की सभी सुविधाएं होंगी।
- क्रूज के अंदरूनी भाग और बोर्डिंग प्वाइंट रामाचरित मानस की थीम पर आधारित होंगे।
- पूर्णतः वातानुकूलित इस क्रूज में 80 सीटें होंगी।
- क्रूज में पर्यावरण पर शून्य प्रभाव के लिए जैव शौचालय और हाइब्रिड इंजन प्रणाली है।
- पर्यटकों को 1-1.5 घंटे की अवधि के रामचरित मानस टूर पर ले जाया जाएगा।
- पूरी यात्रा में लगभग 15-16 किमी. की दूरी तय की जाएगी।
- आयोध्या भगवान राम की जन्मभूमि है, जो हिंदुओं के लिए 7 सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों (मोक्षदायिनी सप्तपुरी) में पहला है।
- यूपी पर्यटन के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 में लगभग 2 करोड़ पर्यटक अयोध्या आए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1677477

गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना

प्रश्न-25 नवंबर, 2020 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में गंगा एक्सप्रोस-वे परियोजना के क्रियान्वयन संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति प्र्रदान की गई। इस एक्सप्रेस-वे के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) मंत्रिमंडल ने इस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु निर्णय लिया है कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के मुद्रीकरण से प्राप्त धनराशि को राजकोष में जमा किए जाने के बाद धनराशि का आहरण बजट के माध्यम से किया जाएगा।
(b) गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना (मेरठ से प्रयागराज तक) के निर्माण हेतु परियोजना के स्वामित्व एवं क्रियान्वयन हेतु मेसर्स एल एंड टी को नोडल एजेंसी नामित किया गया है।
(c) इस परियोजना की अनुमानित लंबाई 594 किमी. है।
(d) इस परियोजना से मेरठ, हापुड़ बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई,

उन्नाव, रायबरेली एवं प्रयागराज जिले आच्छादित होंगे।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 नवंबर, 2020 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के क्रियान्वयन संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।
- इस परियोजना के जिलेवार संरेखण को स्वीकृति के साथ परियोजना की अनुमानित लागत 36,402 करोड़ रुपये पर भी सैद्धान्तिक अनुमति प्रदान की गई।
- मंत्रिमंडल ने इस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु निर्णय लिया है कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के मुद्रीकरण से प्राप्त धनराशि को राजकोष में जमा किए जाने के बाद धनराशि का आहरण बजट के माध्यम से किया जाएगा।
- परियोजनांतर्गत निर्माण हेतु प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के विकल्प पर प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार कार्यवाही किए जाने हेतु सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान किया गया है।
- वित्तीय सलाहकार के रूप में एस.बी.आई. कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड को नामांकन के आधार पर आबद्ध किए जाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर दिया गया है।
- गंगाएक्सप्रेस-वे परियोजना के निर्माण से गंगा नदी के लगभग समानांतर हरिद्वार से प्रयागराज होते हुए वाराणसी तक द्रुतगामी आवागमन संभव हो सकेगा।
- इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण से हल्दिया से वाराणसी तक निर्मित होने वाले जलमार्ग के माध्यम से आने वाला यातायात प्रयागराज होते हुए दिल्ली एवं अन्य प्रदेशों तक सुगमतापूर्वक जा सकेगा।
- गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना (मेरठ से प्रयागराज तक) के निर्माण हेतु परियोजना के स्वामित्व एवं क्रियान्वयन हेतु यूपीडा को नोडल एजेंसी नामित किया गया है।
- यह एक्सप्रेस वे मेरठ बुलदंशहर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-334) से बिजौली ग्राम के समीप से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2) के प्रयागराज बाईपास पर प्रयागराज जिले के जुडापुर दांदू ग्राम के समीप मिलेगा।
- इसकी अनुमानित लंबाई 594 किमी. है।
- इससे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली एवं प्रयागराज जिले आच्छादित होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/economy-policy/up-govt-approves-ambitious-ganga-expressway-project-worth-rs-36-402-cr-120112501505_1.html

भारत और नेपाल द्वारा तीसरे एकीकृत चेक पोस्ट के निर्माण का शुभारंभ

प्रश्न-नवंबर, 2020 में भारत और नेपाल ने सीमा पार से व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल कितने करोड़ रुपये के एकीकृत चेक पोस्ट के निर्माण का शुभारंभ किया है?

(a) 148.13 करोड़ रुपये (b) 147.12 करोड़ रुपये (c) 145.12 करोड़ रुपये (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 12 नवंबर, 2020 को भारत और नेपाल ने तीसरे एकीकृत चेक पोस्ट (ICP: Integrated Check Post) के निर्माण का शुभारंभ किया।
- इसके निर्माण में कुल 147.12 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।
- इसका उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच सीमा पार व्यापार को बढ़ावा देना और उसे सरल व कारगर बनाना है।
- इसके निर्माण का शुभारंभ भारतीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और नेपाल के शहरी विकास मंत्री कृष्ण गोपाल श्रेष्ठ द्वारा नेपालगंज शहर (नेपाल) में की गई।
- ध्यातव्य है कि इससे पूर्व दोनों देशों में संयुक्त रूप से पहले और दूसरे एकीकृत चेक पोस्ट का शुभारंभ क्रमशः अप्रैल, 2018 में नेपाल के वीरगंज में और जनवरी, 2020 में नेपाल के बिराट नगर में किया था।
- इसके अलावा भारत सरकार द्वारा नेपाल के भैरहवा में एक चौथे एकीकृत चेक पोस्ट का निर्माण किया जाएगा, जो कि अभी विचाराधीन है।
- तीसरे आईसीपी परियोजना के तहत नेपाल अपने 61.5 हेक्टेयर भूमि का उपयोग करेगा।
- नेपाली हिस्से का निर्माण राजदीप बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जाएगी, जो भारत सरकार के उपक्रम राइट्स इंटरनेशनल लिमिटेड, पुणे की देख-रेख में संचालित होती है।
- इसी प्रकार भारतीय हिस्से का निर्माण रूपैडीहा (भारत-नेपाल सीमा से लगा उ.प्र. के बहराइच जिले का एक गांव) में लैंड्स पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा।
- इसके निर्माण की अवधि दो वर्ष निर्धारित की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/world/asia/india-nepal-border-integrated-check-post-construction-begins-at-nepalgunj20201112180806/

प्रोजेक्ट एयर केयर

प्रश्न-हाल ही में हरियाणा के गुरुग्राम में वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु 'प्रोजेक्ट एयर केयर' का प्रारंभ किया गया है। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करे-
(1) इस परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया।
(2) इसके तहत 73 विंग ऑग्मेंटेशन एयर प्यूरीफाइंग यूनिट्स को गुरुग्राम के उच्च AQI वाले क्षेत्रों में स्थापित किया जाएगा।
(3) इस एयरप्यूरीफायर का डिजाइन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर द्वारा किया गया है।
(4) यह प्यूरीफाइंग यूनिट्स 500 वर्गमीटर के क्षेत्र में शुद्ध हवा प्रदान करने में सक्षम है।

इनमें से असत्य कथन का चयन करें?
(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 1,2, व 3 (d) 1, 2, 3 व 4
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 11 नवंबर, 2020 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा हरियाणा के गुरुग्राम में बढ़ते वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु 'प्रोजेक्ट एयर केयर' प्रारंभ किया गया।

- इसके तहत वायु गुणवत्ता में सुधार करने के लिए 65 विंग ऑग्मेंटेशन एयर प्यूरीफाइंग यूनिट्स (WAYU) को गुरुग्राम के उच्च वायु गुणवत्ता सूचकांक वाले क्षेत्रों में स्थापित किया जाएगा।इस एयरप्यूरीफायर का डिजाइन नेशनल एन्वायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (NEERI) तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई के द्वारा तैयार किया गया है।ध्यातव्य है कि यह परियोजना गुरूग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (GMDA) तथा जी.एस. के (Glaxco Smith Kline) कंज्यूमर हेल्थकेयर के बीच एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत प्रारंभ की गई है।इन एयर प्यूरीफाइंग यूनिट्स द्वारा एक फिल्टर के माध्यम से पीएम 2.5 तथा पी.एम 2.10 पार्टिकल्स, वाष्पशील कार्बनिक यौगिक तथा कार्बनमोनोक्साइड जैसे प्रदूषकों को कार्बनडाई ऑक्साइड में परिवर्तन किया जाएगा।विंग ऑग्मेंटेशन एयर प्यूरीफाइंग यूनिट्स (WAYU) 500 वर्ग मीटर के क्षेत्र में शुद्ध हवा प्रदान करने में सक्षम है।इन एयर प्यूरीफाइंग यूनिट्स द्वारा ट्रैफिक जंक्शनों पर पीएम 10 को 60 से 70 प्रतिशत तथा पीएम 2.5 को 30 से 40 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।इन एयर प्यूरीफाइंग यूनिट्स की स्थापना जीएमडीए हेड ऑफिस, इफको चौक, सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन, हुड्डा सिटी सेंटर तथा जेनपैक्ट चौक जैसे क्षेत्रों में की जाएगी।गौरतलब है कि इन एयर प्यूरीफाइंग यूनिट्स की स्थापना व रख-रखाव 'भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ' द्वारा किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/haryana-cm-unveils-project-air-care-for-gurugram/article33078619.ece

बेहतर रेल परिचालन हेतु आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस

प्रश्न-हाल ही में भारतीय रेलवे ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस द्वारा बेहतर रेल परिचालन हेतु किस संस्था के साथ समझौता किया है?

(a) इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद (b) आईआईटी, कानपुर
(c) आईआईटी, बॉम्बे (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में भारतीय रेलवे ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से रेल परिचालन में सुधार हेतु इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद के साथ एक समझौता किया।रेल परिचालन में सुधार हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डाटा एनालिटिक्स इत्यादि डिजिटल टूल प्रयुक्त होंगे।इसकी सहायता से रेलवे अपने यात्रियों से संबंधित आंकड़ें, ट्रेन संचालन, माल दुलाई आदि सुविधाओं से संबंधित आकड़ो को प्राप्त कर सकेगा।
- रेलवे अपने पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (PRS) व नई ट्रेनों के शुरुआत के लिए भी अर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल करेगा।इस योजना के अंतर्गत विगत दो महीनों में लगभग 88 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।रेलवे बोर्ड आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में उभरती हुई तकनीकों पर नजर रखने और रेल प्रणाली में एकीकृत करने के लिए जोनल मुख्यालय में मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (CTO) की नियुक्ति करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/infrastructure/railways/artificial-intelligence-in-indian-railways-to-go-big-on-ai-data-analytics-for-operational-efficiency/2120808/

भारत का सबसे लंबा बीआरटीएस नेटवर्क

प्रश्न-निम्नलिखित में से किस शहर में भारत का सबसे लंबा 'बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' (BRTS) नेटवर्क है?
(a) सूरत (b) जयपुर (c) गुरुग्राम (d) बंगलुरू
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 20 अक्टूबर, 2020 को गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने 200 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का ई-उद्घाटन किया।
- उक्त परियोजनाओं में सूरत में कुंभरिया से कदोदोरा बीआरटीएस कॉरिडोर का उद्घाटन हुआ।
- उक्त कॉरिडोर के चालू होने से सूरत भारत का सबसे लंबा बीआरटीएस नेटवर्क वाला शहर बन गया।
- सूरत में 108 किमी. बीआरटीएस नेटवर्क है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/city/surat/kumbhariya-to-kadodara-brts-route-to-be-inaugurated-today/articleshow/78755351.cms

गिद्धों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना

प्रश्न-अक्टूबर, 2020 में, राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने गिद्धों के संरक्षण हेतु एक कार्य योजना को मंजूरी प्रदान की। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. गिद्धों के संरक्षण के लिए इस कार्य योजना की अवधि वर्ष 2020-2025 निर्धारित की गई है।
2. योजना के तहत भारत के 8 राज्यों में गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
3. वर्तमान में गिद्धों के इलाज हेतु देश में कोई समर्पित बचाव केंद्र नहीं है।
4. यह योजना विशेष रूप से गिद्धों के तीन जिप्स प्रजातियों के लिए चलाई जाएगी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
कूटः
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1,3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 5 अक्टूबर, 2020 को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL: National Board of Wild Life) द्वारा गिद्धों के सरंक्षण हेतु एक कार्य योजना को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस कार्य योजना की अवधि वर्ष 2020-2025 निर्धारित की गई है।
- कार्य योजना के अनुसार, भारत के 5 राज्यों (उत्तर प्रदेश ़कर्नाटक, त्रिपुरा, महाराष्ट्र और तमिलनाडु) में गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
- इसके अलावा गिद्धों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए देश के चार शहरों (गुवाहाटी, भोपाल, हैदराबाद और पिंजौर) में बचाव केंद्रों की स्थापना की जाएगी।
- ध्यातव्य है कि वर्तमान में गिद्धों के इलाज हेतु देश में कोई समर्पित बचाव केंद्र नहीं है।

- नई योजना में, गिद्धों की आबादी में गिरावट को रोकने के लिए विशेष रूप से गिद्धों की तीन जिप्स प्रजातियों के लिए रणनीति और कार्य बनाएं गए हैं, जिनके नाम इस प्रकार हैं-
- ओरिएंटल सफेद पीठ वाले गिद्ध (जिप्स बेंगालेंसिस)
- जिप्स टेनेरोस्ट्रिस
- लंबे-लंबे गिद्ध (जिप्स इंडिकस)
- मिशन के तहत गिद्धों का संरक्षण प्राकृतिक आवास से बाहर एवं अंदर (ex-situ and in-situ) दोनों ही परिस्थितियों में किया जाएगा।
- लाल सिर वाले गिद्धों और मिस्र के गिद्धों के संरक्षण हेतु प्रत्येक राज्य में कम-से-कम एक गिद्ध सुरक्षित क्षेत्र की स्थापना की जाएगी ताकि इनकी संख्या में गिरावट को रोका जा सके।
- गिद्धों को विषाक्त दवाओं से (जैसे-रिक्लोफिनेक) बचाने के लिए ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया की मदद ली जाएगी।
- गिद्धों की आबादी की सटीक जानकारी लगाने के लिए बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (BNHS) नामक गैर-लाभकारी संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
- राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) भारत सरकार द्वारा गठित वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत स्थापित एक वैधानिक संगठन है, जिसकी अध्यक्षता भारत के प्रधानमंत्री करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/wildlife-board-clears-plan-for-vulture-conservation/article33025074.ece

'कृषि से संपन्नता' योजना

प्रश्न-नवंबर, 2020 में किस राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में हींग व केसर की खेती के लिए 'कृषि से संपन्नता' योजना प्रारंभ किया गया?

(a) सिक्किम (b) केरल (c) हिमाचल प्रदेश (d) उत्तराखंड

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश में हींग व केसर की खेती के लिए 'कृषि से संपन्नता' योजना की शुरुआत की।इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में हींग व केसर की खेती को बढ़ावा देना है।
- इस योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु कृषि विभाग द्वारा एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है।
- इस योजना के तहत 6 जून, 2020 को हिमालय जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएचबीटी), पालमपुर के साथ समझौता हस्ताक्षरित हुआ है।
- इस योजनांतर्गत हींग व केसर की खेती के लिए राज्य सरकार ने 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।
- योजनांतर्गत किसानों व अधिकारियों को इस खेती की विधि की व्यापक जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण प्रदान करने का भी प्रावधान किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=391963

आयोग/समिति

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती मनाने हेतु उच्च स्तरीय समिति का गठन

प्रश्न-21 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मनाने के लिए किसकी अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करने का निर्णय लिया?

(a) प्रधानमंत्री (b) गृह मंत्री (c) रक्षा मंत्री (d) संस्कृति मंत्री

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 दिसंबर, 2020 को केंद्र सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मनाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करने का निर्णय लिया।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमितशाह इस उच्च स्तरीय समिति की अध्यक्षता करेंगे।
- यह समिति 23 जनवरी, 2021 से शुरू होने वाले 1 वर्ष के स्मरणोत्सव के लिए गतिवधियों की देख-रेख करेगी।
- इस वर्ष को स्मरणोत्सव, श्रद्धांजलि वर्ष और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के महान योगदान के लिए आभार के रूप में आयोजित किया जाना है।
- समिति के सदस्यों इतिहासकार, लेखक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के परिवार के सदस्य और साथ ही आजाद हिंद फौज/आईएनए से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होंगे।
- यह समिति दिल्ली, कोलकाता, और नेताजी और आजाद हिंद फौज से जुड़े अन्य स्थानों पर जो भारत के साथ-साथ विदेशों में भी है, की गतिविधियों के लिए मार्गदर्शन करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Govt-decides-to-constitute-High-Level-Committee-to-commemorate-125th-birth-anniversary-of-Netaji-Subhas-Chandra-Bose&id=406487

भारत के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश हेतु कार्य दल का गठन

प्रश्न-11 दिसंबर, 2020 को किस देश ने भारत के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश वाली परियोजनाओं की पहचान हेतु संयुक्त रूप से कार्य बल गठित करने पर सहमति जताई है?

(a) कतर (b) सऊदी अरब (c) इरान (d) ईराक

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2020 को कतर ने भारत में निवेश वाली परियोजनाओं की पहचान करने के लिए भारत सरकार के साथ कार्य दल गठित करने पर सहमति जताई है।कार्य दल में कतर पेट्रोलियम के वाइस प्रेसीडेंट व पेट्रोलियम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।
- कतर भारत का सबसे बड़ा LNG आपूर्तिकर्ता देश है।
- केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा भारत में एलएनजी और एलपीजी की आपूर्ति में कतर एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है।

- कतर के ऊर्जा राज्य मंत्री और कतर पेट्रोलियम के अध्यक्ष एवं सीईओ शेरिदा अल-काबी के साथ मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वार्ता के पश्चात दोनों देश के बीच यह सहमति बनी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/india-qatar-set-up-task-force-to-identify-projects-for-investment-120121100912_1.html

पेरिस समझोते के कार्यान्वयन हेतु उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन

प्रश्न-2 दिसंबर, 2020 को केंद्र सरकार ने किसकी अध्यक्षता में पेरिस समझौते के कार्यान्वयन हेतु उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया?

(a) सचिव, रक्षा मंत्रालय (b) सचिव, गृह मंत्रालय
(c) सचिव, विदेश मंत्रालय (d) सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2020 को केंद्र सरकार ने पेरिस समझौते के कार्यान्वयन हेतु उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी समिति (AIPA: Apex Committee for Implementation of Paris Agreement) का गठन किया।
- AIPA का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के मामलों पर एक समन्वित प्रतिक्रिया उत्पन्न करना है।
- इस समिति की अध्यक्षता सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय करेंगे।
- 14 मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी, AIPA के सदस्य के रूप में कार्य करेंगे।
- जो भारत के राष्ट्रीय निर्धारित योगदान (NDC) के कार्यान्वयन में प्रगति की निगरानी करेंगे और पेरिस समझौते की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जलवायु लक्ष्यों की निगरानी, समीक्षा और पुनरीक्षण करने हेतु समय-समय पर अपडेट जानकारी प्राप्त करेंगे।
- AIPA का एक अन्य महत्वपूर्ण कार्य पेरिस समझौते के आर्टिकल 6 के तहत भारत में कार्बन बाजारों को विनियमित करने के लिए एक राष्ट्रीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करना होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1677630

मातृभाषा में तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु कार्यबल गठित

प्रश्न-2 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने मातृभाषा में तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से किसकी अध्यक्षता में एक कार्यबल का गठन किया?

(a) सचिव, उच्च शिक्षा (b) उपाध्यक्ष, नीति आयोग (c) शिक्षा मंत्री (d) अध्यक्ष, सीबीएसई

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2020 केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने मातृभाषा में तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से एक कार्यबल का गठन किया।

- सचिव, उच्च शिक्षा अमित खरे इस कार्यबल के अध्यक्ष होंगे।
- यह कार्यबल विभिन्न हितधारकों द्वारा किए गए सुझावों पर विचार कर 1 माह में रिपोर्ट देगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1677712

https://www.pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1680183

टेलीविजन रेटिंग समीक्षा समिति

प्रश्न-सरकार द्वारा टेलीविजन रेटिंग प्रणाली की मौजूदा स्थिति की समीक्षा हेतु समिति गठित की गई, इसके अध्यक्ष कौन हैं?

(a) शशी एस. वेम्पति (b) अजय खुल्लर (c) सुनील वी. मित्तल (d) एच.एल. आहूजा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 4 नवंबर, 2020 को सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने वर्ष 2014 में अधिसूचित 'भारत में टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों पर दिशा-निर्देश' की समीक्षा की लिए एक समिति का गठन किया।
- ज्ञातव्य है मीडिया में कुछ समय से टी.आर.पी. (टेलीविजन रेटिंग प्रोग्राम) की मौजूदा प्रणाली को लेकर शिकायतें आ रहीं थीं।
- भारत में टेलीविजन क्षेत्र में तकनीकी प्रगति व उसकी रेटिंग प्रणाली में हस्तक्षेप की शिकायत को ध्यान में रखते हुए इस समिति का गठन किया गया है।
- चार सदस्यीय इस समिति की अध्यक्षता प्रसार भारती के सी.ई.ओ. शशि एस. वेम्पाते के द्वारा किया जाएगा। समिति दो महीने के अंदर सूचना व प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को इसकी रिपोर्ट सौंपेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1670201

ऑपरेशन/अभियान

'स्वच्छता अभियान' मोबाइल ऐप का शुभारंभ

प्रश्न-24 दिसंबर, 2020 को किसने 'स्वच्छता अभियान' मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया?

(a) पीयूष गोयल (b) थावर चंद गहलोत (c) प्रकाश जावड़ेकर (d) रविशंकर प्रसाद

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 24 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत ने 'स्वच्छता अभियान' मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया।

- इस ऐप को अस्वच्छ शौचालय और मेहतरों (सर पर मैला ढोने वालों) की पहचान करने और उनकी जियो टैगिंग करने के लिए विकसित किया गया है।
- इससे अस्वच्छ शौचालयों के स्थान पर स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने और सभी मेहतरों का पुनर्वास कर उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1683291

वरासत अभियान

प्रश्न-15 दिसंबर, 2020 को किस राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति और भूमि संबंधी विवादों को रोकने हेतु वरासत (प्राकृतिक उत्तराधिकार) अभियान शुरू किया गया है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश (c) राजस्थान (d) छत्तीसगढ़

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 दिसंबर, 2020 को उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति और भूमि संबंधी विवादों को रोकने हेतु वरासत (प्राकृतिक उत्तराधिकार) अभियान की शुरुआत की।
- यह राज्य में शुरू किया गया अपनी तरह का पहला अभियान है।
- इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि से संबंधित मुद्दों का समाधान करना और भू-माफियाओं द्वारा उत्तराधिकारों पर ग्रामीणों के शोषण को समाप्त करना है।
- दो महीने तक चलने वाला यह अभियान 15 फरवरी, 2020 तक संचालित होगा।
- इस अभियान के तहत ग्रामीणों को अपनी वरासत के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों सुविधाएं मिलेंगी।
- गांव के लोग जिनके पास जमीन है, किंतु वह कहीं और रहते हैं। उनके लिए तहसील स्तर पर एक विशेष काउंटर खोले गए हैं, जहां वह इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।
- इस अभियान के दौरान राज्य के लगभग 1,08000 राजस्व गांवों में कई वर्षों से लंबित पड़े वरासत के मामलों का निस्तारण किया जाएगा।
- इस अभियान के दौरान किए गए विवादों के निस्तारण के बाद शासन के वरिष्ठ अधिकारी इसका सत्यापन भी करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://twitter.com/UPGovt/status/1342643793749688322

पैसेज अभ्यास (PASSEX), 2020

प्रश्न-4-5 दिसंबर, 2020 के मध्य रूसी फेडरेशन नेवी और भारतीय नौसेना के बीच पैसेज अभ्यास (PASSEX) का आयोजन कहां किया गया?

(a) पूर्वी हिंद महासागर क्षेत्र (b) उत्तरी हिंद महासागर क्षेत्र (c) बंगाल की खाड़ी (d) उत्तरी अरब सागर

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 4-5 दिसंबर, 2020 के मध्य पूर्वी हिंद महासागर क्षेत्र में रूसी फेडरेशन नेवी (RUFN) और भारतीय नौसेना के बीच पैसेज अभ्यास (PASSEX) (Passage Exercies PASSEX), 2020 का आयोजन किया गया।
- उद्देश्य-दोनों मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता बढ़ाना, तालमेल को बेहतर करना और बेहतरीन कार्यप्रणाली को अपनाना।
- इस अभ्यास में रूसी फेडरेशन नेवी की दिशा-निर्देशित मिसाइल क्रूजर वर्याग, बड़ा पनडुब्बी-रोधी जहाज एडमिरल पेंटेलेयेव और मध्यम दूरी का महासागरीय टैंकर पचेंगा ने भाग लिया।
- जबकि भारतीय नौसेना की ओर से स्वदेश निर्मित दिशा-निर्देशित मिसाइल युद्धपोत शिवालिक और पनडुब्बी-रोधी टोही युद्धपोत कार्वेट कदमत्त अपने अभिन्न हेलीकप्टरों के साथ भाग लिया।
- अभ्यास में पनडुब्बी-रोधी और सतह के उन्नत युद्ध अभ्यास, हथियारों से फायरिंग, नाविक कला का अभ्यास और हेलीकाप्टर संचालन शामिल रहा।
- गौरतलब है कि PASSEX का आयोजन नियमित रूप से भारतीय नौसेना द्वारा अपने मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiannavy.nic.in/content/passage-exercise-passex-between-russian-federation-navy-and-indian-navy-eastern-indian-ocean

डॉ. कलईगनर एम. करुणानिधि जलपान योजना

प्रश्न-नवंबर, 2020 में कौन से केंद्रशासित प्रदेश में 'डॉ.कलईगनर एम. करुणानिधि जलपान (ब्रेकफास्ट) योजना' का प्रारंभ किया गया है?
(a) दिल्ली (b) पुडुचेरी (c) दमन एवं दीव (d) चंडीगढ़

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 12 नवंबर, 2020 को राज्य सभा सदस्य आर.एस. भारती द्वारा डॉ. कलईगनर एम. करुणानिधि कलई सितरुंडी थिट्टम (डॉ. कलईगनर एम. करुणानिधि जलपान योजना) का उद्घाटन किया गया है।
- गौरतलब है कि एम. करुणानिधि तमिलनाडु प्रांत के पूर्व मुख्य मंत्री रह चुके हैं।
- इस योजना के माध्यम से पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेश के 419 सरकारी एवं सहायता प्राप्त संस्थानों के लगभग 80 हजार छात्रों को लाभ प्राप्त होगा।
- प्रारंभ में इस योजना का संचालन पुडुचेरी के 106 स्कूलों में किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/pondy-govt-rolls-out-free-breakfast-scheme-for-school-students-named-after-karunanidhi/1974841

हिन्द महासागर वेव 2020- मॉक सुनामी अभ्यास संपन्न

प्रश्न-हिंद महासागर सुनामी चेतावनी और शमन प्रणाली के लिए अंतरसरकारी समन्वय समूह, जिसने हिन्द महासागर माक सुनामी ड्रिल 'Io Wave 20' का आयोजन किया, किसका आनुषंगिक संगठन है?

(a) यूनेस्को (b) सुरक्षा परिषद (c) विश्व बैंक (d) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 'अक्टूबर, 2020 में हिंद महासागर वेव 2020- मॉक सुनामी अभ्यास (Io Wave 20-Mock Tsunami Drill) संचालित किया गया।
- इस अभ्यास का संचालन यूनेस्को के आनुषंगिक संगठन हिंद महासागर सुनामी चेतावनी और शमन प्रणाली हेतु अंतरसरकारी समन्वय समूह (IOTWMS) द्वारा किया गया।
- अभ्यास में तीन चरण शामिल किए गए थे।
- पहले चरण में 6 अक्टूबर, 2020 को इंडोनेशिया के जावा समुद्री तट से दक्षिण की और 9.1 तीव्रता के भूकंप की स्थिति के लिए अभ्यास किया गया।
- दूसरे चरण में 13 अक्टूबर, 2020 को भारत के अडंमान द्वीप के पश्चिम तट पर 9.2 तीव्रता के भूकंप की स्थिति के लिए अभ्यास किया गया।
- तीसरे चरण में 20 अक्टूबर, 2020 को पाकिस्तान के मरकान समुद्री खाई में 9.0 तीव्रता के भूकंप की स्थिति के लिए अभ्यास किया गया।
- हिंद महासागर वेव 20 (IOWave 20) टॉस्क टीम ने IOTWMS के सदस्य देशों में कोविड-19 महामारी की समीक्षा और IOWaVe 20 अभ्यास के संचालन के लिए सबसे अच्छा विकल्प तय करने हेतु 1 जुलाई, 2020 को वर्चुअल बैठक की थी।
- क्षेत्र में कोविड-19 की प्रकृति को देखते हुए टॉस्क टीम ने कुछ बारीकियों के साथ IoWave 20 अभ्यास के संचालन का निर्णय लिया था।
- उल्लेखनीय है कि ICGWMS का गठन 26 दिसंबर, 2004 को आयी सुनामी के फलस्वरूप किया गया था।
- इसका औपचारिक अंतरसरकारी महासागरीय आयोग की 23वें सत्र (21-30 जून, 2005) के दौरान किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://incois.gov.in/documents/PostExerciseBrief_IOWave20.pdf

'हिम सुरक्षा अभियान'

प्रश्न-नवंबर, 2020 में भारत के किस राज्य सरकार द्वारा 'हिम सुरक्षा अभियान' का शुभारंभ किया गया?

(a) हिमाचल प्रदेश (b) मध्य प्रदेश (c) महाराष्ट्र (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 24 नवंबर, 2020 को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 'हिम सुरक्षा अभियान' का शुभारंभ किया गया।
- इस अभियान का उद्देश्य कोविड-19 महामारी के बारे में लोगों को जागरूक करना है।

- यह अभियान लोगों के स्वास्थ्य मापदंडों के डोर-टू-डोर डेटा (Data) संग्रह को सुनिश्चित करेगा।
- ध्यातव्य है कि यह अभियान पूरे राज्य में 27 दिसंबर, 2020 तक चलाया जाएगा।
- अभियान के तहत टीबी, कुष्ठ रोग, शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों के बारे में भी जानकारी एकत्र की जाएगी।
- इस अभियान का संचालन राज्य के स्वास्थ्य, आयुर्वेद, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज विभागों, जिला प्रशासन और गैर-सरकारी संगठनों की लगभग 8000 टीमों द्वारा किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=404916

सम्मेलन/समारोह

भारत-जापान का छठा संवाद सम्मेलन

प्रश्न-21 दिसंबर, 2020 को भारत-जापान के मध्य छठा संवाद सम्मेलन आयोजित हुआ। दोनों देशों के मध्य संवाद सम्मेलन की शुरुआत किस वर्ष हुई थी?
(a) 2014 (b) 2015 (c) 2016 (d) 2017
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 21 दिसंबर, 2020 को भारत और जापान के मध्य छठा संवाद सम्मेलन (6th India-Japan Samvad Confrence) कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पारंपरिक बौद्ध साहित्य और धर्मग्रंथों से संबंधित एक पुस्तकालय के निर्माण का प्रस्ताव रखा।
- यह पुस्तकालय विभिन्न देशों के सभी बौद्ध साहित्य की डिजिटल प्रतियां एकत्रित करेगा।
- भारत-जापान संवाद सम्मेलन की शुरुआत वर्ष 2015 में हुई थी।
- इस सम्मेलन में अहिंसा और लोकतंत्र की सकारात्मक परंपराओं पर आधारित एशिया के भविष्य के निर्माण पर विचार-विमर्श किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/indo-japan-samwad-conference-contributes-to-discourses-on-furthering-global-peace-pm-modi20201221092021/

8वां नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल, 2020

प्रश्न-19-20 दिसंबर, 2020 के मध्य 8 वां नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल कहां आयोजित हुआ?
(a) गुवाहाटी (b) शिलांग (c) कोहिमा (d) दार्जिलिंग
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 19-20 दिसंबर, 2020 के मध्य 8वां नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल (8th North-East Festival), 2020 गुवाहाटी (असम) में आयोजित हुआ।
- इस फेस्टिवल का फोकस था-"Growth Agenda for North-East Post COVID-19" ।
- पहली बार इस महोत्सव का आयोजन गुवाहाटी में हुआ।
- केंद्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस महोत्सव को संबोधित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/guwahati-to-host-eight-north-east-festival-from-december-19/articleshow/79550419.cms?from=mdr

5वां वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-14-18 दिसंबर, 2020 के मध्य वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 5 वां वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन, 2020 कार्नेगी इंडिया और किस मंत्रालय के सह-मेजबानी में संपन्न हुआ?

(a) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (b) शिक्षा मंत्रालय

(c) विदेश मंत्रालय (d) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14-18 दिसंबर, 2020 के मध्य वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 5 वां वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन (5th Global Technology Summit), 2020 आयोजित हुआ।
- इस शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) "The Geopolitics of Technology" था।
- ϖयह सम्मेलन विदेश मंत्रालय, भारत सरकार और कार्नेगी इंडिया (CI) की सह-मेजबानी में आयोजित हुआ था।
- इस सम्मेलन में उद्योग जगत के विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और विद्वानों ने भाग लिया।
- वक्ताओं में विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर और भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. के. विजयराघवन शामिल थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hciottawa.gov.in/newsevent?id=420#:~:text=Carnegie%20India%20in%20collaboration%20with,from%2014%2D18%20Dec%202020.

हिंद सहासागर रिम एसोसिएशन मंत्रिपरिषद की 20वीं बैठक, 2020

प्रश्न-17 दिसंबर, 2020 को हिंद महासगार रिम एसोसिएशन मंत्रिपरिषद की 20वीं बैठक, 2020 किस देश द्वारा वर्चुअल प्रारूप में आयोजित की गई थी?

(a) सऊदी अरब (b) यूएई (c) भारत (d) श्रीलंका

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 दिसंबर, 2020 को हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) मंत्रिपरिषद की 20वीं बैठक, 2020 संपन्न हुई।इसका आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (UAE) (IORA अध्यक्ष) द्वारा वर्चुअल प्रारूप में किया गया।
- इस बैठक में सभी 22 सदस्य राष्ट्रों और 10 संवाद भागीदार शामिल हुए।
- केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी.मुरलीधरन ने इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- बैठक के दौरान, IORA के सदस्य राष्ट्रों के साझा हितों के विभिन्न क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।आईओआरए (IORA) के बारे में
- यह उच्च स्तर की अंतर-क्षेत्रीय साझेदारी के माध्यम से इंडो-पैसिफिक में शांति व स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने का विशिष्ट मंच है।इसकी स्थापना वर्ष 1997 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय एबीन (Ebene) मॉरीशस में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/33312/20th+Meeting+of+Indian+Ocean+Rim+Association+Council+of+Ministers

नशीली दवाओं के नियंत्रण में सहयोग पर भारत-इंडोनेशिया वर्चुअल बैठक का आयोजन

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में नशीली दवाओं के नियंत्रण में सहयोग पर भारत तथा किस देश के बीच चौथी वर्चुअल द्विपक्षीय बैठक का आयोजन किया गया है?
(a) सिंगापुर (b) ब्राजील (c) इंडोनेशिया (d) इजरायल
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 17 दिसंबर, 2020 को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो,भारत तथा नेशनल नारकोटिक्स बोर्ड इंडोनेशिया के बीच नशीली दवाओं के नियंत्रण में सहयोग पर चौथी द्विपक्षीय संयुक्त कार्यकारी समूह (JWG) बैठक का आयोजन किया गया।इस वर्चुअल बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारत सरकार के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के महानिदेशक राकेश अस्थाना तथा इंडोनेशियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नेशनल नारकोटिक्स बोर्ड के कानूनी मामलों और सहयोग के उप-प्रमुख पूजी सरवोनो ने किया।
- इस बैठक में भारत सरकार की तरफ से हेरोइन तथा एमफेटामाइन के तरह की उत्तेजना बढ़ाने वाली दवाओं के मुद्दों को उजागर किया गया, जिनकी तस्करी गोल्डन ट्राइएंगल से भूमि तथा समुद्री मार्गों के माध्यम से की जाती है।इस बैठक के दौरान दोनों देशों ने नशीली दवाओं के जब्ती मामलों, नए साइकोएक्टिव पदार्थ और उनके शुरुआती तत्वों के संदर्भ में अनुवर्ती जांच के लिए समयबद्ध तरीके से खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान पर अपनी सहमति व्यक्त की।इंडोनेशिया भारत सीमाओं पर अवैध नशीली दवा तस्करी के अवैध प्रवेश और निकास स्थलों तथा नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए इस्तेमाल की जा रही तकनीक के बारे में जानकारी का आदान-प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया।
- ध्यातव्य है कि 5 वीं भारत-इंडोनेशिया द्विपक्षीय संयुक्त कार्यकार्य समूह (JWG) बैठक 2021 का आयोजन भारत में किया जाएगा।

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1681517

भारत-यूरोपीय संघ के बीच छठी साइबर वार्ता, 2020

प्रश्न-हाल ही में भारत द्वारा कब छठवें भारत-यूरोपीय संघ साइबर संवाद का वर्चुअल प्रारूप में आयोजन किया गया?
(a) 10 दिसंबर, 2020 (b) 18 दिसंबर, 2020 (c) 14 दिसंबर, 2020 (d) 20 दिसंबर, 2020

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को भारत द्वारा छठवें भारत-यूरोपीय संघ साइबर संवाद का वर्चुअल प्रारूप में आयोजन किया गया।
- इस वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व साइबर डेप्लोमेसी डिवीजन, विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. एस. जानकीरमन ने किया।
- जबकि यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ईईएएस के सुरक्षा एवं रक्षा निदेशक के जोएन्नेके बैलफूर्ट ने किया।
- इस वार्ता में दोनों पक्षों ने साइबर अपराध एवं इनमें क्षमता निर्माण पर सहयोग, समकालीन मुद्दों और साइबर नीतियों, इंटरनेट गवर्नेंस, नई उभरती हुई साइबर-संबंधित प्रौद्योगिकियों पर आदान-प्रदान से जुड़े प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा की।
- दोनों पक्षों ने आर्थिक विकास एवं नवोन्मेष को बढ़ावा देने हेतु एक खुले, मुक्त, सुरक्षित, स्थिर, शांतिपूर्ण एवं सुलभ व आर्थिक समृद्धि एवं वनोन्मेष को बढ़ावा देने वाले साइबर स्पेस की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।
- साइबर स्पेस के कई मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच सहमति बनीं।
- दोनों पक्षों ने अगली भारत-यूरोपीय संघ साइबर वार्ता ब्रुसेल्स में आयोजित करने पर सहमति जताई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/33308/6th_IndiaEU_Cyber_Dialogue

फिक्की के वार्षिक सम्मेलन और 93वीं वार्षिक सामान्य सभा (AGM) का अभासी आयोजन

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में अभासी तरीके से आयोजित फिक्की के वार्षिक सम्मेलन और 93वीं वार्षिक सामान्य सभा (AGM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. फिक्की के वार्षिक सम्मेलन एवं 93वीं एजीएम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 दिसंबर को संबोधित किया।
2. इस वर्ष के वार्षिक सम्मेलन की थीम इंस्पायर्ड इंडिया (Inspired India) थी।
3. 12 दिसंबर, 2020 को प्रधानमंत्री ने फिक्की के वार्षिक एक्पो, 2020 का उद्घाटन किया।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा कथन सत्य है?
(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 तथा 3 (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 12 दिसंबर, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI) की 93वीं तीन दिवसीय वार्षिक आम सभा का उद्घाटन किया एवं संबोधित किया जिसका आयोजन 11-12 एवं 14 दिसंबर, 2020 को किया गया।

- साथ ही प्रधानमंत्री में फिक्की के तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का भी उद्घाटन किया एवं संबोधित किया जिसका आयोजन 11,12 एवं 14 दिसंबर, 2020 को किया गया।
- 12 दिसंबर, 2020 को ही प्रधानमंत्री ने फिक्की के वार्षिक एक्सपो (FAE) 2020 का उद्घाटन किया जो एक वर्ष तक जारी रहेगा।
- यह एक अभासी एक्सपो है, जो दुनिया भर के प्रदर्शकों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने एवं अपने व्यापार की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा।
- फिक्की के वार्षिक सम्मेलन की थीम-इंस्पायर्ड इंडिया' (Inspired India) थी।
- फिक्की की वार्षिक आम सभा एक फ्लैगशिप कार्यक्रम और सरकार, उद्योग, अकादमियों, नौकरशाहों और अन्य प्रमुख क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की बहुप्रतीक्षित सभा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/prime-minister-narendra-modi-to-address-ficci-s-93rd-agm-annual-convention/story-qMyAEokC3KxYESBrYmWRbL.html

चाबहार पोर्ट के संयुक्त इस्तेमाल पर त्रिपक्षीय बैठक

प्रश्न-14 दिसंबर, 2020 को चाबहार पोर्ट के संयुक्त इस्तेमाल हेतु प्रथम त्रिपक्षीय वर्किंग ग्रुप की बैठक हुई। इस बैठक में निम्नलिखित में से कौन-सा/से देश शामिल है/हैं?

(a) भारत, ईरान और चीन (b) चीन, ईरान और उज्बेकिस्तान
(c) ईरान, उज्बेकिस्तान और रूस (d) भारत, उज्बेकिस्तान और ईरान

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को भारत, ईरान और उज्बेकिस्तान के बीच पहली त्रिपक्षीय वर्किंग ग्रुप की बैठक हुई।
- यह बैठक तीनों देशों के बीच व्यापार, आवाजाही और क्षेत्रीय जुड़ाव को बढ़ाने के लिए चाबहार पोर्ट के संयुक्त रूप से इस्तेमाल को लेकर हुई है।
- बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के नौवहन सचिव संजीव रंजन, उज्बेकिस्तान के परिहन मंत्री डी. देहकनोव ईरान के उप-परिवहन मंत्री शाहराम आदमनेजाद द्वारा संयुक्त तौर पर की गयी।
- भारत के लिए चाबहार पोर्ट मध्य एशिया और कॉकेशस क्षेत्र में जाने का दरवाजा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=1st-TWG-Meeting-between-India%2C-Iran%2C-Uzbekistan-on-joint-use-of-Chabahar-Port-held-virtually&id=406006

जलवायु महत्वाकांक्षी शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-12 दिसंबर, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जलवायु महत्वाकांक्षी शिखर सम्मेलन, 2020 आयोजित हुआ। यह शिखर सम्मेलन किस समझौते की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया?

(a) पेरिस समझौता (b) मांट्रियल समझौता
(c) कोपेनहेगन समझौता (d) टोक्यो समझौता

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 12 दिसंबर, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'जलवायु महत्वाकांक्षी शिखर सम्मेलन' (Climate Ambition Summit), 2020 आयोजित हुआ।
- यह शिखर सम्मेलन पेरिस समझौते की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया।
- ध्यातव्य है कि 12 दिसंबर, 2015 को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पेरिस समझौते को अपनाया गया था।
- यह शिखर सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र, यू.के. और फ्रांस की सह-मेजबानी में चिली और इटली के सहयोग से आयोजित किया गया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस शिखर सम्मेलन को संबोधित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/climatechange/get-ready-climate-ambition-summit

17वां भारतीय उद्योग परिसंघ वैश्विक SME बिजनेस समिट-2020

प्रश्न-9 दिसंबर, 2020 को CII और अमेजॅन इंडिया ने कितने राज्यों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिए समझौता किया है?
(a) 10 (b) 9 (c) 11 (d) 12
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2020 को उद्योग मंडल परिसंघ (CII) और अमेजॅन इंडिया ने 10 राज्यों में सूक्ष्य, लघु और मध्य उद्यमों (MSMEs) की निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- यह समझौता घरेलू व्यापार को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स का लाभ उठाने में मदद करेगा, साथ ही अमेजन इंडिया 10 राज्यों में MSMEs को भारत में अपने व्यवसाय को बढ़ाने तथा विश्व स्तर पर प्रशिक्षित करने के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के साथ काम करेगा।
- समझौते में अमेजन और CII, MSMEs उत्पादों को ऑनलाइन बेचने में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण, कार्यशाला और मास्टरक्लास का आयोजन देंगे।
- यह समझौता 17वें सीआईआई ग्लोबल एसएमई बिजनेस समिट में हस्ताक्षरित हुआ।
- जनवरी, 2020 में अमेजॅन ने तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं की

(i) 10 मिलियन MSMEs का डिजिटलीकरण

(ii) ई-कॉमर्स निर्यात को 10 बिलियन डॉलर तक करना

(iii) वर्ष 2025 तक 1 मिलियन नौकरियों का सृजन करना

- केंद्रीय MSMEs मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि 'अगले 5 वर्षों में प्रौद्योगिकी और ई-कॉमर्स इस विकास को सक्षम बनाने, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लाखों' MSMEs की सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
- CII तथा अमेजॅन नियमित रिपोर्ट भी प्रकाशित करेंगे, जिसमें बाजार विश्लेषण और अपने उत्पादों के विपणन व ब्राडिंग पर MSMEs के लिए रूपरेखा शामिल करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/trade/exports/insights/amazon-cii-to-help-design-export-module-for-raising-exports-through-e-commerce-by-msmes/articleshow/79649490.cms?from=mdr

अंतरराष्ट्रीय भारती महोत्सव, 2020

प्रश्न-11 दिसंबर, 2020 को 'अंतरराष्ट्रीय भारती महोत्सव', 2020 का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया गया। इस महोत्सव के दौरान किसे वर्ष 2020 के भारती पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(a) सीनी विश्वनाथन (b) एस.एस.विश्वनाथन (c) चित्रा मुद्गल (d) शशि थरूर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2020 को 'अंतरराष्ट्रीय भारती महोत्सव (International Bharti Festival), 2020' का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन तमिलनाडु के वनविल सांस्कृतिक केंद्र द्वारा तमिल भाषा के कवि और लेखक महाकवि सुब्रमण्यम भारती की 138वीं जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस महोत्सव को संबोधित किया।
- इस महोत्सव के दौरान सीनी विश्वनाथन को वर्ष 2020 के 'भारती पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।
- सुब्रमण्यम भारती को महाकवि भरतियार के नाम से जाता था।
- उनका जन्म 11 दिसंबर, 1882 को तमिलनाडु के एक गांव एट्टायापुरम में हुआ था।
- वह एक कवि होने साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक तथा पत्रकार थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1680081

6वां ब्रिक्स युवा शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-29 नवंबर से 2 दिसंबर, 2020 के मध्य किस देश की मेजबानी में 6वां ब्रिक्स युवा शिखर सम्मेलन, 2020 संपन्न हुआ?

(a) भारत (b) चीन (c) रूस (d) ब्राजील

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 नवंबर से 2 दिसंबर, 2020 के मध्य 6वां ब्रिक्स युवा शिखर सम्मेलन (6th BRICS Youth Summit), 2020 उल्यानोव्स्क (Ulyanovsk), रूस में संपन्न हुआ।
- मुख्य विषय (Topic)-"BRICS: Challenges of the Time for young People"।
- इसका आयोजन फेडरेल एजेंसी फॉर यूथ अफेयर्स और गवर्नमेंट ऑफ उल्यानोव्स्क प्रांत, रूस द्वारा किया गया।
- केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) किरेन रीजीजू ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस सम्मेलन में भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://eng.brics-russia2020.ru/photo/20201201/1260762.html?share-media=1281821

6 वें भारत-जापान आईसीटी संयुक्त कार्य समूह की बैठक

प्रश्न-8 दिसंबर, 2020 को, भारत-जापान आईसीटी के तहत संयुक्त समूह की 6वीं बैठक की गई। इस बैठक के प्रमुख मुद्दे कौन-कौन से है-

(a) 5 जी प्रौद्योगिकियों में सहयोग

(b) पनडुब्बी ऑप्टिकल फाइबर प्लेसमेंट

(c) स्मार्ट-सिटी डेवलप में प्रोग्राम

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 8 दिसंबर, 2020 को, भारत-जापान आईसीटी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के तहत संयुक्त कार्य समूह की 6वीं बैठक आयोजित की गई।
- इस बैठक के प्रमुख मुद्दे 5 जी प्रौद्योगिकियों में सहयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिकित्सा के अनुप्रयोग, पनडुब्बी ऑप्टिकल फाइबर प्लेसमेंट थे।
- बैठक का उद्घाटन भारत सरकार के संचार मंत्रालय के सचिव अंशु प्रकाश ने किया।
- भारत के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी और जापान के आंतरिक मामलें और दूरसंचार मंत्रालय आईसीटी ढांचे के तहत मिलकर काम करेंगे।
- भारत-जापान के प्रतिभागियों ने कहा कि ICT दोनों देशों के स्वतंत्र, खुले और समावेशी इंडो-पैसिफिक के लिए उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण उपकरण हैं।

- भारत ने कहा कि जापान का NEC Corporation पनडुब्बी ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने में था, जो चेन्नई और अंडमान और निकोबार को जोड़ता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://opengovasia.com/india-and-japan-sign-moc-for-cybersecurity/

16वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन, 2021

प्रश्न-9 जनवरी, 2021 को 16वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन वर्चुअल प्रारूप में नई दिल्ली में आयोजित होगा। इसका मुख्य विषय (Theme) क्या है?

(a) आत्मनिर्भर भारत में योगदान (b) भारतीय संस्कृति के संवर्धन में प्रवासी भारतीयों की भूमिका (c) आत्मनिर्भर भारत में प्रवासियों की भूमिका
(d) नये भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की भूमिका

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2021 को 16वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन, 2020 का आयोजितन वर्चुअल प्रारूप में नई दिल्ली में आयोजित होगा।
- इसका मुख्य विषय (Theme) है- "आत्मनिर्भर भारत में योगदान"।
- कोविड-19 महामारी के मद्देनजर इस बार लोग इसमें वर्चुअल रूप से भाग लेंगे।
- प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है और प्रवासी भारतीयों के साथ जुड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।
- गौरतलब है कि प्रसिद्ध न्यायविद् डॉ. लक्ष्मीमल सिंघवी की अध्यक्षता में सितंबर, 2000 में गठित समिति द्वारा 9 जनवरी (महात्मा गांधी के वर्ष 1915 में दक्षिण अफ्रीका प्रवास से भारत लौटने की तिथि) को प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के रूप में आयोजित किए जाने का सुझाव दिया गया था।
- फलस्वरूप वर्ष 2003 से प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।
- 15वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन, 2019 का आयोजन 21-23 जनवरी, 2019 के मध्य वाराणसी (उ.प्र.) में किया गया था।
- जिसका मुख्य विषय था- "नये भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की भूमिका"।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl%2F33262%2FCelebration+of+16th+Pravasi+Bharatiya+Divas+on+09+January+2021+at+New+Delhi#:~:text=In%20view%20of%20the%20ongoing,connect%20with%20the%20overseas%20Diaspora.

तीसरा ग्लोबल री-इनवेस्ट रिन्युवेबल एनर्जी इनवेस्टर्स मीट एंड एक्सपो, 2020

प्रश्न-हाल ही में तीसरा ग्लोबल री-इनवेस्ट रिन्युवेबल एनर्जी इनवेस्टर्स मीट एंड एक्सपो, 2020 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कब आयोजित हुआ?

(a) 26-28 नवंबर, 2020 (b) 22-24 नवंबर, 2020
(c) 26-28 नवंबर, 2020 (d) 29-31 नवंबर, 2020

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26-28 नवंबर, 2020 के मध्य तीसरा ग्लोबल री-इनवेस्ट रिन्युवेबल एनर्जी इनवेस्टर्स मीट एंड एक्सपो, (3rd Global Re-Invest Renewable Energy Investors Meet & Expo) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुआ।
- मुख्य विषय (Theme)-"Innovations for Sustainable Energy Transition"
- इसका आयोजन नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा किया गया था।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया।
- इसमें लगभग 75 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, लगभग 1000 से अधिक वैश्विक उद्योग के नेताओं और लगभग 50,000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1676191

संधि/समझौता

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग हेतु भारत तथा इजराइल के मध्य समझौता ज्ञापन

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने हेतु तथा ग्रीन हेल्थ केयर को समर्थन देने हेतु भारत ने किस देश के साथ समझौता-ज्ञापन किया है?

(a) जापान (b) अमेरिका (c) संयुक्त अरब अमीरात (d) इजरायल

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 21 दिसंबर, 2020 को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए तथा ग्रीन हेल्थ केयर के विकास को समर्थन देने हेतु भारत ने इजरायल के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- इस समझौते पर इजरायल के विदेश मंत्री गाबी अश्केनाजी (GABI ASHKENAZI) तथा इजरायल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला ने हस्ताक्षर किए हैं।
- गौरतलब है कि 4 नवंबर, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत तथा इजरायल के मध्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा (दवा) के क्षेत्र में सहयोग के बारे समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी प्रदान की थी।
- इस समझौता-ज्ञापन में सहयोग के निम्नलिखित क्षेत्रों को सम्मिलित किया गया है-

- डाक्टरों तथा अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों का आदान-प्रदान और प्रशिक्षण,
- मानव संसाधन विकास तथा स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं स्थापित करने में सहयोग,
- फार्मास्युटिकल, चिकित्सा उपकरणों तथा सौंदर्य प्रसाधनों के विनियमन के संबंध में सूचना का आदान-प्रदान,
- जलवायु संबंधी खतरे के समक्ष नागरिकों के स्वास्थ्य की अरक्षितता का आकलन तथा नियंत्रण एवं शमन एवं अनुकूलन के उद्देश्य से जन-स्वास्थ्य संबंधी कार्रवाइयों के बारे में विशेषज्ञता को साझा करना,
- जलवायु प्रत्यास्थी अवसंरचना के साथ 'ग्रीन हेल्थकेयर' के विकास के लिए सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेषज्ञता को साझा करना।
- विभिन्न प्रासंगिक क्षेत्रों में आपसी अनुसंधान को बढ़ावा देना।
- सहयोग का अन्य कोई क्षेत्र जिसका परस्पर निर्धारण किया जाए।
- समझौते के अनुसार दोनों देशों सहयोग के मुद्दे पर एक-दूसरे की प्रासंगिक संस्थाओं द्वारा आयोजित राउंड टेबल, सेमिनार, संगोष्ठी, कार्यशालाओं तथा सम्मेलनों में दोनों देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है।
- गौरतलब है कि यह समझौता वर्ष 2003 में हस्ताक्षरित पिछले समझौता का स्थान लेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indembassyisrael.gov.in/press?id=bqx2a

भारत सरकार-विश्वबैंक के मध्य समझौता

प्रश्न-22 दिसंबर, 2020 को भारत सरकार और विश्व बैंक ने 4 राज्यों राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में सुरक्षित और हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों के निर्माण हेतु एक परियोजना पर हस्ताक्षर किए। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) भारत सरकार और विश्व बैंक ने 500 मिलियन डॉलर राशि की एक परियोजना पर हस्ताक्षर किए।
(b) अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक से प्रदत्त 500 मिलियन डॉलर की ऋण राशि की परिपक्वता अवधि 15 वर्ष है।
(c) यह परियोजना राजमार्गों के निर्माण एवं रख-रखाव में जीएचजी (GHG) उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगी।
(d) यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढुलाई की मात्रा और आवाजाही पैटर्न को मैप करने, बाधाओं की पहचान करने, और अभिनव लॉजिस्टिक्स समाधान उपलब्ध कराने हेतु एनालिटिक्स की मदद करेगी।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 दिसंबर, 2020 को भारत सरकार और विश्व बैंक ने राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों में सुरक्षित और हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों के निर्माण हेतु 500 मिलियन डॉलर राशि की एक परियोजना पर हस्ताक्षर किए।
- यह परियोजना सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की सुरक्षा और हरित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में क्षमता को भी बढ़ाएगी।
- हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारा परियोजना सुरक्षित और हरित प्रौद्योगिकी डिजाइनों यथा-स्थानीय और उप-मानक सामग्री, औद्योगिक उपोत्पाद (बाइप्रोडक्ट) और अन्य बायोइंजीनियरिंग समाधानों के माध्यम से विभिन्न

भौगोलिक क्षेत्रों में 783 किमी. राजमार्ग का निर्माण करने में सड़क परियोजना एवं राजमार्ग मंत्रालय का सहयोग करेगी।

- यह परियोजना राजमार्गों के निर्माण और रख-रखाव में जीएचजी उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगी।
- परिवहन से संबंधित बुनियादी ढांचे का उद्देश्य निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करना और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है।
- भारत सरकार द्वारा लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन को मजबूत करने और बेहतर बनाने के लिए सड़क क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में कई निवेश कार्यक्रम शुरू किये गये है।
- उद्यमों और महिलाओं के सामूहिक प्रशिक्षण द्वारा महिलाओं हेतु बुनियादी ढांचा जलवायु के हिसाब से लोचशील हो इसके लिए इस परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के लगभग 5000 किमी. के आपदा जोखिम का मूल्यांकन किया जाएगा, साथ ही परियोजना डिजाइन और कार्यान्वयन में जलवायु के लचीलेपन के पहलुओं को शामिल करने में मंत्रालय के साथ सहयोग किया जाएगा।
- अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) से प्रदत्त 500 मिलियन डॉलर की ऋण राशि की परिपक्वता अवधि 18.5 वर्ष है, जिसमें 5 वर्ष की रियायत अवधि शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worldbank.org/en/news/press-release/2020/12/22/world-bank-signs-usd500-million-project-to-develop-green-resilient-and-safe-highways-in-india

उत्तर प्रदेश में बिजली वितरण नेटवर्क में सुधार हेतु समझौता

प्रश्न-18 दिसंबर, 2020 को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं को विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के उद्देश्य के दृष्टिगत ग्रामीण बिजली वितरण नेटवर्क में सुधार करने हेतु कितनी राशि के ऋण पर हस्ताक्षर किए?

(a) 250 मिलियन डॉलर (b) 350 मिलियन डॉलर
(c) 300 मिलियन डॉलर (d) 400 मिलियन डॉलर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 दिसंबर, 2020 को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं को विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के उद्देश्य के दृष्टिगत ग्रामीण बिजली वितरण नेटवर्क में सुधार करने हेतु 300 मिलियन डॉलर राशि के ऋण पर हस्ताक्षर किए।
- इस परियोजना के तहत कृषि और आवासीय उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति हेतु अलग-अलग फीडर स्थापित किए जाएंगे।
- मल्टी-ट्रेंन्च फाइनेंसिंग फैसिलिटी (एमएफएफ) ने दो ट्रेंच बनाने वाली परियोजना के लिए 430 मिलियन डॉलर की मंजूरी प्रदान की है।
- इस परियोजना के तहत एक मजबूत वितरण नेटवर्क बनाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में कम वोल्टेज वितरण लाइनों के 65000 किमी. का रूपांतरण किया जाएगा।
- इसमें खुले कंडक्टरों को हवाई बंडल कंडक्टर (एबीसी) में परिवर्तित किया जाएगा।
- कृषि और घरेलू उपभोक्तओं के लिए 17000 किमी. से अधिक दूरी तक फीडर सेपरेशन नेटवर्क स्थापित किए जाएंगे।

- यह परियोजना उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) की लैंगिक समावेशिता, कॉर्पोरेट प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन क्षमता में सुधार करेगी।
- बिल संग्रह में सुधार हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को सामुदायिक संग्रह एजेंटों के रूप में शामिल किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.adb.org/news/adb-india-sign-300-million-loan-upgrade-power-distribution-network-uttar-pradesh

भारत में स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति एडीबी ऋण

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत के किस राज्य में स्थित 'लोअर कोपिली हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर संयंत्र' के निर्माण के लिए 231 मिलियन डॉलर के ऋण को अपनी स्वीकृति प्रदान की है?
(a) असम (b) मेघालय (c) नगालैंड (d) त्रिपुरा

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 19 दिसंबर, 2020 को एशियाई विकास बैंक ने भारत के मध्य असम में 'लोवर कोपिली हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर संयंत्र के निर्माण के लिए 231 मिलियन डॉलर के ऋण को अपनी स्वीकृति प्रदान की है।
- गौरतलब है कि यह ऋण वर्ष 2014 में एशियाई विकास बैंक द्वारा अनुमोदित 300 मिलियन डॉलर-असम पॉवर सेक्टर इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम' की तीसरी एवं सबसे बड़ी किश्त है।
- ध्यातव्य है कि इस परियोजना के तहत असम राज्य में 70 मेगावॉट के लकवा (LAKWA) गैस परियोजना तथा उन्नत वितरण नेटवर्क का उन्नयन किया है।
- लोवर कोपिली हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर संयंत्र के विकास से असम पॉवर जेनरेशन कार्पोरेशन की जल विद्युत उत्पादन की क्षमता दोगुनी हो जाएगी।
- इस परियोजना के निर्माण से असम में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी साथ ही स्वच्छ ऊर्जा का विकास होगा।
- यह परियोजना असम पॉवर जेनरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड के उद्यम संसाधन नियोजन प्रणाली को भी वित्तपोषित करेगी तथा वित्तीय प्रबंधन में सुधार के उपायों के कार्यान्वयन का समर्थन करेगी।
- ध्यातव्य है कि यह परियोजना विशेष उपायों के माध्यम से कोपिली नदी में अम्लता संबंधी चिंताओं को कम करने की योजना भी बनाएगा।
- गौरतलब है कि इस ऋण के अलावा, गरीबी निवारण के लिए एडीबी के जापान फंड से 2 मिलियन डॉलर की परियोजना अनुदान समुदाय आधारित आपदा लचीलापन पहल तथा संसाधन प्रबंधन को वित्तपोषित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.adb.org/news/231-million-adb-loan-help-increase-supply-clean-energy-india

त्रिपुरा में आधारभूत परियोजनाओं के विकास हेतु समझौता

प्रश्न-18 दिसंबर, 2020 को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत सरकार के साथ त्रिपुरा में आधारभूत परियोजनाओं के विकास हेतु कितनी राशि के प्रोजेक्ट फाइनेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए?

(a) 35 लाख डॉलर (b) 42 लाख डॉलर (c) 58 लाख डॉलर (d) 65 लाख डॉलर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 दिसंबर, 2020 को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत सरकार के साथ त्रिपुरा में आधारभूत परियोजनाओं के विकास हेतु 42 लाख डॉलर के प्रोजेक्ट फाइनेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- इस समझौते के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत में स्थित त्रिपुरा में शहरी सुविधाएं विकसित करने के साथ ही पर्यटन क्षेत्र के लिए मूलभूत सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।
- पूर्वोत्तर भारत में एडीबी की यह पहली प्रोजेक्ट रेडीनेस फाइनेंसिंग (पीआरएफ) सुविधा है।
- पीआरएफ सुविधा के माध्यम से त्रिपुरा में 7 जिलों के मुख्यालय वाले शहरों और 13 शहरी निकायों में पानी की आपूर्ति, स्वच्छता के लिए आवश्यक संसाधन, पानी की निकासी, सड़के और शहरी सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=406321#:~:text=The%20Government%20of%20India%20and,develop%20tourism%20infrastructure%20in%20Tripura.

भारतीय नौसेना ने महासागर सेवा डेटा साझा करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

प्रश्न-इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इंफॉर्मेशन सर्विसेज (INCOIS) कहां स्थित है?

(a) मुंबई (b) कोलकाता (c) हैदराबाद (d) कोच्चि



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 18 दिसंबर, 2020 को, भारतीय नौसेना ने महासागर सेवाओं के डेटा को साझा करने हेतु एक समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- नौसेना ने यह MoU इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इन्फॉरमेशन सर्विसेज (INCOIS) के साथ हस्ताक्षर किया है।
- यह समझौता-ज्ञापन ऑपरेशनल ओशनोग्राफी के क्षेत्र में महासागर सेवाओं (Ocean Services), डेटा और विशेषज्ञता को साझा करने पर केंद्रित है।
- इस समझौते से भविष्य में सार्थक वार्तालाप और पेशेवर आदान-प्रदान को आगे बढ़ाने में भारतीय नौसेना और INCONIS दोनों को लाभ होगा।
- INCONIS केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक इकाई है, जो कि समुद्र विज्ञान और मौसम विज्ञान के बहुमुखी और विशेष पहलुओं से संबंधित है।

- यह संगठन समाज, उद्योग, सरकारी एजेंसियों और वैज्ञानिक समुदाय को सूचना और सलाहकार सेवाएं प्रदान करता है।
- INCONIS भारतीय नौसेना को भी उसके तीनों आयामों के संचालन एवं समर्थन हेतु उक्त वर्णित सभी सेवाएं प्रदान करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://incois.gov.in/documents/MoU_with_Indian_Navy_2020.pdf

सीईआरसी-एफईआरसी में समझौता

प्रश्न-16 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी), भारत और किस देश के संघीय ऊर्जा नियामक आयोग (एफईआरसी) के बीच विद्युत क्षेत्रों में आपसी हितों के क्षेत्रों में सूचना और अनुभवों के आदान-प्रदान हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने हेतु केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की?

(a) स्वीडन (b) संयुक्त राज्य अमेरिका (c) ब्रिटेन (d) फ्रांस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी), भारत और संघीय ऊर्जा नियामक आयोग (एफईआरसी), संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच विद्युत क्षेत्रों में आपसी हितों के क्षेत्रों में सूचना और अनुभवों के आदान-प्रदान हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने हेतु केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस समझौता-ज्ञापन से दक्ष, थोक, विद्युत बाजार विकसित करने और ग्रिड की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए नियामक और नीतिगत ढांचे को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत की जाने वाली गतिविधियों में शामिल हैं-

(i) ऊर्जा से संबंधित मुद्दों की पहचान करना और आपसी हितों के क्षेत्रों में सूचना और नियामक प्रक्रियाओं के आदान-प्रदान हेतु विषयों और संभावित एजेंडों को विकसित करना।
(ii) एक-दूसरे की सुविधाओं में आयोजित गतिविधियों में भागीदारी हेतु आयुक्तों और/या कर्मचारियों के दौरे आयोजित करना।
(iii) सेमिनारों, दौरों और आदान-प्रदान में भागीदारी।
(iv) आपसी हितों के कार्यक्रम विकसित करना और भागीदारी बढ़ाने हेतु जहां भी उचित हो इन कार्यक्रमों को स्थानीय रूप से आयोजित करना।
(v) जब व्यवहारिक और आपसी हित में हों, तो ऊर्जा के मुद्दों पर वक्ताओं और अन्य कर्मियों (प्रबंधन या तकनीकी) को उपलब्ध कराना शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1681045

तमिलनाडु सरकार ने 24 परियोजनाओं के लिए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

प्रश्न-यूटिलिटी स्केल पी.वी पॉवर प्लांट प्रदाता एवं सोलर पैनालों की निर्माणकर्ता कंपनी फस्ट सोलर (First Solar) किस देश में स्थित है?

(a) ब्रिटेन (b) यू.एस.ए (c) चीन (d) जापान

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को तमिलनाडु सरकार ने 24,248 करोड़ रुपये की 24 परियोजनाओं के लिए समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।
- तमिलनाडु सरकार को इन सभी परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में नौकरी की चाहत रखने वालों के लिए कुल 54,218 नौकरियां, पैदा होने की उम्मीद है।
- राज्य सरकार द्वारा एक समारोह में मुख्यमंत्री एडापड्डी के. पलानी स्वामी की उपस्थिति में विभिन्न कंपनियों के साथ 18 एम.ओ यू. पर हस्ताक्षर किए गए।
- इसके तहत 19,955 करोड़ का निवेश करने की योजना बनाई गई है, जिससे 26,509 नौकरियां पैदा होंगी।
- एक दूसरे प्रयास के तहत कुछ अन्य परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई एवं उद्घाटन किए गए जिनमें 4,503 करोड़ रुपये का निवेश लाया जाएगा और इनके द्वारा 27,709 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा।
- सिपकोट वल्लम वडगल में एक मेगा औद्योगिकी आवास परियोजना के लिए फॉक्सकॉन के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए।
- तमिलनाडु में 14 दिसंबर को किए गए समझौता ज्ञापनों में कुछ अन्य समझौते इस प्रकार हैं-
- अमेरिका की सोलर पैनल निर्माता कंपनी 'फर्स्ट सोलर' प्रदेश में 4,185 करोड़ के निवेश के साथ सोलर मॉड्यूल निर्माण सुविधा स्थापित करेगी।
- 1001 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वोल्टास कंपनी अपनी निर्माण इकाई वेडल गांव में स्थापित करेगी।
- ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी प्रदेश के होसूर (Hosur) में 2,354 करोड़ के निवेश के साथ अपनी इलेक्ट्रिक टू व्हीलर इकाई स्थापित करेगी।
- क्राउन ग्रुप, प्रदेश के सलेम (Salem) जिले में एक एयरोस्पेस क्लस्टर पार्क की स्थापना 2500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ करेगी। जिसमें ड्रोन एवं फ्लाइट कंपोनेंट आदि बनाए जाएंगे।
- अमेरिका में स्थित माइलान प्रयोगशालाएं (Mylan Laboratories) प्रदेश के कृष्णागिरी जिले में 350 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक इंजेक्शन निर्माण परियोजना स्थापित करेंगी।
- गुरित इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (Gurit India PVT. Ltd) श्री पेरंबुदूर में पवन ब्लेड (Wind Blande) घटकों के निर्माण के लिए 320 करोड़ रुपये के निवेश से एक परियोजना स्थापित करेगा।
- श्री पलानी स्वामी ने आशा जताई है कि उक्त सभी परियोजनाओं के चालू हो जाने पर प्रदेश में भरपूर संख्या में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://newsonprojects.com/news/tn-signs-mous-for-24-projects-worth-rs24248-cr

भारत में ऊर्जा भंडारण नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समझौता

प्रश्न-भारत में ऊर्जा भंडारण नवाचार हेतु दिसंबर, 2020 में किए गए समझौते के संदर्भ में निम्नतथ्यों पर विचार करें-

1. उक्त समझौता भारत ऊर्जा भंडारण गठबंधन (ISEA) और संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (UNIDO) के बीच हुआ।
2. यह समझौता यूनिडो द्वारा 1 नवंबर, 2020 को लांच फैसिलिटी ऑफ लो कार्बन टेक्नोलॉजी डिप्लायमेंट (FLCTD) ऊर्जा भंडारण नवाचार चैलेंज के चौथे संस्करण के संबंध में किया गया।
3. इस नवाचार चैलेंज में भारत ऊर्जा भंडारण गठबंधन सहयोगी की भूमिका निभाएगा।

उपर्युक्त तथ्यों में से कौन-सा तथ्य सही है?

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3 (c) उपर्युक्त सभी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 दिसंबर, 2020 को भारत ऊर्जा भंडारण गठबंधन (IESA) और संयुक्त राष्ट्र औद्योगिकी विकास संगठन (UNIDO) ने भारत में ऊर्जा नवाचार भंडारण हेतु एक समझौता किया।
- उल्लेखनीय है कि यूनिडो ने 1 नवंबर, 2020 को भारतीय ऊर्जा भंडारण और ई-मोबिलिटी स्पेस के लिए नए नवाचारों को समर्थन और प्रोत्साहन देने हेतु फैसिलिटी ऑफ लो कार्बन टेक्नोलॉजी डिप्लॉयमेंट (FLCTD) का चौथा संस्करण लांच किया।
- इस चैलेंज का उद्देश्य उच्च प्रभाव वाले अवसरों पहचान करना, जिनमें बड़े पैमाने पर कार्बन उत्सर्जन ने कमी के साथ ऊर्जा बचत की क्षमता है और साथ ही उनकी तकनीकी के क्षेत्र सत्यापन या बीटा परीक्षण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है।
- ब्यूरो ऑफ इनर्जी इफीसिएंसी, यूएनआईडीओ (UNIDO) और आईईएसए द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, जीतने वाली तकनीकों को 50 हजार डॉलर तक का अनुदान दिया जाएगा।
- चैलेंज में भाग लेने के लिए कंपनियां, संस्थान इलेक्ट्रो-केमिकल बैटरी, बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम (BMS), सुपर-कैपिसटर या बैटरी और सुपर कैपसिटर के संयोजन आदि को प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- यूनिडो विकासशील देशों के उद्योगों की सहायता हेतु सतत और समावेशी औद्योगिक विकास को बढ़ावा देता है।
- वर्ष 2016 में यूनिडो ने ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से प्रौद्योगिकी गैप की पहचान, डिप्लायमेंट और स्केल अप के उद्देश्य से 'द फैसिलिटी ऑफ लो कार्बन' पहल की शुरुआत की।
- यह पहल ब्यूरो ऑफ इनर्जी ऑफ इफिसिएंसी (BEE) द्वारा क्रियान्वित की जा रही है और ग्लोबल एनवायरमेंट फैसिलिटी (GEF) द्वारा समर्थित है।
- आईईएस (IES) ऊर्जा भंडारण और ई-मोबिलिटी में भारत की अग्रणी संस्था है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.eqmagpro.com/iesa-unido-tie-up-to-boost-energy-storage-innovations-in-india/

एडीबी द्वारा भारत में उन्नत जैव ईंधन विकास के समर्थन हेतु सहायता को मंजूरी

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में एशियाई विकास बैंक ने भारत में उन्नज जैव ईंधन विकास का समर्थन करने के लिए तकनीकी सहायता को अपनी मंजूरी प्रदान की। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करें?

(1) इसके तहत एशियाई विकास बैंक भारत को 5 मिलियन डॉलर की तकनीकी सहायता

उपलब्ध कराएगा।
(2) यह अनुदान 'एशिया क्लीन एनर्जी फंड' के तहत वित्तपोषित किया जाएगा।
(3) एडीबी जैव ईंधन निवेश को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ-साथ इरेडा तथा नाबार्ड जैसे संस्थानों के साथ सहयोग करेगा।
(4) इस नवीकरणीय ऊर्जा से खाद्य सुरक्षा को खतरा पैदा किए बिना ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी।
उपरोक्त दिए गए कथनों में सत्य कथन का परीक्षण करें-
(a) 1 व 2 (b) 2 व 3 (c) 1, 2 व 3 (d) 2, 3 व 4
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 7 दिसंबर, 2020 को एशियाई विकास बैंक (ADB) ने भारत में उन्नत जैव ईंधन विकास का समर्थन करने के लिए 2.5 मिलियन डॉलर (लगभग 18 करोड़ रुपये) के तकनीकी सहायता को अपनी मंजूरी प्रदान की है।
- यह अनुदान 'एशिया क्लीन एनर्जी फंड' के जरिए वित्तपोषित किया जाएगा, जिसे जापान सरकार द्वारा 'क्लीन एनर्जी फाइनेंसिंग पार्टनरशिप फैसिलिटी' तथा कोरिया गणराज्य के ई-एशिया और नॉलेज पार्टनरशिप फंड के तहत वित्तपोषित किया जाएगा।
- यह तकनीकी सहायता उपर्युक्त फीडस्टॉक, कुशल रूपांतरण प्रौद्योगिकी तथा टिकाऊ जैव ईंधन मूल्य शृंखला के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं का प्रदर्शन करने के लिए उन्नत बायोएथेनॉल, जैव संपीडित प्राकृतिक गैस तथा बायोडीजल संयंत्रों के विकास का समर्थन करेगी।
- यह कृषि में ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देने का कार्य करेगा।
- इस नवीकरणीय ऊर्जा से खाद्य सुरक्षा को खतरा पैदा किए बिना ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी।
- एशियाई विकास बैंक अत्याधुनिक जैव ईंधन निवेश को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, तेल उद्योग विकास बोर्ड तथा भारतीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) तथा राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) जैसे संस्थानों के साथ सहयोग करेगा।
- इसके अलावा एशियाई विकास बैंक, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड समेत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के साथ भी काम करेगा।
- गौरतलब है कि एशियाई विकास बैंक एक बहुपक्षीय लेंडिंग एजेंसी है, जिसका मुख्यालय मनीला (फिलीपींस) में है। वर्तमान में इसके अध्यक्ष मासात्सुगु असाकावा (Masatsugu Asakawa) हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.adb.org/news/adb-help-improve-advanced-biofuel-production-india

आईपीपीबी (इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक) और पीएनबी मेटलाइफ के बीच साझेदारी

प्रश्न-नवंबर, 2020 में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने किस उद्देश्य से पीएनबी मेटलाइफ के साथ साझेदारी किया है?
(a) पीएमजेजेबीवाई शुरू करने के लिए (b) प्रधानमंत्री जनधन योजना शुरू करने के लिए
(c) अटल पेंशन योजना शुरू करने के लिए (d) अटल वृद्धावस्था पुनर्वास योजना शुरू करने के लिए
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 24 नवंबर, 2020 में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) ने पीएनबी मेटलाइफ के साथ साझेदारी किया। इस साझेदारी का उद्देश्य पीएमजजेबीवाई (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना) शुरू करना है।
- पीएमजेजेबीवाई
- यह सरकार द्वारा प्रायोजित समाजोन्मुख बीमा योजना (Socially Oriented Insurance Scheme) है।
- पीएमजेजेबीवाई की मुख्य विशेषताएं हैं :-
- उपलब्धता-उन सभी व्यक्तियों के लिए जिनके पास IPPB के साथ बचत खाता है।
- प्राथमिक केवाईसी- आधार प्राथमिक केवाईसी के लिए अनिवार्य होगा
- प्रवेश आयु (Entry age)- न्यूनतम- 18 वर्ष, अधिकतम- 50 वर्ष
- परिपक्वता की अधिकतम आयु सीमा-55 वर्ष पूर्ण व्यक्ति
- कवरेज की शर्तें-1 वर्ष- 1 जून से 31 मई तक प्रत्येक वर्ष नवीकरण किया जा सकेगा
- बीमित राशि-2,00,000 रु. का अधिकतम कवरेज
- प्रीमियम (किश्त)-330 रु.
- प्रीमियम भुगतान मोड-वार्षिक

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/money/personal-finance/india-post-payments-bank-launches-pradhan-mantri-jeevan-jyoti-bima-yojana-11606215385243.html

यूएसऐड (USAID) और कैटालिस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज, के कोविड एक्शन कोलॉबरेटिव के बीच साझेदारी

प्रश्न-अक्टूबर, 2020 में यूएसऐड (USAID) ने कैटालिस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज के कोविड एक्शन कोलॉबरेटिव के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी कोविड-19 द्वारा प्रभावित कमजोर समूहों का समर्थन करने के लिए की गई है। इस साझेदारी के तहत कितनी सहायता राशि की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है?

(a) 3 मिलियन डॉलर (b) 5 मिलियन डॉलर (c) 7 मिलियन डॉलर (d) 9 मिलियन डॉलर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2020 में यूएसऐड (USAID) ने कैटालिस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज के कोविड एक्शन कोलॉबरेटिव के साथ साझेदारी की पुष्टि की।
- यह साझेदारी कोविड-19 से प्रभावित कमजोर समूहों के सहायतार्थ की गई है।
- साझेदारी का वितरणः-
- CAC (कोविड एक्शन कोलॉबरेटिव) के साथ दो साल की 3 मिलियन डॉलर की साझेदारी, COVID-19 से प्रभावित 10 मिलियन उपेक्षित और कमजोर व्यक्तियों को लाभान्वित करेगी।
- इस लक्ष्य के लिए 100 स्थानीय संगठनों, 10 स्थानीय सरकारों और 15 स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के संघों, छोटे खुदरा विक्रेताओं, और सड़क विक्रेताओं की क्षमता को मजबूत किया जाएगा और उन्हें सरकारी और निजी क्षेत्र के संसाधनों से जोड़ा जाएगा।
- CAC देश में कोविड शमन प्रयासों का समर्थन करने के उद्देश्य से उद्योग और विकास भागीदारों को इस मुहिम में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करेगा और चल रही अन्य USAID गतिविधियों के साथ समन्वय करेगा।

- सीएमएस (CMS):-
- कैटालिस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज बैंगलोर की एक फर्म है।
- सीएमएस मुख्य रूप से व्यावसायिक और सामाजिक दोनों क्षेत्रों में बाजार अनुसंधान, व्यवहार्यता अध्ययन तथा प्रशिक्षण के कार्य में संलग्न है।
- #COVID Action Collab (CAC) कोरोना महामारी (कोविड-19) के विरूद्ध व्यापक और समन्वित कार्रवाई करता है, जिससे नए संक्रमणों को कम करने और संक्रमण के प्रभावों (कमजोर वर्गों पर) को कम करने में मदद मिलती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.usaid.gov/india/press-releases/oct-21-2020-united-states-provides-5-million-support-vulnerable-groups

https://www.thehindubusinessline.com/news/usaid-provides-3-m-to-covidactioncollab-to-mitigate-effects-of-covid-19-in-india/article33020200.ece

https://www.outlookindia.com/newsscroll/usaid-provides-usd-3-million-to-covid-action-collaborative-to-mitigate-effects-of-pandemic-in-india/1970140

यूएसएड (USAID) और वाधवानी एआई के बीच साझेदारी

प्रश्न-यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसऐड) ने हाल ही में वाबधवानी एआई के साथ साझेदारी की है। यह वास्तव में और महामारी के विरुद्ध बेहतर योजना और भविष्यवाणी के लिए एआई-बेस्ड टूल्स के विकास हेतु एक फंडिंग व्यवस्था है। इस सौदे के तहत कितनी सहायता राशि की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है?

(a) 2 मिलियन डॉलर (b) 5 मिलियन डॉलर (c) 7 मिलियन डॉलर (d) 9 मिलियन डॉलर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2020 में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसऐड) ने वाधवानी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के साथ साझेदारी की।यह वास्तव में और कोविड-19 महामारी के विरुद्ध बेहतर योजना और भविष्य के लिए एआई-बेस्ड टूल्स के विकास को समर्थित एक फंडिंग व्यवस्था है।
- सहायता राशि:-यूएसऐड ने गैर-लाभकारी अनुसंधान संस्थान वाधवानी एआई' को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) टूल विकसित करने के लिए 2 मिलियन डॉलर की सहायता राशि की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।
- यह टूल कोविड-19 रोग पैटर्न का पूर्वानुमान लगाने, इस महामारी के विरुद्ध आवश्यक संसाधनों का अनुमान लगाने और महामारी के विरुद्ध हस्तक्षेप की योजना बनाने में मददगार साबित होगा।
- इस वित्तीय सहायता को शामिल करते हुए यूएसऐड ने भारत में अब तक COVID-19 हेतु कुल 13 मिलियन डॉलर से अधिक की सहायता राशि उपलब्ध कराई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/economy/usaid-announces-5-m-to-support-indias-initiatives/article32910923.ece

नाबार्ड (NABARD)-गोवा ऋण (Lending) समझौता

प्रश्न-गोवा ने हाल ही में विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए RIDF के तहत NABARD से 85 करोड़ रुपये उधार लिए हैं। भारत सरकार ने ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (RidF) का सृजन कब किया था?

(a) 1995-1996 (b) 1997-1998 (c) 1998-1999 (d) 1992-1992

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 अक्टूबर, 2020 को गोवा सरकार ने विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए RIDF के तहत नाबार्ड (NABARD) से 85 करोड़ रुपये उधार लिए जाने की घोषणा की।
- बायो-डाइजेस्टर शौचालय-उधार राशि का उपयोग खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) मानदंडों को पूरा करने के लिए बायो-डाइजेस्टर शौचालयों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं और सिंचाई कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।RIDF (ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि) नाबार्ड द्वारा अनुरक्षित एक निधि है, जिसका सृजन भारत सरकार ने 1995-96 में किया था।इसकी प्रारंभिक धनराशि (Corpus) 2,000 करोड़ रुपये थी।
- इसका सृजन कृषि/प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को ऋण देने के मामले में वाणिज्यिक बैंकों के शॉर्टफॉल को दूर करने के लिए किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://timesofindia.indiatimes.com/articleshow/78941888.cms?utm_source=contentofinterest&utm_medium=text&utm_campaign=cppst

भारत सरकार-विश्व बैंक में समझौता

प्रश्न-16 दिसंबर, 2020 को भारत सरकार और विश्व बैंक ने कोविड-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित गरीबों और कमजोर वर्ग के परिवारों को सामाजिक सहायता प्रदान करने हेतु कितनी राशि की एक परियोजना पर हस्ताक्षर किए?

(a) 250 मिलियन डॉलर (b) 300 मिलियन डॉलर (c) 350 मिलियन डॉलर
(d) 400 मिलियन डॉलर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2020 को भारत सरकार और विश्व बैंक ने कोविड-19 महमारी से बुरी तरह प्रभावित गरीबों और कमजोर वर्ग के परिवारों को सामाजिक सहायता प्रदान करने हेतु 400 मिलियन डॉलर की एक परियोजना पर हस्ताक्षर किए।
- यह राशि दो कार्यक्रमों की शृंखला का दूसरा हिस्सा है।
- 750 मिलियन डॉलर राशि के पहले हिस्से को मई, 2020 में मंजूरी प्रदान की गई थी।
- यह कार्यक्रम कोविड-19 महामारी से उत्पन्न संकट से जूझ रहे गरीबों और कमजोर परिवारों को समन्वित और पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर भारत में राज्य और राष्ट्रीय सरकारों की क्षमता को मजबूत बनाएगा।
- यह कार्यक्रम एशियाई विकास बैंक (एडीबी), एजेंस फ्रांसेस डी डेवलपमेंट (एएफडी) और क्रिडेनिस्टाल्ट फर विडेरुफबो (केएफडब्ल्यू) के सहयोग से तैयार किया गया है।

- 400 मिलियन डॉलर का क्रेडिट विश्व बैंक की रियायती ऋण शाखा अंतरराष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) से प्रदान किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worldbank.org/en/news/press-release/2020/12/16/world-bank-signs-usd400-million-project-to-protect-india-s-poor-and-vulnerable-from-the-impact-of-covid-19#:~:text=NEW%20DELHI%2C%20December%2016%2C%202020,a%20programmatic%20series%20of%20two.

पाठशाला की पौधशाला योजना

प्रश्न-किस राज्य में पाठशाला की पौधशाला योजना शुरू की जाएगी?
(a) उत्तर प्रदेश (b) उत्तराखंड (c) छत्तीसगढ़ (d) मध्य प्रदेश
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में मध्य प्रदेश के वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने जानकारी प्रदान की कि प्रदेश में वन विभाग द्वारा पाठशाला की पौधशाला योजना शुरू की जाएगी।
- इस वर्ष यह योजना प्रदेश के 28 जिलों के 35 शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में शुरू की जा रही है।
- इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी में पौध-रोपण के प्रति जागरूकता लाना है।
- आगामी 4 वर्षों में इस योजना का विस्तार कर इसमें अन्य विद्यालयों को भी शामिल किया जाएगा।
- इस योजनांतर्गत पौधशाला स्थापना और इससे संबंधित कार्यों के लिए विद्यालयों को उपकरण और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।
- संबंधित विद्यालयों में पौधशाला से 1 वर्ष में लगभग 1000 पौधे तैयार किए जाएंगे।
- पौधों की सतत देखभाल करने के बाद यह पौधा योजना में शामिल विद्यार्थियों को वर्ष के अंत में दे दिया जाएगा।
- रोपणियों में तैयार पौधे स्थल उपलब्धता के आधार पर विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय प्रांगण, सामुदायिक स्थल या अपने निवास पर रोपित किए जाएंगे।
- राज्य तथा केंद्रीय बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त शासकीय विद्यालय के लिए प्रारंभ इस योजना में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी रोपणी में पौधों को तैयार कर उनके रोपण की प्रक्रिया पाठ्यतर गतिविधियों के रूप में संपादित करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20201210N3&LocID=1

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साथ समझौता

प्रश्न-13 दिसंबर, 2020 को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने किस देश की सरकार के साथ ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन की 3 करोड़ खुराक की आपूर्ति हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए?
(a) भूटान (b) श्रीलंका (c) बांग्लादेश (d) म्यांमार
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 13 दिसंबर, 2020 को बांग्लादेश सरकार ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौते के अनुसार, एसआईआई बांग्लादेश को ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविड वैक्सीन की 3 करोड़ खुराक की आपूर्ति करेगा।
- वैक्सीन की आपूर्ति 50-50 लाख खुराक की 6 किस्तों में की जाएगी।
- ध्यातव्य है कि यह वैक्सीन विभिन्न देशों में परीक्षण के दौरान सुरक्षित पाई गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Bangladesh-signs-agreement-with-Serum-Institute-of-India-for-procuring-COVID-19-vaccine&id=406038

निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) ने उज्बेकिस्तान के लिए 448 मिलियन यूएस डॉलर के ऋण की व्यवस्था की

प्रश्न-निम्नलिखित में से किस देश ने अपने एक्जिम बैंक (Exim-Bank) के माध्यम से उज्बेकिस्तान के लिए हाल ही में 448 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण की व्यवस्था की है?

(a) भारत (b) चीन (c) यू.एस.ए. (d) जापान

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 10 दिसंबर, 2020 को भारतीय आयात-निर्यात बैंक (Exim-Bank) एवं उज्बेकिस्तान सरकार के बीच ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।
- इस समझौते के तहत भारतीय आयात -निर्यात बैंक भारत सरकार की ओर से उज्बेकिस्तान को 448 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण प्रदान करेगा।
- उज्बेकिस्तान को यह ऋण रोड, परिवहन, जल तकनीक व संचार क्षेत्रों की विभिन्न परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए दिया जा रहा है।
- इस ऋण व्यवस्था करार पर उज्बेकिस्तान सरकार के उपप्रधानमंत्री एवं निवेश एवं विदेश व्यापार मंत्री श्री सरदोर उमुरजकोव और भारत के श्री निर्मित वेद, महाप्रबंधक, एक्जिम बैंक द्वारा हस्ताक्षर किए गए।
- भारतीय आयात-निर्यात बैंक द्वारा वर्तमान में उज्बेकिस्तान को दिए गए ऋण सहित अब तक 62 देशों को 26.59 बिलियन यूएस डॉलर की ऋण प्रतिबद्धता दी गई है।
- यह राशि भारत द्वारा निर्यातों के वित्तपोषण हेतु उपलब्ध है।
- एक्जिम बैंक की ऋण व्यवस्थाएं भारतीय निर्यातों को प्रोत्साहन देने के अतिरिक्त उभरते बाजारों में भारत की विशेषज्ञता और परियोजना निष्पादन क्षमताओं को भी प्रदर्शित करती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/bilateral-documents-hi.htm?dtl/33282/List_of_AgreementsMoUs_signed_coinciding_with_the_Virtual_Summit_between_Prime_Minister_Shri_Narendra_Modi_and_President_of_Uzbekistan_HE_Mr_Shavkat_M

भारत-ऑस्ट्रिया में समझौता

प्रश्न-9 दिसंबर, 2020 को किस मंत्रालय ने ऑस्ट्रिया के जलवायु कार्यान्वयन, पर्यावरण, ऊर्जा और नवाचार एवं तकनीकि मंत्रालय के साथ सड़क बुनियादी ढांचा क्षेत्र में तकनीकि सहयोग हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

(a) विदेश मंत्रालय (b) सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय

(c) आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (d) सूक्ष्य, लघु और मझौले उद्यम मंत्रालय

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2020 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और ऑस्ट्रिया के जलवायु कार्यान्वयन, पर्यावरण, ऊर्जा और नवाचार एवं तकनीकी मंत्रालय के मध्य सड़क बुनियादी ढांचा क्षेत्र में तकनीकी सहयोग हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- यह समझौता-ज्ञापन दोनों देशों के मध्य लंबित द्विपक्षीय संबंधों को भी मजबूत करने और पारस्परिक व्यापार को बढ़ावा देने एवं क्षेत्रीय एकीकरण के क्षेत्र में भी मददगार होगा।
- इस समझौता-ज्ञापन का उद्देश्य दोनों देशों में सड़क परिवहन, सड़क/राजमार्ग बुनियादी विकास, प्रबंधन एवं प्रशासन, सड़क सुरक्षा और कुशल परिवहन तंत्र के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1679441

डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस (DOS) तथा अग्निकुल कॉस्मोस के बीच गैर-प्रकटीकरण समझौता

प्रश्न-अग्निकुल कॉस्मोस प्राइवेट लिमिटेड, जो कि एक निजी उपग्रह प्रक्षेपण यान निर्माता कंपनी है, कहां स्थित है?

(a) रूस (b) फ्रांस (c) भारत (d) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3 दिसंबर, 2020 को भारत के अंतरिक्ष विभाग (Department of Space) तथा अग्निकुल कॉस्मोस के बीच एक गैर-प्रकटीकरण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- इस समझौते के तहत प्राइवेट प्रक्षेपणयान (Launch Vehicle) निर्माता कंपनी अग्निकुल कॉस्मोस इसरो (ISRO) के केंद्रों में उपलब्ध तकनीकी विशेषताओं का लाभ उठा सकेगी।
- उल्लेखनीय है कि अग्निकुल कॉस्मोस भारत की चेन्नई में स्थित एक प्राइवेट स्टार्ट-अप कंपनी है, जो छोटे उपग्रहों के लिए प्रक्षेपण यान (Rocket) का निर्माण कर रही है।
- कंपनी आई.आई.टी.एम. चेन्नई स्थित नेशनल सेंटर फॉर आर.एंड.डी. कम्बस्टन परिसर से वर्तमान में अपने कार्यों का संचालन कर रही है।
- ज्ञातव्य हो कि IN-SPACe अंतरिक्ष विभाग के तहत एक स्वतंत्र नोडल एजेंसी है।
- इस गैर-प्रकटीकरण समझौते (Non-Disclasure Agreement- NDA) पर DOS के सचिव एवं ISRO के चेयरमैन डॉ. के. सिवन तथा आई.आई.टी. मद्रास के प्रोफेसर एवं ISRO के वैज्ञानिक सचिव भास्कर राममूर्ति की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

- इस अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष के. सिवन ने अग्निकुल कॉस्मोस को इसके लांच वाहनों के परीक्षण और मानकीकरण हेतु सभी प्रकार का समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.isro.gov.in/update/03-dec-2020/non-disclosure-agreement-signed-with-m-s-agnikul

https://www.thehindu.com/news/cities/chennai/chennai-based-startup-agnikul-signs-non-disclosure-agreement-with-department-of-space/article33257974.ece

भारत और फिनलैंड के बीच एमओयू

प्रश्न-नवंबर, 2020 में पर्यावरण और जैवविविधता संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग विकसित करने के लिए भारत ने किस देश के साथ एक समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया है?
(a) कनाडा (b) फिनलैंड (c) फिलिपींस (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 26 नवंबर, 2020 को भारत और फिनलैंड ने वर्चुअल माध्यम से एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- समझौता-ज्ञापन पर भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और फिनलैंड की पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री कृस्टा मिक्कोनेन ने हस्ताक्षर किए।
- समझौते का उद्देश्य पर्यावरण और जैव-विविधता संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग को विकसित करना है।
- समझौता-ज्ञापन में पारस्परिक हित के क्षेत्रों में संयुक्त परियोजना की संभावना का भी प्रावधान है।
- यह समझौता-ज्ञापन दोनों देशों को पेरिस समझौते की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक साथ सही काम करने के लिए प्रतिबद्ध बनाता है।
- ध्यातव्य है कि भारत ने वर्ष 2020 तक अपनी जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता वर्ष 2005 के स्तर से ऊपर 21 प्रतिशत कम करने का स्वैच्छिक लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।
- इसके अलावा भारत अपनी जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता में लक्ष्यित वर्ष 2030 से पहले 35 प्रतिशत तक कमी करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- गौरतलब है कि भारत ने पेरिस समझौते के तहत गुणात्मक जलवायु परिवर्तन के राष्ट्रीय निर्धारित योगदानों के रूप में तीन कदम उठाए हैं, जो इस प्रकार हैं-
- वर्ष 2030 तक जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता वर्ष 2005 के स्तर से 33 से 35 प्रतिशत करना।
- वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन से 40 प्रतिशत संचयी विद्युत उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करना।
- अतिरिक्त वन तथा पेड़ लगाकर वर्ष 2030 तक 2.5 से 3 बिलयन टन का अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाना।
- इस समझौता-ज्ञापन से प्रौद्योगिकी, वैज्ञानिक तथा प्रबंधन क्षमताएं मजबूत होंगी, जिसके माध्यम से सतत विकास को प्रोत्साहित करने में पर्यावरण तथा जैव-विविधता के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग विकसित होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1676034

स्पेस स्टार्ट-अप Pixxel और NISI के बीच हुआ समझौता

प्रश्न-हाल ही में स्पेस स्टार्टअप Pixxel ने सरकार द्वारा संचालित न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के साथ किस हेतु समझौता किया है?

(a) सुपर-सोनिक मिसाइल का निर्माण (b) ड्रोन विमान (UAV) का निर्माण
(c) रिमोर्ट-सेंसिंग सैटेलाइट लांच करने के लिए (d) चंद्रमा पर रोवर भेजने के लिए

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- हाल ही में एक भारतीय स्पेस स्टार्ट-अप कंपनी पिक्सेल (Pixxel) ने सरकारी कंपनी न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस समझौते के तहत पिक्सैल इंडिया 2021 की शुरुआत में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के PSLV रॉकेट से अपने पहले निजी रिमोट सेंसिंग उपग्रह को लांच करेगा।
- उल्लेखनीय है कि इस समझौते पर हस्ताक्षर उस दौर में किए गए हैं, जब सरकार ने अंतरिक्ष विभाग के तहत एक स्वतंत्र नोडन एजेंसी IN-SPACe का गठन कर दिया है।
- भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (Indian National Space Promotion and Authorization Center-IN-SPACe) भारत में अंतरिक्ष गतिविधियों हेतु निजी क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने के लिए बनाया गया है।
- अंतरिक्ष स्टार्ट-अप पिक्सैल (Space Start Up Pixxel) पहले रूसी रॉकेट का अपने सैटेलाइट प्रक्षेपण हेतु प्रयोग करना चाहती थी।
- भारत सरकार के हाल के निर्णयों के परिणामस्वरूप ISRO द्वारा अपने PSLV रॉकेटों को निजी क्षेत्र की कंपनियों को उपलब्ध कराने में सहूलियत मिल गई है।
- इसरो के अध्यक्ष के. सिवन के अनुसार, IN-SPACe की स्थापना के साथ अब इसरो निजी क्षेत्र के संचालकों के साथ साझेदारी करने में सक्षम हो गया है।
- पिक्सैल (Pixxel) ने दिसंबर, 2022 से जून, 2023 के मध्य तक 30 उपग्रहों का एक मंडल (Constellation) तैयार कर लांच करने की योजना बनाई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/pixxel-signs-pact-with-nsil-to-launch-indias-first-private-remote-sensing-satellite/article33252294.ece

भारतीय वायु सेना

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में किस संस्था ने सामग्री विज्ञान (Material Science) और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया?

(a) इसरो (b) डीआरडीओ (c) भारतीय वायु सेना (d) भारतीय थल सेना

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 दिसंबर, 2020 को भारतीय वायु सेना (IAF) और वैज्ञानिक और औद्योगिकी अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (CSIR-NML) जमशेदपुर, झारखंड ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- जिसका उद्देश्य सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग क्षेत्र में अनुसंधान और विकास करना।
- आइएएफ (IAF) और सीएसआईआर-एनएमएल (CSIR-NML) ने सामग्री धातु, संक्षारण विज्ञान एवं अन्य पहलुओं पर सहयोग को लेकर निर्णय लिया।
- वायुसेना के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएसआईआर-एनएमएल, जमशेदपुर का दौरा किया और संपत्तियों की विश्वसनीयता और सेवाक्षमता में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://vigyanprasar.gov.in/isw/National-Metallurgical-Laboratory-to-collaborate-with-Indian-Air-Force.html

एसजेवीएन और इरेडा में समझौता

प्रश्न-7 दिसंबर, 2020 को एसजेवीएन और अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के मध्य हस्ताक्षरित सहमति ज्ञापन के तहत इरेडा अगले कितने वर्षों तक अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं बनाने और हासिल करने हेतु एक कार्ययोजना विकसित करने में एसजेवीएन की मदद करेगा?

(a) 2 वर्ष (b) 3 वर्ष (c) 5 वर्ष (d) 10 वर्ष

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 दिसंबर, 2020 को सार्वजनिक उपक्रम एसजेवीएन ने भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्थान लिमिटेड (इरेडा) के साथ एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला सार्वजनिक उपक्रम इरेडा हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एसजेवीएन को अपनी सेवाएं देगा।
- सहमति ज्ञापन के अनुसार इरेडा एसजेवीएन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता और संरक्षण परियोजनाओं से जुड़े तकनीकी वित्तीय कार्य करेगा।
- इसके तहत इरेडा अगले 5 वर्षों के लिए अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं बनाने और हासिल करने हेतु एक कार्ययोजना विकसित करने में एसजेवीएन की मदद करेगा।
- एसजेवीएन प्रधामनंत्री द्वारा निर्धारित वर्ष 2022 तक 175 गीगावॉट के अक्षय ऊर्जा लक्ष्य को साकार करने में योगदान हेतु प्रतिबद्ध है।
- वर्तमान में एसजेवीएन द्वारा गुजरात में 100 मेगावॉट की धोलेरा सौर ऊर्जा परियोजना और 100 मेगावॉट की राघवेंद्रा सौर ऊर्जा परियोजना विकसित की जा रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1678841

बांग्लादेश द्वारा पहला तरजीही व्यापार समझौता-(PTA)

प्रश्न-6 दिसंबर, 2020 को बांग्लादेश ने किस देश के साथ अपना पहला व्यापार तरजीही समझौता किया?
(a) म्यांमार (b) श्रीलंका (c) भारत (d) भूटान

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 6 दिसंबर, 2020 को बांग्लादेश ने अपना पहला व्यापार तरजीही समझौता (PTA) भूटान के साथ किया।
- बांग्लादेश द्वारा किसी देश के साथ किया गया यह पहला व्यापार तरजीही समझौता है।
- इस समझौते पर बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी और भूटान के आर्थिक मामलों के मंत्री ल्योन्पो लोकनाथ शर्मा ने ढाका में हस्ताक्षर किए।
- तरजीही व्यापार समझौते के अनुसार दोनों देश एक दूसरे को अनेक वस्तुओं को शुल्क मुक्त आयात कर सकेंगे।
- इसके अनुसार भूटान बांग्लादेश की 100 वस्तुएं बिना सीमा शुल्क के आयात कर सकेगा।
- भूटान की 34 वस्तुओं को बांग्लादेश में बिना सीमाशुल्क निर्यात किया जा सकेगा।
- यह समझौता दोनों देशों के मध्य राजनयिक संबंध कायम होने के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर किया गया है।
- वर्ष 1971 में बांग्लादेश के गठन के बाद उसे सबसे पहले मान्यता प्रदान करने वाला देश भूटान था।
- भूटान के बाद भारत ने बांग्लादेश को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता प्रदान की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dhakatribune.com/bangladesh/2020/12/06/bangladesh-signs-preferential-trade-agreement-with-bhutan

सबसे बड़ा व्यापार समझौता (RCEP)

प्रश्न-15 नवंबर, 2020 को चीन कुल 15 देशों में विश्व के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) का गठन करने के संबंध में आभासी तौर पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) इस समझौते के दायरे में विश्व भर की लगभग एक-तिहाई आर्थिक गतिविधियां शामिल हैं।
(b) मुख्यतः इस समझौते के तहत सदस्य देश टैरिफ को कम करेंगे और व्यापार सेवा के रास्ते खोलेंगे।
(c) इस समझौते में अमेरिका शामिल नहीं है।
(d) भारत ने भी इस समझौते पर हस्ताक्षर किया हैं।

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 15 नंवबर, 2020 को चीन समेत कुल 15 देशों ने विश्व के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP) का गठन करने के संबंध में आभासी तौर पर हस्ताक्षर किए।
- इसके दायरे में विश्वभर की लगभग एक-तिहाई आर्थिक गतिविधियां शामिल हैं।
- इस समझौते से एशियाई देशों को उम्मीद है कि कोरोनावायरस महामारी की आर्थिक मार से तेजी से उबरने में सहायता प्राप्त होगी।

- इस क्षेत्रीय साझेदारी के माध्यम से चीन की कोशिश एशियाई बाजारों एवं व्यापार में अपना वर्चस्व कायम करना है।इस समझौते पर एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस (ASEAN) के वार्षिक सम्मेलन के दौरान आभासी तरीके से हस्ताक्षर किए गए।
- इस समझौते में आसियान के 10 सदस्य देशों के अलावा चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं।10 आसियान के सदस्य देशों में कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, म्यंमार, फिलीपींस, थाईलैंड, ब्रुनेई, सिंगापुर, मलेशिया और वियतनाम शामिल हैं।
- क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP) औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ को कम करने या हटाने में मदद करेगा और डेटा ट्रांसमिशन के लिए नियम निर्धारित करेगा।
- मुख्यतः इस समझौते के तहत सदस्य देश टैरिफ कम करेंगे और व्यापार सेवा के रास्ते खोलेंगे।
- इस समझौते में अमेरिका शामिल नहीं है।भारत को भी क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP) पर हस्ताक्षर करना था, किन्तु उसने विगत वर्ष इस साझेदारी से अलग कर लिया था।भारत ने इस साझेदारी के तहत मार्केट एक्सेस का मुद्दा उठाया था और इस बात की आशंका जाहिर की थी कि देश के बाजार में यदि चीन के सस्ते सामानों का वर्चस्व हो जाएगा, तो भारत के घरेलू विनिर्माताओं एवं उत्पादों पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ेगा।
- अगले 2 वर्षों के भीतर पर्याप्त रूप से भाग लेने वाले देशों के समझौते पर पुष्टि करने के बाद यह संधि प्रभावी होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://asean.org/asean-hits-historic-milestone-signing-rcep/

मैग्नेटिक महाराष्ट्र-2.0

प्रश्न-हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने कितनी कंपनियों के साथ समझौता -ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?
(a) 12 (b) 15 (c) 20 (d) 10
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 2 नवंबर, 2020 को महाराष्ट्र सरकार के तत्वावधान में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम और 15 कंपनियों के मध्य एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौते के अंतर्गत कंपनियां लगभग 35,000 करोड़ का निवेश करेंगी।
- मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने 'मैग्नेटिक महाराष्ट्र' कार्यक्रम के दौरान राज्य में आगामी महीनों में 1 लाख करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता व्यक्त की।
- तत्कालीन समझौते से राज्य में लगभग 23 हजार रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।
- इन कंपनियों में प्रमुख है-नेटमैजिक आईटी सर्विस, अडानी इंटरप्राईजेज, कोल्ट कंपनी, मंत्रा डाटा सेंटर, एसटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर, प्रिंसटन डिजिटल ग्रुप, नक्स्ट्रा (Nxtra) इंडिया, मित्सुविसी एवं बाइट सिनो होल्डिंग्स आदि।
- ध्यातव्य हो कि 'मैग्नेटिक महाराष्ट्र' का शुभारंभ वर्ष 2018 में किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/policy/maharashtra-government-inks-rs-35000-crore-mous-with-15-companies/articleshow/79004095.cms?from=mdr

आईबीएम और आईओसीएल में साझेदारी

प्रश्न-अक्टूबर 2020 में अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी और परामर्श कंपनी 'आईबीएम' ने डिजिटल सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत के किस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ साझेदारी की है?

(a) सीआईएल (b) जीएआईएल (c) बीएचईएल (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 29 अक्टूबर, 2020 को अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी और परामर्श कंपनी आईबीएम (IBM: International Business Machines) ने डिजिटल सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) आईओसील (IOCL: Indian Oil Corporation Limited) के साथ साझेदारी की है।
- डिजिटल सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को नए अनुभव प्रदान किए जाएंगे, जो उनकी आवश्यकता के अनुरूप व्यावसायिक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करेगा।
- इसके तहत लगभग 12,400 आईओसीएल वितरक आईबीएम सर्विसेज द्वारा विकसित इंडियन ऑयल वन मोबाइल ऐप और पोर्टल के माध्यम से लगभग 130 मिलियन उपभोक्ताओं को कवर कर सकेंगे।
- ध्यातव्य है कि इंडियन ऑयल वन मोबाइल ऐप और पोर्टल, इंडियन ऑयल के प्रोजेक्ट ePIC (Electronic Plat- form for Indian Oil Customers) का हिस्सा है, जो ग्राहक संबंध प्रबंधन (CRM) और वितरण प्रबंधन प्रणाली (DMS) हेतु एक एकीकृत मंच है।
- आईओसीएल, भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक तेल और गैस कंपनी हैं, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।
- ध्यातव्य है कि आईओसीएल देश की 10 महारत्न कंपनियों में से एक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/tech-giant-ibm-indian-oil-corporation-collaborate-for-digital-services-120102900556_1.html

एनटीपीसी और एसईसीआई के बीच एमओयू

प्रश्न-अक्टूबर, 2020 में भारत के किस राज्य सरकार द्वारा भारत-पाक सीमावर्ती क्षेत्रों को प्रकाशमान करने के लिए एनटीपीसी और एसईसीआई ने एमओयू पर हस्ताक्षर करने का निर्णय लिया गया है?

(a) जम्मू-कश्मीर (b) गुजरात (c) लद्दाख (d) राजस्थान

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 27 अक्टूबर, 2020 को राजस्थान में भारत-पाक सीमावर्ती क्षेत्रों को प्रकाशमान करने के लिए राजस्थान सरकार ने भारत सरकार की मेगा पॉवर पार्क परियोजना के तहत अक्षय ऊर्जा पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है।
- सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित किए जाने वाले पार्क की क्षमता 8,000 मेगावॉट होगी, जिसमें 4,310 मेगावॉट पवन ऊर्जा, 3,760 मेगावॉट सौर ऊर्जा और 120 मेगावॉट बायोमास सम्मिलित होगी।
- इस परियोजना का संचालन राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड (RRECL) द्वारा किया जाएगा।

- परियोजना के तहत राज्य सरकार द्वारा अलग से नेशनल थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन (NTPC) और सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (SECI) के साथ एक समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए जाने का निर्णय लिया गया है।
- ध्यातव्य है कि भारत का राजस्थान राज्य पाकिस्तान के साथ 1000 किमी. से अधिक लंबी सीमा साझा करता है, जहां बिजली की आपूर्ति अभी भी पारंपरिक तरीकों से ही की जाती है।
- वर्तमान में, राजस्थान के साथ लगी पाकिस्तान की सीमा पर बिजली की आपूर्ति 40 करोड़ रुपए का वार्षिक व्यय होता है। अतः अक्षय ऊर्जा पार्क स्थापित होने से वार्षिक व्यय में एक-तिहाई की कमी आएगी।
- बता दें कि राजस्थान में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर सौर उपकरणों के निर्माण के लिए इकाइयों की स्थापना की जाएगी, जिसके लिए अगले 5-6 वर्षों 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।
- ध्यातव्य है कि इसी दौरान राजस्थान सरकार द्वारा 10,000 मेगावॉट हरित ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु सौर ऊर्जा पार्क स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया है।
- परियोजना के तहत पांच सौर ऊर्जा पार्क जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, जालौर और बाड़मेर में स्थापित किए जाएंगे।उपर्युक्त पांच स्थानों पर सौर ऊर्जा पार्क स्थापित करने के लिए राज्य सरकार ने अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- इसके अलावा एक सौर पैनल विनिर्माण इकाई द्वारा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 7500 रोजगार के अवसर का सृजन होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/jaipur/8000mw-renewable-park-to-light-up-india-pak-border-areas-in-rajasthan/story-7qGRofyq76FjAar7biH0jM.html

एफएलओ के साथ समझौता

प्रश्न-21 नवंबर, 2020 को फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की महिला विंग एफएलओ (FLO) ने भारतीय महिला उद्यमियों के लिए किस भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और ऊष्मायन और उद्यम सहायता केंद्र (आईईएससी) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए?

(a) आईआईएम, अहमदाबाद (b) आईआईएम, बंगलुरू
(c) आईआईएम, शिलांग (d) आईआईएम, लखनऊ

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 21 नवंबर, 2020 को फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की महिला विंग एफएलओ (FLO) ने भारतीय महिला उद्यमियों के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) शिलांग और ऊष्मायन और उद्यम सहायता केंद्र (आईईएससी) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत फिक्की महिला संगठन (एफएलओ) आईईएससी और आईआईएम शिलांग मिलकर व्यवसाय शुरू करने के शुरूआती और महत्वपूर्ण चरणों के दौरान मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।
- महिला उद्यमियों को स्टार्टअप की शुरूआती लागत कम करने तथा स्वयं को कम से कम समय में स्थापित करने में मदद प्रदान की जाएगी।

- एफएलओ की अध्यक्ष जाह्नवी फूकन के अनुसार, हमारी योजना अपने राष्ट्रीय इन्क्यूबेशन सेल के माध्यम से एफएलओ के भीतर एक ऐसी टिकाऊ पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने की है, जो महिला उद्यमियों को आवश्यक मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान कर सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ficci.in/ficci-in-news-page.asp?nid=27208

संघ/संगठन

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फिल्म संबंधी 4 मीडिया इकाइयों को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम में विलय को मंजूरी दी

प्रश्न-23 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फिल्म संबंधी 4 मीडिया इकाइयों को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम में विलय को मंजूरी दी। इसमें शामिल नहीं है?

(a) भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (b) भारतीय बाल फिल्म सोसाइटी
(c) फिल्म समारोह निदेशालय (d) भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 23 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फिल्म संबंधी 4 मीडिया इकाइयों को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (NFDC) में विलय करने को मंजूरी दी है।
- जिन 4 मीडिया इकाइयों को NFDC में शामिल करने को मंजूरी दी गई हैं, वे इस प्रकार हैं-

1. फिल्म डिवीजन
2. फिल्म समारोह निदेशालय
3. भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार
4. भारतीय बाल फिल्म सोसाइटी

- NFDC एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।
- इसे मुख्य रूप से भारतीय फिल्म उद्योग के संगठित, दक्ष और समन्वित विकास की योजना बनाने उसे बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1975 में स्थापित किया गया था।
- फिल्म डिवीजन (सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीनस्थ) की स्थापना वर्ष 1948 में मुख्य रूप से सरकारी कार्यक्रमों और भारतीय इतिहास के चलचित्र संबंधी रिकॉर्ड के प्रचार के लिए वृत्तचित्र और न्यूज मैगजीन बनाने के लिए की गई थी।
- स्वायत्तशासी संगठन भारतीय बाल फिल्म सोसाइटी की स्थापना सोसाइटी कानून के अंतर्गत वर्ष 1955 में की गई थी।
- इसका उद्देश्य फिल्मों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को मूल्य आधारित मनोरंजन प्रदान करना है।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार की स्थापना वर्ष 1964 में मीडिया इकाई के रूप में की गई थी।
- इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय सिनेमा से जुड़ी धरोहर को प्राप्त करना और उसे संरक्षित करना है।

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय फिल्म समारोह निदेशालय की स्थापना भारतीय फिल्मों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1973 में की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1682978

जीआईएल द्वारा जेपीएल का अधिग्रहण

प्रश्न-किसी अधिनियम के तहत भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने जीआईएल द्वारा पेजीएल के अधिग्रहण को मंजूरी दी है?

(a) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) (b) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2003 की धारा 32 (1) (c) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2001 की धारा 33 (1)
(d) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 34 (1)

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 12 नवंबर, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने 'प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1)' के तहत जीआईएल द्वारा पेजीएल के अधिग्रहण को मंजूरी दी।
- इस मंजूरी के तहत गूगल इंटरनेशनल एलएलसी (जीआईएल) जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जीपीएल) की 7.73 प्रतिशत इक्विटी शेयर पूंजी का अधिग्रहण करेगी।
- जीआईएल
- जीआईएल, गूगल एलएलसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।
- गूगल एलएलसी डेवालेयर सीमित देयता युक्त कंपनी है और अल्फाबेट इंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायका कंपनी है।
- जीआईएल एक होल्डिंग कंपनी है और इसके पास गूगल के किसी भी उत्पाद/सेवाओं का स्वामित्व नहीं है, और यह गूगल के किसी भी उत्पाद/सेवाओं का संचालन भी नहीं करती है।
- जेपीएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी है, जिसके पास जारी की गयी इक्विटी शेयर पूंजी के अधिकांश हिस्से का स्वामित्व है।
- अपनी सहायक कंपनियों के साथ जेपीएल मुख्य रूप से वायरलेस, होम ब्रॉडबैंड और एंटरप्राइज ब्रॉडबैंड सेवाओं, दूरसंचार सेवाओं, मोबाइल एप्लिकेशन, विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों, ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए बैंक-एंड टेक्नोलॉजी सेवाओं और अन्य विविध सॉफ्टवेयर और प्रौद्योगिकी सेवाओं सहित डिजिटल उत्पादों/सेवाओं की पेशकश करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1672142

विधि/न्याय

उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश, 2020

प्रश्न-उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश, 2020 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 24 नवंबर, 2020 को हुई उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इस अध्यादेश के आलेख को अनुमोदित किया गया।
(b) अवयस्क महिला, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की महिला के संबंध में धारा-3 के उल्लंघन पर कारावास कम से कम 3 वर्ष व अधिकतम 10 वर्ष तक का और जुर्माने की राशि 25000 रुपये से कम नहीं होगी।
(c) सामूहिक धर्म परिवर्तन के संबंध में कारावास 3 वर्ष से 10 वर्ष तक हो सकेगा और जुर्माने की राशि 50000 रुपये से कम नहीं होगी।
(d) अध्यादेश के अनुसार, धर्म परिवर्तन के इच्छुक होने पर विहित प्रारूप पर जिला मजिस्ट्रेट को 1 माह पूर्व सूचना देनी होगी।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 24 नवंबर, 2020 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश, 2020 के आलेख को अनुमोदित किया गया।
- यह अध्यादेश ऐसे धर्म परिवर्तन को एक अपराध की श्रेणी में लाकर प्रतिषिद्ध करेगा, जो मिथ्या निरुपण, बलपूर्वक, असम्यक प्रभाव, प्रपीड़न, प्रलोभन या अन्य किसी कपट रीति से या विवाह द्वारा एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन के लिए किया जा रहा हो।
- इस अध्यादेश में अवयस्क महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के संबंध में ऐसे धर्म परिवर्तन के लिए वृहत्त दंड का प्रावधान किया गया है।
- सामूहिक धर्म परिवर्तन के मामलों में कतिपय सामाजिक संगठनों का पंजीकरण निरस्त कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।
- धर्म परिवर्तन, मिथ्या निरुपण, बलपूर्वक, असम्यक प्रभाव, प्रपीड़न, जबरदस्ती, प्रलोभन या अन्य किसी कपटपूर्ण रीति से या विवाह एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन नहीं किया गया, के सबूत का भार ऐसे धर्म परिवर्तन कराने वाले व्यक्ति एवं ऐसे संपरिवर्तन व्यक्ति पर होगा।
- एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन हेतु विहित प्राधिकारी के समक्ष उद्घोषणा करनी होगी कि यह धर्म परिवर्तन मिथ्या निरुपण, बलपूर्वक असम्यक, प्रभाव, प्रपीड़न, जबरदस्ती, प्रलोभन या अन्य किसी कपटपूर्ण रीति या विवाह द्वारा एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन करने के लिए नहीं है।
- किसी एक धर्म से अन्य धर्म में लड़की के धर्म में परिवर्तन से एकमात्र प्रयोजन के लिए किए गए विवाह पर ऐसा विवाह शून्य की श्रेणी में लाया जा सकेगा।
- उक्त अध्यादेश में मिथ्या निरुपण, बल, असम्यक प्रभाव, प्रपीड़न, प्रलोभन या किसी कपटपूर्ण माध्यम द्वारा एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन हेतु विवश किए जाने पर उस कृत्य को एक संज्ञेय अपराध के रूप में मानते हुए संबंधित अपराध गैर- जमानतीय प्रकृति का होने और उक्त अभियोग को प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के न्यायालय में विचारीय बताए जाने का प्राविधान किया जा रहा है।

- उपबंधों का उल्लंघन करने पर कम से कम 1 वर्ष से अधिकतम 5 वर्ष की सजा के साथ ही 15000 रुपये के जुर्माने का प्राविधान किया गया है।
- अवयस्क महिला, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की महिला के संबंध में धारा-3 के उल्लंघन पर कारावास कम से कम 3 वर्ष व अधिकतम 10 वर्ष तक का और जुर्माने की राशि 25000 रुपये से कम नहीं होगी।
- सामूहिक धर्म परिवर्तन के संबंध में कारावास 3 वर्ष से 10 वर्ष तक हो सकेगा और जुर्माने की राशि 5000 रुपये से कम नहीं होगी।
- अध्यादेश के अनुसार, धर्म परिवर्तन के इच्छुक होने पर विहित प्रारूप पर जिला मजिस्ट्रेट को 2 महीने पूर्व सूचना देनी होगी।
- इसका उल्लंघन किए जाने पर 6 माह से 3 वर्ष तक की सजा और 10,000 रुपये तक के जुर्माने का प्राविधान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/uttar-pradesh-cabinet-clears-ordinance-against-love-jihad/article33170627.ece

वर्ष/दिवस/सप्ताह

राष्ट्रीय सुशासन दिवस

प्रश्न-25 दिसंबर, 2020 को देशभर में 'राष्ट्रीय सुशासन दिवस' मनाया गया। केंद्र सरकार ने किस वर्ष इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी?

(a) वर्ष 2013 (b) वर्ष 2014 (c) वर्ष 2016 (d) वर्ष 2018

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 दिसंबर, 2020 को देशभर में 'राष्ट्रीय सुशासन दिवस' (National Good Governace Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है।
- केंद्र सरकार ने वर्ष 2014 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- इस अवसर पर विभिन्न नेताओं ने अटल जी की समाधि स्थल 'सदैव अटल' पर श्रद्धांजलि अर्पित की।
- यह समाधि स्थल नई दिल्ली में उसी स्थान पर बनाया गया है, जहां पर अटल जी का अंतिम संस्कार किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/national/good-governance-day-observed-today-mark-birthday-former-pm-vajpayee

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 24 दिसंबर (b) 23 दिसंबर (c) 20 दिसंबर (d) 15 दिसंबर
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 24 दिसंबर, 2020 को देशभर में 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस, 2020 ' (National Consumer Day) मनाया गया।
- थीम-"उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की नई विशेषताएं"।
- उद्देश्य-उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना।
- उल्लेखनीय है कि 24 दिसंबर, वर्ष 1986 को उपभोक्ता की संरक्षण अधिनियम राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद लागू हुआ था।
- इस अधिनियम का उद्देश्य उपभोक्ता के हितों की रक्षा एवं उसे विभिन्न प्रकार के शोषण से बचाना है।
- गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है।
- उपभोक्ता संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत 'केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण' (CCPA) का गठन किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.firstpost.com/india/national-consumer-rights-day-2020-all-you-need-to-know-about-theme-significance-of-jago-grahak-jago-campaign-9142301.html#:~:text=National%20Consumer%20Rights%20Day%20is,of%20their%20rights%20and%20responsibilities.

अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 16 दिसंबर (b) 15 दिसंबर (c) 18 दिसंबर (d) 10 दिसंबर
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 18 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस' (International Migrants Day) मनाया गया।वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"Reimagining Human Mobility) है।
- उल्लेखनीय है कि 4 दिसंबर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व में प्रवासियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष '18 दिसंबर' को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- गौरतलब है कि 18 दिसंबर, 1990 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों और उनके परिवार के सदस्यों के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय अभिसमय अपनाया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/migrants-day

किसान दिवस

प्रश्न-23 दिसंबर, 2020 को देशभर में 'किसान दिवस' मनाया गया। यह दिवस किस नेता की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है?

(a) लाल बहादुर शास्त्री (b) चौधरी चरण सिंह (c) अटल बिहारी वाजपेयी (d) राजेंद्र प्रसाद

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 दिसंबर, 2020 को देशभर में 'किसान दिवस' मनाया गया।
- यह दिवस भारत के 5वें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है।
- इनका जन्म 23 दिसंबर, 1902 को नूरपुर गांव, हापुड़ कस्बा, मेरठ जिला, यूनाइटेड प्रोविन्सेस (वर्तमान में हापुड़' उ.प्र.) में हुआ था।
- वह 28 जुलाई, 1979 से 14 जनवरी, 1980 तक देश के प्रधानमंत्री रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pmindia.gov.in/en/former_pm/shri-charan-singh/

राष्ट्रीय गणित दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय गणित दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 18 दिसंबर (b) 22 दिसंबर (c) 23 दिसंबर (d) 20 दिसंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 दिसंबर, 2020 को देशभर में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' (National Mathematics Day) मनाया गया।
- यह दिवस प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिन पर मनाया जाता है।
- उनका जन्म 22 दिसंबर, 1887 को मद्रास (चेन्नई) के टूर ईरोड नगर में हुआ था।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 में इनकी 125वीं जयंती के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की गई थी।
- उनके द्वारा गणित में की गई अद्भूत खोज आज के आधुनिक गणित और विज्ञान की आधारशिला बनी।
- संख्या सिद्धांत पर रामानुजन के अद्भूत कार्य के लिए उन्हें 'संख्याओं का जादूगर' माना जाता है।
- उनके जीवन पर आधारित फिल्म का नाम 'द मैन हू न्यू इनफिनटी' (The Man who Knew Infinity) है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/explained/explained-why-india-marks-national-mathematics-day-on-december-22-6179924/

विजय दिवस

प्रश्न-16 दिसंबर, 2020 को देशभर में '49 वां विजय दिवस' मनाया गया। यह किस वर्ष युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है?

(a) वर्ष 1965 (b) वर्ष 1971 (c) वर्ष 1999 (d) वर्ष 1962

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2020 को देश में '49वां विजय दिवस' मनाया गया।
- यह दिवस प्रत्येक वर्ष 16 दिसंबर, 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- इस युद्ध में पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल आमिर अब्दुल्ला खान नियाजी ने लगभग 93 हजार सैनिकों के साथ ढाका (वर्तमान में बांग्लादेश) में भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- इसी के पश्चात पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र हो गया, जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है।
- इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'स्वर्णिम विजय वर्ष' के स्मृति चिन्ह का अनावरण भी किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/rajnath-singh-unveils-logo-for-swarnim-vijay-varsh-on-vijay-diwas20201216095228/

http://newsonair.com/News?title=Eastern-Naval-Command-observes-50th-anniversary-of-Vijay-Diwas&id=406190

अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 1 दिसंबर (b) 25 नवंबर (c) 5 दिसंबर (d) 3 दिसंबर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' (International Volunteer Day) मनाया गया।
- मुख्य विषय (Theme)-"Together we Can Through Volunteering".
- उल्लेखनीय है कि 17 दिसंबर, 1985 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक संकल्प द्वारा प्रति वर्ष 5 दिसंबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- गौरतलब है कि वर्ष 2019 में 8282 यूएन के स्वयंसेवक थे, जिन्होंने विश्व भर में 54 यूएन मिशनों, फंडों और कार्यक्रमों में सेवा की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/volunteer-day

विश्व मृदा दिवस

प्रश्न-'विश्व मृदा दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 3 दिसंबर (b) 5 दिसंबर (c) 1 दिसंबर (d) 30 नवंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व मृदा दिवस' (World Soil Day) मनाया गया।
- वर्ष 2020 में इस दिवस का अभियान है-"मिट्टी को जीवित रखें, मिट्टी की जैव विविधता की रक्षा करें" (Keep Soil alive, Protect Soil Bio diversity)।
- उद्देश्य-मृदा स्वास्थ्य तथा जीवन में मृदा के योगदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना।
- उल्लेखनीय है कि दिसंबर, 2013 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक संकल्प द्वारा प्रतिवर्ष 5 दिसंबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/world-soil-day

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 10 दिसंबर (b) 15 दिसंबर (c) 14 दिसंबर (d) 13 दिसंबर



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 दिसंबर, 2020 को देशभर में 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' (National Energy Conservation Day) मनाया गया।
- उद्देश्य-लोगों को ऊर्जा के महत्व, बचत एवं संरक्षण के बारे में जागरूक करना।
- उल्लेखनीय है कि ब्यूरो ऑफ एनर्जी (BEE) वर्ष 1991 से यह दिवस प्रतिवर्ष मनाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://beeindia.gov.in/content/national-energy-conservation-awards

मानव अधिकार दिवस

प्रश्न-10 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय क्या है?

(a) मानव अधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा (b) मानव अधिकारों के लिए युवा खड़े हों

(c) समानता, न्याय एवं मानव गरिमा के लिए खड़े हों। (d) रिकवर बेटर-स्टैंड अप फॉर ह्युमन राइट्स

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 10 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'मानव अधिकार दिवस' (Human Rights Day) मनाया गया।
- वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) है-"रिकवर बेटर-स्टैंड अप फॉर ह्युमन राइट्स" (Recover Better-Satnd Up for Human Rights)।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर को प्रतिवर्ष इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- गौरतलब है कि 10 दिसंबर, 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' को स्वीकार किया गया था।
- भारत में मानव अधिकारों की रक्षा हेतु मानव अधिकार अधिनियम, 1993 के तहत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया गया है।
- वर्तमान में न्यायमूर्ति एच.एल. दत्तू राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/human-rights-day

भारतीय नौसेना दिवस

प्रश्न-4 दिसंबर, 2020 को देश में 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया गया। यह दिवस किस वर्ष की लड़ाई में भारतीय नौसेना की पाकिस्तानी नौसेना पर विजय की स्मृति में मनाया जाता है?

(a) वर्ष 1962 (b) वर्ष 1965 (c) वर्ष 1998 (d) वर्ष 1971

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 4 दिसंबर, 2020 को देश में भारतीय नौसेना दिवस (Indian Navy Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस वर्ष 1971 की लड़ाई में भारतीय नौसेना की पाकिस्तानी नौसेना पर विजय की स्मृति में मनाया जाता है।
- गौरतलब है कि 4 दिसंबर, 1971 को भारतीय नौसेना ने 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' के तहत कराची बंदरगाह को भारी क्षति पहुंचायी।
- इस ऑपरेशन में भारतीय नौसेना ने पहली बार एंटी शिप मिसाइल का प्रयोग किया था।
- नौसेना ने वर्ष 2021 को 1971 के युद्ध में जीत की 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'स्वर्णिम विजय वर्ष' के रूप में भी मनाया।इस ऑपरेशन के तुरंत बाद 'ऑपरेशन पॉयथन' लांच किया गया।
- जिसमें पाकिस्तान नौसेना को काफी नुकसान हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/explained/navy-day-2020-why-india-remembers-operation-trident-every-year-on-december-4-7092063/

अंतरराष्ट्रीय बैंक दिवस

प्रश्न-हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहली बार 'अंतरराष्ट्रीय बैंक दिवस' कब मनाया गया?
(a) 4 दिसंबर, 2020 (b) 6 दिसंबर, 2020 (c) 3 दिसंबर, 2020 (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य



- 4 दिसंबर, 2020 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहली बार 'अंतरराष्ट्रीय बैंक दिवस' मनाया गया।
- ध्यातव्य है कि 19 दिसंबर, 2019 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा पारित संकल्प 74/245 के जरिए प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को 'अंतरराष्ट्रीय बैंक दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी।
- 'अंतरराष्ट्रीय बैंक दिवस' वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को प्राप्त करने में बहुपक्षीय विकास बैंकों तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय बैंकों के महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है।
- सतत विकास लक्ष्य (SDG: Sustainable Development Goal), संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों द्वारा अपनाया गया एक वैश्विक साझेदारी लक्ष्य है, जिसका उद्देश्य विकसित व विकासशील सभी देशों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा में सुधार के साथ-साथ गरीबी व अन्य अभावों को खत्म करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/international-day-of-banks

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 1 दिसंबर (b) 2 दिसंबर (c) 3 दिसंबर (d) 29 नवंबर
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 3 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' (International Day of Persons with Disabilities) मनाया गया।मुख्य विषय (Theme)-"Building Back Better: Toward a disability-inclusive, accessible and sustainable post COVID-19 World'.
- उद्देश-दिव्यांग व्यक्तियों की समस्याओं को समझना तथा उन्हें सशक्त करने हेतु उनके अधिकारों के लिए कार्य करना है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1992 में इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/day-of-persons-with-disabilities

अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोध दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोध दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 8 दिसंबर (b) 9 दिसंबर (c) 5 दिसंबर (d) 7 दिसंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोध दिवस' (International Anti-Corruption Day) मनाया गया।
- वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) है-"Recover with intergrity".
- उद्देश्य-विश्व भर में भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु जागरूकता फैलाना।
- उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर, 2003 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रतिवर्ष 9 दिसंबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी।
- प्रतिवर्ष, व्यवसाय और व्यक्ति रिश्वत में अनुमानित 1.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर का भुगतान करते हैं।
- जबकि कम से कम 500 बिलियन यूएस डॉलर वार्षिक स्वास्थ्य क्षेत्र में भ्रष्टाचार से खत्म (Lost) हो जाता हे, जो वैश्विक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की कुल लागत से अधिक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/anti-corruption-day

अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 5 दिसंबर (b) 3 दिसंबर (c) 4 दिसंबर (d) 7 दिसंबर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 7 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन दिवस (International Civil Aviation Day) मनाया गया।
- वर्ष 2020 से 2023 तक इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-'वैश्विक विमानन विकास के लिए नवाचार को आगे बढ़ाना' (Advancing Innovation for Global Aviation Development) रहेगा।
- उद्देश्य-लोगों को विमानन क्षेत्र के प्रति जागरूक करना तथा इस क्षेत्र की राष्ट्र के आर्थिक विकास में भूमिका को समझाना।संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1996 में प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- इस दिवस की स्थापना आईसीएओ (ICAO: International Civil Aviation Oraganization) की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ष 1994 में की गई थी।
- ICAO की स्थापना 7 दिसंबर, 1944 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय मांट्रियल, कनाडा में है।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस

प्रश्न-'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 5 दिसंबर (b) 7 दिसंबर (c) 3 दिसंबर (d) 1 दिसंबर
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 7 दिसंबर, 2020 को देशभर में 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' (Armed Forces Flag Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस देश की सीमाओं की सुरक्षा करने वाले बहादुर सैनिकों के बलिदान की स्मृति में 7 दिसंबर, 1949 से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है।
- यह दिवस देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों के परिवार के लोगों के कल्याण के लिए मनाया जाता है।
- इस दिन झंडा की खरीद से एकत्रित हुए धन को शहीद के आश्रितों के कल्याण पर खर्च किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/information/story/armed-forces-flag-day-2020-history-significance-and-how-to-contribute-1747409-2020-12-07

विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस

प्रश्न-'विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 1 दिसंबर (b) 25 नवंबर (c) 28 नवंबर (d) 2 दिसंबर
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस' (World Computer Literacy Day) मनाया गया।उद्देश्य-कंप्यूटर की शिक्षा का प्रसार करके अधिक से अधिक लोगों को कंप्यूटर के उपयोग में दक्ष बनाना है।इसके साथ ही, यह दिवस विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं में तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने के लिए भी मनाया जाता है।यह दिवस भारतीय कंप्यूटर कंपनी NIIT द्वारा वर्ष 2001 में अपनी स्थापना के 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुरू किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/information/story/world-computer-literacy-day-2020-all-you-need-to-know-1745986-2020-12-02

राष्ट्रीय प्रदूषण निवारण दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय प्रदूषण निवारण दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 25 नवंबर (b) 2 दिसंबर (c) 3 दिसंबर (d) 5 दिसंबर
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2020 को देशभर में 'राष्ट्रीय प्रदूषण निवारण दिवस' (National Pollution Prevention Day) मनाया गया।उद्देश्य औद्योगिक आपदा को नियंत्रित एवं उसके प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाना।
- यह दिवस भोपाल गैस त्रासदी में जीवन खोने वाले लोगों की स्मृति में मनाया जाता है।
- गौरतलब है कि भोपाल गैस त्रासदी की घटना 2-3 दिसंबर की मध्यरात्रि को वर्ष 1984 में घटित हुई थी।
- उसमें बहुत सारे लोगों की मृत्यु मिथाइल आइसो साइनेट (MIC) नामक जहरीली गैस के कारण हो गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/information/story/national-pollution-control-day-2020-date-theme-significance-and-quotes-1745928-2020-12-02#:~:text=Day%202020%3A%20Date-,December%202%20is%20observed%20as%20National%20Pollution%20Control%20Day%20every,December%202nd%20and%203rd%2C%201984.

अंतराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस

प्रश्न-हाल ही में 'अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस' (International Students day) का आयोजन कब किया गया?
(a) 15 नवंबर (b) 15 अक्टूबर (c) 17 अक्टूबर (d) 17 नवंबर
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 17 नवंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस' का आयोजन किया गया।
- गौरतलब है कि सभी छात्रों को शिक्षा का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 'अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस' मनाया जाता है।ध्यातव्य है कि 17 नवंबर की तारीख को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान (1939) प्राग में हुई घटना के कारण अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाने के लिए चुना गया है।
- यह दिन विश्वभर के प्रत्येक छात्र की शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/information/story/international-students-day-2020-read-quotes-by-well-known-leaders-on-students-1741551-2020-11-17

लोक सेवा प्रसारण दिवस

प्रश्न-'लोक सेवा प्रसारण दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 13 नवंबर (b) 10 नवंबर (c) 12 नवंबर (d) 15 नवंबर
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 12 नवंबर, 2020 को देशभर में 'लोक सेवा प्रसारण दिवस' (Public Service Broadcasting Day) मनाया गया।उल्लेखनीय है कि यह दिवस वर्ष 1947 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पहले और आखिरी बार दिल्ली स्थित, आकाशवाणी के स्टूडियो में आगमन की स्मृति में मनाया जाता है।
- वर्ष 2000 में इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की गई थी।

विश्व पोलियो दिवस

प्रश्न-'विश्व पोलियो दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 23 अक्टूबर (b) 24 अक्टूबर (c) 20 अक्टूबर (d) 15 अक्टूबर
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 24 अक्टूबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व पोलियो दिवस' (World Polio Day) मनाया गया।
- उद्देश्य-पोलियो जैसी बीमारी के विषय में लोगों में जागरूकता फैलाना।
- यह दिवस रोटरी इंटरनेशनल द्वारा पोलियो की वैक्सीन का आविष्कार करने वाली टीम के प्रमुख जोनास सॉक (Jonas Salk) के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि पोलियोमाइलाटिस अथवा पोलियो एक संक्रामक रोग है, जो विषाणु द्वारा फैलता है।
- गौरतलब है कि भारत सरकार ने वर्ष 1995 में पोलियो उन्मूलन की शुरुआत की थी।
- भारत ने 27 मार्च, 2014 को WHO द्वारा पूरे दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्र के साथ-साथ पोलियो मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nhp.gov.in/world-polio-day-2020_pg

विश्व विरासत (धरोहर) सप्ताह, 2020

प्रश्न-प्रतिवर्ष विश्व विरासत (धरोहर) सप्ताह कब मनाया जाता है।
(a) 15-21 नवंबर (b) 16-22 नवंबर (c) 18-24 नवंबर (d) 19-25 नवंबर
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 19 से 25 नवंबर, 2020 तक पूरे विश्व में विश्व विरासत सप्ताह (World Heritage Week), 2020 मनाया गया।
- प्रतिवर्ष इसे संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा मनाया जाता है।
- विश्व विरासत सप्ताह मनाने का उद्देश्य लोगों को समृद्ध विरासत के बारे में जागरुक करना और इसके संरक्षण के लिए प्रयास करना है।
- विश्व विरासत सप्ताह मुख्यतः स्कूल और कॉलेज के छात्रों द्वारा लोगों को सांस्कृतिक विरासत के महत्व और इसके संरक्षण के बारे में जागरुक करने के लिए मनाया जाता है।
- वर्तमान में चीन और इटली के सर्वाधिक विश्व विरासत स्थल (55-55 स्थल) यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल हैं।
- वर्तमान में भारत के कुल 38 स्थल यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल हो चुके हैं।
- जिनमें से 30 सांस्कृतिक श्रेणी, जबकि 7 को प्राकृतिक श्रेणी और 1 को मिश्रित श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://whc.unesco.org/en/35/&explorer=0

अंतरराष्ट्रीय दासता उन्मूलन दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय दासता उन्मूलन दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 29 नवंबर (b) 25 नवंबर (c) 2 दिसंबर (d) 1 दिसंबर
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय दासता उन्मूलन दिवस'-(International Day for the Abolition of Slavery) मनाया गया।उद्देश्य-दासता के समकालीन स्वरूपों जैसे-व्यक्तियों की तस्करी, यौन शोषण, बालश्रम के सबसे खराब तरीके, जबरन शादी, सशस्त्र संघर्ष में इस्तेमाल के लिए बच्चों की जबरन भर्ती का उन्मूलन करना।उल्लेखनीय है कि 2 दिसंबर, 1949 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने व्यक्तियों की तस्करी और वेश्यावृत्ति के शोषण को समाप्त करने हेतु संयुक्त राष्ट्र अभिसमय स्वीकार किया था।
- अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के अनुसार, अनुमानित 40.3 मिलियन लोग आधुनिक दासता में हैं।
- जिसमें जबरन श्रम (Forced Labour) 24.9 मिलियन और जबरन शादी में 15.4 मिलियन लोग शामिल हैं।
- विश्व में प्रति 1000 लोगों पर 5.4 आधुनिक दासता से पीड़ित हैं।
- आधुनिक दासता पीड़ित 4 में से 1 बच्चे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.un.org/en/observances/slavery-abolition-day

विश्व एड्स दिवस

प्रश्न-1 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व एड्स दिवस' मनाया गया। वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय क्या था?
(a) वैश्विक एकजुटता, साझा जिम्मेदारी (b) समुदाय बदलाव लाते हैं
(c) एड्स फ्री जेनरेशन (d) मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 1 दिसंबर, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व एड्स दिवस' (World Aids Day) मनाया गया।
- वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय है-'वैश्विक एकजुटता साझा जिम्मेदारी (Global Solidarity shared Responsibility) पहली बार यह दिवस 1 दिसंबर, 1988 को मनाया गया था।
- ज्ञातव्य है कि एड्स (AIDS: Acquired Immunodeficiency Syndrome) एक संलक्षण (Syndrome) है, जो एचआईवी विषाणु संक्रमण के कारण होता है।
- इस संक्रमण के फलस्वरूप व्यक्ति की रोगों से लड़ने की क्षमता का ह्रास हो जाता है तथा मनुष्य विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रस्त हो जाता है।WHO के अनुसार, वर्ष 2019 में विश्वभर में 38 मिलियन लोग, एचआईवी से पीड़ित हैं।इसके अनुसार, वर्ष 2019 में 690000 लोग एड्स से संबंधित बीमारियों से मरे।
- एचआईवी एड्स एक वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती है, जिसे वर्ष 2030 तक खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.un.org/en/observances/world-aids-day

विश्व मत्स्य दिवस-2020

प्रश्न- विश्व मत्स्य दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?

(a) 20 नवंबर (b) 18 नवंबर (c) 30 नवंबर (d) 21 नवंबर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- विश्व मत्स्य दिवस प्रतिवर्ष 21 नवंबर को मनाया जाता है।
- मत्स्य दिवस का उद्देश्य महासागरीय पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा विश्व में मत्स्य पालन के लिए स्थायी भंडार को सुनिश्चित करना है।
- जलीय खाद्य व्यवस्था में घरेलू एवं वैश्विक स्तर पर मत्स्य की महत्वपूर्ण भूमिका है।
- भारत में मत्स्य पालन के महत्व को उजागर करने और दुनिया के सभी मछली लोक समुदायों, मछली किसानों और अन्य हितधारकों के साथ सद्भाव प्रकट करने हेतु मनाया जाता है।
- 10 सितंबर, 2020 को प्रधानमंत्री ने 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' प्रारंभ किया, जिसमें 5 वर्ष (2020-2025) के समयावधि में 20.050 करोड़ रुपये लगभग निवेश किया जायेगा।
- इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2024-25 तक 22 मिलियन मिट्रिक टन मछली उत्पादन प्राप्त करना है, साथ ही 55 लाख लोगों को रोजगार का अतिरिक्त अवसर प्रदान करना है।
- भारत में मत्स्य पालन और पोषण सुरक्षा और विदेशी मुद्रा अर्जन को पूरा करने के अतिरिक्त लगभग 28 मिलियन मछुआरों और मछली किसानों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है।
- वैश्विक मछली उत्पादन में भारत का योगदान 7.7 प्रतिशत है, तथा मछली उत्पादों के वैश्विक निर्यात में चौथे स्थान पर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.fao.org/in-action/globefish/news-events/details-news/en/c/1331289/

पुस्तकें

पुस्तक 'सतीत्व का श्राप' और 'अनुबंध'

प्रश्न-पुस्तक 'सतीत्व का श्राप' और 'अनुबंध' के लेखक कौन हैं?

(a) कर्नल अजय कोठियाल (b) कर्नल सी.एम. नौटियाल (c) कर्नल यू.एस. ठाकुर (d) कर्नल डी.के. भंडारी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2020 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दो पुस्तकों 'सतीत्व का श्राप' और 'अनुबंध' का विमोचन किया।
- इन दोनों पुस्तकों के लेखक कर्नल सी.एम. नौटियाल हैं।

- लेखक ने 'सतीत्व का श्राप' पुस्तक में जहां एक ओर समाज में व्याप्त कुरीतियों को सामने लाने का प्रयास किया है। वहीं यह भी संदेश देने का प्रयास किया है कि सामाजिकता के विरुद्ध मनुष्य चाहे अपने किए गए अपराधों को कितना भी छिपाने का प्रयास करे, पीड़ित की अंतरात्मा का प्रतिफल अपराधी को अवश्य प्राप्त होता है।
- पुस्तक 'अनुबंध' में लेखक ने मानवीय संवेदनाओं एवं सबंधों को अभिव्यक्त करने का प्रयास किया है।
- वर्ष 2013 में केदारनाथ में आई आपदा के देशों का मानवता पर पड़ने वाले प्रभावों को भी इस पुस्तक में निरूपित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://uttarainformation.gov.in/press.php

लोकतंत्र के स्वर और द रिपब्लिकन एथिक

प्रश्न-19 नवंबर, 2020 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसके चुनिंदा भाषणों के संकलन-'लोकतंत्र के स्वर' और 'द रिपब्लिकन एथिक' भाग-III का लोकार्पण किया?

(a) नरेंद्र मोदी (b) राम नाथ कोविंद (c) वेंकैया नायडू (d) ओम बिड़ला

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2020 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के चुनिंदा भाषणों के संकलन-'लोकतंत्र के स्वर' और 'द रिपब्लिकन एथिक' भाग-III का लोकार्पण किया।
- सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने राष्ट्रपति के भाषणों पर पुस्तक के ई-संस्करण का लोकार्पण किया।
- भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने 'लोकतंत्र के स्वर' और 'द रिपब्लिकन एथिक' का प्रकाशन किया है।
- यह भारत के राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के भाषणों के क्रमशः हिंदी और अग्रेंजी में चुनिंदा भाषणों के संग्रह की पुस्तकों की शृंखला है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1674042

विविध

हॉकर संस्कृति को यूनेस्को की मान्यता

प्रश्न-यूनेस्को (UNESCO) ने हाल ही में किस देश की 'हॉकर' संस्कृति को मान्यता दी है?

(a) मालदीव (b) श्रीलंका (c) फिजी (d) सिंगापुर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में संयुक्त राष्ट्र, शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में सिंगापुर के हॉकर संस्कृति को शामिल किया गया है।

- उल्लेखनीय है कि यूनस्को (UNESCO) की इसी सूची में भारतीय योग, चीनी सुलेख और फ्लेमेंको पहले से ही सम्मिलित हैं।सिंगापुर में हॉकर एक जीवंत संस्कृति है, जो स्ट्रीट फूड तैयार करने वालों, सामुदायिक भोजन कक्ष में भोजन करने और मिलने वाले लोगों की वजह से विकसित हुई है।
- सिंगापुर में हॉकर केंद्रों को 1970 के दशक में द्वीप (Island) को साफ करने के लिए पूर्व सड़क विक्रेताओं, या हॉकरों के लिए हॉकर-घर (Hawker House) स्थापित किए गए थे, जिन्हें हॉकर केंद्र भी कहा जाता है।
- ये हॉकर केंद्र स्थानीय लोगों को एक सामाजिक व्यवस्था प्रदान करने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के सस्ते, ताजे व्यंजन परोसते थे।
- हॉकर सेंटरों में कम्युनिटी भोजन करने की यह परंपरा, सेलिब्रिटी शेफ और (Crazy Rich Asians) जैसी हिट फिल्मों द्वारा लोकप्रिय ओपन-फूड कोर्ट को यूनस्को द्वारा सांस्कृतिक महत्व के लिए मान्यता दी गई है।
- यूनेस्को द्वारा इस मान्यता के संबंध में 16 दिसंबर, 2020 को घोषणा की गई थी।
- सिंगापुर के इन हॉकर केंद्रों को, वहां की सरकार द्वारा यूनेस्को को इस संबंध में दिए गए आवेदन के लगभग दो वर्षों के बाद यह मान्यता प्राप्त हुई है।
- ये केंद्र सामुदायिक भोजन कक्ष के रूप में काम करते हैं, जहां विविध पृष्ठ भूमि के लोग एकत्रित होते हैं और नाश्ते, दोपहर और रात के खाने का आनंद उठाते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/explained/singapore-street-hawker-culture-unesco-intangible-heritage-7116621/

रूस पर प्रतिबंध

प्रश्न-17 दिसंबर, 2020 को खेल की सबसे बड़ी अदालत ने अपने एक फैसले में रूस पर कितनी अवधि तक का प्रतिबंध लगाया है?

(a) 2 वर्ष (b) 3 वर्ष (c) 4 वर्ष (d) 5 वर्ष

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 17 दिसंबर, 2020 को खेल की सबसे बड़ी अदालत ने अपने एक फैसले में रूस पर 2 वर्ष तक का प्रतिबंध लगा दिया।इस प्रतिबंध के कारण रूस टोक्यो ओलंपिक और वर्ष 2022 के बीजिंग विंटर ओलंपिक में भाग नहीं ले सकेगा।
- रूस पर डोपिंग के नियमों के उल्लंघन का दोष सिद्ध हुआ है, यद्यपि जो खिलाड़ी डोपिंग में शामिल नहीं हैं, वह स्वतंत्र रूप से ओलंपिक में हिस्सा ले सकते हैं।
- विश्व डोपिंग एजेंसी ने अपनी जांच में पाया था कि रूसी अधिकारियों ने डेटाबेस से छेड़छाड़ किया है।
- जिसके बाद रूस पर 4 वर्ष का प्रतिबंध लगाया था।
- रूस ने इन फैसलों का विरोध किया और इसे खेल की सब बड़ी अदालत में ले गया और अदालत ने रूस पर प्रतिबंध को 4 वर्ष से घटाकर 2 वर्ष कर दिया।
- टोक्यो ओलंपिक और बीजिंग विंटर ओलंपिक में रूस का झंडा और राष्ट्रमान भी प्रतिबंधित रहेगा।

अमेरिकी स्पेस फोर्स का नया नाम

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में अमेरिका स्पेस फोर्स ने अपने जांबाजों का नया नाम क्या रखा है?

(a) गार्जियंस (b) स्पेक्ट्रो (c) यूएस फ्लाइंग (d) स्पेस वारियर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य]

- दिसंबर, 2020 में अमेरिकी स्पेस फोर्स ने अपने जांबाजों को नया नाम दिया है।
- इस फोर्स के जवान अब गार्जियंस के नाम से जाने जाएंगे।
- अमेरिका में लगभग 2 वर्ष पूर्व इस फोर्स के गठन की घोषणा की गई थी।
- यह फोर्स अमेरिका के छठे सशस्त्र बल के रूप में गठित की गई है।
- इससे जुड़े जवान वास्तविक रूप से अंतरिक्ष में तैनात नहीं होते हैं। बल्कि अमेरिकी उपग्रहों की सुरक्षा हेतु काम करते हैं।
- इसका उद्देश्य अंतरिक्ष में प्रतिद्वंद्वी देशों के साथ मुकाबला करना है।
- चीन और रूस के बाद अमेरिका तीसरा देश है, जिसके पास यह फोर्स है।
- ट्रंप प्रशासन ने इस फोर्स के लिए पहले वर्ष 4 करोड़ डॉलर का बजट मंजूर किया था।
- मध्य-पूर्व में कतर के अल उदीद एयरबेस में अमेरिकी स्पेस फोर्स के 20 जवानों की टुकड़ी को तैनात किया गया था, जो इस फोर्स की विदेशी धरती पर पहली तैनाती थी।
- स्पेस के क्षेत्र में रूस और चीन अमेरिका के दो बड़े प्रतिद्वंद्वी हैं।
- वर्ष 2015 में चीन ने एक स्ट्रैटजिक स्पोर्ट फोर्स तैयार की थी, जो उसे स्पेस, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक से जुड़े युद्ध मिशन में मदद करती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/-Guardians-US-Space-Force-announces-new-name-for-its-members/19-12-2020-355501/

रोबोटिक और बैरियाट्रिक सर्जरी का मानकीकरण

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में किस भारतीय संस्था ने रोबोटिक और बैरियाट्रिक सर्जरी के लिए सभी स्वास्थ्य नीतियों को मानकीकृत किया है?

(a) बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) (b) राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT)

(c) केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (CAT) (d) संयुक्त प्रशासनिक न्यायाधिकरण (JAT)

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने सभी स्वास्थ्य बीमाकर्ता कंपनियों की स्वास्थ्य नीतियों को मानकीकृत किया।
- इरडा (IRDAI) के इस कदम से बीमाकर्ता कंपनियां, रोबोटिक और बैरियाट्रिक सर्जरी को भी स्वास्थ्य बीमा के तहत कवर कर सकेंगी।

- बैरियाट्रिक सर्जरी (Bariatric Surgery) एक ऐसा ऑपरेशन है, जिसके माध्यम से पाचन तंत्र की कार्यप्रणाली में परिवर्तन कर व्यक्ति की भूख को नियंत्रित किया जाता है, यह परिवर्तन व्यक्ति के वजन को कम करने में मदद करता है।
- बैरियाट्रिक सर्जरी को वेट लॉस सर्जरी या मेटाबालिक सर्जरी भी कहा जाता है।
- हाल ही में भारत मनुष्यों पर टेलीरोबेटिक कोरोनरी सर्जरी करने वाला पहला देश बन गया है।
- रोबोटिक्स, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की वह शाखा है, जिसके अंतर्गत रोबोट के डिजाइन, निर्माण, संचालन एवं अनुप्रयोगों का अध्ययन किया जाता है।
- रोबोटिक्स का अनुप्रयोग, औद्योगिक क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र, सैन्य क्षेत्र, अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र, दवा क्षेत्र एवं दुर्गम क्षेत्रों आदि में किया जाता है।
- रोबोटिक सर्जरी के लाभ-
- यह एक सरल प्रक्रिया है।
- यह तकनीक अधिक सटीक, लचीलेपन और नियंत्रण के साथ विभिन्न प्रकार की जटिल प्रक्रियाओं को करने में सक्षम बनाता है।
- आघात में कमी
- रिकवरी में लगने वाले समय में कमी
- इरडा (IRDAI)-बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
- इरडा एक नियामक संस्था है।
- इसका उद्देश्य बीमा ग्राहकों के हितों की रक्षा करना है।
- मुख्यालय-हैदराबाद में है।
- स्थापना-संसद के अधिनियम, IRDAI अधिनियम-1999 के तहत।
- अध्यक्ष-सुभाष चंद्र खुंतिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.jagranjosh.com/general-knowledge/what-is-robotic-surgery-1607521463-1

सिकोइया इंडिया ने 'सिकोइया स्पार्क' कार्यक्रम लांच किया

प्रश्न-सिकोइया स्पार्क कार्यक्रम के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?

(a) कार्यक्रम का लांच सिकोइया इंडिया द्वारा किया गया।
(b) कार्यक्रम के लिए सिकोइया इंडिया ने नीति आयोग की महिला उद्यमिता मंच के साथ भागीदारी की।
(c) इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों को बढ़ावा देना है।
(d) उपरोक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 3 दिसंबर, 2020 को सिकोइया इंडिया ने 'सिकोइया स्पार्क' कार्यक्रम लांच किया।
- कार्यक्रम हेतु सिकोइया इंडिया ने नीति आयोग के महिला उद्यमिता मंच के साथ साझेदारी की।
- कार्यक्रम का उद्देश्य भारत और दक्षिण पूर्व-एशिया में महिला उद्यमियों को बढ़ावा देना है।

- इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने क्षेत्र में व्यवसाय को स्थापित करने और बढ़ाने हेतु इच्छुक महिला संस्थापकों के एक चयनित समूह को ज्ञान और कौशल प्रदान किया जाएगा।
- यह कार्यक्रम अच्छी वित्तीय जानकारी देकर कौशल विकसित करने हेतु एक नई क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू करके उद्यमिता के क्षेत्र में महिला संस्थापकों की मदद करेगा।
- वर्ष 2020 में सिकोइया इंडिया द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आयी है कि भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया की 66% महिला संस्थापक निवेशकों और व्यापारिक नेतृत्वकर्ता के साथ मेंटरशिप के लिए इच्छुक हैं।
- उल्लेखनीय है कि नीति आयोग का महिला उद्यमिता मंच मार्च, 2018 में लांच किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/entrepreneurship/sequoia-india-partners-with-niti-aayogs-wep-to-promote-women-entrepreneurship/articleshow/79543649.cms?from=mdr

ओरुनोडोई योजना

प्रश्न-1 दिसंबर, 2020 को किस राज्य में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से ओरुनोडोई योजना शुरू की गई है?

(a) तमिलनाडु (b) कर्नाटक (c) पश्चिम बंगाल (d) असम

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1 दिसंबर, 2020 को असम सरकार ने ओरुनोडोई योजना (Orunodoi Scheme) की शुरुआत की।
- इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल और वित्तमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी के अमिनगोव में जलाह परेड ग्राउंड में किया।
- इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।
- राज्य के 18 लाख से अधिक परिवारों में से प्रत्येक के खाते में योजना के तहत उनके बैंक खातों में प्रतिमाह 830 रुपये की राशि भेजी जाएगी।
- यह राशि परिवार की महिला सदस्य के खाते में जमा की जाएगी।
- महीने के अंतिम सप्ताह में लाभार्थियों के खाते में यह धनराशि जमा की जाएगी।
- आजादी के बाद यह असम में शुरू की गई सबसे बड़ी योजना (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना) है।
- 18.2 लाख लाभार्थियों के साथ फिलहाल यह योजना 29 जिलों में शुरू की जाएगी।
- परिषद चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद यह योजना बीटीसी के तहत 4 जिलों में शुरू की जाएगी।
- बीटीसी जिलों को भी शामिल करने के बाद लाभार्थियों की संख्या बढ़कर लगभग 22 लाख हो जाएगी।
- यह योजना 2400 करोड़ रुपये का परिव्यय के साथ राज्य के बजट में घोषित की गई थी।
- इस योजनांतर्गत यह राशि असम के गरीब परिवारों को 400 रुपये की दवा, 200 रुपये की दाल, 80 रुपये की चीनी और 150 रुपये की आवश्यक सब्जियां और फल खरीदने हेतु प्रदान की जाएगी।
- इस योजना के तहत विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं, अविवाहित महिलाओं और विकलांग व्यक्तियों के साथ परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु लाभार्थी असम का स्थायी निवासी होना चाहिए और उसकी समग्र घरेलू आय 2 लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

यूएनडीपी इंडिया ने जीआरआईडी लांच किया

प्रश्न- नवंबर, 2020 में भारत की किस संस्था ने समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए 'ग्रासरूट इनोवेशन डेटाबेस' लांच किया?

(a) यूएनडीपी एक्सलेरेटर लैब इंडिया (b) प्लॉज्मा अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद
(c) आईआईएसईआर, भोपाल (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2020 को यूएनडीपी एक्सलेरेटर लैब इंडिया द्वारा 'ग्रासरूट इनोवेशन डेटाबेस' (GRID: Grassroot Innovation Database) लांच किया गया।
- इसका उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर समावेशी विकास को बढ़ावा देना है।
- इस डेटाबेस (Database) में कुल 1500 अभिनव समाधान शामिल किए गए हैं, जिनमें सरल एवं जटिल डिजाइन भी शामिल हैं।
- ϖसंयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के एक बयान के अनुसार, इन समाधानों को सामुदायिक स्तर पर लागू किया जाएगा, जिन्हें जमीनी स्तर के समुदायों, व्यक्तियों, स्टार्ट-अप, छात्रों एवं भारत भर के विभिन्न राज्यों के अन्य अन्वेषकों द्वारा विकसित किया गया है।
- इन विशिष्ट समाधानों में आजीविका एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (Natural Resource Management) को भी शामिल किया गया है जिसमें कृषि, कृषि-जैव विविधता, कीट प्रबंधन, कृषि मशीनरी, जैव विविधता संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन इत्यादि महत्वपूर्ण हैं।
- यूएनडीपी के अनुसार, ग्रासरूट इनोवेशन डेटाबेस (GRID) को सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाया गया है, जिसे जीआईएएन (GIAN: Grassroots Innovation Augmentation Network), हनी बी नेटवर्क (Honey Bee Network) संस्थान और यूएनडीपी-एक्सलेरेटर लैब-इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
- ध्यातव्य है कि भारत में एक्सलेरेटर लैंस पहल का शुभारंभ यूएनडीपी, जर्मनी और कतर द्वारा संयुक्त रूप से नवंबर, 2019 में शुरू किया गया था।
- इसका उद्देश्य 21वीं सदी की जटिल चुनौतियों से निपटना है, जिसमें वर्ष 2030 तक महत्वाकांक्षी सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को पूरा करना भी शामिल है।
- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP: United Nations Development Programme) संयुक्त राष्ट्र का एक वैश्विक विकास नेटवर्क है, जो सदस्य देशों के बीच तकनीकी और निवेश में सहयोग को बढ़ावा देता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/undp-india-launches-grid-for-inclusive-development/articleshow/79452568.cms#:~:text=UNDP%20Accelerator%20Lab%20India%20on,level%2C%20according%20to%20a%20statement.

वेबसाइट indbiz.gov.in लांच

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में, भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा किस वेबसाइट को लांच किया गया?

(a) www.indbiz.in (b) www.indbiz.co.in (c) www.indbiz.gov.in (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2020 को भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा आर्थिक कूटनीति हेतु तैयार की गई वेबसाइट "www.indbiz.gov.in" लांच किया गया।इस वेबसाइट को विदेश मंत्रालय के आर्थिक कूटनीति प्रभाग द्वारा विकसित और प्रबंधित किया जा रहा है।
- इस वेबसाइट का प्रमुख उद्देश्य एक आकर्षक आर्थिक भागीदारी हेतु भारत की आर्थिक, क्षेत्रीय और राज्य-वार नीतिगत अपडेट के साथ-साथ नवीनतम व्यापारिक समाचार और व्यापार डेटा (Data) पर महत्वपूर्ण और प्रासंगिक जानकारी प्रदान करना है।
- यह वेबसाइट वैश्विक व्यापार समुदाय के लिए एक बहुआयामी और प्रतिशील "ब्रांड इंडिया" (Brand India) की स्थित बताएगी।यह वेबसाइट विदेशों में कृषि निर्यात के अवसरों पर प्रकाश डालती है, जो प्रधानमंत्री मोदी के विजन वर्ष 2022 तक देश के किसानों की आय दोगुनी करने के समर्थन है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.eoibaghdad.gov.in/news_detail/?newsid=48

लद्दाख में 'लोसर' उत्सव

प्रश्न-15 दिसंबर, 2020 को लद्दाख बुद्धिस्ट एसोसिएशन की युवा शाखा द्वारा 'लोसर' उत्सव मनाया गया। इस उत्सव की शुरुआत कब हुई थी?

(a) 15वीं शताब्दी में (b) 16वीं शताब्दी में (c) 17वीं शताब्दी में (d) 18वीं शताब्दी में

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 दिसंबर, 2020 को लद्दाख बुद्धिस्ट एसोसिएशन की युवा शाखा ने 'लोसर' (Losar) उत्सव मनाया।
- लोसर को बौद्ध समुदाय के नए साल की शुरुआत के लिए मनाया जाता है।
- इस उत्सव की शुरुआत 17वीं शताब्दी में तिब्बत के नौवें राजा के वर्चस्व के दौरान एक परंपरा के रूप में हुई थी, जब राजा जमयांग नामग्याल (Jamyang Namgyal) ने सर्दियों में बाल्टिस्तान की सेना के विरुद्ध युद्ध का नेतृत्व करने का फैसला किया था और उत्सव को पहले की मना लिया था।
- तब से लोसर उत्सव तिब्बती कैलेंडर के 11वें महीने में मनाया जाता है।
- इस उत्सव को कोरोना वायरस महामारी के कारण इस वर्ष प्रतीकात्मक रूप से मनाया गया।
- पवित्र बौद्ध प्रार्थना ध्वज को 'तारचेन' (Tarchen) कहा जाता है।

बैंकिंग सेक्टरः आईसीआईसीआई बैंक ने सहस्राब्दी पीढ़ी (Millennials) के लिए 'Mine' लांच किया

प्रश्न-ICICI बैंक ने हाल ही में सहस्राब्दी पीढ़ी के ग्राहकों (Millennials) के लिए भारत का पहला व्यापक बैंकिंग कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इन ग्राहकों का आयु वर्ग क्या है?

(a) 18 वर्ष से 35 वर्ष (b) 28 वर्ष से 55 वर्ष
(c) 8 वर्ष से 15 वर्ष (d) 38 वर्ष से 50 वर्ष

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 5 नवंबर, 2020 को ICICI बैंक ने सहस्राब्दी ग्राहकों (Millenials) के लिए भारत के पहले व्यापक बैंकिंग कार्यक्रम को शुरू करने की घोषणा की।मिलेनियल (Millennials) नेटवर्क से प्रेरित होकर इस कार्यक्रम के तहत लांच किए गए उत्पाद को 'आईसीआईसीआई बैंक माइन' (ICICI Bank Mine) का नाम दिया गया है।
- इन ग्राहकों का आयु वर्ग 18 वर्ष से 35 वर्ष तक माना जाता है।इसके माध्यम से ग्राहको को क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड, तत्काल व्यक्तिगत सुविधाओं से जो एक त्वरित बचत खाता सहित कई एप्लीकेसन की सुविधा प्रदान करता है। ऋण व ओवरड्राफ्ट की मांग के अनुरूप युक्त आई-मोबाइल निवेश मार्गदर्शन की सुविधा प्रप्ति होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bfsi.economictimes.indiatimes.com/news/banking/icici-bank-launches-mine-for-millennial-customers/79061960

भारत सरकार द्वाराः 43 मोबाइल ऐप्स पर प्रतिबंध

प्रश्न-नवंबर, 2020 में भारत सरकार ने हाल ही में 43 मोबाइल ऐप्स को ब्लॉक करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश किस अधिनियम के तहत जारी किया गया है?

(a) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए (b) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 68ए (c) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67ए
(d) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66ए

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 24 नवंबर, 2020 को भारत सरकार ने 43 मोबाइल ऐप्स को ब्लॉक करने का आदेश जारी किया है।
- यह आदेश सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत जारी किया गया है।
- पृष्ठभूमि-इन ऐप्स के बारे में उस इनपुट (सूचना) के आधार पर आदेश दिया गया था जिसमें इन मोबाइल ऐप्स के द्वारा भारत की संप्रभुता और अखंडता, भारत की रक्षा, राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए नुकसानदेह होने की पुष्टि हुई थी। 14C (आईफोरसी) की भूमिका

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1675335

वर्ष का शब्द (Word of The year)

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में डिक्शनरी डॉट कॉम (Dictionary.com) एवं मेरियम वेबेस्टर (Merriam-Webster) ने किस शब्द (Word) को वर्ष 2020 का 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया?



(a) पैन्डेमिक (b) क्वारंटाइन (c) कोविड-19 (d) सार्स-2

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में डिक्शनरी डॉट कॉम एवं मेरियम-वेबस्टर शब्दकोश द्वारा पैंडेमिक (Pandemic) शब्द को वर्ष 2020 का शब्द घोषित किया गया।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस संक्रमण को मार्च, 2020 में पैंडेमिक (Pandemic) घोषित किया था।
- ऑक्सफोर्ड अंग्रेजी डिक्शनरी ने वर्ष 2020 के लिए किसी भी शब्द को 'World of the Year' नहीं चुना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dictionary.com/e/word-of-the-year/

लिब्रा एसोसिएशन

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में फेसबुक की डिजिटल करेंसी 'लिब्रा एसोसिएशन' को किस नये नाम से प्रारंभ किये जाने की योजना है?

(a) लिब्रा (b) डॉलर (c) डायम ((Diem) (d) लेवे

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 दिसंबर, 2020 को फेसबुक ने डिजिटल करेंसी 'लिब्रा एसोसिएशन' को एक नये नाम डायम (Diem) से प्रारंभ करने का निर्णय लिया।
- फेसबुक द्वारा जून, 2019 में अपनी नई क्रिप्टोकरेंसी 'लिब्रा' को प्रारंभ करने का निर्णय लिया था, जो वैश्विक नियामकों के बीच लिब्रा को लेकर हुये असमंजस के कारण रूक गया।
- लिब्रा एसोसिएशन एक स्वतंत्र गैर-सरकारी संगठन है, जो फेसबुक द्वारा स्थापित किया गया है।
- 'डायम' अनुमति प्राप्त ब्लॉकचैन-आधारित भुगतान प्रणाली का उपयोग करेगा और एक स्थिर मुद्रा है।
- इसे जनवरी, 2021 तक लांच करने का अनुमान है।
- डायम एसोसिएशन में 27 सदस्य है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://techcrunch.com/2020/12/01/libra-association-rebrands-as-diem/

https://indianexpress.com/article/technology/tech-news-technology/facebook-libra-association-name-change-diem-cryptocurrency-7086141/

भारतीय रेलवे ने एचएमआईएस के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी रेलटेल को सौंपी

प्रश्न-नवंबर, 2020 में भारतीय रेलवे ने अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी किस निकाय को सौंपी है?

(a) आरवीएनएल (RVNL) (b) रेलटेल (Railtel) (c) आईआरसीटीसी (IRCTC)
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2020 को भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (HMIS) के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी रेलटेल कॉर्पोरेशन को सौंप दी गई।
- इसका उद्देश्य अस्पताल प्रबंधन की संरचना को संचालन हेतु सहज बनाना है।
- यह प्रणाली देशभर में उपस्थित सभी 125 स्वास्थ्य सुविधाओं और 650 निजी चिकित्सालयों के लिए एक एकीकृत नैदानिक सूचना प्रणाली उपलब्ध कराएगी, जो अस्पताल प्रशासन और रोगी स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।
- योजना के क्रियान्वयन हेतु रेलटेल और रेल मंत्रालय ने एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर भी किए हैं, जो खुले स्रोत पर आधारित एचएमआईएस सॉफ्टवेयर को विस्तार देने में सहायता प्रदान करेगी।
- इसके अलावा ऐप आधारित सेवाओं को गति प्रदान करने के लिए इस प्रणाली को विशिष्ट चिकित्सा पहचान प्रणाली से जोड़ा जाएगा।
- ध्यातव्य है कि रेलटेल (Railtel) कॉर्पोरेशन भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) का सबसे बड़ा दूर संचार निकाय है, जो 'मिनी रत्न' (श्रेणी-1) के तहत पंजीकृत है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1681307

बी.एस.ई. के जरिए किसान बेच सकेंगे अपनी फसल

प्रश्न-11 दिसंबर, 2020 को बीएसई (बॉम्बे स्टॉफ एक्सचेंज) ने किसानों की सहायता के लिए कौन-से इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म को शुरू किया-

(a) BEAM (b) eNam (c) YUKTI (d) PMKSY

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड ने अपनी सहायक कंपनी बीएसई इन्वेस्टमेंटस लिमिटेड के माध्यम से कृषि वस्तुओं के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक स्पॉट प्लेटफॉर्म, बीएसई-एग्रीकल्चर मार्केट्स लिमिटेड' BSE-E-Agricultural Market Ltd (BEAM) लांच किया है।
- इसका उद्देश्य भारतीय कृषि बाजार की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है।
- बीम की मदद से किसान दूसरे राज्यों के बाजारों में भी अपने उत्पाद को पहुंचा सकेंगे और अपने उपज की नीलामी भी कर सकेंगे।

- इसके माध्यम से किसान बिना बिचौलियों की मध्यस्थता के अपने उत्पाद के गुणवत्ता के आधार पर सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त कर सकेंगे।
- बीएसई (बाम्बे स्ट्राक एक्सचेंज)
- स्थापना-1875
- मुख्यालय-मुंबई
- एमडी और सीईओ-आशीष कुमार चौहान

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/bse-launches-e-agricultural-spot-market-platform/articleshow/79678928.cms

भारत में कोविड-19 महामारी को रोकने में इसरो के सफल प्रयासः यूएन एस्कैप

प्रश्न-नवंबर, 2020 में यूएन एस्कैप द्वारा जारी एक रिपोर्ट में भारत की किस संस्था को भारत में कोविड-19 महामारी को रोकने हेतु जिम्मेदार ठहराया गया है?

(a) इसरो (b) डीआरडीओ (c) एआईआईएमएस (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 18 नवंबर, 2020 को एशिया और प्रशांत के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (United National & ESCAP) द्वारा "एशिया और प्रशांत में सतत विकास के लिए भू-स्थानिक अभ्यास, 2020: एक संकलन" नामक एक रिपोर्ट जारी की गई।
- रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कोविड-19 महामारी रोकने हेतु भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) को जिम्मेदार ठहराया गया है।इसके अलावा, भारत ने सतत विकास परियोजनाओं का समर्थन करने की दिशा में राज्य सरकारों को अपने भू-स्थानिक साधनों का लाभ उठाने का सफल प्रयास किया है।
- रिपोर्ट के अनुसार, भारत में इन प्रयासों को सफल बनाने के लिए इसरो द्वारा विकसित 'भुवन' (Bhuvan) की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।
- ध्यातव्य है कि भुवन (Bhuvan) एक राष्ट्रीय भू-पोर्टल है, जिसके माध्यम से पृथ्वी के कुछ भू-भागों का उपग्रह (Satellite) द्वारा 2 विमीय या 3 विमीय मानचित्र उपलब्ध कराए जाते हैं।
- इसके अतिरिक्त भारत ने कोविड-19 महामारी पर नजर रखने और वर्तमान स्थिति से जनता को अवगत कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'भुवन कोविड-19' (Bhuvan Covid-19) नामक एक डैशबोर्ड भी विकसित किया है।
- ध्यातव्य है कि इसरो द्वारा संचालित इस डैशबोर्ड के माध्यम से देश की मौजूदा परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने में काफी मदद मिली है।
- बता दें कि यूएन एस्कैप द्वारा जारी यह रिपोर्ट एशिया और प्रशांत क्षेत्र के देशों में स्थाई विकास को आगे बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों का समर्थन करती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.unescap.org/publications/geospatial-practices-sustainable-development-asia-and-pacific-2020-compendium

को-विन (Co-WIN) ऐप

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोविड-19 वैक्सीन डिलीवरी की रियल टाइम निगरानी रखने हेतु को-विन (Co-Win) मोबाइल ऐप विकसित किया है। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) 'को-विन' इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (e VIN) का अपग्रेडेड वर्जन है।
(ii) टीकाकरण के लिए सेल्फ रजिस्ट्रेशन इस ऐप के माध्यम से किया जाएगा।
(iii) इस ऐप में 5 मॉड्यूल हैं। उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोविड-19 वैक्सीन डिलीवरी की रियल टाइम निगरानी रखने हेतु (For real-time monitoring of covid-19 Vaccine delivery) को-विन (Co-WIN) मोबाइल ऐप विकसित किया।
- यह ऐप इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (eVIN) का अपग्रेडेड वर्जन है।
- यह ऐप टीकाकरण की प्रक्रिया, प्रशासनिक क्रिया कलापों, टीकाकरण कर्मियों और उन लोगों के लिए एक मंच का कार्य करेगा, जिन्हें वैक्सीन लगाई जानी है।
- इस ऐप से टीकाकरण के लिए सेल्फ रजिस्ट्रेशन होगा।
- इस ऐप में 5 मॉडयूल हैं-

  (i) प्रशासनिक मॉडयूल।
  (ii) रजिस्ट्रेशन मॉडयूल।
  (iii) वैक्सीनेशन मॉडयूल।
  (iv) बेनीफिशियरी एकनालेजमेंट माड्यूल
  (v) रिपोर्ट मॉड्यूल।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1679181

मोबाइल ऐप्लिकेशन-मेरा कोविड केंद्र

प्रश्न-5 दिसंबर, 2020 को किस राज्य के मुख्यमंत्री ने राज्य में निःशुल्क कोविड-19 परीक्षण केंद्रों का पता लगाने हेतु एक मोबाइल ऐप्लिकेशन 'मेरा कोविड केंद्र' (My Covid Centre) लांच किया?

(a) महाराष्ट्र (b) उत्तर प्रदेश (c) मध्य प्रदेश (d) छत्तीसगढ़

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2020 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में निःशुल्क कोविड-19 परीक्षण केंद्रों का पता लगाने हेतु एक मोबाइल ऐप्लिकेशन 'मेरा कोविड केंद्र' (My Covid Centre) लांच किया।
- यह ऐप्लिकेशन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा विकसित किया गया है।

- इस ऐप का उद्देश्य 5 किमी. के भीतर स्थित सार्वजनिक और निजी परीक्षण प्रयोगशाला के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए लोगों को सहायता प्रदान करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/yogi-launches-mera-covid-kendra-in-up/north/news/2254993.html

फ्यूचरस्किल प्राइम बीटा प्लेटफार्म

प्रश्न-नवंबर, 2020 में भारत की किस आईटी कंपनी ने भारत को डिजिटल टैलेंट नेशन बनाने हेतु फ्यूचरस्किल प्राइम बीटा प्लेटफार्म लांच किया है?

(a) नैसकॉम (b) इंफोसिस (c) विप्रो (d) टेक महिंद्रा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में नैसकॉम (NASSCOM: National Association of Software and Servise Companies) ने एक फ्यूचरस्किल प्राइम बीटा प्लेटफॉर्म (Future Skill Prime Beta Platfrom) लांच किया है।
- फ्यूचर स्किल प्राइम भारत के लोगों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, नैसकॉम एवं आइटी उद्योग के साथ मिलकर तैयार एक शिक्षण मंच है, जिसका उद्देश्य आने वाले समय में भारत को डिजिटल टैलेंट नेशन (Digital Talant nation) बनाना है।
- इस पहल के तहत लगभग 4.12 लाख अभ्यर्थियों को वर्तमान की 10 उभरती प्रमाणित प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा।
- अभ्यर्थियों को यह सुविधा विशेष रियायती दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 1988 में स्थापित नैसकॉम एक प्रमुख आईटी कंपनी है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.meity.gov.in/hi

जहाजरानी मंत्रालय के नाम में परिवर्तन

प्रश्न-नवंबर, 2020 में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने जहाजरानी मंत्रालय के नए नामकरण पट्टिका का अनावरण किया। इसे अब किस नए नाम से जाना जाएगा?

(a) पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (b) पत्तन और जलमार्ग मंत्रालय
(c) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12 नवंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में जहाजरानी मंत्रालय के नए नामकरण पट्टिका का अनावरण किया।

- जहाजरानी मंत्रालय का नाम बदलकर अब पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय रखा गया है।
- बदले हुए नाम के साथ मंत्रालय जलमार्ग और तटीय शिपिंग के विकास पर अतिरिक्त ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।
- इसके तहत लगभग 1400 किलोमीटर जलमार्ग पूरी तरह विकसित हो चुका है और अतिरिक्त 1000 किलोमीटर जलमार्ग को विकसित करने का कार्य जारी है।
- ध्यातव्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 नवंबर, 2020 को जहाजरानी मंत्रालय का नाम बदलने की घोषणा की थी।
- नाम परिवर्तन की आधिकारिक अधिसूचना 10 नवंबर, 2020 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1672290

माउंट एवरेस्ट

प्रश्न-8 दिसंबर, 2020 को नेपाल और चीन के विदेश मंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई कितनी बताई गई?

(a) 8,8 48.82 मीटर (b) 8,8 48.84 मीटर (c) 8,848.86 मीटर (d) 8,848.88 मीटर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 दिसंबर, 2020 को नेपाल और चीन के विदेश मंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई को 8848.86 मीटर बताई गई है।
- माउंट एवरेस्ट नेपाल और चीन की सीमा पर अवस्थित है।
- माउंट एवरेस्ट को नेपाल में सागरमाथा व चीन में माउंट कोमोलंगमा (Qomolangam) के नाम से भी जाना जाता हैं।
- सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा वर्ष 1954 में मांउट एवरेस्ट की ऊंचाई को मापा गया था।
- सर्वे ऑफ इंडिया माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 8.848 मीटर निर्धारित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.firstpost.com/world/mount-everests-new-height-is-8848-86-metres-announce-nepal-and-china-9091901.html

93वें ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्ररविष्टि के लिए चयनित फिल्म

प्रश्न-नवंबर, 2020 में किस फिल्म को 93वें ऑस्कर पुरस्कार, 2021 में में सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म की श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्र्विष्टि के लिए चयनित किया गया?

(a) गुंजन सक्सेना (b) छपाक (c) जल्लीकट्टू (d) गुलाबो सिताबो

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2020 में मलयालम फिल्म 'जल्लीकट्टू' 93वें ऑस्कर पुरस्कार, 2021 में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म वर्ग में भारत की आधिकारिक प्र्विष्टि के लिए चयनित की गई।
- इसका निर्देशन लीजो जोस पेल्लीसेरी (Lijo Jose Pellissery) ने किया है।
- उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष भारतीय फिल्म फेडरेशन के तहत एक जूरी सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म के लिए ऑस्कर में भारतीय आधिकारिक प्रविष्टि का चयन करती है।
- इस वर्ष फिल्म निर्देशक राहुल रवैल चयन समिति के अध्यक्ष थे।
- ज्ञातव्य है कि गत वर्ष बॉलीवुड फिल्म 'गली बॉय' (Gully Boy) 92वें ऑस्कर पुरस्कार, 2020 में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/entertainment/bollywood/jallikattu-is-indias-entry-for-oscars-2021-7065545/#:~:text=Malayalam%20film%20Jallikattu%20is%20India's%20official%20entry%20to%20the%20Best,Men%2C%20Bulbbul%20and%20Gunjan%20Saxena.

भारत द्वारा फिलिस्तानी शरणार्थियों हेतु प्रदत्त धनराशि

प्रश्न-हाल ही में भारत सरकार द्वारा फिलिस्तीनी शरणार्थियों हेतु कितनी धनराशि यूएनआरडब्ल्यूए (UNRWA) को प्रदान की गई?

(a) 1 मिलियन यू.एस. डॉलर (b) 2 मिलियन यू.एस. डॉलर
(c) 3 मिलियन यू.एस. डॉलर (d) 4 मिलियन यू.एस. डॉलर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 14 अक्टूबर, 2020 को भारत द्वारा 1 मिलियन यू.एस. डॉलर की धनराशि फिलिस्तीनी शरणार्थियों हेतु यूनाइटेड नेशनल रिलीफ एंड वर्क एजेंसी (UNRWA) को प्रदान की।
- भारत द्वारा प्रदत्त यह धनराशि फिलिस्तीनी शरणार्थियों के शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, राहत एवं सामाजिक सेवाओं से संबंधित कार्यक्रमों एवं सेवाओं के लिए है।
- मई, 2020 में भारत ने 2 मिलियन डॉलर का योगदान किया था।
- ध्यातव्य है कि 23 जून, 2020 को विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन ने आगामी दो वर्षों में 10 मिलियन डॉलर की धनराशि यूएनआरडब्ल्यूए को प्रदान किए जाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.unrwa.org/newsroom/press-releases/india-provides-us-1-million-unrwa-palestinian-refugees